| **विधाता** | पुं. | सृष्टि का रचयिता, स्रष्टा, ब्रह्मा । | وڌاتا، برهما | विधाता, ब्रह्मा | creator, Brahma. |
| | वि. | 1. रचनेवाला, बनानेवाला; | ٺاهيندڙ، خالق؛ | ठाहींदड़, खालिक; | maker; |
| | | 2. विधान करनेवाला; | قاعدي ساز؛ | काइदे साज़ु; | legislator, law maker; |
| | | 3. प्रबंध करनेवाला, व्यवस्था करनेवाला । | پربنڌ ڪندڙ، بندوبست ڪندڙ | पबंध कंदड़, बन्दोबस्तु कंदड़ | arranger. |
| **विधान** | पु. | 1. राज्य या शासन के द्वारा जारी किया हुआ कोई कानून जिसमें किसी विषय की विधि और निषेध से संबंध रखनेवाली सभी बातें धाराओं के रूप में लिखी रहती हैं, कानून, विधि; | قاعدو، قانون؛ | काइदो, कानूनु; | law, regulation; |
| | | 2. प्रबंध, व्यवस्था; | بندوبست، پربنڌ؛ | बन्दोबस्तु, प्रबंधु; | arrangement; |
| | | 3. बनाना, निर्माण, रचना; | جوڙجڪ، بناوت؛ | जोड़जक, बनावत; | making, doing; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. किसी चीज या बात का किया जानेवाला उपयोग, प्रयोग या व्यवहार; | پريوگ، وهنوار، ورتاءُ؛ | प्रयोग, वहिंवारु, वतांउ; | use, application; |
| | | 5. ढंग, प्रणाली या रीति; | ڍنگ، طريقو، ريت؛ | ढंग, तरीको, रीति; | manner, mode; |
| | | 6. बतलाई हुई रीति, प्रणाली या ढंग; | دستور، رواج، ڍنگ؛ | दस्तूरु, रवाजु, ढंगु; | prescribed manner, mode; |
| | | 7. कायदा, नियम । | قاعدو، نيم | काइदो, नियमु | mode, rule. |
| विधान-परिषद | स्त्री. | राज्य की विधान सभा से भिन्न दूसरी बड़ी विधि-निर्मात्री सभा जिसका चुनाव परोक्ष रीति से होता है । | وڌان پرشد، راڄ جي وڌان منڊل جي مٿين سڀا، قاعدي ساز مجلس | विधान परिषद, राज्य जे विधान मंडल जी मथीं सभा, काइदेसाज़ मजिलस | legislative council. |
| विधान-मंडल | पुं. | राज्य के संबंध में विधान बनानेवाले दोनों अंगों का सामूहिक नाम और रूप । | وڌان منڊل، قانون ساز مجلس | विधान-मंडल, कानून-साज़ मजिलस | legislature. |
| विधान-सभा | स्त्री. | किसी देश या राज्य की वह सभा या संस्था, विशेषत: निर्वाचित प्रतिनिधियों की सभा या संस्था जिसे कानून या विधान बनाने का अधिकार होता है । | وڌان سڀا، وڌان منڊل جي هيٺين سڀا، قاعدي ساز اسيمبلي | विधान सभा, विधान मंडल जी हेठीं सभा, काइदे साज़ असेम्बली | legislative assembly. |
| विधानांग | पुं. | देखें – 'विधान-मंडल' । | ڏسو 'विधान-मंडल' | डिसो 'विधान-मंडल' | see 'विधान-मंडल'. |
| विधायक | वि. | 1. कार्य का संपादन करनेवाला; | سرانجامي ڪندڙ؛ | सरअंजामी कंदड़; | performing, disposing; |
| | | 2. निर्माण या रचना करनेवाला; | ٺاهيندڙ، رچيندڙ؛ | ठाहींदड़, रचींदड़; | doing, making, performing; |
| | | 3. रचनात्मक | جوڙجڪي، اڏاوتي؛ | जोड़जकी, अडावती; | constructive; |
| | | 4. प्रबंध या व्यवस्था करनेवाला; | پربند ڪندڙ، بندوبست ڪندڙ؛ | प्रबंधु कंदड़, बंदोबस्त कंदड़; | arranging, managing; |
| | | 5. विधान करनेवाला, ढंग या रीति बतलानेवाला, निर्धारण करनेवाला, विहित करनेवाला । | قاعدي ساز، ڍنگ يا طريقو ٻڌائيندڙ | काइदेसाज़ु, ढंगु या तरीको बुधाईंदड़ | establishing a rule or law. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | विधान-सभा (या विधान-परिषद्) का सदस्य । | وڌان سڀا يا وڌان پرشد جو ميمبر | विधान सभा या विधान परिषद जो मेम्बर | member of legislative assembly (legislative council.) |
| विधायिका | स्त्री. | विधान निर्मात्री संस्था । | قاعدي ساز سڀا | काइदे साज़ सभा | constituent assembly. |
| विधायी | वि. | 1. विधान निर्माण से संबंधित; | قاعدي جو، قاعدي سنبنڌي، قانوني؛ | काइदे जो, काइदे संबंधी, काननी; | relating to an injunction; |
| | | 2. विहित करनेवाला, विधान करनेवाला । | پورو ڪندڙ، بندوبست ڪندڙ | पूरो कंदड़, बंदोबस्त कंदड़ | performing, accomplishing. |
| विधि | पुं. | सृष्टि का रचयिता, ब्रह्मा। | برهما، وڌاتا | ब्रह्मा, विधाता | the creator, lord Brahma. |
| | स्त्री. | 1. कार्य करने का ढंग, रीति, प्रक्रिया, प्रणाली; | ريت، وڌي؛ | रीति, विधी; | manner, method, process, law; |
| | | 2. शास्त्रसम्मत व्यवस्था; | قاعدو، وڌان؛ | काइदो, विधान; | law; |
| | | 3. धर्मग्रंथ या शास्त्र द्वारा निश्चित कर्तव्य निर्देश । | ڌرمي ڪرم، فرض | धर्मी कम, फ़र्ज़ | religious act or ceremony, rite, ceremony. |
| विधिक | वि. | 1. विधि-संबंधी; | قاعدي سنبنڌي؛ | काइदे संबंधी; | pertaining to law; |
| | | 2. विधि के रूप में होनेवाला; | قاعدي ۾ ايندڙ؛ | काइदे में इंदड़; | applicable in the form of law; |
| | | 3. (कार्य) जिसे करने में कोई कानूनी अड़चन न हो; | قانوني، قاعدي موجب (ڪم)؛ | काननी, काइदे मूजिब (कम); | legal (act); |
| | | 4. जो विधि के अनुसार न्यायसंगत हो । | قانوني، قاعدي موجب | काननी, काइदे मूजिब | legal, in accordance with law. |
| विधि-निषेध | पुं. | कोई काम करने या न करने का शास्त्रीय निर्देश । | ڪرڻ نه ڪرڻ جو ڌرمي وڌان | करण-न करण जो धर्मी विधान | do's and don'ts. |
| विधिपूर्वक | क्रि. वि. | नियमानुसार । | قاعدي موجب، نيم انوسار | काइदे मूजिब, नेम अनसार | according to rule, duly. |
| विधिमान्य | वि. | विधि या नियम के अनुसार स्वीकार्य, विधिसम्मत जिसमें सभी औपचारिकताओं का ठीक से पालन किया गया हो । | قاعدي موجب، قانون مطابق | काइदे मूजिब, कानून-मुताबिक़ | lawful. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विधिवत् | क्रि वि. | 1. विधिपूर्वक, विधितः, नियमानुसार; | قاعدي موجب، قانون مطابق؛ | काइदे मुजिब, कानून मुताबिक़; | according to law, in conformity to prescribed rules,in due form; |
| | | 2. जिस प्रकार होना चाहिए उसी प्रकार, यथोचित । | ٺيڪ، چڱيءَ طرح | ठीक, चङीअ तरह | duly, methodically. |
| विधु | पुं. | चंद्रमा । | چنڊ | चंडु | moon. |
| विधुर | पुं. | वह पुरुष जिसकी स्त्री मर चुकी हो, रंडुआ । | رنڙ، ڦلاونتو | रनड़ु, फलावंतो | widower. |
| विधेय | पुं. | व्याकरण में वह पद या वाक्यांश जिसके द्वारा किसी के संबंध में कुछ विधान किया अर्थात् कहा या बतलाया जाता है । | (گرا) خبر | (ग्रा) ख़बर | (gram.) predicate. |
| | वि. | 1. जिसके संबंध में विधान किया जाने को हो, जिसके संबंध में कुछ कहा या बतलाया जाने को हो, जिसके संबंध में निर्धारित किया जाने को हो; | ڪرڻ جوڳو؛ | करण जोगो; | to be legislated; |
| | | 2. जिसको करना हो, जो संपन्न किया जाने को हो । | ڪرڻو، ٿيڻو | करणो, थियणो | to be done as duty. |
| विधेयक | पुं. | किसी कानून या विधान का वह प्रस्तावित रूप या मसौदा जो विधान निर्मात्री सभा के सामने विचारार्थ उपस्थित किया जाने को हो । | بل، مسودو | बिल्, मसौदो | bill. |
| विध्वंस | पुं. | विनाश, नाश, बरबादी । | ناستي، بربادي، ناس | नास्ती, बर्बादी, नास् | devastation, ruin, destruction. |
| विध्वंसक | वि. | विध्वंस या नाश करनेवाला, विनाशक । | ناس ڪندڙ، برباد ڪندڙ | नासु कंदडु, बर्बादु कंदडु | one who or which spells devastation. |
| | पुं. | एक प्रकार का विनाशक पोत । | هڪ قسم جو وناشڪاري جهاز | हिक किस्म जो विनाशकारी जहाज़ु | destroyer. |
| विध्वस्त | वि. | नष्ट किया हुआ, बरबाद किया हुआ, विनष्ट । | ناس ٿيل، اجڙيل | नासु थियलु, उजिड़यलु | ruined, destroyed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विनत | वि. | 1. जिसने किसी के सामने मस्तक या सिर झुका रखा हो, नतमस्तक; | جهڪيل، نميل؛ | झुकियल, निमियल; | bent down, bowed; |
| | | 2. विनीत, नम्र; | نماڻو، نمرتاوارو؛ | निमाणो, नम्रता वारो; | humble, modest; |
| | | 3. नीचे की ओर प्रवृत्त, झुका हुआ। | مڙيل، ڦريل، رڪيل | मुड़ियल, फिरियल, रुकियल | inclined, sunk down, bent, crooked, curved, depressed. |
| विनती | स्त्री. | विनीत भाव से की जानेवाली प्रार्थना, अनुनय-विनय। | وينتي، عرض، منٿ | वेनती, अर्ज़, मिन्थ | request, entreaty. |
| विनम्र | वि. | 1. विशेष रूप से नम्र, विनीत; | نماڻو، نهٺو، لڄارو؛ | निमाणो, निहठो, लजारो; | modest, humble; |
| | | 2. सुशील, शिष्ट। | سشيل، لحاظي | सुशील, लिहाज़ी | courteous, submissive. |
| विनम्रता | स्त्री. | 1. विनम्र होने की अवस्था या भाव; | نماڻائي، نهٺائي، شرم؛ | निमाणाई, निहठाई, शर्मु; | humbleness, meekness; |
| | | 2. सुशीलता, शिष्टता। | لحاظ، مروت | लिहाज़, मुरव्वत | courtesy, modesty |
| विनय | स्त्री. | 1. आचार, व्यवहार आदि में रहनेवाली नम्रता और सौजन्य; | نماڻائي، فضيلت؛ | निमाणाई, फ़जीलत; | polite conduct, gentleman-like bearing, good breeding or manners; |
| | | 2. नम्रतापूर्वक की जानेवाली प्रार्थना, विनती। | وينتي، عرض | वेनती, अर्ज़ | modesty, humility; |
| विनष्ट | वि. | 1. जो पूरी तरह नष्ट हो चुका हो या नष्ट किया जा चुका हो, बरबाद; | برباد، ختم؛ | बर्बाद, खतम; | utterly lost or ruined, perished; |
| | | 2. बिगड़ा हुआ, विकृत; | بگڙيل، بدزيبو؛ | बिगिड़यल, बदज़ेबो; | spoilt, disfigured; |
| | | 3. भ्रष्ट आचरणवाला, पतित। | ڪريل، ڪريل، خراب | किरियल, खरियल, खराबु | fallen, depraved, corrupted. |
| विनाश | पुं. | 1. नाश, ध्वंस; | ناس، بربادي، وناش؛ | नासु, बर्बादी, विनाशु; | destruction, ruin; |
| | | 2. दुर्दशा; | بري حالت، بري دشا؛ | बुरी हालति, बुरी दशा; | bad condition; |
| | | 3. हानि, नुकसान; | نقصان، گهاٽو؛ | नुक्सानु, घाटो; | utter loss, annihilation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. घोर विपत्ति या संकट, अनर्थ; | مصيبت، آفت؛ | मुसीबत, आफ़त: | calamity; |
| | | 5. खराबी, विकार । | خرابي، گراوٽ | ख़राबी, गिरावट | breakdown, defect. |
| विनाशक | वि. | 1. नाश करनेवाला, विध्वंसक; | ناس ڪندڙ، برباد ڪندڙ؛ | नासु कंदड़ु, बर्बादु कंदड़ु: | annihilating, destroyer; |
| | | 2. बिगाड़नेवाला, विकृत करनेवाला; | خراب ڪندڙ، بدزيبو ڪندڙ؛ | ख़राबु कंदड़ु, बदज़ेबो कंदड़ु: | destroying, ruinous; |
| | | 3. (धन आदि) बरबाद करनेवाला । | اجايو خرچ ڪندڙ، هٿ ڦاڙ، لٽائو | अजायो ख़र्चु कंदड़ु, हथ फाड़ु, लुटाऊ | extravagant. |
| विनिमय | पुं. | 1. एक वस्तु लेकर उसके बदले में दूसरी वस्तु देना, वस्तुओं की अदला-बदली; | سروبدرو، ادلا بدلي؛ | सरोबदरु, अदिला-बदिली: | barter; |
| | | 2. आदान-प्रदान । | ڏي وٺ | डे-वठ | exchange. |
| विनियंत्रण | पुं. | शासन द्वारा किसी चीज की बिक्री, मूल्य आदि पर लगाए गए नियंत्रण का हटाया जाना, नियंत्रणरहित करना । | بي بندشي، بيروڪي | बे-बंदशी, बेरोकी | decontrol. |
| विनियम | पुं. | कोई ऐसा विशिष्ट नियम जो किसी नए निश्चय या आदेश के अनुसार बनाया गया हो । | قاعدو، قانون، لاڳو قاعدو | काइदो, कानूनु, लागु काइदो | regulation. |
| विनियमन | पुं. | 1. विनियम बनाने की क्रिया या भाव; | قاعدي بندي؛ | काइदेबंदी: | to regulate; |
| | | 2. ऐसी व्यवस्था करना जिससे कोई काम या बात ठीक ढंग से और नियमित रूप में होती रहे । | جوڙجڪ، انتظام | जोड़जक, इन्तिज़ामु | to process in a smooth way. |
| विनियुक्त | वि. | किसी विशेष प्रयोजन या कार्य (व्यापार आदि) में लगाया हुआ (धन या पूंजी) । | سيڙايل، لڳايل (موڙي) | सीड़ायलु, लगायल (मूड़ी) | invested, appropriated. |
| विनियोक्ता | पुं. | किसी विशेष प्रयोजन या कार्य (व्यापार आदि) में धन या पूंजी लगानेवाला । | سيڙائيندڙ، لڳائيندڙ (ڪنهن واپار وغيره ۾ ڌن لڳائيندڙ) | सीड़ाइंदड़ु, लगाइंदड़ु (कंहिं वापार वग़ैरह में धनु लगाइंदड़ु) | investor, appropriator. |
| विनियोग | पुं. | 1. व्यापार में पूंजी लगाना; | سيڙپ؛ | सीड़प: | investment, apportionment; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी विशिष्ट उद्देश्य, प्रयोजन आदि के निमित्त संपत्ति आदि किसी दूसरे को देना; | ورڇ، ڦاندڻي؛ | विरछ, फांडणी; | distribution, division; |
| | | 3. फलप्राप्ति के उद्देश्य से किसी वस्तु का होनेवाला उपयोग । | استعمال، پريوگ | इस्तैमाल, प्रयोग | use, application, employment. |
| विनिर्माण | पुं. | शारीरिक श्रम या यंत्रों द्वारा वस्तुओं का बड़े पैमाने पर किया जानेवाला निर्माण या उत्पादन । | بناوت، پيدائش، ٺاهڻ، جوڙڻ، نرماڻ | बनावत, पैदाइश, ठाहिणु, जोड़णु, निर्माणु | manufacture, manufacturing. |
| विनिर्माता | पुं. | विनिर्माण करनेवाला । | ٺاهيندڙ جوڙيندڙ | ठाहींदड़ु जोड़ींदड़ु | manufacturer. |
| विनीत | वि. | 1. जिसमें विनय हो, विनय से युक्त, विनयी, नम्र; | نماڻو، لڄارو، نهٺو؛ | निमाणो, लजारो, निहठो; | modest, humble, meek; |
| | | 2. सुशील, शिष्ट; | فضيلت وارو؛ | फ़ज़ीलत वारो; | decent, refined; |
| | | 3. नम्रतापूर्वक किया जानेवाला । | سادو، سنئون سڌو | सादो, संओं सिधो | plain, simple. |
| विनोद | पुं. | 1. मन-बहलाव, मनोरंजन; | وندر؛ | विंदर; | amusement; |
| | | 2. हंसी-ठट्ठा । | کل مسخري | खिल-मस्खिरी | humour, wit. |
| विनोदी | वि. | 1. विनोद-संबंधी; | چرچي ڀريو، وندرائيندڙ؛ | चर्चे भर्यो, विंदराईंदड़ु; | amusing; |
| | | 2. विनोदप्रिय, विनोदशील; | خوش مزاج؛ | खुशमिज़ाज; | jovial, humourous |
| | | 3. हंसी-दिल्लगी करनेवाला, हंसोड़ । | مسخرو، چرچائي | मस्खिरो, चर्चाई | witty, jolly. |
| विन्यस्त | वि. | 1. रखा हुआ, स्थापित; | رکيل، ڌريل؛ | रख्यल, धर्यल; | put or placed down; |
| | | 2. क्रम से सजाकर रखा हुआ; | نمبروار رکيل، ترتيب ڪيل؛ | नम्बरवार रख्यल, तर्तीब कयल; | marshalled, set in order; |
| | | 3. अच्छी-तरह जोड़ा, बैठाया या लगाया हुआ । | پڪو، مضبوط ٺهيل يا لڳايل | पक्को, मज़बूत ठह्यल या लगायल | fixed, arranged. |
| विन्यास | पुं. | 1. कोई चीज कहीं स्थापित करना, जमाकर रखना; | رکڻ، قائم ڪرڻ؛ | रखणु, कायम करणु; | putting down, placing, laying down; |
| | | 2. सजाने-संवारने, ठीक स्थान पर रखने तथा ठीक क्रम से लगाने की क्रिया या भाव । | جوڙ جڪ، ٺاهه ٺوهه، ترتيب | जोड़ जक, ठाह ठह, तर्तीब | arrangement, adjustment. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विपक्ष** | पुं. | 1. विरोधी पक्ष या दल; | مخالف پارٽي، وروڌي پارٽي؛ | मख़ालिफ़ पार्टी, विरोधी पार्टी; | opposition party; |
| | | 2. विरोध; | برخلافي، وروڌ؛ | बरख़िलाफ़ी, विरोध; | opposition; |
| | | 3. तर्कशास्त्र में ऐसा पक्ष जिसमें साध्य का अभाव हो । | ناڪاري مثال (ترڪ شاستر) | नाकारी मिसाल (तर्क शास्त्र) | (logic) a negative instance. |
| **विपक्षी** | वि. | जिसका संबंध विपक्ष (विरोधी दल आदि) से हो, विरोधी । | وروڌي، مخالف پارٽيءَ جو | विरोधी, मख़ालिफ़ पार्टीअ जो | connected with the opposite party. |
| | पुं. | 1. शत्रु, दुश्मन; | دشمن، ويري؛ | दुश्मन, वेरी; | enemy; |
| | | 2. वह जो किसी पक्ष के विरोधी पक्ष में हो, दूसरा फरीक, विरोधी पक्ष; | فريق، ٻيءَ ڌر جو؛ | फ़रीक़, बीअ धिर जो; | one who belongs to the opposition party; |
| | | 3. प्रतिद्वन्द्वी । | مخالف | मख़ालिफ़ | rival. |
| **विपणन** | पुं. | बाजार में जाकर माल खरीदने या बेचने की क्रिया या भाव । | خريد فروخت، ڏي وٺ | ख़रीद-फ़रोख़्त, डे-वठ | marketing. |
| **विपत्ति** | स्त्री. | 1. ऐसी घटना या स्थिति जिसके फलस्वरूप कष्ट, चिंता या हानि अधिक मात्रा में होती हो या होने की संभावना हो, संकट; | آفت، مصيبت؛ | आफ़त, मसीबत; | calamity, misfortune, hardship; |
| | | 2. झंझट या बखेड़े का काम या बात, कठिनाई । | بکيڙو، حادثو، ڏکيائي | बखेड़ो, हादिसो, डुख्याई | misfortune, failure, disaster. |
| **विपद्** | स्त्री. | विपत्ति, संकट, आफत । | آفت، مصيبت | आफ़त, मसीबत | calamity, misfortune, distress. |
| **विपन्न** | वि. | 1. आर्त, दुखी; | ڏکي، وياڪل؛ | दुखी, व्याकुल; | afflicted, distressed; |
| | | 2. धनाभाव के कारण दुखी, दरिद्र; | غريب، مسڪين؛ | ग़रीब, मिस्कीन; | poor; |
| | | 3. विपत्ति में पड़ा हुआ, विपत्तिग्रस्त; | مصيبت ماريو، ستايل؛ | मसीबत मार्यो, सतायल; | fallen into adversity; |
| | | 4. कठिनाई या झंझट में पड़ा हुआ । | تڪليف ۾ ڦاٿل، برباد ٿيل | तकलीफ़ में फाथल, बर्बाद थियल | ruined, destroyed, decayed. |
| **विपन्नता** | स्त्री. | 1. दुःख, कष्ट, संकट; | ڏک، ڪشٽ، مصيبت؛ | दुख, कष्ट, मसीबत; | misfortune, ruin, trouble; |
| | | 2. आर्थिक कष्ट, दरिद्रता । | غريبي، مسڪيني | ग़रीबी, मिस्कीनी | poverty, economic crisis. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विपरीत** | वि. | 1. जैसा होना चाहिए उसका उलटा, उलटे क्रम, स्थिति आदि में होनेवाला; | ابتو،الٽو؛ | उबतो, उल्टो; | opposite, reversed, reverse; |
| | | 2. जो अनुकूल या मुआफिक न हो, प्रतिकूल, विरुद्ध; | برخلاف، ناموافق؛ | बर्खिलाफ़, नामुवाफ़िक; | unfavourable, adverse; |
| | | 3. मेल न खानेवाला, असंगत । | بي ميل، اڻ ٺهڪندڙ | बे मेलु, अण ठहिकंदड़ | disagreeable. |
| **विपर्यय** | पुं. | 1. ऐसा उलट-फेर या परिवर्तन जिससे किसी क्रम के अंतर्गत कोई कुछ आगे और कोई कुछ पीछे हो जाए, पारस्परिक स्थान परिवर्तन करनेवाला हेरफेर, व्यतिक्रम; | ڦيرگهير، بدل سدل بي ترتيبي؛ | फेर घेर, बदल-सदल बेतर्तीबी; | transposition; |
| | | 2. उलटकर फिर पहले रूप, स्थान आदि में लाना; | ساڳي جاءِ تي موٽ؛ | सागी जाइ ते मोट; | reversion; |
| | | 3. मिथ्या ज्ञान, भ्रम । | ڀرم | भ्रम | illusory knowledge, illusion. |
| **विपिन** | पुं. | वन, जंगल । | بڻ، جهنگ | वनु, झंगु | forest, jungle. |
| **विपुल** | वि. | 1. संख्या या परिमाण में बहुत अधिक; | بي شمار، تمام گهڻو؛ | बे शुमारु, तमामु घणो; | numerous, large; |
| | | 2. बहुत बड़ा, विशाल । | تمام وڏو، ڪشادو | तमामु वडो, कुशादो | large, huge. |
| **विपुलता** | स्त्री. | 1. विपुल होने की अवस्था या भाव, अधिकता; | گهڻائي، واڌ؛ | घणाई, वाधि; | state of extensiveness, abundance; |
| | | 2. विशालता । | ڪشادگي، خلاصائي | कुशादिगी, खुलासाई | largeness. |
| **विप्र** | पुं. | ब्राह्मण । | براهمڻ، ٻانڀڻ | ब्राह्मण, बांभणु | Brahmana. |
| **विप्रलंभ** | पुं. | 1. एक दूसरे से अलग होना, विच्छेद; | جدائي؛ | जुदाई; | separation ( rhet); |
| | | 2. साहित्य में प्रेमी और प्रेमिका का वियोग या विरह; | وِرهه، وڇوڙو، ڏهاڳ؛ | विरह, विछोड़ो, डुहागु; | the feeling or sentiment of lovers in separation; |
| | | 3. बात बनाकर या वचन पूरा न करके किसी को धोखा देना, वंचना । | واعدي خلافي، انجام شڪني، دوکي بازي | वाइदे ख़िलाफ़ी, अंजाम-शक्नी, दोखे बाज़ी | (especially) deceiving by false statement or by not keeping promises. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विप्लव** | पुं. | 1. उथल-पुथल, हलचल; | اٿل پٿل، هلچل؛ | उथल-पुथल, हलचल; | tumult, affray; |
| | | 2. उत्पात, उपद्रव; | فساد، ٻخاڻو؛ | फ़साद, बग़ाणो; | insurgency, insurrection; |
| | | 3. विद्रोह, बगावत, क्रांति । | ودروه، بغاوت | विद्रोह, बग़ावत | uprising, revolt. |
| **विप्लवी** | वि. | क्रांति करनेवाला । | انقلابي، باغي | इन्किलाबी, बाग़ी | insurgent, revolutionary. |
| **विफल** | वि. | 1. जिसका उद्देश्य सिद्ध न हुआ हो, जिसके प्रयत्न का कोई फल न हुआ हो, असफल; | ناڪامياب، اسڦل؛ | नाकाम्याबु, असफलु; | fruitless, unsuccessful; |
| | | 2. जो परीक्षा में उत्तीर्ण न हुआ हो, अनुत्तीर्ण । | ناپاس | नापासि | failed. |
| **विफलता** | स्त्री. | 1. विफल होने की अवस्था या भाव, उद्देश्य की सिद्धि न होना, असफलता; | ناڪاميابي، اسڦلتا؛ | नाकाम्याबी, असफलता; | fruitlessness, unprofitableness; |
| | | 2. परीक्षा में उत्तीर्ण न होना, अनुत्तीर्णता; | ناپاسي، ناڪامي؛ | नापासी, नाकामी; | failure; |
| | | 3. निरर्थकता । | بي مطلبي، فضولي | बे मतलबी, फ़िज़ूली | uselessness. |
| **विभक्त** | वि. | 1. जिसके विभाग किए गए हों, विभाजित; | ورهايل، ورڇيل؛ | विरहायलु, विछयलु; | divided; |
| | | 2. अलग किया हुआ । | الڳ ڪيل، ڌار ڪيل | अलगु कयलु, धार कयलु | separated. |
| **विभक्ति** | स्त्री. | (व्याकरण) शब्द में लगनेवाला वह प्रत्यय जिससे उस शब्द का कारक, लिंग तथा वचन जाना जाता है । | (گرامر) حالت، جنس ۽ عدد جي نشاني | (ग्रामरु) हालति, जिन्स ऐं अदद जी निशानी | (gram.) inflection. |
| **विभव** | पुं. | 1. ऐश्वर्य; | آسودگي، اقبال؛ | आसूदगी, इक़बालु; | prosperity; |
| | | 2. धन-संपत्ति । | ڌن دولت | धनु-दौलत | wealth, riches. |
| **विभा** | स्त्री. | 1. प्रभा, कांति; | تيج، چمڪو؛ | तेजु, चिम्को; | lustre; |
| | | 2. छवि, शोभा । | سوڀيا، سونهن، جلوو | सोभ्या, सूंहं, जल्वो | beauty, splendour. |
| **विभाग** | पुं. | 1. कोई विशिष्ट कार्य करने के लिए अलग किया हुआ क्षेत्र, कार्यक्षेत्र, महकमा; | کاتو، وڀاڳ؛ | खातो, विभागु; | department, division; |
| | | 2. किसी कार्य के लिए निश्चित किया हुआ क्षेत्र या खंड; | برانچ، ڀاڱو؛ | ब्रांचि, भाङो; | division; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. किसी चीज को टुकड़ा या खंडों में बांटकर अलग किया हुआ अंश या टुकड़ा, भाग, हिस्सा । | ڀاڱو، حصو | भाङो, हिस्सो | part, portion or share in general. |
| विभागाध्यक्ष | पुं. | किसी विभाग अर्थात् कार्यक्षेत्र या महकमे का अध्यक्ष, किसी विभाग का सबसे बड़ा अधिकारी । | کاتي جو مکيه اڌڪاري | खाते जो मुख्यु अधिकारी | head of the department. |
| विभागीय | वि. | किसी विभाग में होने या उससे संबंध रखनेवाला । | کاتي جو، کاتي سان واسطيدار | खाते जो, खाते सां वास्तेदारु | departmental. |
| विभाजक | पुं. | 1. विभाजन करनेवाला; | ونڊيندڙ، ورهاڱو ڪندڙ؛ | वंडींदड़, विहांङो कंदड़; | one who divides, divider; |
| | | 2. बांटनेवाला । | ورهائيندڙ | वरहाईंदड़ | distributor. |
| विभाजन | पुं. | 1. हिस्से लगाना, विभाग करना; | ونڊ، ورهاست، ورهاڱو؛ | वंड, विहांसत, विहांङो; | act of dividing into shares; |
| | | 2. संयुक्त संपत्ति आदि को उसके स्वामियों द्वारा आपस में बांटना, बंटवारा । | ڦاڻي، ورهاڱو | फांडिणी, विहांङो | division, partition. |
| विभाजित | वि. | 1. जिसके हिस्से कर दिए गए हों, विभक्त; | ورهايل، ونڊيل؛ | विहांयलु, वंडियलु; | divided; |
| | | 2. जिसका बंटवारा कर दिया गया हो, बांटा हुआ; | ڦاڙيل؛ | फांडयलु; | distributed; |
| | | 3. खंडित । | ڀڳل، ٽڪر ٽڪر ڪيل | भगलु, टुकर टुकर कयलु | broken, fragmented. |
| विभाज्य | वि. | जिसका विभाजन हो सके या होने को हो । | ورهاست جوڳو، ورهاڱي لائق | विहांसत जोगो, विहांङे लाइकु | divisible, to be divided. |
| विभाव | पुं. | साहित्य में वह निमित्त या हेतु जो आश्रय में भाव जागृत या उद्दीप्त करता हो । | (ساهت ۾) اُها حالت جا من ۾ بدن ۾ خاص جذبو پيدا ڪرڻ جو ڪارڻ بڻجي، وڀاو | (साहित में) उहा हालति जा मन ऐं बदन में ख़ास जज़्बो पैदा करण जो कारणु बणिजे, विभाव | (in rhet.) any condition which produces or develops a particular state of body or mind. |
| विभावरी | स्त्री. | 1. रात्रि, रात; | رات؛ | राति; | night; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. तारों से जगमगाती हुई रात । | تارن ڀري رات | तारनि भरी राति | the starry night. |
| विभाषा | स्त्री. | 1. भाषाविज्ञान में, किसी भाषा की कोई ऐसी बड़ी शाखा जो उसके विशिष्ट विभाग के अंतर्गत हो और जिसके कई स्थानिक भेद, प्रभेद भी हों, उपभाषा, बोली; | ٻولي، اُپ ڀاشا، وڀاشا؛ | ॿोली, उपभाषा, विभाषा; | sub-language, dialect; |
| | | 2. विकल्प, चुनाव या पसंद की स्वतंत्रता; | ٻي پسندي، ٻن مان هڪ، ٻيو اپاءُ؛ | ॿी पसंदी, ॿिनि मां हिकु, ॿियो उपाउ; | an option, alternative; |
| | | 3. व्याकरण का वह सिद्धांत जहां अपवाद और विधान दोनों पाए जाएं । | (گرامر) قاعدي ۽ ان جي ابتڙ حالتن جي موجودگي | (ग्रामरु) काइदे ऐं उन जे उबतड़ि हालतनि जी मौजूदगी | (in Gram.) allowing a rule to be optioned. |
| विभासित | वि. | 1. प्रकाशित; | پرڪاشوان، روشن؛ | प्रकाशवानु, रोशनु; | illuminated; |
| | | 2. चमकता हुआ; | چمڪندڙ؛ | चिम्कंदड़ु; | brightening, dazzling; |
| | | 3. कांतियुक्त । | تيجوان | तेजवानु | lustrous. |
| विभिन्न | वि. | अनेक प्रकार का, नानाविध, विविध । | جدا جدا، طرح طرح جو | जुदा जुदा, तरह तरह जो | different, various. |
| विभिन्नता | स्त्री. | अनेकता, विविधता । | گهڻ قسمائي، نرالائي | घण किस्माई, निरालाई | variety. |
| विभीषण | वि. | अपने भाई-बंधुओं से द्रोह करके शत्रुओं के साथ जा मिलनेवाला, देशद्रोही (ला.) । | ڄات ديش جو دشمن (تم) | जाति-देश जो दुश्मनु (तम) | a traitor. |
| | पु. | रावण का एक भाई जो राम का पक्ष लेकर रावण से लड़ा । | وڀيشڻ (راوڻ جو ڀاءُ) | विभीषणु (रावण जो भाउ) | name of a brother of Ravana. |
| विभीषिका | स्त्री. | 1. भय-प्रदर्शन, डराने की क्रिया या भाव; | ڊپ، ڊڄ، ڊڪڻي؛ | डपु, डिजु, डकिणी; | the act of terrifying; |
| | | 2. डराने का साधन; | ڊيڄارڻ جو وسيلو؛ | डेजारण जो वसीलो; | means of terrifying; |
| | | 3. त्रास, आतंक, दहशत । | ڊپ، دهشت، هيبت | डपु, दहशत, हैबत | terror, dread. |
| विभु | वि. | सर्वव्यापक । | سرو وياپڪ، هر جڳهه موجود، هرجاءِ حاضر | सर्वव्यापक, हर जगह मौजूद, हरजाइ हाज़िरु | being everywhere, omnipresent. |
| | पु. | स्वामी, मालिक, प्रभु । | سوامي، مالڪ، پرڀو | स्वामी, मालिक, प्रभु | master, a lord. |
| विभूति | स्त्री. | 1. ऐश्वर्य, विभव; | آسودگي، ڀلائي؛ | आसूदगी, भलाई; | prosperity, welfare; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. धन-संपत्ति, दौलत; | ڌن دولت، ملڪيت؛ | धन्-दौलत, मिल्कयत; | wealth, riches; |
| | | 3. अलौकिक शक्ति, दिव्यशक्ति; | قدرتي طاقت، ڪرامت؛ | क़ुदरती ताकत, करामत; | superhuman power; |
| | | 4. चिता, यज्ञ, होम आदि की राख, भस्म । | رک، ڀسم | रख, भसम | ashes. |
| विभूषण | पुं. | 1. आभूषण, गहना; | ڳهڻو، زيور؛ | गहिणो, ज़ेवरु; | ornament, decoration; |
| | | 2. सौंदर्य । | سوڀيا، سونهن | सोभ्या, सूंहं | splendour, beauty. |
| विभूषित | वि. | 1. आभूषणों से सजा हुआ, अलंकृत; | ڳهڻن سان سينگاريل؛ | गहनि सां सींगार्यल; | ornamented; |
| | | 2. अच्छी बातों या गुणों से युक्त; | گڻن ڀريو، چرتروان؛ | गुणनि भर्यो, चरित्रवान; | adorned; |
| | | 3. शोभित | سينگاريل | सींगार्यल | decorated. |
| विभेद | पुं. | 1. वह तत्व जो दो वस्तुओं में होनेवाली असमता का द्योतक हो, अंतर, भेद, भिन्नता, फरक; | تفاوت، فرق؛ | तफ़ावत, फ़र्क; | difference; |
| | | 2. प्रभेद, उपभेद; | ڀاڱو؛ | भाङो; | subdivision; |
| | | 3. विशेष रूप से किया हुआ अलगाव या भेद, भेदभाव । | ڀيد ڀاءُ، ٻه اکيائي، تفاوت | भेद भाउ, बि अख्याई, तफ़ावत | distinction. |
| विभेदक | वि. | 1. भेदन करनेवाला, काटने या छेदनेवाला; | ونڊيندڙ، ڪاٽيندڙ؛ | वंडींदड़, काटींदड़; | dividing, separating; |
| | | 2. विभेद उत्पन्न करनेवाला, भेदभाव करानेवाला; | الڳ ڪندڙ، فرق پيدا ڪندڙ؛ | अलग, कंदड़, फ़र्क पैदा कंदड़; | separator, discriminator; |
| | | 3. अंतर या भेद दिखलाने या बतलानेवाला; | وڇائيندڙ، فرق ڏسيندڙ؛ | विहाईंदड़, फ़र्क डसींदड़; | a divider; |
| | | 4. आपस में मतभेद करानेवाला । | ويڙهائيندڙ، ڦٽائيندڙ | वेढ़ाईंदड़, फिटाईंदड़ | disintegrating. |
| विभोर | वि. | 1. मग्न, लीन; | مگن، غلطان، لين؛ | मगन, गल्तान, लीन; | engrossed, absorbed; |
| | | 2. मत्त, मस्त । | باغ باغ، نهال، گدگد | बाग़-बाग़, निहाल, गद्‌गदि | overjoyed. |
| विभ्रम | पुं. | 1. भ्रम, भ्रांति, मोह; | ڀرم، موه؛ | भ्रमु, मोहु; | delusion; |
| | | 2. शक, संदेह; | شڪ، گمان؛ | शकु, गुमानु; | doubt; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. निर्मूल-भ्रम, मतिभ्रम; | سوداءُ، مَن ڀرمُ؛ | सौदाउ, मन भ्रमु; | hallucination; |
| | | 4. गलत-फहमी; | غلط فهمي، ناسازي؛ | गलतिफ़हिमी, नासाज़ी; | misunderstanding; |
| | | 5. घबराहट, विकलता; | گهٻراهٽ، بي آرامي؛ | घबिराहट, बेआरामी; | restlessness; |
| | | 6. साहित्य में संयोग शृंगार के प्रसंग में स्त्रियों का एक हाव जिसमें वे प्रियतम का आगमन सुनकर अथवा उससे मिलने के लिए जाते समय उतावली और उत्सुकता के कारण कुछ उलटे-पुलटे गहने-कपड़े पहन लेती है । | پريم ۾ اٻهراٽي، آتروِيلا | प्रेम में उबहराई, आतवेंला | perturbation in love. |
| विभ्रांत | वि. | 1. भ्रम में पड़ा हुआ, भ्रमित; | مُنجهيل، وائڙو؛ | मुंझियलु, वाइड़ो; | confused; |
| | | 2. घबराया हुआ, विकल; | گهٻرايل، بي آرام؛ | घबिरायलु, बेआरामु; | restless; |
| | | 3. गलत-फहमी में पड़ा हुआ, भ्रांतिपूर्ण । | وهمي، غلط فهميءَ ۾ پيل، ٺڳيو | वहिमी, गलतफ़हिमीअ में पियलु, ठगिणो | having a misunderstanding, illusory. |
| विभ्रांति | स्त्री. | 1. भ्रम, भ्रांति; | ڀرم، وهم، مايا؛ | भ्रमु, वहिमु, माया; | illusion; |
| | | 2. घबराहट, विकलता; | گهٻراهٽ، وياڪلتا؛ | घबिराहट, व्याकुलता; | confusion, restlessness; |
| | | 3. गलतफहमी, भूल, गलती । | غلط فهمي، غلطي | गलतफ़हिमी, गलती | misunderstanding, mistake, error. |
| विमर्श | पुं. | 1. किसी बात या विषय पर कुछ सोचना-समझना, विचार करना, पर्यालोचन; | سوچ ويچار؛ | सोच-वीचारु; | critical study, thorough review; |
| | | 2. परामर्श करना, सलाह लेना; | صلاح مصلحت؛ | सलाह-मस्लिहत; | consultation; |
| | | 3. सोच-विचारकर तथ्य या वास्तविकता का पता लगाना; | ساجهه ڇنڊ ڇاڻ؛ | साझह छंड-छाण; | consideration; |
| | | 4. जाँचना और परखना; | جاچ جوچ، آزمائش؛ | जाच-जूच, आज़्माइश; | examination; |
| | | 5. नाटक में पाँच संधियों में से एक अवमर्श संधि । | (ناٽڪ ۾) نازڪ گهڙي، بحران | (नाटक में) नाज़िकु घड़ी, बुहिरानु | (in drama) critical juncture or crisis. |
| विमल | वि. | 1. मलरहित, निर्मल; | صاف، صفا، بي داغ؛ | साफ़ु, सफ़ा, बे दाग़ु; | free from dirt, spotless; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | 2. दूषण या दोष से रहित; | خرابيءَ بنا، بي عيب ؛ | खराबीअ बिना, बेऐब; | flawless; |
| | | 3. साफ । | صاف، صفا | साफ़, सफ़ा | clean. |
| विमाता | स्त्री. | सौतेली माँ । | ماٽيلي ماءُ | माटेली माउ | step-mother. |
| विमान | पुं. | 1. वायुयान, हवाई जहाज; | هوائي جهاز ؛ | हवाई जहाज़; | aeroplane; |
| | | 2. आकाशमार्ग से चलनेवाला देवताओं का यान या सवारी; | وِمان، ديوتائن جو رٿ ؛ | विमानु, देवताउनि जो रथु; | a heavenly car (of gods moving through the skies); |
| | | 3. फूल-मालाओं से सजी हुई महात्मा, वृद्ध आदि के शव की अरथी; | سجايل ڪاٺي ؛ | सजायल काठ: | a bier of a Mahatma, old man etc. decorated with garlands; |
| | | 4. (रामलीला आदि में जलूस में) वह चौकी जिस पर देवताओं की मूर्तियां रखकर वाहक लोग कंधे पर उठाकर चलते हैं । | مورتين سان سجايل پالڪي | मूर्त्युनि सां सजायल पालिकी | an open palanquin carried on men's shoulders. |
| विमानन | पुं. | हवाई जहाज चलाने की कला, क्रिया या विद्या । | هوائي جهاز راني، هوائي جهاز هلائڻ جي وديا | हवाई जहाज़रानी, हवाई जहाज़ हलाइण जी विद्या | the art, process or science of aviation. |
| विमुक्त | वि. | 1. कैद, पाश, बंधन आदि से जो छूट चुका हो या छोड़ दिया गया हो, स्वतंत्र किया हुआ; | آزاد ٿيل، ڇوٽڪارو مليل ؛ | आज़ाद थ्यलु, छोटिकारो मिल्यलु; | set free, released, liberated (from jail, bonds etc.); |
| | | 2. जिसे छूट दी गई हो, छूटप्राप्त; | ڇوٽ مليل، ڇڏيل ؛ | छूट मिल्यलु, छडयलु; | freed from; |
| | | 3. चलाया या छोड़ा हुआ; | ڇڏيل، ڇوڙيل ؛ | छडयलु, छोड़यलु; | devoid of; |
| | | 4. बरखास्त, कार्यभार से मुक्त किया हुआ । | برخواست، برطرف، نوڪريءَ تان هٽايل | बर्ख़ास्त, बर्तर्फ़, नौकिरी तां हटायलु | discharged. |
| विमुख | वि. | 1. जो किसी से उदासीन या विरक्त हो चुका हो; | بي نياز ؛ | बे नियाज़; | indifferent; |
| | | 2. प्रतिकूल, विरुद्ध; | ابتو، برخلاف ؛ | उल्टो, बर्ख़िलाफ़ | adverse; |
| | | 3. फलप्राप्ति से वंचित; | ڦل کان نيارو ؛ | फल खां न्यारो; | devoid of; |
| | | 4. जिसने किसी ओर से मुंह फेर या मोड़ लिया हो । | منهن موڙيل | मुंहुं मोड़यलु | with the face averted or turned away from. |
| विमुग्ध | वि. | 1. मोहित, आसक्त; | موهت، عاشق ؛ | मोहित, आशिक़; | enchanted, spell-bound; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. भ्रम में पड़ा हुआ, भ्रांत । | وهمي، گمراهه | वहिमी, गुमराहु | misled. |
| **विमूढ़** | वि. | 1. बहुत बड़ा मूर्ख या नासमझ; | مورک، بي عقل؛ | मूर्ख, बेअक़्लु; | foolish, dull of understanding, stupid; |
| | | 2. भ्रम या मोह में पड़ा हुआ; विशेष रूप से मुग्ध, अत्यन्त मोहित । | موهه ۾ ڦاٿل، مست، موهت | मोह में फाथलु, मस्तु, मोहितु | tempted, seduced. |
| **विमोचन** | पु. | बंधन आदि खोलकर मुक्त करना, छुड़ाना या छोड़ना । | آزادي، مڪتي، ڇوٽڪارو | आज़ादी, मुक्ती, छोटिकारो | setting free, release. |
| **विमोहित** | वि. | मोहित, आसक्त । | موهت، عاشق | मोहितु, आशिक़ु | charmed, allured. |
| **वियुक्त** | वि. | 1. जो युक्त या संयुक्त न हो, असंयुक्त; | اڻ مليل، جدا؛ | अण मिल्यलु, जुदा; | detached, disjoined; |
| | | 2. जो किसी से अलग, जुदा या पृथक हो चुका हो; | جدا ٿيل، الڳ ڪيل؛ | जुदा थियलु, अलग कयलु; | separated from, deserted by; |
| | | 3. परित्यक्त; | تياڳيل، ڇڏيل؛ | त्याग्यलु, छडयलु; | abandoned, given up; |
| | | 4. वंचित, रहित, हीन; | رهت، کان سواءِ، بنا؛ | रहित, खां सवाइ, बिना; | deprived or devoid of; |
| | | 5. वियोगी । | الڳ ٿيل، وڇڙيل | अलगु थियलु, विछड़यलु | disunited (as husband & wife). |
| **वियोग** | पु. | 1. योग न होने की अवस्था या भाव, पार्थक्य, ऐसी अवस्था जिसमें दो प्राणी, विशेषत: प्रेमी एक दूसरे से दूर हों और इस प्रकार उनमें मिलन न होता हो, विप्रलंभ; | وڇوڙو، جدائي؛ | विछोड़ो, जुदाई; | disjunction, separation (especially of lovers); |
| | | 2. उक्त के फलस्वरूप प्रेमियों को होनेवाला कष्ट, विरह । | وره، فراق | विरहु, फ़िराक़ु | bereavement pangs of separation. |
| **वियोगिन** | स्त्री. | दे. 'वियोगिनी' । | ڏسو 'वियोगिनी' | डिसो 'वियोगिनी' | see 'वियोगिनी' |
| **वियोगिनी** | स्त्री. | वह नायिका, प्रेमिका या स्त्री जो अपने नायक, प्रेमी या पति के परदेश चले जाने | ڏهاڳڻ، ورهڻي، وڇڙيل | डुहागिणि, विरहिणी, विछड़यल | a heroine, beloved or wife whose hero, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पर उसके विरह में दुखी हो, विरहिणी नायिका । | | | lover or husband has gone away and is left alone. |
| वियोगी | पुं. | अपनी प्रेमिका या पत्नी के वियोग से दुखी नायक । | وِرهي، وڇڙيل، ويوڳي | विरही, विछुड़यलु, वियोगी | one who is separated (from his beloved or wife). |
| वियोजक | वि. | वियोजन करनेवाला, पृथक करनेवाला । | جدائي ڪندڙ، الڳ ٿيندڙ، ونڊيندڙ | जुदाई कंदड़ु, अलग थींदड़ु, वंडींदड़ु | separator, one who separates. |
| वियोजन | पुं. | 1. पृथक करना, अलग करना, पार्थक्य, पृथक्करण; | الڳاءُ، جدائي، وڇوڙو؛ | अलगाउ, जुदाई, विछोड़ो; | separation, disjoining; |
| | | 2. संघटक अंगों को अलग करना, विघटन; | ڇڙوڇڙائي، جدائي؛ | छड़विछुड़ाई, जुदाई; | disintegration; |
| | | 3. जुदाई, वियोग । | جدائي، وڇوڙو | जुदाई, विछोड़ो | separation. |
| विरक्त | वि. | 1. सांसारिक प्रपंचों, बंधनों आदि से परे रहनेवाला, उदासीन; | تياڳي، جوڳي، دنيا کان دور؛ | त्यागी, जोगी, दुनिया खां दूरि; | detached (from the world), indifferent; |
| | | 2. भोग-विलास आदि से बहुत दूर रहनेवाला । | دنيوي عياشيءَ کان دور | दुन्यवी अय्याशीअ खां दूरि | void of attachment to worldly objects. |
| विरक्ति | स्त्री. | 1. विरक्त होने की अवस्था या भाव, उदासीनता, वैराग्य; | ويراڳ، تياڳ؛ | वेराग, त्यागु; | indifference; |
| | | 2. मन में अनुराग या चाह न रहने की अवस्था या भाव; | دنيوي ڪشش کان آزادي؛ | दुन्यवी कशिश खां आज़ादी; | absence of attachment or affection (for), freedom from passion; |
| | | 3. भोगविलास आदि के प्रति होनेवाली अरुचि या उदासीनता । | ڀوڳ ولاس کان اداسي | भोग-विलास खां उदासाई | weariness from the world. |
| विरचित | वि. | 1. रचा या बनाया हुआ, निर्मित, रचित; | ٺهيل، ٺاهيل، رچيل؛ | ठह्यलु, ठाह्यलु, रच्यलु; | constructed, made; |
| | | 2. (ग्रंथों आदि के संबंध में) लिखित । | لکيل، رچيل (ڪتاب) | लिख्यलु, रच्यलु (किताबु) | (books etc.) written, composed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विरत** | वि. | 1. जिसका मन किसी ओर से हट गया हो, अप्रवृत्त; | تياڳي، جتي، اداسي | त्यागी, जती, उदासी; | one who has given up; |
| | | 2. जिसने किसी से अपना संबंध तोड़ लिया हो, जो अलग हो गया हो; | ويراڳي، جوڳي؛ | वेरागी, जोगी; | detached; |
| | | 3. सांसारिक विषयों से हटा हुआ, विरक्त, वैरागी । | ويراڳي، تياڳي | वेरागी, त्यागी | unattached. |
| **विरल** | वि. | 1. जो घना न हो, जिसके बीच-बीच में अवकाश हो, सघन का विपर्याय; | ڇڊو؛ | छिडो; | not thick, close or compact, separated by interval; |
| | | 2. दुर्लभ; | ورلو، ڏرلڀ؛ | विर्लो, दुर्लभु; | rare, scarcely found; |
| | | 3. जो गाढ़ा न हो, पतला; | پنگو، ڇنڊڙو، سنھو؛ | पंगो, छिटिड़ो, सन्हो; | dilute, thin; |
| | | 4. अल्प, थोड़ा । | ٿورو، ننڍو | थोरो, नंढो | few, little. |
| **विरह** | पु. | 1. प्रिय व्यक्तियों का एक दूसरे से अलग होना जो दोनों पक्षों के लिए बहुत कष्टप्रद हो, वियोग; | برھ، جدائي، وڇوڙو؛ | बिरहु, जुदाई, विछोड़ो; | separation; |
| | | 2. उक्त के फलस्वरूप होनेवाला मानसिक कष्ट या दुःख; | جدائيءَ جو ڏک؛ | जुदाईअ जो दुखु | agony of separation; |
| | | 3. किसी वस्तु से रहित होना, किसी वस्तु के अभाव में होना । | کوٽ، ڪمي | खोटि, कमी | lacking, wanting. |
| **विरहाग्नि** | स्त्री. | प्रिय के विरह या वियोग के कारण होनेवाला तीव्र मानसिक संताप । | برھ جي باھ، وڇوڙي جي باھ | बिरहजी बाहि, विछोड़े जी बाहि | the fire of separation, the agony or disconsolateness of parted lovers. |
| **विरहिणी** | वि. | पति या प्रिय के विरह से संतप्त । | وڇڙيل | विछड़यल | (a woman) separated from her husband or lover. |
| | स्त्री. | वह नायिका, स्त्री या प्रेमिका जो अपने नायक पति या प्रेमी के विरह के कारण संतप्त या दुखी हो । | وڇڙيل نائڪا، وڇڙيل ناال | विछड़यल नाइका, विछड़यल ज़ाल | a woman separated from her husband or lover. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विरही** | वि. | प्रियतमा के विरह से संतप्त । | وڇڙيل | विछड़यलु | separated from his beloved. |
| | पुं. | वह नायक या प्रेमी जो अपनी नायिका या प्रेमिका के विरह से संतप्त हो । | جدائيءَ ماريو، برهه ستايو | जुदाईअ मार्यो, बिरिह सतायो | person who is separated from his beloved or wife. |
| **विराग** | पुं. | 1. मन में राग का होनेवाला अभाव, चाह से रहित होना, अनुराग का विपर्याय; | ويراڳ؛ | वैरागु; | absence of desire or passion; |
| | | 2. किसी चीज या बात से मन का हट जाना, उचाट, विरक्ति; | تياڳ؛ | त्यागु; | detachment, indifference (to); |
| | | 3. सांसारिक सुख-भोग की चाह न रह जाना, वैराग्य । | ويراڳ | वैरागु | detachment from worldly affairs. |
| **विरागी** | वि. | 1. जिसके मन में राग अर्थात् चाह या प्रेम न हो, रागरहित; | ويراڳي، جوڳي، اداسي؛ | वैरागी, जोगी, उदासी; | void of passion or desire; |
| | | 2. दे. 'विरक्त' । | 'विरक्त' ڏسو | डिसो 'विरक्त' | see 'विरक्त' |
| **विराजना** | अ. क्रि. | 1. शोभित होना, प्रकाशित होना; | وراجمان ٿيڻ، روشن ٿيڻ؛ | विराजिमानु थियणु, रोशनु थियणु; | to look splendid, to shine; |
| | | 2. उपस्थित या विद्यमान होना (बड़ों के लिए आदर-सूचक); | حاضر ٿيڻ، موجود ٿيڻ؛ | हाज़ुरु थियणु, मौजूदु थियणु; | to be present (used for elderly persons as a mark of respect), to grace an occasion or place; |
| | | 3. बैठना (बड़ों के लिए आदर-सूचक) । | وهڻ (وڏن لاءِ عزت ڀريو لفظ) | विहणु (वडुनि लाइ इज्जत भर्यो लफ़्ज़ु) | to be seated. |
| **विराजमान** | वि. | 1. प्रकाशमान, चमकता हुआ, चमक-दमकवाला; | وراجمان، روشن، چمڪندڙ؛ | विराजिमानु, रोशनु, चिम्कंदड़ु; | shining, brilliant, splendid; |
| | | 2. उपस्थित, विद्यमान (बड़ों के लिए आदरार्थक); | حاضر، موجود؛ | हाज़ुरु, मौजूदु; | present; |
| | | 3. बैठा हुआ (बड़ों के लिए आदरार्थक) । | ويٺل | वेठलु | seated. |
| **विराट्** | वि. | बहुत बड़ा या भारी । | تمام وڏو | तमामु वडो | colossal, gigantic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विराम** | पुं. | 1. क्रिया; गति, चाल आदि में होनेवाला अटकाव, रुकना, रुकाव; | رڪاوٽ، اٽڪ، رنڊڪ | रुकावट, अटक, रंडक: | cessation, discontinuance; |
| | | 2. वाक्य के भीतर या अंत में लगाए जानेवाले रुकने के चिह्न, विराम-चिह्न; | بيهڪ جي نشاني؛ | बीहक जी निशानी: | pause in or at the end of the sentence; |
| | | 3. पूरे वाक्य की समाप्ति पर लगाया जानेवाला रुकने का चिह्न, पूर्ण विराम; | پورو دم؛ | पूरो दम: | full stop; |
| | | 4. विश्राम, आराम; | آرام، وشرام؛ | आराम, विश्राम: | rest, repose; |
| | | 5. पड़ाव, ठहराव; | ڏاڪو، ويساهي؛ | डाको, वेसाही: | halt; |
| | | 6. मध्यान्तर, मध्यावकाश, मध्यावधि । | ويساهي، رسيس | वेसाही, रिसेसि | interval, intermission. |
| **विरासत** | स्त्री. | 1. वारिस होने की अवस्था या भाव; | وراثت؛ | विरासत: | heirship; |
| | | 2. वारिस को उत्तराधिकार के रूप में मिलनेवाली संपत्ति, दायभाग, रिक्थ । | ورثو | वर्सो | inheritance, legacy. |
| **विरुद** | पुं. | 1. किसी के गुण, प्रताप आदि का वर्णन, प्रशस्ति; | ساراهه، واکاڻ؛ | साराह, वाखाण: | eulogy; |
| | | 2. कीर्ति, यश । | ساراهه، جس، نالو | साराह, जसु, नालो | fame, glory etc. |
| **विरुदावली** | स्त्री. | 1. विरुदों या पदवियों का संग्रह; | ساراهه جا گيت؛ | साराह जा गीत: | a collection of epithets; |
| | | 2. किसी बड़े व्यक्ति के गुणों, पराक्रम आदि का होनेवाला विस्तारपूर्वक वर्णन, प्रशस्ति । | ساراهه، واکاڻ | साराह, वाखाण | eulogy; |
| **विरुद्ध** | वि. | 1. प्रतिकूल, विपरीत; | برخلاف؛ | बर्ख़िलाफ़: | against, opposed, contrary; |
| | | 2. उलटा । | الٽو، ابتو | उल्टो, उबतो | unfavourable, adverse. |
| **विरूप** | वि. | भद्दे रूपवाला, कुरूप, बदसूरत । | بدزيبو، بدصورت | बदज़ेबो, बदसूरत | deformed, defaced,ugly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विरेचक | वि. | (पदार्थ) जो दस्त लानेवाला हो, दस्तावर । | دستاور، جلابي | दस्तावरु, जुलाबी | purgative. |
| विरेचन | पुं. | 1. ऐसी क्रिया करना जिससे दस्त आएं; | جلاب؛ | जुलाबु; | evacuation of the bowels, purging; |
| | | 2. ऐसा पदार्थ या ओषधि जिसके सेवन से दस्त आते हों, विरेचक पदार्थ । | جلاب، دستاور شئ | जुलाबु, दस्तावर शइ | purgative. |
| विरोध | पुं. | 1. किसी कार्य या प्रयत्न को रोकने या विफल करने के लिए उसके विपरीत होनेवाला प्रयत्न; | ورڌ، مخالفت؛ | विरोधु, मुख़ालिफ़त; | opposition; |
| | | 2. मतों, व्यक्तियों, सिद्धांतों आदि में होनेवाली पारस्परिक विपरीतता; | مت ڀيد؛ | मतभेद | contradiction; |
| | | 3. उक्त के फलस्वरूप आपस में होनेवाला ऐसा संघर्ष जिसमें प्रायः वैर या शत्रुता का भाव भी सम्मिलित होता है; | دشمني، وير؛ | दुश्मनी, वेरु; | enmity; |
| | | 4. आपस में होनेवाली अनबन या बिगाड़ । | اڻبڻت | अणबणति | discord, rift. |
| विरोधाभास | पुं. | साहित्य में एक विरोधमूलक अर्थालंकार जिसमें वस्तुतः विरोध का वर्णन न होने पर भी विरोध का आभास होता है, किसी कथन में केवल आपाततः होनेवाली विरोध की प्रतीति । | ورڌ آڀاس النڪار<br>ساهت ۾ ورڌ جو<br>آڀاس | विरोधाभासु अलंकारु<br>साहित में विरोध जो<br>आभासु | paradox |
| विरोधी | वि. | 1. जो किसी के विरुद्ध आचरण करता हो, विरोध करनेवाला; | ورڌي، مخالف؛ | विरोधी, मुख़ालिफ़; | opponent, adversary; |
| | | 2. जो इस प्रयास में हो कि अमुक कार्य को प्रचलन में न लाया जाए अथवा प्रचलन से उठा लिया जाए; | برخلاف؛ | बर्ख़िलाफ़; | hostile; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. उलटा, विपरीत । | ابتو، الٽو | उवतो, उल्टो | contradictory. |
| | पुं. | 1. विपक्षी; | وروڌي، برخلاف ڌرجو؛ | विरोधी, बख़िलाफ़ धुरिजो; | one who belongs to the opposition party; |
| | | 2. शत्रु, वैरी । | دشمن، ويري | दुश्मनु, वेरी | enemy. |
| विलंब | पुं. | ऐसी स्थिति जिसमें अनुमान, आवश्यकता, औचित्य से अधिक समय लगे, अतिकाल, देर, देरी । | دير، اوير | देरि, अवेर | delay. |
| विलंबित | वि. | 1. जिसमें विलंब लगा हो या देर हुई हो; | اويلو، دير پيل؛ | अवेलो, देरि पियलु; | delayed; |
| | | 2. लटकता या झूलता हुआ । | لٽڪڻو، ڏڪڻو | लॉटकिणो, डकिणो | hanging down. |
| | पुं. | संगीत में ऐसी लय जिसमें स्वरों का उच्चारण बहुत मंद गति से होता हो, 'द्रुत' का विपर्याय । | سنگيت ۾ ڍيمي لئه، ولنبت | संगीत में धीमी लइ, विलंबित | slow tempo music). |
| विलक्षण | वि. | 1. अपने वर्ग के अन्यों की अपेक्षा जिसके लक्षणों में विशेषता हो, साधारण से भिन्न प्रकार का, असाधारण; | نرالو، نيارو؛ غيرواجبي، عجيب؛ | निरालो, न्यारो, ग़ैरवाजी, अजीबु; | peculiar, strange, unique; |
| | | 2. किसी की तुलना में कुछ अलग और विशिष्ट प्रकार का । | خاص طرح جو، ڦريل | ख़ासि तरह जो, फिर्यलु | distinct. |
| विलग | वि. | अलग, जुदा, पृथक । | الگ، جدا، نيارو | अलॅग, जुदा, न्यारो | separate, detached, apart. |
| विलय | पुं. | 1. किसी छोटे देश या राज्य का अपनी स्वतंत्र सत्ता गंवाकर दूसरे बड़े देश या राज्य में मिल जाना; | ميل، شموليت؛ | मेलु, शमूल्यत; | merger; |
| | | 2. सृष्टि का नष्ट होकर अपने मूल-तत्वों में मिल जाना, प्रलय, सृष्टि का ध्वंस या नाश; | پرلئه، قيامت، پرلئه؛ | पलंइ, कियामत, प्रलय; | annihilation, destruction; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. एकपदार्थ का किसी रूप से दूसरे पदार्थ में घुलना-मिलना, घुल जाना, विलीन होना । | کنهن ۾ ملي وڃڻ، ملي گري وڃڻ | कंहिं में मिली वञणु, मिली गरी वञणु | liquefaction, dissolution. |
| विलयन | पुं. | 1. लय या विलय होने की अवस्था, क्रिया या भाव, विलीन होना; | ڳارو، تحليل؛ | गारो, तहलील; | the act of dissolving; |
| | | 2. एक वस्तु का अपना अस्तित्व समाप्त कर किसी दूसरी वस्तु में मिलकर समा जाना; | جذب؛ | जज़्बु; | absorption; |
| | | 3. किसी छोटे देश या राज्य का किसी बड़े देश या राज्य में होनेवाला विलय । | ميل، شموليت | मेलु, शमूल्यत | merger. |
| विलसन | पुं. | 1. प्रमोद, विलास, क्रीड़ा; | ولاس، وندر-ورونهه؛ | विलासु, विंदुर-विरूंहु; | sport (luxury); |
| | | 2. शोभित होना; | سوڀيا، سونهن، چمڪو؛ | सोभ्या, सूंहं, चिम्को; | to look pretty or splendid; |
| | | 3. चमकने की क्रिया या भाव । | چلڪو، چمڪو | चिल्को, चिम्को | gleaming, glittering. |
| विलसित | वि. | 1. क्रीड़ा में मग्न, विनोदी; | راند ۾ مست، چرچائي؛ | रांदि में मस्तु, चर्चाई; | sportive; |
| | | 2. व्यक्त; | ظاهر، موجود؛ | ज़ाहिरु, मौजूदु; | appeared, manifested; |
| | | 3. शोभित; | وراجمان؛ | विराजिमानु; | adorned; |
| | | 4. चमकता हुआ । | چمڪندڙ | चिम्कंदड़ु | glittered. |
| विलाप | पुं. | हार्दिक दु:ख प्रकट करने के लिए बिलख-बिलख कर या विकल होकर रोने की क्रिया । | ورلاپ، پار | विर्लापु, पार | lamentation, wailing. |
| विलायत | पुं. | 1. पराया देश, दूसरों का देश, बहुत दूर का विशेषत: समुद्रपार का देश; | ولائت، پرديس؛ | विलाइत, परदेसु; | foreign country; |
| | | 2. भारतीयों की दृष्टि से इंग्लैंड, अमेरिका, यूरोप आदि देश या महादेश । | هندستانين جي خيال کان انگلنڊ، ايمريڪا، يورپ وغيره ملڪ | हिंदुस्तान्युनि जे ख़्याल खां इंग्लड, ऐमरीका, यूरपु वग़ैरह मुल्क | England, America, Europe as viewed by the Indians. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विलायती** | वि. | 1. विलायत का, विलायत में बना हुआ या रहनेवाला, विदेशी; | ولاٺتي، ودیشي ؛ | विलाइती, विदेशी: | European, foreign; |
| | | 2. भारतीयों की दृष्टि से इग्लैंड, यूरोप, अमेरिका आदि का, वहां का बना हुआ या रहनेवाला । | هندستانين جي خيال کان انگلئڊ، ايمريڪا يورپ وغيره ۾ ٽهيل يا رهندڙ | हिंदुस्तान्युनि जे ख्याल खां इंग्लंड, ऐमरीका यूरप वगैरह में टहयलु या रंहदड़ | English, European, American as viewed by the Indians. |
| **विलास** | पु. | 1. अधिक मूल्य की और सुख-सुभीते की वस्तुओं का ऐसा उपभोग या व्यवहार जो केवल मन प्रसन्न रखने के लिए किया जाए; | ولاس، عيش، عشرت ؛ | विलासु, ऐशु, अशिरत: | enjoyment, luxury; |
| | | 2. अनुराग तथा प्रेम में लीन होकर की जानेवाली क्रीड़ा, सुखोपभोग, भोग, विषय-सुख, विषयानंद । | ڀوڳ واسنا | भोगु-वासिना | amorous playfulness, wantonness. |
| **विलासी** | वि. | 1. (व्यक्ति) जो प्राय: ऐसी क्रीड़ाओं में रत रहता हो जिनसे उसे सुख-भोग प्राप्त होता हो; | ولاسي، عياش ؛ | विलासी, अय्याशु. | lustful, debauch; |
| | | 2. हंसी-खुशी में समय बितानेवाला; | منموجي، خوش طبع ؛ | मनमौजी, खुशि तबअ: | sportive; |
| | | 3. आराम-तलब; | آرام طلب ؛ | आराम-तलब: | pleasure seeker; |
| | | 4. कामुक । | ڪامي، عشق باز ؛ | कामी, इश्कबाज़ | an amorous person, licentious. |
| **विलीन** | वि. | 1. (पदार्थ) जो किसी दूसरे पदार्थ में गल, घुल या मिल गया हो; | ڳريل، مليل ؛ | ग़र्यल, मिल्यल: | dissolved; |
| | | 2. जो अपनी स्वतंत्र सत्ता खोकर दूसरे से मिल गया हो; | ويل، سمايل ؛ | वियलु, समायलु: | merged; |
| | | 3. गायब, लुप्त, अदृश्य । | غائب، گم، ولين | गाइबु, गुमु, विलीनु | vanished, disappeared. |
| **विलुप्त** | वि. | 1. जिसका लोप हो गया हो; | لوپ ؛ | लोपु: | extinct; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. गायब, अदृश्य; | غائب، گم؛ | ग़ाइबु, गुमु; | vanished, disappeared; |
| | | 3. नष्ट, बरबाद । | نشٽ، برباد | नष्टु, बर्बादु | destroyed, ruined. |
| विलोकन | पु. | 1. देखना; | ڏسڻ، لکڻ؛ | डसणु, लखणु; | seeing, looking at; |
| | | 2. विचार करना; | ويچار ڪرڻ؛ | विचारु करणु; | considering; |
| | | 3. अध्ययन करना; | اڀياس ڪرڻ؛ | अभ्यासु करणु; | studying; |
| | | 4. ध्यान देना । | ڌيان ڏيڻ | ध्यानु डियणु | paying attention to. |
| विलोप | पु. | 1. लोप; | گم، غائب، لوپ؛ | गुमु, ग़ाइबु, लोपु; | disappearance; |
| | | 2. नाश । | ناس، بربادي | नासु, बर्बादी | destruction. |
| विलोम | वि. | सामान्य क्रम से न होकर विपरीत क्रम से होनेवाला । | ابتڙ، ضد | उबतड़ि, ज़िदु | reverse order. |
| | पु. | विपरीतार्थक शब्द, विपर्याय । | ضد (لفظ) اُلٽا شبد | ज़िद (लफ़्ज़) उल्टा शब्द | a word having opposite meaning, antonym. |
| विल्वपत्र | पु. | बेल का पत्ता । | بيل جي وڻ جو پن | वेल जे वण जो पनु | leaf of the wood-apple tree. |
| विवक्षा | स्त्री. | 1. कुछ कहने या बोलने की इच्छा; | چوڻ يا ڳالهائڻ جي مرضي؛ | चवण या गाल्हाइण जी मर्ज़ी: | a desire to say something or to speak; |
| | | 2. शब्द के अर्थ में होनेवाली विशिष्ट छाया जो उसका स्वाभाविक अंग होती है, तात्पर्य, निहितार्थ, आशय । | مطلب، معنيٰ، تاتپرج | मतलबु, माना, तात्पर्ज | purport. |
| विवक्षित | वि. | 1. जो कहे जाने को हो; | چوڻو، ڳالهائڻو؛ | चविणो, गाल्हाइणो; | intended to be said, intended to be spoken; |
| | | 2. (आर्थी छाया) जिसे शब्द व्यक्त कर रहा हो । | مراد رکندڙ، اشارو ڪندڙ | मुराद रखंदड़ु, इशारो-कंदड़ु | implied. |
| विवर | पु. | 1. छिद्र, बिल; | ٻر؛ | बिरु; | hole, burrow; |
| | | 2. दरार; | چير، ڏار؛ | चीरु, डारु; | slit; |
| | | 3. कंदरा, गुफा; | غار، غفا؛ | ग़ार, ग़ुफ़ा; | cave; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. किसी ठोस चीज के अंदर होनेवाला खोखला स्थान । | خال، پولار | ख़ालु, पोलारु | cavity. |
| **विवरण** | पुं. | 1. विस्तृत वर्णन या विवेचन; | بيان، وچور؛ | बयानु, विचूरु: | description; |
| | | 2. ब्यौरा; | تفصيل، وچور؛ | तफ़्सील, विचूरु: | particulars, details; |
| | | 3. ग्रंथ की टीका या व्याख्या । | ٽيڪا، وياکيا | टीका, व्याख्या | commentary. |
| **विवरणिका** | स्त्री. | 1. वह पत्र या पुस्तिका जिसमें किसी प्रकार का विवरण लिखा हो, विवरणपत्र, प्रतिवेदन; | رپورٽ، بيان؛ | रिपोर्ट, बयानु: | report; |
| | | 2. ऐसा सूचीपत्र या पुस्तिका जिसमें सूचित की जाने-वाली वस्तुओं का थोड़ा बहुत विवरण भी हो । | اَحوالي چوپڙي | अहिवाली चौंपड़ी | brochure. |
| **विवरणी** | स्त्री. | आय-व्यय आदि की स्थिति बतानेवाला वह लेखा जो प्रतिवेदन के रूप में कहीं उपस्थित किया जाने को हो । | احوالي تفصيل | अहिवाली तफ़सील | return. |
| **विवर्ण** | वि. | 1. कांतिहीन, फीका, श्रीहत; | ڦڪو، جهڪو، ڦٽل؛ | फिको, झको, फिटलु; | dimmed, faded; |
| | | 2. रंगहीन; | رنگ ڦٽل؛ | रंग फिटलु; | colourless; |
| | | 3. पांडु, पीला, बदरंग । | پيلو، بدرنگ | पीलो, बदरंगु | pallid, discoloured. |
| **विवर्त्त** | पुं. | 1. भंवर, जलावर्त; | ڪن، ڀير؛ | कुनु, भेरु: | whirlpool; |
| | | 2. भ्रम, धोखा; | ڀرم، وهم؛ | भ्रमु, वहिमु; | illusion; |
| | | 3. अविद्याजन्य मिथ्या रूप (दर्शन); | مٿيا، مايا؛ | मिथ्या, माया: | an apparent or illusory form, unreality (philosophy); |
| | | 4. रूपांतर । | روپ بدل | रूप बदल | alteration, modification. |
| **विवर्त्तन** | पुं. | 1. किसी के चारों ओर घूमना, चक्कर लगाना, परिक्रमा; | چڪر، ڦيرو؛ | चक्करु, फेरो: | turning round, revolving; |
| | | 2. परिवर्तित अवस्था, परिवर्तन; | تبديل؛ | तब्दील: | transformation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. भिन्न-भिन्न अवस्थाओं में से होते हुए या उन्हें पार करते हुए आगे बढ़ना, विकास । | ڦيرو، گردش، وڪاس | फेरो, गर्दिश, विकास | revolution. |
| विवर्तवाद | पुं. | दार्शनिक क्षेत्र में शंकर वेदान्त का यह सिद्धान्त कि ब्रह्म ही सत्य है और यह दृश्य जगत अविद्या के कारण प्रतीत मात्र होने से मिथ्या है । | 'برهم-سچ'، جڳت مٿيا جو مت | ब्रह्म-सच, जगत-मिथ्या जो मत | the doctrine of the Shankar Vedant that the visible world is an unreal appearance of Brahma caused by ignorance and that the latter is the only reality. |
| विवर्धन | पुं. | 1. बढ़ाने या वृद्धि करने की क्रिया; | واڌارو، واڌي، چڙهه؛ | वाधारो, वाधी, चढ़: | the act of increasing or augmenting; |
| | | 2. बढ़ती, वृद्धि । | واڌي، واڌ، اوسر | वाधी, वाधि, ओसरि | growth. |
| विवश | वि. | 1. जो स्वयं अपनी इच्छा के अनुसार नहीं, बल्कि दूसरों की इच्छा से अथवा परिस्थितियों के बंधन में पड़कर काम कर रहा हो मजबूर, बाध्य; | لاچار، مجبور؛ | लाचारु, मज्बूरु: | under compulsion; |
| | | 2. जिसका अपने पर वश न हो, बल्कि जो दूसरों के वश में हो, परवश; | پروس، بيوس؛ | परवसि, वेवसि: | helpless; |
| शाक | पुं. | 1. वनस्पति, विशेषत: ऐसी वनस्पति जिसकी तरकारी बनाई जाती हो; | ساڳ، سائي ڀاڄي، ڀاڄي؛ | सागु, साई भाॻी, भाॻी; | vegetable, pot herb, any edible leaf, fruit or root used as a vegetable, greens; |
| | | 2. उक्त की बनी हुई तरकारी साग । | رڌل ڀاڄي | रधल भाॻी | cooked vegetable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शाकाहार | पुं. | अनाज, फल, फूल, पत्ते आदि का भोजन (मांसाहार से भिन्न) । | ويشنو کاڌو | वेष्णु खाधो | vegetarian diet or food. |
| शाकाहारी | पुं., वि. | केवल अन्न, फल, सागभाजी खानेवाला, निरामिषभोजी । | ويشنو (ماس مڇي نه کائيندڙ) | वेष्णु (मासु मछी न खाईंदड़ु) | vegetarian. |
| शाक्त | वि. | शक्ति अर्थात् दुर्गा से संबंधित । | شڪتي يا دُرگا سنبنڌي | शक्ती या दुर्गा संबंधी | relating to Sakti or the female personification of divine energy. |
| | पुं. | तंत्र संप्रदाय में दीक्षित, शक्ति अर्थात् देवी का उपासक । | شڪتي يعني ديويءَ جو پوڄاري | शक्ती यानी देवीअ जो पूज़ारी | worshipper of Śakti. |
| शाखा | स्त्री. | 1. पेड़ की टहनी, डाल; | شاخ، ٽاري، ڏار؛ | शाख़, टारी, डारु; | branch, off-shoot, bough, twig (of a tree); |
| | | 2. किसी मूल वस्तु का अंश, विभाग, हिस्सा; | انگ، حصو، ڀاڱو؛ | अंगु, हिस्सो, भाङो; | lateral extension or subdivision, part, section etc.; |
| | | 3. किसी सिद्धांत, दर्शन या शास्त्र आदि के संप्रदाय, वर्ग या भेद । | فرقو، سمپردايه | फ़िर्को, सम्प्रदाय | school (of thought etc.), |
| शागिर्द | पुं. | 1. शिष्य, चेला; | شاگرد، چيلو، مريد؛ | शागिर्दु, चेलो, मुरीदु; | pupil, disciple; |
| | | 2. संबंध के विचार से किसी के द्वारा सिखाया-पढ़ाया गया व्यक्ति । | وديارٿي، طالب علم | विद्यार्थी, तालिबे-इल्म | student, apprentice. |
| शाठ्य | पुं. | दे. 'शठता' । | 'शठता' ڏسو | डिसो 'शठता' | see 'शठता'. |
| शातिर | वि. | चालाक, धूर्त । | شاطر، چالاڪ، حرفت باز | शातिरु, चालाकु, हिर्फ़तबाज़ु | cunning, sly, mischievous, roguish, vicious. |
| | पुं. | शतरंज का अच्छा खिलाड़ी । | شطرنج جو رانديگر | शातिरंज जो रांदीगरु | good chess player. |
| शादी | स्त्री. | विवाह । | شادي، وهانءُ | शादी, विहांउ | marriage, wedding. |
| शान | स्त्री. | 1. ठाठ-बाट, तड़कभड़क-वाली सजावट; | شان، ٺاٺ-ٻاٺ؛ | शानु, ठाठु-बाठु; | grandeur, pomp, splendour; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. मर्यादा, प्रतिष्ठा; | مانُ مرجاتا؛ | मानु मर्जाता: | honour, dignity; |
| | | 3. गर्व, गौरव, बड़प्पन; | مانُ، فخر، وڏپڻو؛ | मानु, फख़ु, वड़पणो: | pride, glory; |
| | | 4. विशालता, भव्यता । | وڏائي | वडांइ | grandness, vastness. |
| | पुं. | सान नामक कृत्रिम पत्थर का उपकरण जिससे चाकू आदि की धार तेज की जाती है । | سراڻ | सिराणि | whet stone. |
| शानदार | वि. | 1. भड़कीला, तड़कभड़क-वाला; | شاندار، ڀڀڪيدار؛ | शानदारु, भभिकेदारु: | pompous, splendid; |
| | | 2. उच्चकोटि का प्रशंसनीय; | شاندار، اتم؛ | शानदारु, उत्तमु: | glorious, praise-worthy; |
| | | 3. ऐश्वर्यपूर्ण । | آسودو، ساڻو | आसूदो, साड़ू | stately, grand, opulence. |
| शानशौकत | स्त्री. | ठाठ-बाट, तड़क-भड़क । | شانُ شوڪت، ٺاٺُ باٺ | शानु-शौकत, ठाठु-वाठु | embellishment, pomp and show, pomp and dignity, splendour, grandeur. |
| शाप | पुं. | अनिष्ट कामना के उद्देश्य से किया गया कथन, अभिशाप, बद्दुआ । | سراپ، پاراتو، پٽ | सिरापु पारातो, पिट | curse, imprecation, anathema. |
| शापित | वि. | जिसे शाप दिया गया हो, अभिशप्त । | سراپ ڏنل، پاراتيل، پٽيل | सिरापु डिनलु, पारात्यलु, पिट्यलु | imprecated, cursed, accursed. |
| शाबाश (शाबास) | अव्य. | एक प्रशंसासूचक शब्द, वाह-वाह, धन्य हो, खुश रहो आदि के लिए प्रयुक्त । | واه واه (شاباش) | वाह वाह (शाबाश) | well done ! bravo ! excellent ! |
| शाबाशी (शाबासी) | स्त्री. | 'शाबास' कहना, साधुवाद, वाहवाही । | شاباش، واه واه | शाबाश, वाह वाह | praise, applause, plaudit. |
| शाब्दिक | वि. | 1. शब्दसंबंधी; | لفظ سنبنڌي؛ | लाफ़ज़ संबंधी: | relating to sounds or words; |
| | | 2. शब्द पर आश्रित; | لفظي، اکري؛ | लफ़्ज़ी, अखिरी: | literal; |
| | | 3. मौखिक । | زباني (زباني) | ज़िबानी (ज़बानी) | verbal, oral. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शाम** | स्त्री. | सूर्यास्त का समय, सायंकाल, संध्या । | شام، سانجهي | शाम, सांझी | evening, dusk. |
| **शामत** | स्त्री. | 1. विपत्ति, मुसीबत; | آفت، مصيبت؛ | आफ़त, मुसीबत; | adversity, calamity; |
| | | 2. दुर्भाग्य, बदकिस्मती । | بدنصيبي، بدقسمتي | बदनसीबी, बदकिस्मती | ill luck, misfortune. |
| **शामियाना** | पुं. | एक प्रकार का तंबू जो बासों पर रस्सियों की सहायता से टांगा जाता है । | شاميانو، سائبان | शाम्यानो, साइबानु | a kind of tent, a pavilion, a canopy. |
| **शामिल** | वि. | 1. मिला हुआ, सम्मिलित; | شامل، مليل؛ | शामिलु, मिल्यलु; | included; |
| | | 2. संबद्ध; | شريڪ؛ | शरीक; | associated; |
| | | 3. संयुक्त । | لاڳو، ڳنڍيل | लागू, गंढयलु | united (to), connected (with). |
| **शायद** | अव्य. | कदाचित्, संभवतः । | شايد | शायद | it may be, perhaps, possibly. probably. |
| **शायर** | पुं. | काव्यरचना करनेवाला, कवि | شاعر، ڪوي | शाइरु, कवी | a poet. |
| **शायरी** | स्त्री. | 1. कविता करने की कला, भाव या कार्य, कविकर्म; | شاعري، ڪوتا ڪلا؛ | शाइरी, कविता-कला; | the art or practice of poetry; |
| | | 2. कविता, काव्य । | شعر، ڪوتا | शैरु, कविता | poetry, poetic compositions. |
| **शारदा** | स्त्री. | 1. सरस्वती; | شاردا، سرسوتي؛ | शारदा, सरस्वती; | a name of Saraswati; |
| | | 2. भारत की एक प्राचीन लिपि । | شاردا، ڀارت جي پراچين لپي | शारदा, भारत जी प्राचीनु लिपी | an ancient Indian script. |
| **शारदीय** | वि. | शरद्‌कालीन, शरदऋतु संबंधी । | سرء جو | सरउ जो | autumnal, pertaining to autumn. |
| **शारीरिक** | वि. | 1. शरीर संबंधी; | بدني، جسماني؛ | बदिनी, जिस्मानी; | relating to the body, bodily, corporeal, physical; |
| | | 2. भौतिक । | مادي | मादी | material. |
| **शार्दूल** | पुं. | 1. सिंह, केसरी; | شينهن، شير؛ | शीहुं, शेरु; | a lion; |
| | | 2. चीता, बाघ । | چيتو، واگهه | चीतो, वाघु | a tiger.. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शाल | पुं. | साखू या सखुआ नामक पेड़ । | سال جو وڻ، صنوبر | साल जो वणु, सनोबरु | a tree (very tall and stately), the sal tree. |
| | स्त्री. | ओढ़ने की एक प्रकार की गरम चादर । | شال، لوئي | शाल, लोई | a shawl. |
| शाला | स्त्री. | 1. गृह, घर, मकान; | شالا، گھر، جاءِ؛ | शाला, घरु, जाइ; | house, residence, abode; |
| | | 2. किसी विशिष्ट कार्य के लिए बना हुआ स्थान (समास में) । | خاص ڪم لاءِ جاءِ (مرڪب) | ख़ासि कम लाइ जाइ (मुर्कब) | a place dedicated to or meant for a particular purpose, an apartment, a room, a hall (in comp.). |
| शाली | प्रत्य. | एक प्रत्यय जो संज्ञा शब्दों के अंत में लगकर उसे विशेषण बना देता है और 'युक्त, वाला, सहित' आदि का अर्थ देता है । | شالي، وارو، وسان وغيره معنيٰ ڏيندڙ پڇاڙي | शाली, वारो, सां वग़ैरह माना डींदड़ पछाड़ी | an adjectival suffix used at the end (comp.), endowed with, possessed of, possessing, having. |
| शालीन | वि. | 1. नम्र, विनीत; | فضيلت وارو، نماڻو، حياءُ وارو؛ | फ़ज़ीलतवारो, निमाणो, हयाअ वारो; | modest, humble, gentle; |
| | | 2. सुशील, शिष्ट, अच्छे आचरणवाला । | سشيل، سلڇڻو | सुशीलु, सुलछिणो | well-behaved, cultured. |
| शालीनता | स्त्री. | शालीन होने की अवस्था, धर्म या भाव, नम्रता, शिष्टता । | فضيلت، نماڻائي، حياءُ، نمرتا | फ़ज़ीलत, निमाणाइ, हयाउ, नम्रता | modesty, gentleness, humbleness, politeness. |
| शावक | पुं. | किसी पशु या पक्षी का बच्चा । | ڦر، ٻچو | फरु, ॿच्चा | young (of an animal). |
| शाश्वत | वि. | जो सदा से चला आ रहा हो और सदा चलता रहने को हो, नित्य, सनातन, सतत, स्थायी । | سناتن، امر، دائم | सनातनु, अमरु, दाइमु | eternal, constant, perpetual, immortal, ever-lasting. |
| शासक | पुं. | शासन करनेवाला व्यक्ति, शासनकर्ता । | حاڪم، حڪمران | हाकिमु, हुकुमरानु | a ruler, administrator. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शासन** | पुं. | 1. **सरकार, हुकूमत;** | سرڪار، حڪومت؛ | सरकार, हुकूमत; | government; |
| | | 2. **सरकार द्वारा किए जानेवाले नियन्त्रण, संचालन, व्यवस्था आदि से संबंधित कार्य;** | وزارت، حڪومت، انتظام؛ | वज़ारत, हुकूमत, इन्तिज़ामु; | administration, rule; |
| | | 3. **नियंत्रण, निर्देशन, देखरेख;** | ضابطو، جاچ جوچ؛ | ज़ाब्तो, जाच-जूच; | control, check, restraint; |
| | | 4. **आज्ञा, आदेश ।** | حڪم، آگيا | हुकुमु, आज्ञा | order, command. |
| **शासनिक** | वि. | 1. **शासन संबंधी;** | حڪومت سنبنڌي؛ | हुकूमत संबंधी; | pertaining to administration, administrative; |
| | | 2. सरकारी, राजकीय । | سرڪاري، راڄ جو | सरकारी, राज॒ जो | governmental, official. |
| **शासित** | वि. | 1. **(प्रदेश) जो शासन के अधीन हो;** | حڪومت هيٺ (صوبو)؛ | हुकूमत हेठि (सूबो); | ruled, governed, administered; |
| | | 2. **नियंत्रण के अधीन (व्यक्ति) ।** | ضابطي اندر (ماڻهو) | ज़ाब्ते अंदरि (माण्हू) | restrained, controlled. |
| **शास्त्र** | पुं. | 1. **आचार, नीति आदि के नियमों का विधान करने-वाला ऐसा धर्मग्रंथ जिसे लोग पवित्र तथा पूज्य मानते हों;** | شاستر، ڌرم گرنٿ؛ | शास्त्रु, धर्मु ग्रंथु; | a religious or sacred treatise, sacred book, scripture, a code of law; |
| | | 2. **किसी कला, विषय या विशिष्ट विषय का सांगोपांग वैज्ञानिक विवेचन और विश्लेषण या तत्संबंधी ग्रंथ, विज्ञान;** | وگيان، سائنس؛ | विज्ञानु, साइन्सि; | systematic knowledge, science; |
| | | 3. **किसी गंभीर विषय पर किसी के द्वारा प्रतिपादित मत या सिद्धांत;** | فيلسوفي، تتوگيان؛ | फ़ैलसूफ़ी, तत्व ज्ञानु; | philosophy; |
| | | 4. **ज्ञान की कोई शाखा ।** | گيان جي ڪا به شاکا | ज्ञान जी काबि शाखा | any department of knowledge, discipline. |
| **शास्त्रार्थ** | पुं. | 1. **शास्त्र का अर्थ;** | شاستر جو ارٿ؛ | शास्त्र जो अर्थु; | the meaning or purpose of the sacred precept or scriptures; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. शास्त्रों के ठीक अर्थ तक पहुंचने के लिए होनेवाला तर्कवितर्क या वादविवाद; | بحث مباحثو، واد وواد؛ | बहिस-मुबाहिसो, वाद-विवाद; | discussion, contention, debate or discourse on the scriptures (शास्त्र); |
| | | 3. किसी प्रकार का तात्विक वादविवाद । | اصولي بحث | उसूली बहिस | material or substantial discussion. |
| शास्त्री | पुं. | 1. शास्त्रज्ञ, शास्त्र का जानकार, शास्त्र का पूर्ण अधिकारी विद्वान; | شاستري، شاستر جو ڄاڻو؛ | शास्त्री, शास्त्र जो जाणू; | one who is well versed or skilled in the Sastras, a scholar of authority on the scriptures; |
| | | 2. कुछ विशिष्ट परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने पर मिलनेवाली एक प्रकार की उपाधि । | عالم فاضل | आलिमु-फ़ज़िलु | one who has mastered the Sastras, learned, a great Pandit. |
| शास्त्रीय | वि. | 1. शास्त्र संबंधी; | شاستر سنبنڌي؛ | शास्त्र संबंधी; | scriptural; |
| | | 2. शास्त्र सम्मत, शास्त्र में विहित ढंग का; | شاستريه؛ | शास्त्रीय; | classical, authorised by or conformable to Sastras; |
| | | 3. वैज्ञानिक; | وگيان جو، وگياني؛ | विज्ञान जो, विज्ञानी; | scientific; |
| | | 4. शास्त्रीय ज्ञान से संबंधित, शास्त्रीय ज्ञान पर आधारित । | شاسترن تي ٻڌل | शास्त्रनि ते बधलु | academic. |
| शाह | पुं. | 1. राजा, महाराजा, बादशाह; | شاهه، راجا، مهاراجا؛ | शाहु, राजा, महाराजा; | king, monarch; |
| | | 2. शतरंज का एक मोहरा । | شطرنج جي ساري | शतिरंज जी सारी | the king in chess or cards. |
| शाहजादा | पुं. | बादशाह का लड़का, राजकुमार । | شهزادو، راجڪمار | शहज़ादो, राजकुमारु | king's son, prince. |
| शाही | वि. | 1. शाह या बादशाह का, शाह द्वारा बनवाया हुआ; | شاهي، بادشاهي، راجائي؛ | शाही, बादिशाही, राजाई; | of or built by a king, royal, imperial; |
| | | 2. शाहों का सा, राजसी । | شاهن جهڙو، راجائي | शाहनि जहिड़ो, राजाई | like a king, princely, kingly, royal, majestic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | स्त्री. | शासन, राज्य, राज्यकाल | حڪومت، راڄ | हुकूमत, राजु | reign, kingdom, rule, period of the rule. |
| शिकंजा | पुं. | 1. चीजों को कसकर दबाने का यंत्र; | شڪنجو؛ | शिकंजो; | clamp, pressing appliance; |
| | | 2. पकड़, दबाव । | ڀيڙو، دٻاءُ | भीड़ो, दबाउ | clasp, grasp, clutches (fig.). |
| शिकंजी (शिकंजवी) | स्त्री. | मधुरपेय जो जल में नीबू का रस और चीनी मिलाकर तैयार किया जाता है, शिकंजवी । | ليمي جو شربت | लीमे जो शर्बतु | lemon squash, syrup prepared with fresh lemon. |
| शिकन | स्त्री. | सिकुड़न, सिलवट । | گھنج | घुंजु | wrinkle, crease, shrivelling. |
| शिकमी | पुं. | वह काश्तकार जो असल काश्तकार से जमीन लेकर जोते-बोए, उपपट्टाधारी (काश्तकार) । | ڪڙمي، ڪاشتڪار | कुड़िमी, काश्तगारु | subtenant of a holding. |
| | वि. | किराए, लगान आदि के विचार से जो किसी दूसरे के अन्तर्गत हो, उपपट्टे पर लेनेवाला । | پٽيدار | पटेदारु | subtenanted, subleased. |
| शिकस्त | स्त्री. | 1. पराजय, हार, मात, | شڪست، هار؛ | शिकस्त, हार; | defeat; |
| | | 2. विफलता । | ناڪاميابي | नाकाम्यावी | failure, unsuccess. |
| शिकायत | स्त्री. | 1. किसी के दोष या अनुचित काम का किसी के समक्ष किया गया कथन, दोषकथन; | شڪايت، تهمت، چغلي؛ | शिकायत, तुहिमत, चुग़ली; | accusation; |
| | | 2. किसी के अनुचित काम के प्रति होनेवाला असंतोष; | دک؛ | दुखु; | complaint, grievance; |
| | | 3. उक्त असंतोष को दूर करने के लिए किया गया निवेदन; | شڪايت؛ | शिकायत; | complaining, making complaint; |
| | | 4. दोष त्रुटि, खराबी । | خرابي، ڏوهه | ख़राबी, डोहु | defect. |
| शिकायती | वि. | 1. शिकायत करनेवाला, फरियादी; | شڪايتي، فريادي؛ | शिकायती, फ़र्यादी; | complainant; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिसमें किसी की शिकायत हो । | شڪايت وارو | शिकायत वारो | containing a complaint or grievance. |
| शिकार | पुं. | 1. क्रीड़ा या आहार के लिए पशु-पक्षियों के मारने या पकड़ने का कार्य, मृगया, आखेट; | شڪارُ؛ | शिकारु; | hunting, hunt,the chase; |
| | | 2. शिकार में मारा या पकड़ा गया पशु-पक्षी । | شڪارُ، ٻڪ | शिकारु, बखु | prey, game, victim. |
| शिकारी | पुं. | शिकार करनेवाला, व्याध, अहेरी । | شڪاري، شڪارُ ڪندڙ | शिकारी, शिकारु कंदड़ु | a hunter, huntsman. |
| | वि. | 1. शिकारसंबंधी ; | شڪاري؛ | शिकारी; | of or belonging to the chase, relating to hunting; |
| | | 2. जिससे शिकार किया जाता हो या शिकार में सहायक हो । | شڪاري ڪتو يا هٿيارُ | शिकारी कुतो या हथियारु | hunting. |
| शिक्षक | पुं. | 1. अध्यापक, गुरु;<br>2. सिखानेवाला । | ماستر، استادُ؛<br>سيکاريندڙ | मास्तरु, उस्तादु;<br>सेखारींदड़ु | teacher, educator; instructor, tutor, trainer. |
| शिक्षण | पुं. | शिक्षा देने का काम, पढ़ाना, अध्यापन । | سکيا، پڙهائي، پڙهائڻ | सिख्या, पढ़ाई, पढ़ाइणु | teaching, instruction, educating, education. |
| शिक्षा | स्त्री. | 1. किसी प्रकार के ज्ञान के सीखने-सिखाने का क्रम, पढ़ाई; | تعليم، سکيا، پڙهائي؛ | तैलीम, सिख्या, पढ़ाई; | learning, study, teaching, instruction; |
| | | 2. उक्त प्रकार से प्राप्त ज्ञान या विद्या; | سکيا، علمُ؛ | सिख्या, इल्मु; | education, knowledge; |
| | | 3. उपदेश, नसीहत, सबक; | نصيحت، اپديش، سبق؛ | नसीहत, उपदेशु, सबकु; | teaching, moral, lesson; |
| | | 4. दंड, सजा (ला.); | ڏنڊ، سزا؛ | डंडु, सज़ा; | punishment (fig.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. छ: वेदांगों में से एक जिसमें वैदिक साहित्य के वर्णों, मात्राओं, स्वरों, आदि के उच्चारण का विवेचन है । | شڪشا گرنٿ، ويدن سان واسطو رکندڙ اهي گرنٿ جن ۾ ويدن جي لفظن جي صحيح اچارڻ جو بيان ڪيل آهي | शिक्षा ग्रंथ, वेदनि सां वास्तो रखंदड़ उहे ग्रंथ जिन में वेदनि जे लफ़्ज़नि जे सही उचारण जो बयान कयलु आहे | one of the six vedangas, the science which teaches the proper pronunciation of words and laws of euphony. |
| शिक्षार्थी | पु. | 1. शिक्षा प्राप्त करने का इच्छुक व्यक्ति; | طالب علم؛ | तालिबु-इल्मु; | desirous of getting education; |
| | | 2. शिक्षा प्राप्त करनेवाला, छात्र, विद्यार्थी । | شاگرد، وديارٿي | शार्गिदु, विद्यार्थी | student, pupil. |
| शिक्षित | वि. | 1. जो शिक्षा प्राप्त कर चुका हो, पढ़ा-लिखा; | پڙهيل، تعليم ورتل؛ | पढ़यलु, तैलीम वर्तलु; | educated; |
| | | 2. सिखाया हुआ । | سکيل، تعليم يافته | सिख्यलु, तालीम याफ्ता | taught, instructed, trained. |
| शिखर | पु. | 1. किसी चीज का सबसे ऊपरी भाग, सिरा, चोटी; | چوٽي؛ | चोटी; | top, peak, point in general; |
| | | 2. पर्वत की चोटी; | جبل جي چوٽي؛ | जबल जी चोटी; | top, summit or peak of a mountain; |
| | | 3. मंदिर या मकान के ऊपर का उठा हुआ नुकीला सिरा, कंगूरा । | گنبذ، قبو | गुंवज़ु, क़ुबो | turret, pinnacle. |
| शिखर सम्मेलन | पु. | किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक विषय पर विचार करने के लिए कई राष्ट्रों के सर्वोच्च अधिकारियों या शासकों का सम्मेलन । | بالا گڏجاڻي، ڪنهن اهم سياسي مسئلي تي ڳالهه ٻولهه ڪرڻ لاءِ ملڪن جي سرڪردن جي گڏجاڻي | बाला गडिजाणी, कंहिं अहिमु स्यासी मसइले ते गाल्हि-बोल्हि करण लाइ मुल्कनि जे सर्कर्दनि जी गडिजाणी | summit conference. |
| शिखा | स्त्री. | 1. सिर के बीचों-बीच छोड़ा हुआ बालों का गुच्छा जो कटाया नहीं जाता, चोटी, चुटिया, चूड़ा; | چوٽي؛ | चोटी; | a lock of hair left on the crown of the head; |
| | | 2. मोर आदि के सिर की कलगी; | ڪلنگي؛ | कलंगी; | crest or comb of a cock or peacock; |
| | | 3. आग, दीपक आदि की लौ; | لاٽ، جڀي؛ | लाट, जिभी; | flame; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. नोक, ऊपर उठा हुआ सिरा । | چهنب، مٿي اڀريل سرو | चुहिंब, मथे उभियंलु सिरो | sharp end, point, peak, pinnacle, end tip, top, summit. |
| शिखी | पुं. | 1. मोर, मयूर; | مور؛ | मोरु: | peacock; |
| | | 2. मुर्गा । | ڪڪڙ | कुकुड़ु | cock. |
| | वि. | शिखायुक्त, चोटीवाला । | چوٽيءَ يا ڪلنگيءَ وارو | चोटीअ या कलंगीअ वारो | crested, having a lock of hair on top of the head. |
| शिथिल | वि. | 1. ढीला, जो कसकर बंधा न हो; | ڍلو، ڍرو؛ | ढिलो, ढिरो: | loosened, loose, slack, lax; |
| | | 2. आलसी, सुस्त; | آلسي، سستي؛ | आलिसी, सुस्तु. | slow, tardy, languid; |
| | | 3. थका हुआ, निढ़ाल; | ٿڪل؛ | थकलु: | weary, tired; |
| | | 4. जिसे कुछ छूट दी गई हो, जिसका पालन दृढ़तापूर्वक न हो । | ڇوٽ ڏنل، ڍلو ڇڏيل | छूटि डिनलु, ढिलो छडयलु | loosely done, not strictly or rigidly performed, relaxed. |
| शिथिलता | स्त्री. | 1. शिथिल होने की अवस्था, धर्म या भाव, ढीलापन; | ڍلائي، ڍلائي، ڍرو؛ | ढिलाई, ढिलाई, ढिराई: | looseness, slackness, laxity; |
| | | 2. आलस्य, सुस्ती; | آلس، سستي؛ | आलसु, सुस्ती: | slowness, tardiness; |
| | | 3. थकान; | ٿڪاوٽ، ٿڪ؛ | थकावट, थकु: | weariness, tiredness; |
| | | 4. छूट, दृढ़तापूर्वक पालन न करना; | ڇوٽ، ڍلائي؛ | छूटि, ढिलाई; | relaxation, remission, unrigid or unstrict performance; |
| | | 5. वाक्यरचना संबंधी एक दोष जिसमें अर्थ की दृष्टि से शब्द भलीभांति गठे हुए नहीं होते । | جملي جي بيهڪ ۾ عيب | जुम्ले जी बीहक में ऐबु | a kind of flaw in the construction of a sentence, laxity or looseness of words in the construction of a sentence |
| शिर | पुं. | 1. सिर; | سر، مٿو؛ | सिरु, मथो; | head; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कपाल, खोपड़ी; | نرڙ، کوپڙي؛ | निरिड़, खोपिरी; | skull; |
| | | 3. ऊपरी भाग, चोटी; | چوٽي، مٿيون ڀاڱو؛ | चोटी, मथ्यों भाङो; | a peak, summit, top; |
| | | 4. प्रधान, अगुआ; | پرڌان، مکي، اڳوان؛ | प्रधानु, मुखी, अगुवानु; | chief, principal; |
| | | 5. मस्तक, माथा । | مٿو | मथो | forehead, head, front, forepart. |
| **शिरा** | स्त्री. | खून की छोटी नाड़ी, रक्त-वाहनी छोटी नाड़ी । | نس، رڳ | नस, रगु | vein, blood vessel. |
| **शिरोधार्य** | वि. | आदरपूर्वक स्वीकार किए जाने योग्य, अतिशय माननीय, सादर स्वीकार्य । | اکين تي رکڻ جوڳو، عزت سان قبولڻ جوڳو | अख्युनि ते रखण जोगो इज़्ज़त सां कबूलण जोगो | to be greatly honoured, worthy of respect or to be respected, to be honourably accepted. |
| **शिरोमणि** | पुं. | 1. सिर या मस्तक पर धारण करने का रत्न, चूड़ामणि; | شرومڻي، چوڙامڻي، مٿي تي پائڻ جو جواهر؛ | शिरोमणी, चूड़ामणी, मथे ते पाइण जो जवाहरु; | jewel worn on the head, a crest jewel; |
| | | 2. श्रेष्ठ पुरुष । | مانوارو ماڻهو؛ | मानवारो माण्हू; | the most outstanding person. |
| | वि. | सर्वश्रेष्ठ । | سڀ ۾ اتم | सभ में उत्तमु | most outstanding. |
| **शिरोरेखा** | स्त्री. | वर्णों के ऊपर लगाई जानेवाली आड़ीलकीर या रेखा । | سر ريکا، ديوناگري اکرن مٿان لڳل ليڪ | सिर-रेखा, देवनागरी अखरनि मथां लगल लीक | top line, a horizontal line drawn on the top of the letters. |
| **शिरोरुह** | पुं. | सिर के बाल । | مٿي جا وار | मथे जा वार | the hair of the head. |
| **शिला** | स्त्री. | 1. पत्थर; | پٿر؛ | पथरु; | a stone; |
| | | 2. पत्थर का बड़ा खंड, चट्टान; | ڇپ؛ | छिप; | rock; |
| | | 3. पत्थर की पटिया या पट्टी सिल । | پٿر جو پاٽيو يا سر | पथरु जो पाट्यो या सिर | a flat stone or stone slab (on which condiments are ground.). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शिलाजीत** | स्त्री. | सूर्य के ताप से तपी हुई कुछ विशिष्ट प्रकार की चट्टानों से निकला काला रस जो बहुत पौष्टिक माना जाता है, शिलारस । | شلاجيت؛ | शिलाजीत्: | storax, rock-exudation. |
| **शिलान्यास** | पुं. | 1. नए भवन की नींव के रूप में पत्थर रखना; | بنيادي پٿر رکڻ؛ | बुनियादी पत्थरु रखणु; | laying of the foundation stone; |
| | | 2. नींव रखने का कृत्य या समारोह । | بنياد رکائي رسم | बुनियाद रखाई रस्म | ceremony of laying of the foundation stone. |
| **शिलालेख** | पुं. | पत्थर पर खुदा हुआ लेख । | شلاليک، پٿر تي اُڪريل ليک | शिला लेख, पत्थर ते उकिर्यलु लेखु | (rock) inscription. |
| **शिलीमुख** | पुं. | 1. भ्रमर; | ڀونرو، ڀونر؛ | भौंरो, भौंरु; | a bee; |
| | | 2. बाण, तीर । | ٻاڻ، تير | बाणु, तीरु | an arrow. |
| **शिल्प** | पुं. | 1. हस्तकला, दस्तकारी; | هٿ جو هنر؛ | हथ जो हुनिरु; | handicraft; |
| | | 2. कारीगरी; | ڪاريگري، هنر؛ | कारीगरी, हुनिरु; | skill (in any art), craft, art; |
| | | 3. रचनाविधान, निर्माण; | نرماڻ، رچنا جو ڍنگ؛ | निर्माणु, रचना जो ढंगु; | technique; |
| | | 4. स्थापत्य, वास्तुकला । | عمارت سازي | इमारत साज़ी | architecture. |
| **शिल्पकार** | पुं. | 1. शिल्पी, कारीगर; | ڪاريگر، هنري؛ | कारीगरु, हुनिरी; | artisan, craftsman |
| | | 2. मकान बनानेवाला राज | رازو | राज़ो | architect. |
| **शिल्पी** | पुं. | 1. शिल्प संबंधी काम करने-वाला, शिल्पकार, कारीगर; | ڪاريگر، هنرمند، ڪلاڪار؛ | कारीगरु, हुनिरमंदु, कलाकारु; | craftsman, artisan; |
| | | 2. राज, मकान बनानेवाला कारीगर । | رازو | राज़ो | architect. |
| **शिव** | पुं. | 1. हिन्दुओं के तीन प्रधान देवताओं में से एक, जिनका कार्य सृष्टि का संहार करना है, महादेव, शंकर, महेश; | شو، شنڪر، مهيش؛ | शिवु, शंकरु, महेशु; | name of the third god of the sacred Hindu trinity, who is entrusted with the work of destruction; |
| | | 2. कल्याण, मंगल । | ڪلياڻ، آنند | कल्याणु, आनन्दु | the good, well being, welfare. |
| | वि. | शुभ, मांगलिक । | شڀ، پوتر | शुभु, पवित्रु | auspicious, propitious. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शिवाला** | पुं. | ऐसा देवमंदिर जिसमें शिवलिंग, शिवमूर्ति स्थापित हो, शिवालय, शिवमंदिर । | شوالو، شومندر | शिवालो, शिव मन्दिर | any temple dedicated to Siva. |
| **शिविका** | स्त्री. | पालकी, डोली । | پالکي، ڏولي | पालिकी, डोली | a palanquin, litter; |
| **शिविर** | पुं. | 1. पड़ाव; | ڪئمپ، ڏيرو؛ | कैंप, ड॒रो; | camp; |
| | | 2. सैनिक पड़ाव, छावनी; | فوجي ڇاوڻي؛ | फौजी छांविणी; | a military camp; |
| | | 3. खेमा, तंबू । | تنبو | तंबू | tent. |
| **शिशिर** | पुं. | 1. छह ऋतुओं में से एक जो माघ और फाल्गुन के महीनों में पड़ती है; | سيارو ؛ | स्यारो; | the cold season about the middle of January to that of March. |
| | | 2. शीतकाल, जाड़ा । | ٿڌ جي منڊ | थधि जी मुंद | winter. |
| **शिशु** | पुं. | 1. नवजात से लेकर लगभग आठ वर्ष तक की उम्र का बालक, बच्चा; | ٻار ؛ | ॿारु; | a boy under eight years of age, a child, infant; |
| | | 2. बहुत ही छोटा बच्चा; | ڪِڪڙو، ننڍڙو ٻار ؛ | किकिड़ो, नंढिड़ो ॿारु; | baby; |
| | | 3. पशुओं, पक्षियों आदि का बच्चा, शावक । | ڦر، ٻچو | फरु, ॿचो | the young of any animal. |
| **शिष्टता** | स्त्री. | 1. शिष्ट होने की अवस्था, गुण या भाव, सभ्यता, सौजन्य; | فضيلت، خوش اخلاقي ؛ | फ़ज़ीलत, ख़ुश-इख़्लाकी; | politeness, civility, courteousness, gentleness; |
| | | 2. शिष्ट आचरण । | ڀلمانسي، سٺي هلت | भलमानसी, सठी हलति | good behaviour, decency. |
| **शिष्टमंडल** | पुं. | किसी विशिष्ट कार्य के लिए कहीं भेजा जानेवाला विशिष्ट व्यक्तियों का दल, प्रतिनिधि-मंडल । | سفارت | सिफ़ारत | delegation, deputation. |
| **शिष्टाचार** | पुं. | 1. शिष्टतापूर्ण आचरण और व्यवहार; | سٺو وهنوار، خوش اخلاقي، فضيلت ڀريو وهنوار ؛ | सठो वहिंवारु, ख़ुश इख़्लाकी, फज़ीलत भर्यो वहिंवारु; | gentlemanly conduct, proper behaviour, good manners, politeness, civility courtesy; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. निर्धारित नियमों के अनुसार आचरण, औपचारिक आचरण, दिखावटी सभ्य व्यवहार । | دستوري وهنوار | दस्तूरी वहिंवारु | formal conduct or manners, formal politeness, etiquette. |
| **शिष्य** | पुं. | **1. शिक्षक या अध्यापक से शिक्षा प्राप्त करनेवाला, छात्र, विद्यार्थी;** | ششُ، شاگرد؛ | शिशु, शागिर्दु; | student, pupil; |
| | | **2. किसी से विद्या आदि सीखनेवाला या उसके आदर्शों का अनुयायी, चेला ।** | چيلو، مريد | चेलो, मुरीदु | disciple, follower. |
| शीघ्र | क्रि. वि. | 1. जल्द, अविलंब, झटपट, तुरंत, फौरन; | جلد، ترت؛ | जल्दु, तुर्तु; | quickly, immediately, urgently speedily, rapidly; |
| | | 2. निकट भविष्य में, जल्दी । | جلدي، ٿوري وقت ۾ | जल्दी, थोरे वक्त में | soon, in a short time. |
| शीघ्रगामी | वि. | तेज चलनेवाला, द्रुतगामी । | تکو، تکڙو هلندڙ | तिखो, तकिड़ो हलंदड़ु | going or moving quickly, fast (in movement). |
| शीघ्रता | स्त्री. | 1. जल्दी; | جلدي؛ | जल्दी; | soon; |
| | | 2. तेजी, फुर्ती; | تکڙ، ڦڙتي؛ | तकड़, फुड़ती; | quickness, swiftness; |
| | | 3. जल्दबाजी, उतावलापन । | جلدبازي، اُبهرائي | जल्दबाजी, उबुहराई | haste, hastiness, hurry. |
| शीत | वि. | शीतल, ठंडा । | ٿڌو، سرد | थधो, सर्द | cool, cold, chilly; |
| | पुं. | 1. जाड़ा, ठंड, सरदी; | ٿڌ، سيءُ؛ | थधि, सीउ | cold, coldness; |
| | | 2. जाड़े का मौसम । | سيارو | स्यारो | cold season, winter. |
| शीतयुद्ध | पुं. | राष्ट्रों के पारस्परिक व्यवहार की ऐसी स्थिति जिसमें प्रत्यक्ष रूप से युद्ध तो नहीं होता, फिर भी प्रत्येक राष्ट्र स्वयं को शक्तिशाली और प्रभावयुक्त | ٿڌي جنگ، سانتيڪي لڙائي | थधी जंग, सांतीकी लड़ाई | cold war. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बनाने के लिए ऐसी चालें चलता है जिनसे दूसरे राष्ट्रों के समक्ष बाधाएं और उलझनें खड़ी होती रहती हैं । | | | |
| शीतल | वि. | 1. शीतगुणयुक्त, ठंडा; | ٿڌو؛ | थधो: | cool, cold, chilly, frigid; |
| | | 2. आवेशरहित, शांत, सौम्य; | شيتل، سانت | शीतलु, सांति | not exciting, calm, gentle, composed. |
| शीतलता | स्त्री. | 1. शीतल होने की अवस्था, गुण, धर्म या भाव; | ٿڌاڻ، ٿڌڪار؛ | थधाणि थधिकार: | coldness, chilliness; |
| | | 2. आवेश से रहित होने का भाव, शांति । | سانت (من جي) | सांति (मन जी) | calmness, unexcitedness, composure. |
| शीतला | स्त्री. | 1. एक रोग जिसमें शरीर पर दाने या फफोले निकल आते हैं, चेचक; | وڏي ماتا؛ | वडी माता: | small-pox; |
| | | 2. उक्त रोग की अधिष्ठात्री देवी । | سيتلا ماتا | सीतला माता | goddess presiding over small-pox. |
| शीतोष्ण | वि. | 1. ठंडा और गरम; | ٿڌو، گرم؛ | थधो, गर्मु: | temperate, cold and hot, a mixture of cold and heat; |
| | | 2. कुछ-कुछ ठंडा और कुछ-कुछ गरम । | ننهن سوسڙو | नंहं सोमिड़ो | lukewarm. |
| शीरा | पुं. | गुड़, चीनी, मिसरी आदि के घोल को उबालकर तैयार की हुई चासनी । | چاش، چاشني | चाश, चाशिनी | syrup, molasses. |
| शीर्ष | पुं. | 1. सिर; | سر، مٿو؛ | सिरु, मथो: | head; |
| | | 2. मस्तक; | نرڙ؛ | निरिड़: | forehead; |
| | | 3. किसी वस्तु का सबसे ऊपरी तथा उन्नत सिरा; | مٿ، چوٽي؛ | मथु, चोटी: | upper part, tip, top; |
| | | 4. (ज्यामिति) वह बिंदु जिस पर दो ओर से दो तिरछी रेखाएं आकर मिलती हों; | (جاميٽري) چوٽيءَ واري ڪنڊ؛ | (जामेट्री) चोटीअ वारी कुंड: | (geom.) vertex of a triangle ; |
| | | 5. खाते में किसी मद का नाम । | (کاتي ۾) مد، اسم | (खाते में) मद, इस्मु | head (of account), item. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शीर्षक | पुं. | निबंध, ग्रन्थ, लेख आदि के ऊपर दिया जानेवाला उनका नाम जिससे उनके विषय का कुछ परिचय मिलता है। | سرو، عنوان | सिरो, उन्वानु | heading, title. |
| शीर्षबिंदु | पुं. | आकाश में वह स्थान या उसका सूचक बिंदु जो हमारे सिर के ठीक ऊपर पड़ता है, शिरोबिंदु, ऊर्ध्वबिन्दु । | ڪاپارُ، اوج فلڪ | कापारु, औजु-फ़ल्कु | zenith. |
| शील | पुं. | 1. नैतिक आचरण और व्यवहार, शुद्ध और शुभ चरित्र; | سيل، پوترتا، اخلاق؛ | सीलु, पवित्रता, इख़्लाकु; | moral conduct, morality, good conduct, virtue, piety; |
| | | 2. विनम्रता, शिष्टता; | نهٺائي، فضيلت؛ | निहठाई, फ़ज़ीलत; | modesty, politeness, humbleness, courtesy; |
| | | 3. लज्जा, संकोच; | لڄ، حياءُ؛ | लज, हयाउ; | shyness, bashfulness; |
| | | 4. स्वभाव, प्रकृति | سڀاءُ | सुभाउ | disposition, nature. |
| शीलवान् | वि. | 1. उत्तम शील अर्थात् आचरणवाला, सुशील नेक चलन; | نيڪ، سشيل؛ | नेकु, सुशीलु; | possessed of good qualities, of good moral character, of a good or amiable disposition, well-behaved; |
| | | 2. शिष्ट, नम्र; | نهٺو، نماڻو؛ | निहठो, निमाणो; | modest, polite, humble; |
| | | 3. संकोची, लज्जालु । | لڄارو، شرميلو | लजारो, शर्मीलो | shy, bashful. |
| शीश | पुं. | सिर । | سر، مٿو، سيس | सिरु, मथो, सीसु | head. |
| शीशम | पुं. | एक प्रसिद्ध पेड़ जिसकी लकड़ी इमारत, मेज, कुर्सी आदि बनाने के काम आती है । | شيشم (وڻ) | शीशमु (वणु) | Indian rose-wood tree. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शीशमहल** | पुं. | 1. वह कमरा जिसकी दीवारों में [illegible] शीशे जड़े हों; | شيش محل؛ | शीश महल्; | apartment the walls of which are inlaid with pieces of glass; |
| | | 2. शीशे का मकान । | شيشي جو گهر | शीशे जो घरु | glass house. |
| **शीशा** | पुं. | 1. एक प्रसिद्ध कड़ा और भंगुर पदार्थ जो बालू, खारी मिट्टी या रेह को आग में गलाने से बनता है तथा जिससे अनेक प्रकार के पात्र, दर्पण आदि बनते हैं । | شيشو، ڪانچ، ڪائو؛ | शीशो, कांचु, काओ; | glass; |
| | | 2. दर्पण, आईना । | آرسي، آئينو، درسني | आर्सी, आईनो, दर्सिनी | looking glass, mirror. |
| **शीशी** | स्त्री. | कांच की लम्बी कुप्पी, बोतल के आकार का छोटा पात्र । | شيشي | शीशी | small bottle, phial vial. |
| **शुक** | पुं. | तोता, सुग्गा । | طوطو، چتون | तोतो, चतु | parrot. |
| **शुक्ति** | स्त्री. | 1. सीप, सीपी; | سپ، سپي؛ | सिप, सिपी; | oyster, peal oyster; |
| | | 2. सीपी का कड़ा खोल । | سپ جو کوپو | सिप जो खोपो | oyster-shell. |
| **शुक्र** | पुं. | 1. एक ग्रह जो कभी-कभी दिन के प्रकाश में भी दिखाई देता है; | شڪر، گرهه؛ | शुक्र ग्रहु; | the planet Venus; |
| | | 2. वीर्य; | ويريه، مني؛ | वीर्यु, मनी; | semen, sperm; |
| | | 3. शुक्रवार; | شڪروار، جمعو؛ | शुक्रवारु, जुमो; | Friday; |
| | | 4. कृतज्ञता का प्रकाशन, उपकार मानना । | شڪر، مهرباني، شڪرانو | शुक्र, मेहरबानी, शुक्रानो | thanks, expression of gratitudes, thanks giving. |
| **शुक्रगुजार** | वि. | आभार माननेवाला, आभार प्रदर्शित करनेवाला । | شڪرگذار | शुक्र गुज़ारु | thankful, grateful. |
| **शुक्रवार** | पुं. | वृहस्पतिवार के बाद का और शनिवार के पहले का दिन, सप्ताह का छठा दिन । | شڪروار، جمعو | शुक्रवारु, जुमो | Friday. |
| **शुक्रिया** | पुं. | कृतज्ञता-प्रकाशन, उपकार मानना, आभार । | شڪرگذاري، احسانمندي | शुक्र गुज़ारी, अहिसानमंदी | gratitude, thanks giving. |
| | अव्य. | धन्यवाद । | مهرباني، احسان | मेहरबानी, अहिसानु | thanks! thank you |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शुक्ल | वि. | 1. श्वेत, सफेद; | اڇو؛ | अछो; | white; |
| | | 2. चमकीला । | چمڪندڙ، روشن | चिम्कंदड़ु, रोशनु | bright. |
| | पुं. | चान्द्रमास का शुक्लपक्ष । | شڪل پکہ | शुक्लपखु | bright or light half of a lunar month (from new to full moon). |
| शुक्लपक्ष | पुं. | महीने के दो भागों में से वह भाग जिसमें चन्द्रमा की कला प्रतिदिन बढ़ती है और रात उजाली होती जाती है । | شڪل پک | शुक्लपखु | light half of the month (fortnight of the moon's increase). |
| शुचि | स्त्री. | 1. पवित्रता, शुद्धता; | پوترتا، پاڪيزگي؛ | पवित्रता, पाकीज़गी; | purity, sanctity, holiness; |
| | | 2. स्वच्छता । | صفائي | सफ़ाई | cleanliness. |
| | वि. | 1. शुद्ध, पवित्र; | شڌ، پوتر؛ | शुद्धि, पवित्रु; | pure, sacred; |
| | | 2. साफ, स्वच्छ; | صاف، صفا؛ | साफ़, सफ़ा; | clean, clear; |
| | | 3. निर्दोष; | بي عيب، بي ڏوهي؛ | बे ऐबु, बे डोही; | free from fault, flawless, guiltless; |
| | | 4. ईमानदार, सच्चा । | ايماندار، سچو | ईमानदारु, सचो | honest, upright, true, virtuous. |
| शुचिता | स्त्री. | 1. पवित्रता, शुद्धता; | پوترتا، شڌتا؛ | पवित्रता, शुद्धिता; | purity, sanctity, holiness; |
| | | 2. स्वच्छता, सफाई; | صفائي، سٺائي؛ | सफ़ाई, सुठाई; | cleanliness, clearness; |
| | | 3. ईमानदारी, सच्चाई; | ايمانداري، سچائي؛ | ईमानदारी, सचाई; | honesty, virtuousness, uprightness; |
| | | 4. निर्दोषता । | بي عيبي، بي گناهي | बेऐबी, बेगुनाही | faultlessness, flawlessness, guiltlessness. |
| शुतुरमुर्ग | पुं. | मुर्गे की जाति का एक विशालकाय पक्षी जिसकी गर्दन ऊंट की तरह लंबी होती है । | شترمرغ، اٺ پکي | शुतुर्मुगु, उठु पखी | ostrich. |
| शुद्ध | वि. | 1. पवित्र; | شڌ، پوتر، پاڪ؛ | शुद्धि, पवित्रु, पाकु; | pure, sacred; |
| | | 2. साफ, स्वच्छ, निर्मल; | صاف، نرمل؛ | साफ़ु, निर्मलु; | clean, clear, purified; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. मिलावटरहित, खालिस, सच्चा, असली; | خالص، نج ؛ | ख़ालिसु, निजु: | unadulterated, genuine; |
| | | 4. निर्दोष; | بي عيب، نردوش ؛ | बे ऐबु, निर्दोषु: | faultless, flawless; |
| | | 5. निष्पाप; | بي گناه، بي ڏوهي ؛ | बे गुनाहु, बे ड॒ोही: | guiltless; |
| | | 6. जिसमें अशुद्धि, गलती या भूल न हो, त्रुटिरहित, सही, ठीक । | ٺيڪ، برابر | ठीक, बराबरि | correct, rectified, defectless. |
| | पुं. | संगीत शास्त्र में प्राचीन रागों की संज्ञा । | اتم راڳ، شد راڳڻي | उत्तमु रागु, शुद्धि रागि॒णी | natural note in Indian Classical music. |
| शुद्धता | स्त्री. | 1. पवित्रता; | شدتا، پوترتا ؛ | शुद्धिता, पवित्रता: | purity, holiness; |
| | | 2. सफाई, स्वच्छता; | صفائي، سٺائي ؛ | सफ़ाई, सुठाई: | cleanliness, clearness; |
| | | 3. निर्दोषता; | بي عيبي، نردوشتا ؛ | बे ऐबी, निर्दोषता: | faultlessness, flawlessness; guiltlessness; |
| | | 4. मिलावट रहित होने का भाव । | بنا ملاوٽ، نج | बिना मिलावट, निजु | unadulteratedness, genuineness. |
| शुद्धि | स्त्री. | 1. पवित्रता; | شدي، پوترتا، پوترتائي ؛ | शुद्धी, पवित्रता, पवित्रताई: | purity, holiness, sanctity; |
| | | 2. सफाई, स्वच्छता; | صفائي، سٺائي ؛ | सफ़ाई, सुठाई: | cleanliness, clearness; |
| | | 3. निर्दोषता; | بي عيبي، بي داغي ؛ | बे ऐबी, बे दाग़ी: | faultlessness, flawlessness, guiltlessness; |
| | | 4. संशोधन, ठीक करना; | سوڌ، اصلاح، درستي ؛ | सोध, इस्लाह, दुरुस्ती: | correction, rectification; |
| | | 5. मिलावट रहित होने का भाव; | اصليت، سچائي ؛ | असुल्यत, सचाई: | unadulteratedness, genuineness; |
| | | 6. शुद्ध होने या करने की क्रिया, मार्जन । | صفائي، سٺائي | सफाई, सुठाई | cleaning, clearing. |
| शुद्धिपत्र | पुं. | 1. ग्रंथ आदि के अंत में लगाया जानेवाला वह पत्र, सूची आदि जिसमें उक्त ग्रंथ आदि में हुई अशुद्धियों को ठीक करके लिखा गया हो । | ڀلنامو ؛ | भुलनामो: | errata. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. समाचारपत्र आदि में प्रकाशित ऐसी कोई सूचना जिसमें पूर्वप्रकाशित गलत सूचना को ठीक किया गया हो । | ڀُل سڌارُ | भुल सुधारु | corrigendum. |
| **शुभ** | वि. | मंगलमय, कल्याणकारी । | شڀُ، سڀاڳو | शुभु, सभागो | auspicious, lucky, happy, fortunate. |
| | पुं. | कल्याण, मंगल । | ڪلياڻُ | कल्याणु | auspiciousness, welfare, well-being, good fortune, happiness. |
| **शुभचिन्तक** | पुं. | किसी की भलाई चाहनेवाला, हितैषी, शुभेच्छु, शुभाकांक्षी । | ڀلگهرو، گهڻگهرو، دوست | भलघुरो, घणघुरो, दोस्तु | well-wisher, friend. |
| **शुभाकांक्षी** | पुं., वि. | शुभचिंतक । | ڀلو گهرندڙ، شڀچنتڪ، گهڻگهرو | भलो घुरंदड़ु, शुभचिन्तक, घणघुरो | well-wishing, well-wisher. |
| **शुभागमन** | पुं. | मंगलप्रद या सुखद आगमन । | خوش آمديد، (ڪنهن جو) آنند ڀريو اچڻ | ख़ुशआमदह, (कंहिं जो) आनंद भर्यो अचणु | welcome, welcome arrival. |
| **शुभाशीष** | स्त्री. | मंगलकारी आशीर्वाद, शुभाशीर्वाद । | آسيس، آشيرواد | आसीस, आशीर्वाद | good wishes, benediction, blessing. |
| **शुभेच्छु** | पुं. | शुभचिंतक, शुभकामना करनेवाला । | خيرخواهه، دعاگو، ڀلو گهرندڙ، گهڻگهرو | ख़ैर-ख़्वाहु, दुआगु, भलो घुरंदड़ु, घणघुरो | well-wisher. |
| **शुभ्र** | वि. | 1. श्वेत, सफेद; | اڇو؛ | अछो; | white; |
| | | 2. चमकीला, उज्ज्वल; | اوجل؛ | ऊजलु; | shining, bright, radiant; |
| | | 3. निर्मल, निष्कलंक । | صاف، نرمل | साफ़ु, निर्मलु | spotless, immaculate. |
| **शुभ्रता** | स्त्री. | 1. सफेदी; | اڇاڻ؛ | अछाणि; | whiteness; |
| | | 2. चमकीलापन, निर्मलता; | اوجلتا، صفائي؛ | ऊजलता, सफ़ाई; | radiance, brightness; |
| | | 3. निष्कलंकता । | بي داغي | बे दाग़ी | spotlessness, immaculateness. |
| **शुरू** | पुं. | आरंभ, प्रारंभ । | شروع، آرنڀ | शुरू, आरंभु | beginning, commencement. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शुल्क | पुं. | 1. वह धन जो वस्तुओं की उत्पत्ति, उपभोग, आयात निर्यात आदि करने पर कानूनन कर के रूप में देय हो; | محصول؛ | महमूल: | duty; |
| | | 2. विशिष्ट सुविधा प्रदान करने पर किसी संस्था को दिया जानेवाला धन; | فـي ؛ | फ़ी: | fee; |
| | | 3. चंदा । | چندو | चंदो | subscription. |
| शुश्रूषा | स्त्री. | 1. सेवा-टहल; | شيوا،ٽهل؛ | शेवा, टहिल: | service, attendance; |
| | | 2. परिचर्या, रोगी की देखरेख । | پرداخت | परदाख़्त | nursing. |
| शुष्क | वि. | 1. आर्द्रतारहित; | سڪل،خشڪ؛ | सुकल्, ख़ुश्क: | dried up, dry, withered; |
| | | 2. जहां वर्षा न हुई हो या न होती हो, सूखा; | سوڪ؛ | सोकि: | arid, droughty. |
| | | 3. हृदयहीन, कोमलतारहित; | رکو،بي احساس؛ | रुखो, बे अहसास: | unfeeling, emotionless; |
| | | 4. नीरस, दिमाग को थकाने वाला । | بي رسو | बे रसो | prosaic, uninteresting, tedious. |
| शुष्कता | स्त्री. | 1. शुष्क होने की अवस्था या भाव, आर्द्रता से रहित होना; | خشڪي،سوڪ؛ | ख़ुश्की, सोकि: | dryness, witheredness; |
| | | 2. हृदयहीनता, कोमलता से रहित होना; | رکائي،بي احساسي، سختي؛ | रुखाई, बे अहसासी, सख़्ती: | unfeeling temperament, emotionlessness, hardness; |
| | | 3. नीरसता, उबाऊपन; | بي رسي،ٿڪاوٽ؛ | बे रसी, थकावट: | prosaicness; |
| | | 4. अनावृष्टि, सूखा । | سوڪ،خشڪي | सोकि, ख़ुश्की | aridity, draught. |
| शूल | पुं. | 1. नुकीला सिरा, नोक; | نوڪ،ڪنڊو؛ | नौक, कंडो: | point, tip, sharp end; |
| | | 2. अन्न की बाल का सींका या नुकीला भाग, टूँड़; | سر،ٻج؛ | सिर, ॿुजु: | awn of barley etc. |
| | | 3. नुकीला रोयाँ । | سخت وار | सख़्तु वारु | bristle, sharp hair, stiff hair. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शूकर** | पुं. | सूअर नामक पशु, वाराह । | سوئر | सूअरु | hog, bear, pig. |
| **शूद्र** | पुं. | 1. हिन्दुओं की वर्णव्यवस्था में चतुर्थ वर्ण; | شودر(ورڻ)؛ | शूद्र (वर्ण): | fourth or the last of the four principal classes or castes of Hindus; |
| | | 2. उक्त वर्ण का व्यक्ति ; | شودرورڻجوماڻهو | शूद्र वर्ण जो माण्हू | member of the above caste. |
| **शून्य** | वि. | 1. रिक्त, खाली; | خالي،پوردؤ | खाली, पोरो: | empty, void, vacant; |
| | | 2. अस्तित्वरहित, असत्; | است،کوڙؤ | असति, कूड़ो: | non-existent; |
| | | 3. निर्जन; | سڃو،ويران؛ | सञो, वैरानु: | desolate, deserted (place); |
| | | 4. (समस्त पदों के अंत में) रहित हीन । | هيڻ،رهت(مرکب) | हीणु, रहित (मुरकबु) | (in comp.) devoid of. |
| | पुं. | 1. खाली स्थान, अवकाश; | خالي جاء،پولار؛ | खाली जाइ, पोलारु | vacuum, void, blank; |
| | | 2. آकाश; | آڪاش،اڀ؛ | आकाश, उभु: | sky, space, atmosphere; |
| | | 3. एकांत स्थान; | ايڪانت جاء؛ | एकांति जाइ: | desolate or deserted place, seclusion; |
| | | 4. गणित में अभावसूचक चिह्न; | ٻڙي؛ | ॿुड़ी: | cipher, zero; |
| | | 5. बिन्दु, बिन्दी; | نقطو،ٽِڪو؛ | नुक्तो, टि॒को: | dot; |
| | | 6. अभाव, अनस्तित्व । | اڀاء،ڪمي | अभाउ, कमी | non-entity, (absolute) non-existence. |
| **शूर** | वि., पुं. | 1. वीर, बहादुर; | وير،بهادر؛ | वीरु, बहादुरु: | brave or valiant man; |
| | | 2. योद्धा, सूरमा; | جوڌو،سورمو؛ | जोधो, सूर्मो: | warrior; |
| | | 3. वह जो किसी काम या बात में औरों से बढ़कर हो । | اڳرو،ناليرو | अगि॒रो, नालेरो | outstanding or eminent person. |
| **शूरता** | स्त्री. | शूर होने की अवस्था या भाव, शौर्य, बहादुरी, वीरता, पराक्रम । | بهادري،همت، ويرتا | बहादुरी, हिम्मथ, वीरता | bravery, courage, valour, heroism, gallantry. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शूल | पुं. | 1. बरछा, भाला; | ٻرڇي، ڀالو؛ | वड़छी भालो: | spear, lance; |
| | | 2. बड़ा, लंबा और नुकीला कांटा; | وڏو، ڊگهو ڪنڊو؛ | वडो, डिघो कंडो; | prong, pointed big thorn; |
| | | 3. वात प्रकोप के कारण आंतों में होनेवाली प्रबल पीड़ा; | پيٽ سور؛ | पेट सूरु: | sharp pain in the stomach, colic; |
| | | 4. ऐसी शारीरिक पीड़ा जो बरछी की तरह चुभती हुई जान पड़ती है; | ڪنڊي وانگر چڀيندڙ سور؛ | कंडे वांगुरु चुभंदड़ सूर: | any sharp or acute pain; |
| | | 5. वेदना, व्यथा । | ڏک، افسوس | डुखु, अफ्सोसु | grief, sorrow. |
| शूली | स्त्री. | 1. सूली, फांसी का तख्ता; | سوري، ڦاسي؛ | सूरी, फासी: | gallows; |
| | | 2. फांसी की सजा, प्राणदण्ड | ڦاسيءَ جي سزا | फासीअ जी सज़ा | (death by) hanging, execution. |
| शृंखला | स्त्री. | 1. क्रम, माला; | ڪڙي، مالها؛ | कड़ी, माल्हा: | series, succession, range; |
| | | 2. पंक्ति, कतार, श्रेणी; | قطار، صف؛ | कतार, सिफ़: | line, row, queue; |
| | | 3. कोटिक्रम, तारतम्य; | سلسلو، ترتيب؛ | सिलसिलो, तर्तीब: | order, sequence; |
| | | 4. करघनी | چيلهڪي؛ | चेल्हकी: | chain or belt worn round the waist; |
| | | 5. जंजीर, सिकड़ी; | زنجير؛ | ज़ंजीर: | chain, fetter in general; |
| | | 6. बंधन । | ٻنڌڻ | ॿंधनु | bond, tie. |
| शृंग | पुं. | 1. पशुओं का सींग; | سڱ؛ | सिङु: | horn; |
| | | 2. चोटी, शिखर; | چوٽي (جبل جي)؛ | चोटी (जबल जी); | top or summit (of a mountain); |
| | | 3. कंगूरा। | ڪنگورو | कंगूरो | top of a building, turnet; |
| श्रृंगार | पुं. | 1. साहित्य के नौ रसों में से एक प्रधान रस जिसमें प्रेमी और प्रेमिका के प्रेमपूर्ण व्यवहारों की चर्चा होती है; | شرنگار، رس؛ | शृंगारु, रसु: | sentiment of love or sexual passion, erotic sentiment; |
| | | 2. सौंदर्य की वृद्धि के लिए सौंदर्य प्रसाधनों द्वारा बनाव-सजाव; | ٽاهه ٽوهه، سجاوٽ؛ | टाह-टूह, सजावट: | make-up; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. सौंदर्य विधायक तत्व । | سينگار | सिंगारु | decoration, embellishment, ornament. |
| **शृगाल** | पु. | 1. गीदड़; | گيدڙ؛ | गीदड़ु; | jackal. |
| | | 2. (ला.) डरपोक, कायर । | بزدل | बुज़दिलु | (fig.) coward. |
| **शेखचिल्ली** | पु. | 1. एक कल्पित मूर्ख जिसकी मूर्खता की अनेक कहानियां जनसाधारण में प्रसिद्ध हैं । | شيخچلي؛ | शेख़चिल्ली; | conventional fool who builds castles in the air; |
| | | 2. बड़ी-बड़ी हवाई योजनाएं बनानेवाला व्यक्ति, बढ़-चढ़कर बेसिर-पैर की बातें करनेवाला व्यक्ति । | ٻٽاڪي، لباڙي | बटाकी, लबाड़ी | typical outwit ever living in a fool's paradise. |
| **शेखी** | स्त्री. | 1. मिथ्याभिमान, डींग; | ڏاڙ، ٻٽاڪ، لباڙ؛ | डाड़, बटाक, लबाड़; | vanity, boast, brag, |
| | | 2. झूठी शान, अकड़ । | ڪوڙو شان، آڪڙ | कूड़ो शानु, आकड़ि | ostentatious display, strut. |
| **शेखीबाज** | वि. | शेखी बघारने या डींग हांकने-वाला, मिथ्याभिमानी । | ڏاڙي، ٻٽاڪي، لباڙي | डाड़ी, बटाकी, लबाड़ी | boaster, braggart. |
| **शेर** | पु. | 1. एक प्रसिद्ध हिंसक पशु, सिंह; | شينهن، شير؛ | शींहु, शेरु; | lion; |
| | | 2. (ला.) निर्भीक, वीर और साहसी पुरुष; | بي ڊپو، بهادر ماڻهو؛ | बे डपो, बहादुरु माण्हू; | (fig.) fearless, courageous and brave man; |
| | | 3. गजल के दो चरण । | شعر | शैरु | couplet (in Urdu poetry). |
| शेरवानी | स्त्री. | मुसलमानी ढंग का एक प्रकार का अंगा । | شيرواڻي، ڊگهو ڪوٽ | शेरवाणी, डिघो कोटु | a typical long light coat. |
| **शेष** | वि. | 1. बचा हुआ, बाकी, अवशिष्ट; | باقي، بچيل؛ | बाकी, बच्यलु; | remaining, rest, all the other; |
| | | 2. समाप्त, नष्ट; | ختم، نشٽ؛ | ख़तमु, नष्टु; | terminated, destroyed; |
| | | 3. जिसका भुगतान न हुआ हो, बकाया; | بقايا؛ | बकाया; | outstanding; |
| | | 4. जिसका उल्लेख, कथन आदि अभी होने को हो; | باقي، ڇڙيل؛ | बाकी, छड़्यलु; | left out or omitted to be said; |
| | | 5. आवश्यकता से अधिक, फालतू । | وڌيڪ، واڌاري | वधीक, वाधारे | surplus. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | 1. अवशिष्ट अंश; | رهيل، ڀاڱو؛ | रह्यलु, भाङो: | remaining portion, rest, residue; |
| | | 2. बड़ी संख्या में से छोटी संख्या घटाने पर बची हुई संख्या; | ڪٽ اپت، باقي؛ | कट उपति, बाकी: | remainder; |
| | | 3. समाप्ति; | انت، خاتمو؛ | अन्तु, ख़ातिमो: | end, termination, conclusion; |
| | | 4. अतिरिक्त पदार्थ, फालतू; | وڌيڪ شئه؛ | वधीक शइ: | surplus; |
| | | 5. अशोधित राशि, बकाया; | بقايا، باقي؛ | बकाया, बाकी: | balance, outstanding amount; |
| | | 6. कथन का छोड़ा हुआ अंश। | باقي بول | बाकी बोलु | anything left out or omitted to be said. |
| शेषनाग | पुं. | सर्पराज शेष जो पुराणानुसार पृथ्वी को अपने सिर पर धारण करनेवाले माने गए हैं । | شيش نانگ | शेष नांगु | name of the celebrated, mythological thousand headed, serpent who bears the entire world on his heads. |
| शैक्षिक | वि. | शिक्षा संबंधी । | تعليمي | तैलीमी | academic, educational. |
| शैतान | पुं. | 1. दुष्ट देवयोनि, ईश्वर के सन्मार्ग का विरोध करनेवाली शक्ति; | شيطان؛ | शेतानु; | devil, Satan, an evil spirit, evil genius, mischief; |
| | | 2. अत्याचारी या दुष्ट व्यक्ति । | ظالم، دشٽ | ज़ालिमु, दुष्टु | tyrant and wicked person. |
| | वि. | 1. नटखट; | شيطان، حرڪتي؛ | शेतानु, हर्कती; | naughty; |
| | | 2. दुष्ट । | دشٽ، بدمعاش | दुष्टु, बदिमाशु | mischievous, guileful, wicked. |
| शैतानी | वि. | शैतान की तरह बहुत दुष्ट | شيطاني | शेतानी | devilish, diabolical; |
| | स्त्री. | दुष्टता, शरारत । | شرارت | शरारत | naughtiness, mischievousness, wickedness, mischief. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शैत्य** | पुं. | **शीतलता, ठंडक ।** | ٿڌاڻ، ٿڌڪار | थधाणि, थधिकारु | coldness, cold. |
| **शैथिल्य** | पुं. | **दे. शिथिलता ।** | 'शिथिलता' ڏسو | डिसो 'शिथिलता' | see '**शिथिलता**' । |
| **शैल** | पुं. | 1. पर्वत, पहाड़; | جبل، پهاڙ؛ | जबलु, पहाड़ु; | mountain, hill; |
| | | 2. चट्टान, शिला । | ٽڪري، ڇپ | टकिरी, छिप | rock. |
| **शैलजा** | स्त्री. | पार्वती, दुर्गा । | پاروتي، درگا | पार्वती, दुर्गा | epithet of Durga or Parvati. |
| **शैली** | स्त्री. | 1. ढंग, तरीका, पद्धति; | ڍنگ، طريقو؛ | ढंगु, तरीको; | way, manner, method; |
| | | 2. **(साहित्य) रचना अथवा अभिव्यक्ति का विशिष्ट ढंग;** | ساهت رچنا جو ڍنگ؛ | साहित रचना जो ढंग; | (lit.) style, mode of expression, diction; |
| | | 3. **कोई चीज निर्मित या प्रस्तुत करने का कलापूर्ण ढंग ।** | طرز، نمونو | तर्ज़, नमूनो | style (architectural etc.). |
| **शैव** | वि. | 1. **शिवसंबंधी;** | شو سنبنڌي؛ | शिव संबंधी; | relating or belonging to the God Siva; |
| | | 2. **शैवमतानुयायी ।** | شو مت جو پوئلڳ | शिव मत जो पोइलगु | follower of the Siva sect or Saivism. |
| | पुं. | 1. **शिव का उपासक या भक्त;** | شو ڀڳت؛ | शिव भगतु; | worshipper or devotee of Siva; |
| | | 2. **शिव के उपासकों का संप्रदाय ।** | شومت | शिव-मतु | name of one of the three principal Hindu sects, Saivism. |
| **शैवाल** | पुं. | **सेवार ।** | سينور | सेंवरु | alga. |
| **शैशव** | पुं. | 1. **शिशु होने की अवस्था या भाव, बचपन, लड़कपन;** | ٻالپڻ؛ | बालपणु; | infancy; |
| | | 2. **सोलह वर्ष से कम अवस्था ।** | ٻالڪپڻ | बालकपणु | childhood (period below sixteen). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शोक** | पुं. | 1. इष्ट वस्तु या आत्मीय जन के वियोग, नाश या मृत्यु के कारण होनेवाली मानसिक व्यथा, घोर दु:ख; | شوڪ، غم، ڳڻتي؛ | शोक, गमु, ग़णिती; | mourning, lamentation, wailing; |
| | | 2. बहुत अधिक दु:ख, संताप; | ڏک، رنج؛ | डुखु, रंजु; | sorrow, grief anguish; |
| | | 3. संवेदना । | افسوس | अफ्सोसु | condolence. |
| **शोकसंताप** | पुं. | शोक से होनेवाली मानसिक जलन, बहुत तीव्र मानसिक क्लेश या पीड़ा । | غم، ڳڻتي، جهوري | गमु, ग़णिती, झोरी | grief, distress, woe, sorrow, deep anguish, compunction. |
| **शोकाकुल** | वि. | शोक से व्याकुल । | شوڪ کان وياڪل، غمگين | शोक खां व्याकुलु, ग़मगीनु | overcome with sorrow, overwhelmed with grief, greatly distressed. |
| **शोख** | वि. | 1. ढीठ, निर्भय; | شوخ، نٺر؛ | शोख़ु, निठरु; | insolent, bold; |
| | | 2. नटखट, चपल, विनोदी: | حرڪتي، خوش طبع؛ | हर्कती, ख़ुशतबअ; | playful, sportive, mischievous; |
| | | 3. चटकीला (रंग) । | ڀڙڪيلو، تکو (رنگ) | भड़कीलो, तिखो (रंग) | bright (as colour). |
| **शोखी** | स्त्री. | 1. ढिठाई, निर्भयता; | شوخي، نٺرتا؛ | शोख़ी, निठ़रता; | insolence, boldness; |
| | | 2. चपलता, नटखटपन; | حرڪتبازي؛ | हर्कतबाज़ी; | playfulness, sportiveness, mischief; |
| | | 3. (रंग का) चटकीलापन; | چمڪو (رنگ)؛ | चिमको (रंग); | brightness (as of colour); |
| | | 4. नाजनखरा, नखरेबाजी | شوخي، ناز نخرو | शोख़ी, नाज़ु-नख़िरो | coquetry. |
| **शोच** | पुं. | 1. चिंता, फिक्र; | سوچ، فڪر، ڳڻتي؛ | सोचु, फ़िक्रु, ग़णिती; | anxiety, concern; |
| | | 2. दु:ख, रंज । | ڏک، رنج | दुखु, रंजु | sorrow, grief. |
| **शोचनीय** | वि. | 1. जो चिंता या फिक्र का विषय हो, चिंतनीय; | سوچڻ جوڳو؛ | सोचण जोगो; | causing concern or anxiety; |
| | | 2. जिसे देखकर दु:ख या रंज हो । | ڏکدائي، افسوس ناڪ | दुखदाई, अफ़सोस नाकु | lamentable, deplorable, pitiable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शोणित | पुं. | रक्त, खून । | رت، خون | रतु, ख़ूनु | blood. |
| | वि. | लाल । | ڳاڙهو | गाढ़ो | red. |
| शोथ | पुं. | 1. सूजन; | سوڄ؛ | सोजि; | swelling; |
| | | 2. शरीर के किसी अंग में सूजन होने का रोग । | جلندر | जलंदरु | dropsy. |
| शोध | पुं. | 1. खोज, अनुसंधान; | سوڌ، کوج، کوجنا؛ | सोध, खोज, खोजना; | research; |
| | | 2. (ऋण) चुकाना, अदा करना; | چڪائي، ادائگي (قرض)؛ | चुकाई, अदाइगी (क़र्ज़ु); | acquittance, paying off (as of debts); |
| | | 3. शुद्ध या साफ करना, सफाई; | سوڌ، صفائي، شڌي؛ | सोध, सफ़ाई, शुद्धी; | purification, cleansing; |
| | | 4. कमी, त्रुटि, आदि ठीक या दुरुस्त करना । | درستي، سڌارو | दुरुस्ती, सुधारो | correction, rectification. |
| सदी | स्त्री. | सौ वर्ष का काल, शताब्दी । | صدي، سو سال | सदी, सौ साल | century, centenary. |
| सदुपदेश | पुं. | उत्तम शिक्षा, अच्छी सलाह । | اتم سکيا، سٺي صلاح | उत्तमु सिख्या, सुठी सलाह | wholesome instruction, salutary counsel. |
| सदुपयोग | पुं. | अच्छा, उत्तम उपयोग । | صحيح استعمال، سٺو پريوگ | सही इस्तैमालु, सुठो प्रयोगु | good or proper use, usage. |
| सदृश | वि. | समान । | سمان، برابر، هڪ جهڙو | समान, बराबरि, हिक-जहिड़ो | like, resembling, of the same rank. |
| सदैव | क्रि. वि. | सर्वदा, हमेशा ही । | هميشه، صدائين | हमेशा, सदाईं | always, ever. |
| सदोष | वि. | 1. जिसमें दोष हो, दोष से युक्त; | ڏوھ ڀريو، عيبدار؛ | डो̱ह भर्यो, ऐबदारु; | faulty, defective; |
| | | 2. अपराधी । | ڏوھي، اپراڌي | डो̱ही, अपराधी | sinful, guilty. |
| सद्भाव | पुं. | 1. शुभ भाव, हित का भाव; | سدڀاو، ڀلو ويچار؛ | सद्‌भावु, भलो वीचारु; | kindly feeling, amiability; |
| | | 2. दो पक्षों में होनेवाली मैत्रीपूर्ण स्थिति । | ميلاپ، ٺاھ، خيرخواهي | मेलापु, ठाहु, ख़ैर ख़्वाही | understanding, goodwill. |
| सद्यः | क्रि. वि. | 1. तत्काल, तुरन्त; | ترت، ان وقت؛ | तुर्तु, उन वक्ति; | forthwith, immediately, at once; |
| | | 2. आज ही । | اڄ، اڄ ئي | अजु̱, अजु̱ ई | today, this very day. |
| सधना | अ. क्रि. | 1. काम पूरा होना, कार्य सिद्ध होना; | پورو ٿيڻ، سڌ ٿيڻ؛ | पूरो थियणु, सिद्धि थियणु; | to be accomplished, to be finished; |
| | | 2. ठीक तरह से अभ्यस्त होना; | واقف ٿيڻ، هري مري وڃڻ؛ | वाकुफु थियणु, हिरी मिरी वञणु; | to be familiarized, to be accustomed; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. घोड़ों आदि का सीखकर काम लायक होना । | گھوڙي وغيره جو سڌجڻ، ڪيڙجڻ | घोड़े वगैरह जो सधिजणु, केड़िजणु | to be trained. |
| सधवा | स्त्री. | ऐसी स्त्री जिसका पति जीवित हो, सुहागिन । | سھاڳڻ، مڙسيتي | सुहागिणि, मुड़सेती | woman whose husband is alive. |
| सधाना | स. क्रि. | 1. साधने के काम में दूसरे को प्रवृत्त करना; | اڀياس ڪرائڻ؛ | अभ्यासु कराइणु; | to cause to get used; |
| | | 2. जंगली पशुपक्षियों को विशेष प्रकार का आचरण सिखाना । | (جانورن کي) ڪيڙڻ، سيکارڻ | (जानिवरनि खे) केड़णु, सेखारणु | to teach, to train (an animal), to tame, to familiarize, to domesticate. |
| सधुक्कड़ी | स्त्री. | साधुओं की भाषा । | ساڌن جي گڏيل مسيل ٻولي | साधुनि जी गड़ियल-मिस्यल ॿोली | language of the Sadhus. |
| सन | पुं. | एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी छाल के रेशों से टाट, रस्से आदि बनते हैं । | سڻي | सिणी | hemp. |
| सनक | स्त्री. | धुन, झोंक, खब्त । | پورو، سوداءُ، خفت | पूरु, सौदाउ, ख़फ़्तु | whim, craze, mania. |
| सनकी | वि., पुं. | जिसे किसी तरह की सनक या झक हो, झक्की । | پورالو، سودائي، خفتي | पूरालो, सौदाई, ख़फ़्ती | whimsical, crazy, crank (person). |
| सनद | स्त्री. | प्रमाणपत्र । | سند، سرٽيفڪيٽ، پروانو | सनद, सर्टीफ़िकेटु, पर्वानो | testimonial, certificate. |
| सनना | अ. क्रि. | 1. जल के योग से चूर्णादि का एक में मिलना; | ڳوهجڻ؛ | ॻोहिजणु; | to be kneaded (as dough, flour, earth); |
| | | 2. लिप्त होना । | مبتلا ٿيڻ | मुब्तिला थियणु | to be involved in. |
| सनसनी | स्त्री. | भय, आश्चर्य आदि के कारण उत्पन्न स्तब्धता, हलकी उत्तेजना और घबराहट, खलबली । | سنسني، گھٻراهٽ، حيراني | ससनी, घबुराहट, हैरानी | tingling or thrilling sensation. |
| सनातन | वि. | 1. नित्य, अनादि, स्थायी; | سناتن، انادي؛ | सनातनु, अनादी; | perpetual, constant, eternal; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बहुत पुराना । | تمام پراڻو، جھونو | तमाम पुराणो, झूनो | primeval, ancient. |
| सनातनी | वि. | सनातन धर्म का अनुयायी । | سناتني، سناتن ڌرم جو پوئلڳ | सनातनी, सनातन-धर्म जो पोइलगु | follower of Sanatan Dharma. |
| सन् | पुं. | साल, संवत् । | سن، سال، سنبت | सनु, साल, संवतु | era, year. |
| सन्न | वि. | भौंचक्का, स्तंभित, स्तब्ध । | حيران، وائڙو | हैरान, वाइड़ो | stunned, stupefied. |
| सन्नद्ध | वि. | 1. कोई कार्य करने के लिए उद्यत, तैयार; | تيار، حڪيو: | तयारु, हक्यो: | ready, prepared; |
| | | 2. किसी के साथ जुड़ा या लगा हुआ । | ٻڌل، جڙيل، لڳل | ॿधलु, जोड़ियलु, लॻलु | tied together, bound. |
| सन्नाटा | पुं. | निस्तब्धता, नीरवता । | سناٽو، سنسان | सनाटो, सुन्सान | silence, solitude, quietude. |
| सन्निकट | क्रि. वि. | पास, नजदीक । | ويجهو، نزديڪ | वेझो, नज़्दीक | near, close, proximate. |
| सन्निधि | स्त्री. | समीपता, निकटता । | ويجهائي، نزديڪي | वेझाई, नज़्दीकी | proximity, vicinity. |
| सन्निपात | पुं. | एक प्रकार का भीषण ज्वर जिसमें वात, पित्त तथा कफ तीनों कुपित हो जाते हैं । | سرسام (بيماري) | सिरसामु (बीमारी) | combined derangement of the three humours of the body causing fever which is of a dangerous kind. |
| सन्निवेश | पुं. | उचित स्थान पर रखना, जमाना । | درج، داخل | दर्जु, दाख़िलु | seating in the proper place, insertion. |
| सन्निहित | वि. | 1. पास रखा हुआ, निकटस्थ; | ويجهو رکيل، گڏ، ويجهو: | वेझो रख्यलु, गॾु, वेझो: | placed near, together, near, contiguous; |
| | | 2. रखा, जमाया हुआ । | رکيل، کپايل | रख्यलु, खुपायलु | fixed, placed. |
| सन्मार्ग | पुं. | उत्तम या भला मार्ग । | سٺو رستو، ٺيڪ راهه | सुठो रस्तो, ठीकु राह | right path, path of virtue. |
| सपत्नीक | वि. | पत्नी के साथ । | زال سوڌو، زال سان گڏ | ज़ाल सूधो, ज़ाल सां गॾु | accompanied by one's wife. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सपना** | पुं. | वह घटना या दृश्य जो सोये होने पर अन्तर्मन में काल्पनिक रूप में भासित होता है, स्वप्न । | سپنو، خواب | सुपनो, ख़्वाबु | dream. |
| **सपरिवार** | वि. | परिवार के सदस्यों के साथ । | ڪٽنب سوڌو، ڪٽنب سان گڏ | कुटंब सुधो, कुटंब सां गडु | with family, attended by a retinue. |
| **सपाट** | वि. | जिसका तल बराबर या सम हो, समतल, जो ऊबड़-खाबड़ न हो । | سڌو، سنئون | सिधो, संओं | flat, smooth, even, plain. |
| **सपाटा** | पुं. | 1. चलने या दौड़ने का वेग; | چال، رفتار؛ | चालि, रफ़्तार; | quick or forced march; |
| | | 2. झपटने की क्रिया या भाव । | جهپٽو، ٽپو | झपुटो, टपो | leap, spring. |
| **सपूत** | पुं. | अच्छा, कुल का नाम बढ़ाने-वाला पुत्र । | سپاٽ، سپاتر پٽ | सुपाटु, सुपात्रु पुटु | dutiful or worthy son. |
| **सपेरा** | पुं. | सांप पकड़कर पालने तथा लोगों को तमाशा दिखाने-वाला । | نانگ ڦاسائيندڙ، سپيرو | नांग फासाइंदड़ु सपेरो | snake-charmer. |
| **सप्त** | वि. | जो गिनती में सात हो । | ست | सत | seven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या । | 7 انگ | 7 अंगु | number seven. |
| **सप्तक** | पुं. | 1. सात वस्तुओं का संग्रह; | سپتڪ، ستن جو ميڙ؛ | सप्तकु, सतनि जो मेड़ु; | collection or aggregate of seven; |
| | | 2. संगीत के सात स्वरों का समाहार । | سنگيت جا ست سر | संगीत जा सत सुर | octave. |
| | वि. | 1. सात; | ست؛ | सत; | seven; |
| | | 2. सातवां । | ستون | सतों | seventh. |
| **सप्तपदी** | स्त्री. | विवाह की एक विधि जिसमें अग्नि की सात बार परिक्रमा की जाती है । | سپتپدي | सप्तपदी | seven steps at marriage ceremony. |
| **सप्तम** | वि. | सातवां । | ستون | सतों | seventh. |
| **सप्तमी** | स्त्री. | 1. चांद्र मास के किसी पक्ष की सातवीं तिथि; | سپتمي، ستمي، ستين تٿ؛ | सप्तमी, सतिमी, सतीं तिथि; | seventh day of the lunar fortnight; |
| | | 2. व्याकरण में अधिकरण कारक की विभक्ति । | (گرامر) ستين حالت جي نشاني، حالت جري | (ग्रा.) सतीं हालति जी निशानी, हालति जरी | locative case. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सप्तर्षि | पुं. | सात प्राचीन ऋषियों का समूह या मंडल । | سپت رشي، ستن رشين جو منڊل | सप्त ऋषी, सतनि-ऋषियनि जो मंडल | seven principal stars in the constellation of Ursa Major (supposed to represent the seven sages). |
| सप्ताह | पुं. | सात दिन की अवधि, हफ्ता । | هفتو | हफ्तो | week. |
| सफर | पुं. | शहर से बाहर जाना, यात्रा । | سفر، مسافري | सफरु, मुसाफ़िरी | journey, travel. |
| सफरी | वि. | सफर सम्बन्धी । | سفري، سفر جو | सफ़री, सफर जो | of or relating to travelling or a journey. |
| सफल | वि. | 1. फलवाला, फलयुक्त; | ڦل دارئي؛ | फल दाई; | fruitful, bearing or yielding fruit, productive; |
| | | 2. कृतकार्य, कामयाब । | ڪامياب، سڦل | काम्याबु, सफलु | accomplished, fulfilled, successful. |
| सफलता | स्त्री. | कामयाबी, सिद्धि । | ڪاميابي، سڦلتا | काम्याबी, सफलता | success, achievement. |
| सफा | वि. | साफ, स्वच्छ । | صفا، صاف، اڇو | सफ़ा, साफ़ु, अछो | white, clean. |
| | पुं. | पृष्ठ। | صفحو | सुफ़्हो | page. |
| सफाई | स्त्री. | 1. स्वच्छता, निर्मलता; | صفائي، پوترتائي؛ | सफ़ाई, पवित्रताई; | cleanliness, purity; |
| | | 2. स्पष्टीकरण; | صفائي، سمجهاڻي؛ | सफ़ाई, समुझाणी; | clarification; |
| | | 3. आरोपित दोष से रहित होने की अवस्था या भाव, बचाव । | بچاء (ڪيس) | बचाउ (केसु) | defence (in law suit). |
| सफाचट | वि. | बिल्कुल साफ, जिसका कुछ भी अंश या चिह्न बाकी न रहने दिया गया हो । | صفاچٽ، بلڪل صاف | सफ़ा चटु, बिल्कुलु साफ़ु | perfectly clean, blank. |
| सफाया | पुं. | समाप्ति, नाश । | انت، ناس | अंतु, नासु | clean sweep, ruination. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सफेद | वि. | 1. जो रंगीन न हो, श्वेत; | اڇو، سفيد؛ | अछो, सफ़ेदु; | white; |
| | | 2. स्वच्छ तथा उज्ज्वल । | صاف، اوجل | साफ़ु, ऊजलु | clean and bright. |
| सफेदा | पुं. | 1. जस्ते का चूर्ण या भस्म जो दवा तथा रंगाई के काम आती है; | سفيدو (رنگ)؛ | सफ़ेदो (रंगु); | white lead; |
| | | 2. एक प्रकार का बढ़िया आम । | سفيدو (انب) | सफ़ेदो (अंबु) | name of a kind of mango. |
| सफेदी | स्त्री. | 1. सफेद होने की अवस्था या भाव, श्वेतता; | اڇاڻ، سفيدي؛ | अछाणि, सफ़ेदी; | whiteness; |
| | | 2. दीवारों आदि पर होनेवाली चूने के घोल की पुताई । | پوچي، سيڙهي | पोची, सेढ़ी | whitewash. |
| सब | वि. | 1. कुल; | سڀ، سمورا؛ | सभु, समूरा; | all; |
| | | 2. समस्त, सारा, सम्पूर्ण । | سڄو، پورو، ڪل | सजो, पूरो, कुलु | entire, whole, total. |
| सबक | पुं. | 1. अध्ययन के समय उतना अंश जितना एक बार में पढ़ाया जाए, पाठ; | سبق، پاٺ؛ | सबकु, पाठु; | lesson; |
| | | 2. नसीहत, शिक्षा । | نصيحت، سمجهاڻي | नसीहत, समुझाणी | moral. |
| सबब | पुं. | कारण, वजह, हेतु । | سبب، ڪارڻ | सबबु, कारणु | cause, reason. |
| सबल | वि. | बलवान्, ताकतवर । | ٻلوان، طاقتور | बलवानु, ताकतवरु | strong, powerful. |
| सबूत | पुं. | वह चीज या बात जिससे कोई और बात साबित होती हो प्रमाण । | ثبوت، ثابتي | सबूतु, साबिती | proof, testimony. |
| सब्जी | स्त्री. | 1. सागपात, हरी तरकारी; | سائي ڀاڄي، سبزي؛ | साई भाजी, सब्ज़ी; | herbage, vegetables; |
| | | 2. हरियाली, हरापन । | ساوڪ، ساواڻ | सावकि, सावाणि | verdure, greenery, greenness. |
| सब्र | पुं. | वह मानसिक स्थिति जिसमें मनुष्य किसी प्रकार की विपत्ति या विलम्ब का सामना होने पर भी चुपचाप और शांत भाव से सहन करता है, धैर्य, तसल्ली । | صبر، ڌيرج | सबुरु, धीर्जु | patience, self-restraint, endurance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सभा | स्त्री. | 1. परिषद्, समिति, एक स्थान पर बैठे हुए बहुत से भले आदमियों का समूह; | سڀا، ميٽنگ، ميڙ؛ | सभा, मीटिंग, मेड़ु; | assembly, meeting; |
| | | 2. वह संस्था जो किसी विशेष कार्य की सिद्धि के लिए संघटित हुई हो । | سنسٿا، جماعت | संस्था, जमाइत | association, society. |
| सभाकक्ष | पुं. | वह कमरा जहां सभा आयोजित की जाती हो । | مجلس حال | मजिलस हालु | assembly hall, chamber. |
| सभापति | पुं. | सभा का अध्यक्ष । | سڀاپتي، صدر، پريزيڊنٽ، چيئرمن | सभापती, सदरु, प्रेज़ीडन्टु, चेअरमन | president, chairman. |
| सभासद | पुं. | जो किसी समुदाय, संस्था आदि का सदस्य हो । | ميمبر | मेम्बरु | member of an assembly or society. |
| सभ्य | वि. | शिष्ट, संस्कृत, विनम्र । | سڌريل، سڀيه | सुधिर्यलु, सभ्यु | refined, civilized; cultured, civil. |
| सभ्यता | स्त्री. | 1. सभ्य होने का भाव; | سڀيتا، فضيلت؛ | सभ्यता, फज़ीलत; | courtesy, decency, good manners; |
| | | 2. वे सब काम और बातें जो किसी जातिं या देश के लोग प्रकृति पर विजय पाने और जीवन निर्वाह में सुगमता लाने के लिए भौतिक साधनों का उपयोग करते हुए आरम्भ से अब तक करते आए हैं । किसी जाति या देश की बाह्य तथा भौतिक उन्नतियों का सामूहिक रूप । | سڀيتا، تهذيب | सभ्यता, तहज़ीब | civilization, culture. |
| सम | वि. | 1. हमवार, जो ऊबड़-खाबड़ न हो; | سنئون، سڌو، لسو؛ | संओं, सिधो, लसो; | plain, smooth, even; |
| | | 2. एक बराबर, तुल्य, समान; | ساڳيو، هڪجهڙو، برابر؛ | साग्यो, हिकजहिड़ो, बराबर; | similar, equal; |
| | | 3. (संख्या) जिसे दो से भाग देने पर कुछ न बचे । | ٻڌي (عدد) | ब॒धी (अदद॒) | even (as number` |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | संगीत में वह स्थान जहा लय के विचार से गति की समाप्ति होती है । | سم، لئه جي ويچار سان انت | सम, लइ जे वीचार सां अंतु | first accented beat in a rhythmic cycle. |
| समकक्ष | वि. | जोड़ या बराबरी का, सब बातों में बराबरी करनेवाला । | هڪجهڙو، هڪ جيڏو، برابر، ساڳئي درجي جو | हिकजहिड़ो, हिक जेड॒ो, बराबर, साग॒िए दर्जे जो | equal, equivalent. |
| समकालीन | वि. | जो एक ही समय में हो । | همعصر، همروقتو | हमअसरु, हमवक्तो | contemporary, contemporaneous. |
| समकोण | वि., पुं. | जिसमें आमने-सामने के दोनों कोण समान हों । | سم ڪنڊو، مستطيل، چورس | सम कुंडो, मुस्ततील, चौरसि | rectangular, a right angle. |
| समक्ष | वि. | जो आंखों के सम्मुख हो, गोचर, उपस्थित । | سنمک، اڳيان، حاضر | सनमुखु, अग॒यां, हाज़ुरु | before, visible. |
| | क्रि. वि. | सामने । | سامهون، اکين اڳيان | सामुहूं, अख्युनि अग॒यां | before the eyes (of), in sight (of). |
| समग्र | वि. | समस्त, समूचा, सारा । | سڄو، سمورو، سڀ | सजो, समूरो, सभु | all, entire, whole. |
| समझ | स्त्री. | वह मानसिक शक्ति जिसमें सब चीजों और बातों के आशय, भलाई-बुराई आदि का परिज्ञान होता है, अक्ल, बुद्धि । | ڪل، سمجهه | कलु, समुझ | understanding, grasp, sense. |
| समझदार | वि. | जिसमें अच्छी समझ हो, अक्लमंद । | عقلمند، سمجهدار، سياڻو | अकुलमंदु, समुझदारु, स्याणो | intelligent, sensible. |
| समझदारी | स्त्री. | समझदार होने का गुण । | سياڻپ، سمجهداري، عقل | स्याणप, समुझदारी, अकुलु | keenness, understanding, wisdom. |
| समझना | अ. क्रि. | 1. जान लेना, ठीक और पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना; 2. विचारना । | سمجهڻ، ڄاڻڻ، پروڙڻ؛ ويچارڻ، خيال ڪرڻ | समुझणु, ज॒ाणणु, परूड़णु; वीचारणु, ख्यालु करणु | to understand, grasp; to think, consider, suppose. |
| समझाना | स. क्रि. | बोध कराना, जतलाना । | سمجهائڻ، ٻڌائڻ، صلاح ڏيڻ | समुझाइणु, बुधाइणु, सलाह डि॒यणु | to explain, to advise. |
| समझौता | पुं. | 1. राजीनामा, मेल; | ميل، ٺاهه، سمجهوتو، راضي نامو؛ | मेलु, ठाहु, समुझौतो, राज़ी नामो; | compromise, understanding; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आपस में होनेवाला करार या निश्चय । | اقرار | इकरारु | agreement, pact. |
| समतल | वि. | जो ऊबड़-खाबड़ न हो, हमवार । | سنئون، سڌو، هموار | संओं, सिधो, हमवारु | level, even, plain. |
| समता | स्त्री. | सादृश्य, बराबरी, तुल्यता । | برابري، هڪجهڙائي | बराबरी, हिकजहिड़ाइं | similarity, equality, parity. |
| समत्व | पुं. | दे. 'समता' । | 'समता' ڏسو | डिसो 'समता' | see 'समता'. |
| समदर्शी | वि., पुं. | सबको एकसा देखने-समझने वाला । | سمدرشي، بي طرفدار، سڀني کي هڪ نظر سان ڏسندڙ | सम दर्शी, बेतर्फ़िदारु, सभिनी खे हिक नज़र सां डिसंदड़ | looking at both sides impartially, impartial, impartial person. |
| समधियाना | पुं. | पुत्र या पुत्री की ससुराल । | سيڻپو، پٽ يا ڌيءَ جا ساهرا | सेणपो, पुट या धीउ जा साहुरा | the home or family of a son's or daughter's father-in-law. |
| समधी | पुं. | पुत्र या पुत्री का ससुर । | سيڻ، پٽ يا ڌيءَ جو سهرو | सेणु, पुट या धीउ जो सहुरो | son's or daughter's father-in-law (the fathers of a bride and bridegroom are samdhis to each other). |
| समन्वय | पुं. | वह अवस्था जिसमें कथनों या बातों का पारस्परिक विरोध दूर करके उनमें एकरूपता लाई जाती है । | مساوات، برابري، ميل، ميلاپ، توازن | मुसावत, बराबरी, मेलु, मेलापु, तवाजन | coordination, harmony. |
| समन्वित | वि. | जिसका समन्वय हुआ हो । | مليل، ٺهيل، ڳنڍيل | मिल्यलु, ठह्यलु, गंडियलु | coordinated, harmonized. |
| समय | पुं. | 1. दिन-रात के विचार से काल का कोई मान, वक्त; | ٽائيم، سمو، وقت؛ | टाईमु, समो, वक्तु; | time, hour, period; |
| | | 2. अवसर, मौका । | موقعو، وجهه | मोको, वझु | moment, opportunity, occasion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समयसारणी** | स्त्री. | वह पुस्तिका जिसमें विभिन्न गाड़ियों आदि के विभिन्न स्टेशनों पर पहुंचने तथा छूटने के समय का उल्लेख किया जाता है । | ٽائم ٽيبل | टाइम-टेबल | time-table. |
| **समयोचित** | वि. | अवसर के उपयुक्त । | وقتائتو | वक्ताइतो | opportune, timely. |
| **समयोपरि** | वि. | जो निश्चित समय के अलावा अतिरिक्त समय में किया गया हो या हुआ हो । | واڌو وقتو، مقرر وقت کان وڌيڪ وقت | वाधू वक्तो, मुकररु वक्त खां वधीक वक्तु | overtime. |
| **समर** | पुं. | युद्ध, संग्राम । | لڙائي، يڌ، جنگ | लड़ाई, युद्धु, जंग | war, battle. |
| **समर्थ** | वि. | 1. बलवान, सशक्त;<br>2. योग्य, उपयुक्त । | سمرٿ، ٻلوان؛<br>لائق، ڪمائتو | समर्थु, ब़लवानु;<br>लाइकु, कमाइतो | powerful, strong;<br>capable, competent. |
| **समर्थक** | वि. | समर्थन करनेवाला, पुष्टि करनेवाला, ताईद करनेवाला । | طرفدار، تائيد ڪندڙ، پٺڀرائي ڪندڙ | तर्फ़दारु, ताईद कंदड़ु, पठिभराई कंदड़ु | supporter. |
| **समर्थता** | स्त्री. | क्षमता, सामर्थ्य, शक्ति । | طاقت، شڪتي | ताकत, शक्ती | capability, competency. |
| **समर्थन** | पुं. | पुष्टि करना, ताईद करना, किसी के मत, विचार आदि के संबंध में यह कहना कि इसमें हमारी भी सहमति है | تائيد، حمايت | ताईद, हिमायत | support, corroboration. |
| **समर्थनीय** | वि. | जिसका समर्थन किया जा सकता हो या हो सकता हो | تائيد جوڳو، حمايت لائق، پٺڀرائيءَ جوڳو | ताईद जोगो, हिमायत लाइकु, पुठिभराईअ जोगो | worth supporting. |
| **समर्थांग** | वि. | कार्य करने के लिए जिसके सब अंग ठीक और क्षमतायुक्त हों । | ٻلوان، طاقتور | ब़लवानु, ताकतवरु | able-bodied. |
| **समर्थित** | वि. | जिसका समर्थन किया गया हो । | حمايت ڪيل، تائيد ڪيل | हिमायत कयलु, ताईद कयलु | supported. |
| **समर्पण** | पुं. | 1. सौंपना, देना;<br>2. भेंट करना । | سونپڻ، ارپڻ؛<br>سمرپڻ | सौंपणु, अर्पणु;<br>समर्पणु | surrender;<br>dedication. |
| **समर्पित** | वि. | दिया हुआ, सौंपा हुआ, भेंट किया हुआ । | سونپيل، حوالي ڪيل، ارپيل | सौंप्यलु, हवाले कयलु, अर्प्यलु | surrendered, dedicated. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समवयस्क** | वि. | समान अवस्था वाला । | همعمر | हमउम्रि | of the same age, equal in age. |
| **समवर्ती** | वि. | 1. जो समान रूप से स्थिर रहता हो; | همپهلو، شريڪ؛ | हम पहलू, शरीकु; | concurrent; |
| | | 2. जो पास ही स्थित हो । | اوڏو، لاڳيتو | ओडो, लागीतो | contiguous. |
| **समवाय** | पुं. | 1. समूह, झुंड; | ميڙ، جهنڊ | मेड़ु, झंडु; | collection, multitude; |
| | | 2. नियमानुसार गठित वह व्यापारिक संस्था जिसके हिस्सेदारों को अपनी लगाई पूंजी के अनुपात से लाभांश मिलता हो । | ڪمپني | कम्पनी | company. |
| **समवेत** | वि. | एक जगह इकट्ठा किया हुआ, एकत्र । | گڏ، ڪٺو | गडु, कठो | collected, collective. |
| **समवेदना** | स्त्री. | किसी के दु:ख में दु:खी होने का भाव, सहानुभूति । | همدردي، درددوندي | हमदर्दी, दर्दवंदी | condolence, sympathy. |
| **समशीतोष्ण** | वि. | जहां सर्दी-गर्मी की मात्रा बराबर रहे । | پورو پنو | पूरो पुनो | moderate, temperate. |
| **समष्टि** | स्त्री. | सामूहिकता, संपूर्णता । | سمورائي، ڪليت | समूराई, कुल्यत | collectiveness, totality, aggregate. |
| **समस्त** | वि. | 1. सब, कुल, पूरा; | سڀ، ڪل، سمورو؛ | सभु, कुलु, समूरो; | all, whole, entire, complete; |
| | | 2. जो समास के नियमों के अनुसार मिलकर एक हो गया हो । | (گرامر) مرڪب، گڏيل | (ग्राम.) मुर्कबु, गडियलु | (in Gram.) compounded. |
| **समस्या** | स्त्री. | 1. उलझन वाली ऐसी विचारणीय बात जिसका निराकरण सहज में न हो सकता हो, कठिन या विकट प्रसंग; | مسئلو، سمسيا؛ | मसइलो, समस्या; | problem; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कविता का अंतिम चरण या अंश जो उसी तुक तथा लय में छंद को पूरा करने के लिए स्पर्धी को दिया जाए । | مشاعري جي ڇٽاڀيٽيءَ ۾ ڏنل سٽ، طرح مصرع | मुशाइरे जी चटाभेटीअ में डिनल सिट, तरह मिस्रा | the last portion or line of a metrical composition which is meant for completion in the same metre by a competitor. |
| समस्यापूर्ति | स्त्री. | किसी समस्या को लेकर छंद, कविता आदि को पूरा करना । | طرح مصرع تي لکيل شعر | तरह मिस्रा ते लिख्यल शॅरु | completing a metrical composition posed as a समस्या । |
| समा | पुं. | 1. समय, वक्त; | وقت، سمو؛ | वक्त, समो; | time, occasion, weather; |
| | | 2. ऋतु, जमाना; | منڊ، زمانو؛ | मुंद, जमानो; | season; |
| | | 3. सुंदर और सुहावना दृश्य । | نظارو | निज़ारो | scene, landscape, view. |
| समाई | स्त्री. | 1. समाने की क्रिया या भाव; | گنجائش، جڳهه؛ | गंजाइश, जगह; | capacity; |
| | | 2. सहनशक्ति । | سهن شڪتي، ڌيرج | सहन शक्ती, धीरज | endurance. |
| समागम | पुं. | 1. भेंट, मिलन; | سماگم، ملاقات، ميل؛ | समागम, मुलाकात, मेल; | encounter, meeting; |
| | | 2. संभोग, मैथुन । | سنڀوڳ، جماع | संभोग, जमाउ | intercourse. |
| समाचार | पुं. | वृत्तांत, खबर, संवाद । | سماچار، خبر | समाचारु, खबर | news, report, message. |
| समाचार-पत्र | पुं. | नियमित समय पर प्रकाशित होनेवाला वह पत्र जिसमें अनेक प्रदेशों, राष्ट्रों आदि से संबंधित समाचार रहते हों, अखबार । | اخبار | अख़्बार | newspaper. |
| समाज | पुं. | 1. बहुत से लोगों का गिरोह या झुंड; | سماج، پنگت؛ | समाज, पंगति; | community, society, congregation; |
| | | 2. किसी विशिष्ट उद्देश्य से स्थापित की हुई सभा । | سڀا، منڊلي، سماج، انجمن | सभा, मंडली, समाज, अंजमन | club, association. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| समाजवाद | पुं. | एक आर्थिक तथा राजनीतिक विचार-प्रणाली जिसके अनुसार सत्ता तथा स्वामित्व व्यक्तिगत हाथों में नहीं रहना चाहिए बल्कि सामूहिक रूप से समाज में निहित रहना चाहिए । | سماجواد | समाजवाद | socialism. |
| समाजवादी | वि. | 1. समाजवाद सम्बन्धी; | سماجوادي ؛ | समाजवादी; | socialistic; |
| | | 2. समाजवाद का अनुयायी या समर्थक । | سماجوادي | समाजवादी | socialist. |
| समादर | पुं. | अच्छा और उचित आदर, सम्मान, खातिर । | عزت، خاطرداري | इज़्ज़त, खातिरदारी | great respect, reverence, veneration. |
| समादृत | वि. | जिसका अच्छी तरह आदर हुआ हो । | مانوارو، عزتدار، آدر ڪيل | मानवारो, इज़्ज़तदारु, आदरु कयलु | respected, honoured. |
| समादेश | पुं. | आज्ञा, आदेश, निदेश । | حڪم، آگيا | हुकुम, आज्ञा | command. |
| समाधान | पुं. | 1. आपत्ति की निवृत्ति करना, संदेह निवारण करना; | شڪ دور ڪرڻ ؛ | शक दूरि करणु; | the act of solving a problem; |
| | | 2. वह युक्ति या योजना जिसके द्वारा समस्या हल की जाती हो । | حل، سماڌان | हल, समाधानु | solution. |
| समाधि | स्त्री. | 1. ईश्वर के ध्यान में मग्न होना; | سماڌي، ڌيان ؛ | समाधी, ध्यानु; | meditation, trance; |
| | | 2. वह स्थान जहां किसी का मृत शरीर या अस्थियां गाड़ी गई हों । | سماڌي، قبر، مقبرو | समाधी, कबर, मकबरो | grave, tomb. |
| समाधिस्थ | वि. | जो समाधि लगाए हुए हो । | سماڌيءَ ۾ ويٺل | समाधीअ में वेठलु | absorbed in meditation or contemplation. |
| समान | वि. | गुण, मूल्य, महत्व आदि के विचार से किसी के अनुरूप या बराबरी का, बराबर, तुल्य, सदृश । | سمان، برابر، هڪجهڙو | समानु, बराबर, हिकजहिड़ो | equal, equivalent, similar. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समानता** | स्त्री. | तुल्यता, बराबरी, सादृश्य । | برابري، هڪجهڙائي | बराबरी, हिकजहिड़ाई | parity, equality, similarity. |
| **समानांतर** | वि. | 1. (रेखाएं आदि) जो नित्य समान अंतर पर रहें; | پور وڇوٽي؛ | पूर विछोटी; | parallel; |
| | | 2. साथ-साथ चलने, काम करने वाला । | ساٿي، همسفر | साथी, हमसफ़रु | as above. |
| **समाना** | अ. क्रि. | 1. अंदर आना, भरना, अटना; | سمائڻ، ڀرجڻ، پورو اچڻ؛ | समाइण, भर्जण, पूरो अचणु; | to be contained (in), to fit (in); |
| | | 2. व्याप्त होना । | رمي وڃڻ، پرويش ڪرڻ | रमी वञणु, प्रवेशु करणु | to permeate, to pervade. |
| **समानाधिकार** | पुं. | बराबर का अधिकार । | برابر حق | बराबरि हकु | equal rights. |
| **समानार्थक** | वि. | समान अर्थ रखनेवाला, पर्यायवाची । | سمارٿي، هم معنيٰ | समि-अर्थी, हम माना | having the same meaning, synonymous. |
| **समापन** | पुं. | समाप्त करना, पूरा करना । | سماپن، سماپتي | समापनु, समाप्ती | completion, conclusion. |
| **समाप्त** | वि. | 1. (कार्य) पूरा किया हुआ; | پورو، ختم؛ | पूरो, ख़तमु; | completed, concluded; |
| | | 2. (वस्तु) जिसका भोग, संहार आदि के कारण अस्तित्व नष्ट हो गया हो; | ناس، ختم؛ | नासु, ख़तमु; | exhausted, finished; |
| | | 3. (नौकरी) जिसका कार्यकाल बीत चुका हो | پوري ٿيل، ڇٽل (نوڪري) | पूरी थियल, छुटल (नौकिरी) | terminated. |
| **समाप्ति** | स्त्री. | खतम या पूरा होना । | خاتمو، آخر، انت، سماپتي | ख़ातिमो, आख़िरु, अंतु, समाप्ती | completion, end, termination. |
| **समाप्य** | वि. | खतम या पूरा करने या होने के लायक । | خاتمي جوڳو، انت لائق | ख़ातिमे जोगो, अंत लाइकु | to be accomplished or concluded or completed. |
| **समारंभ** | पुं. | आरंभ, शुरूआत । | آرنڀ، شروعات | आरंभु, शुरूआति | commencement, inauguration. |
| **समारोह** | पुं. | कोई ऐसा शुभ आयोजन जिसमें चहलपहल तथा धूमधाम हो । | جلسو، اتسو | जल्सो, उत्सउ | function, celebration. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| समालोचक | पुं. | समीक्षक, समालोचना करनेवाला । | نقاد، سمالوچڪ | नकादु, समालोचकु | critic. |
| समालोचन | पुं. | 1. किसी वस्तु, कृति या व्यक्ति आदि के गुण-दोष का सम्यक विवेचन करना; | نڪته‌چيني، سمالوچنا؛ | नुक्ता-चीनी, समालोचना; | criticism; |
| | | 2. साहित्य में, वह लेख जिसमें किसी कृति के गुण-दोषों के संबंध में किसी ने अपने विचार प्रकट किए हों । | تنقيد | तन्कीद | literary criticism. |
| समालोचना | स्त्री. | दे. 'समालोचन' । | 'समालोचन' ڏسو | डिसो 'समालोचन' | see 'समालोचन'. |
| समावर्तन | पुं. | 1. वापस आना, लौटना, विशेषकर प्राचीन भारत में वह समारोह जिसमें गुरुकुल के स्नातकों को विद्याध्ययन कर लेने के उपरांत विदाई दी जाती थी; | موٽ، واپسي؛ | मोट, वापसी; | return; |
| | | 2. विश्वविद्यालयों में होनेवाला वह समारोह जिसमें उच्च परीक्षाओं में उत्तीर्ण होनेवाले छात्रों को प्रमाण-पत्र आदि दिए जाते हैं, दीक्षान्त समारोह । | ڪانووڪيشن، يونيورسٽيءَ وغيره جو اهو جلسو جنهن ۾ ڪامياب شاگردن کي سرٽيفڪيٽ ڏنا وڃن | कान्वोकेशन, यूनीवर्सिटीअ वग़ैरह जो उहो जल्सो जंहिं में काम्याबु शागिर्दनि खे सर्टीफ़िकेट डिना वञनि | convocation. |
| समाविष्ट | वि. | जिसका समावेश कर लिया गया हो, जो मिला लिया गया हो । | داخل ڪيل، ملايل | दाख़िलु कयलु, मिलायलु | entered, included, incorporated. |
| समावेश | पुं. | मिलना, शामिल होना । | ميل، داخلا | मेलु, दाख़िला | inclusion, entry, incorporation. |
| समास | पुं. | 1. योग, मेल; | ميل، ايڪو؛ | मेलु, एको; | conjunction, combination, union; |
| | | 2. संक्षेप; | اختصار، سار؛ | इख़्तसारु, सारु; | contraction, abbreviation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. दो या अधिक पदों को मिलाकर एक पद का रूप देना । | لفظ، سماس | लफ़्ज़, समास | compound word. |
| समाहर्ता | पुं. | वह राज कर्मचारी जिसके जिम्मे किसी जिले से राजकर या प्राप्य धन आदि उगाहने का काम होता है । | ڍل وصوليندڙ | ढल वसूलींदड़ | collector (as of taxes). |
| समाहार | पुं. | 1. बहुत-सी वस्तुओं को एक जगह इकट्ठा करना, संग्रह; | سنگرهه؛ | संग्रह: | collection, accumulation; |
| | | 2. ढेर, राशि । | ڍير، ڍڳ | ढेरु, ढिगु | heap, pile. |
| समाहित | वि. | 1. एक जगह इकट्ठा किया हुआ; | گڏ ڪيل، ڪٺو ڪيل؛ | गडु कयलु, कठो कयलु: | brought together, assembled; |
| | | 2. केंद्रित; | هم مرڪز؛ | हम मर्कज़: | concentrated; |
| | | 3. शांत । | سانت، چپ | सांति, चपि | composed, collected, calm (as mind). |
| समिति | स्त्री. | 1. विशेष कार्य के लिए गठित कुछ व्यक्तियों की सभा; | ڪاميٽي؛ | कामेटी: | committee; |
| | | 2. सभा, समाज । | سڀا، سماڄ، جماعت | सभा, समाज, जमाइत | union, association. |
| समिधा | स्त्री. | यज्ञ में जलाने की लकड़ी । | يگيه جون ڪاٺيون | यज्ञ जूं काठ्यूं | wood, fuel, especially sacrificial sticks |
| समीकरण | पुं. | 1. समान या बराबर करना; | برابر ڪرڻ؛ | बराबर करणु: | the act of making even or equal, equalizing; |
| | | 2. (गणित में) ज्ञात राशि की सहायता से अज्ञात राशि निकालने की एक क्रिया | مساوات، حساب ۾ ڪنهن ڄاتل درجي جي مدد سان ڪنهن اڻ ڄاتل درجي جي ڄاڻ | मुसावाति, हिसाब में कंहिं जातल दर्जे जी मदद सां कंहिं अण जातल दर्जे जी जाण | (in Arith.) reducing fractions to a common denominator, equation. |
| समीक्षक | पुं. | सम्यक् रूप से देखने या समीक्षा करनेवाला, समालोचक । | نقاد، نڪته چين، سمالوچڪ | नकाद, नक्ताचीन, समालोचक | reviewer, critic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| समीक्षा | स्त्री. | 1. ग्रंथों, लेखों आदि के गुण-दोषों का विवेचन, समालोचन; | سمالوچنا، نڪتہ چيني؛ | समालोचना, नुक्ताचीनी: | review, criticism; |
| | | 2. अच्छी तरह देखने की क्रिया। | جاچ پڙتال | जाच-पड़ताल | looking well at, full consideration. |
| समीचीन | वि. | ठीक, उचित, न्याय्य। | ٺيڪ، برابر، واجبي | ठीक, बराबरि, वाजिबी | fit, proper, right. |
| समीप | वि. | निकट, पास। | ويجهو، ڀرسان | वेझो, भरिसां | near, adjacent, close by, beside. |
| समीपता | स्त्री. | निकटता | ويجهائي | वेझाई | nearness, proximity. |
| समीपवर्ती | वि. | जो समीप या पास में स्थित हो। | لاڳيتو، پاسي وارو | लागीतो, पासे वारो | adjacent, neighbouring. |
| समीर | पु. | वायु, हवा। | هوا، واءُ | हवा, वाउ | wind, air, breeze. |
| समुंदर | पु. | समुद्र। | سمنڊ، سائرُ | समंड, साइरु | sea, ocean. |
| समुचित | वि. | ठीक, उचित, उपयुक्त | ٺيڪ، واجبي | ठीक, वाजिबी | fit, right, proper, appropriate. |
| समुच्चय | पु. | 1. समूह, राशि; | مجموعو، ميڙ؛ | मज्मुओ, मेड़: | collection, accumulation; |
| | | 2. शब्दों या वाक्यों का योग। | (گرامر) لفظن جو ميڙ | (ग्रा.) लफ़्ज़नि जो मेड़ | (in Gram.) conjunction of words. |
| समुदाय | पु. | 1. समूह, राशि; | مجموعو، ميڙ؛ | मज्मुओ, मेड़: | number, heap, mass, aggregate; |
| | | 2. समाज, बिरादरी | سماج، برادري | समाज, बिरादरी | community. |
| समुद्र | पु. | वह विशाल जल राशि के इस पृथ्वी तल के प्रायः तीन-चौथाई हिस्से में व्या सागर। | سمنڊ، ساگر | समंड, सागरु | sea, ocean. |
| समुद्री (समुद्रीय) | वि. | समुद्र का, समुद्र-सम्बन्धी | سامونڊي | सामंडी | marine, oceanic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| समुन्नत | वि. | 1. जिसकी यथेष्ट उन्नति हुई हो, खूब बढ़ा-चढ़ा;<br>2. बहुत ऊँचा । | ترقي ڪيل، وڌيل ويجهيل، آسودو؛<br>اوچو، بلند | तरक्की कयलु, वध्यलु-वीझ्यलु, आसूदो;<br>ऊचो, बुलंदु | progressed, developed;<br>elevated, high, lofty. |
| समुन्नति | स्त्री. | 1. समृद्धि;<br>2. ऊँचाई । | آسودگي، ترقي؛<br>اوچائي، بلندي | आसूदिगी, तरक्की;<br>ऊचाई, बुलंदी | rise, prosperity, progress, development;<br>height, loftiness. |
| समूचा | वि. | कुल, पूरा, सब । | سمورو، سڄو، سڀ | समूरो, सजो, सभु | whole, entire, complete. |
| समूल | वि. | जिसमें मूल या जड़ हो । | پاڙ سڌو، بنيادي | पाड़ सधो, बुनियादी | having roots, well founded. |
| | क्रि. वि. | जड़ या मूल से, पूरी तरह । | پوري طرح، پاڙئون | पूरी तरह, पाड़ऊं | completely, utterly. |
| समूह | पुं. | 1. ढेर, राशि;<br>2. झुंड, समुदाय । | ڍير، ڍڳ؛<br>جهنڊ، مجموعو | ढेरु, ढिगु;<br>झुंडु, मजमूओ | quantity, heap;<br>group, multitude, assemblage. |
| समृद्ध | वि. | संपन्न, धनवान् । | آسودو، شاهوڪار، ڌنوان | आसूदो, शाहूकारु, धनवानु | very prosperous, flourishing, wealthy. |
| समृद्धि | स्त्री. | बहुत अधिक सम्पन्नता, अमीरी । | آسودگي، شاهوڪاري | आसूदिगी, शाहूकारी | prosperity, affluence, richness. |
| समेटना | स. क्रि. | 1. बिखरी हुई वस्तुओं को इकट्ठा करना;<br>2. शेष कार्य को पूरा करना, समाप्त करना । | گڏ ڪرڻ، ڪٺو ڪرڻ؛<br>پورو ڪرڻ، ختم ڪرڻ | गडु करणु, कठो करणु;<br>पूरो करणु, ख़तमु करणु | to collect together, to amass;<br>to wind up. |
| समेत | वि. | किसी के साथ मिला या लगा हुआ, संयुक्त । | سميت، سوڌو | समेति, सूधो | united together, associated (with). |
| | क्रि. वि. | सहित, साथ । | سميت، سان گڏ | समेति, सां गडु | with, together with, along with. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| समोना | स. क्रि. | 1. समाविष्ट या सम्मिलित करना;<br>2. इकट्ठा या संगृहीत करना । | ملائڻ، شامل ڪرڻ؛<br>گڏ ڪرڻ، سنگرھ ڪرڻ | मिलाइणु, शामिलु करणु;<br>गडु करणु, संग्रह करणु | to include, to incorporate;<br>to collect, to assemble. |
| समोसा | पु. | सिंघाड़े की शक्ल का एक नमकीन पकवान । | سنبوسو | संबोसो | a kind of stuffed piece of a triangular shape. |
| सम्मत | वि. | 1. एक ही राय का, सहमत;<br>2. पुष्ट, समर्थित, अनुमोदित । | يڪراءِ، سهمت؛<br>تائيد ڪيل، قبوليل | यकिराइ, सहमति;<br>ताईद कयलु, कबूल्यलु | of one mind, of the same opinion;<br>supported by, approved by, acknowledged. |
| सम्मति | स्त्री. | 1. सलाह, राय;<br>2. सहमति । | صلاح، راءِ؛<br>قبوليت | सलाह, राइ;<br>कबूल्यत | advice, opinion;<br>consent, agreement. |
| सम्मन (समन) | पु. | न्यायालय द्वारा प्रेषित वह पत्र जिसमें किसी को न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया जाता है । | سمن | समनु | summons. |
| सम्मान | पु. | इज्जत, आदर, प्रतिष्ठा । | عزت، آدر، سنمان | इज़्ज़त, आदरु, सन्मानु | honour, respect, homage. |
| सम्माननीय | वि. | जिसका सम्मान किया जाना आवश्यक और उचित हो । | آبرودار، عزت وارو، آدر جوڳو | आबरूदारु, इज़्ज़तवारो, आदर जोगो | honourable, respectable. |
| सम्मानित | वि. | जिसका सम्मान किया गया हो । | معزز، عزت مليل، مانوارو | मुअज़िज़ि, इज़्ज़त मिल्यलु, मानवारो | honoured, respected. |
| सम्मिलन | पु. | मिलना, एकत्र होना । | گڏجڻ | गडिजणु | coming together, union. |
| सम्मिलित | वि. | 1. किसी के साथ मिला या मिलाया हुआ;<br>2. मिलजुल कर किया हुआ, सामूहिक । | شامل، گڏيل؛<br>گڏيل، گڏجي ڪيل | शामिलु, गडियलु;<br>गडियलु, गडिजी कयलु | included;<br>collective. |
| सम्मिश्रण | पु. | 1. मिलाने की क्रिया;<br>2. मिलावट । | ملاوت؛<br>ملاوٽي، مسيل | मिलावत;<br>मिलावती, मिस्यलु | the act or process of mixing together;<br>adulteration. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सम्मिश्रित** | वि. | 1. मिलाया हुआ, एक साथ किया हुआ; | گڏيل، ملايل؛ | गडियल, मिलायल; | mixed together, intermixed; |
| | | 2. मिलावटी । | ملاوٽي، گڏيل | मिलावटी, गडियल | adulterated. |
| **सम्मुख** | वि. | सामने, समक्ष, आगे । | سامهون، اڳيان | सामहूं, अगि़यां | in front (of), in the presence (of), before. |
| **सम्मेलन** | पुं. | मनुष्यों का किसी विशेष उद्देश्य से अथवा किसी विषय पर विचार करने के लिए एकत्र होने वाला समाज । | سميلن، سڀا، ميڙ | सम्मेलन, सभा, मेड़ | gathering, conference. |
| **सम्मोह** | पुं. | 1. मूर्च्छा, बेहोशी; | مورڇا، بيهوشي؛ | मूर्छा, बेहोशी; | hypnosis; |
| | | 2. प्रेम, मोह; | پريم، موهه؛ | प्रेम, मोह; | infatuation, fascination; |
| | | 3. अज्ञान, मूर्खता । | بيوقوفي، اگيان | बेवकूफी, अज्ञान | ignorance, folly. |
| **सम्मोहक** | वि. | 1. बेहोश या संज्ञाहीन करने वाला; | بيهوش ڪندڙ، هوش وڃائيندڙ؛ | बेहोश कंदड़, होश विञाइंदड़; | hypnotic; |
| | | 2. मुग्ध करनेवाला, वश में करनेवाला । | مست ڪندڙ، وس ڪندڙ | मस्त कंदड़, वसि कंदड़ | hypnotising, fascinating. |
| **सम्मोहन** | पुं. | 1. मुग्ध करना; | مستي، بيهوشي، مورڇا؛ | मस्ती, बेहोशी, मूर्छा; | fascination, hypnosis; |
| | | 2. बहकाना । | ڀنڀلائڻ | भंभलाइण | beguilement. |
| **सम्यक्** | वि. | 1. उचित, उपयुक्त; | برابر، ٺيڪ، واجبي؛ | बराबरि, ठीक, वाजिबी; | right, fit, appropriate; |
| | | 2. ठीक, सही । | صحيح، درست | सही, दुरुस्त | correct, accurate. |
| **सम्राज्ञी** | स्त्री. | सम्राट की पत्नी । | مهاراڻي | महाराणी | empress. |
| **सम्राट** | पुं. | साम्राज्य का स्वामी । | شهنشاهه، مهاراجا | शहनशाह, महाराजा | emperor. |
| **सम्हलना** | अ. क्रि. | दे. 'संभलना' । | 'संभलना' ڏسو | डिसो, 'संभलना' | see 'संभलना'. |
| **सयाना** | वि. | 1. जो बाल्यावस्था पार कर वयस्क हो चला हो; | سياڻو، ساماڻل، بالغ؛ | स्याणो, सामाणलु, बालिग; | grown up, adolescent; |
| | | 2. बुद्धिमान, समझदार; | سياڻو، بڌيمان؛ | स्याणो, बुद्धीमानु; | sagacious, wise; |
| | | 3. चालाक, धूर्त । | چالاڪ، ٺڳ | चालाकु, ठगु | clever, shrewd, cunning. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सर | वि. | 1. हराया हुआ, पराजित; | هارايل، هار کاڌل؛ | हारायल्, हार खाधल्: | defeated. vanquished; |
| | | 2. (काम) पूरा या समाप्त किया हुआ । | (ڪم) پورو ڪيل، ختم، ڪيل، راس | (कम) पूरो कयल्, खतम्, कयल, रासि | completed, accomplished. |
| | पुं. | 1. बड़ा तालाब; | وڏو تلاءُ؛ | वड़ो तलाउ: | pond, pool, tank; |
| | | 2. सिर; | سر، مٿو؛ | सिर्, मथो: | head, top; |
| | | 3. चोटी, शीर्षभाग । | چوٽي | चोटी | pinnacle, tip. |
| सरकंडा | पुं. | सरपत की जाति का एक पौधा जिसमें गाँठें होती हैं । | سر، ڪانو | सरु, कानो | a kind of reed. |
| सरकना | अ. क्रि. | 1. जमीन से सटे हुए आगे बढ़ना, रेंगना; | سرڪڻ، رڙهڻ؛ | सिर्कणु, रिढ़णु: | to slide, to slip, to crawl; |
| | | 2. धीरे-धीरे तथा थोड़ा-थोड़ा आगे बढ़ना । | ڌيري ڌيري وڌڻ | धीरे धीरे वधणु | to move slowly. |
| सरकार | स्त्री. | किसी देश के सम्राट, राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री द्वारा चुने हुए मंत्रियों का वह दल जो सामूहिक रूप से उस देश का शासन करता है । | سرڪار | सरकार | administration, government. |
| सरकारी | वि. | सरकार का, राजकीय । | سرڪاري | सरकारी | relating to Government,official. |
| सरगम | पुं. | 1. संगीत में षड्ज से निषाद तक के सातों स्वरों का समूह; | سرگم، ست سر؛ | सरगमु, सत सुर: | the gamut; |
| | | 2. किसी गीत में लगने वाले स्वरों का उच्चारण; | سرگم، گيت جو سر؛ | सरगमु, गीत जो सुरु: | solfa notation; |
| | | 3. किसी गीत में लगने वाले स्वरों का क्रम, स्वरलिपि । | سرگم، سرن جو سلسلو | सरगमु, सुरनि जो सिलसिलो | a syllabic form of musical composition. |
| सरगर्मी | स्त्री. | सक्रियता, क्रियाशीलता । | سرگرمي | सरगर्मी | hectic activity. |
| सरणि (सरणी) | स्त्री. | 1. मार्ग, रास्ता; | رستو، واٽ؛ | रस्तो, वाट: | channel; |
| | | 2. पंक्ति । | قطار، صف | कतार, सिफ़ | row, line. |
| सरनाम | पुं. | प्रसिद्ध, मशहूर, विख्यात । | مشهور، ناليرو، نامي | मशहूरु, नालेरो, नामी | well-known, renowned, famous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सरपंच | पु. | पंचायत का सभापति । | پينچات جو مکي | पैंचाति जो मुखी | head of the panchayat. |
| सरपट | स्त्री. | घोड़े की बहुत तेज चाल जिसमें वह दोनों पैर साथ-साथ आगे फेंकता है । | گھوڙي جي تکڙي چال | घोड़े जी तकिड़ी चालि | quick pace. |
| | क्रि. वि. | घोड़े की उक्त चाल की तरह तेज भागते या दौड़ते हुए । | تيز ڊوڙندي؛ تکڙو ڀڄندي | तेज़ ॾोड़ंदे, तकिड़ो-भॼंदे | galloping. |
| सरपत | पु. | कुश की जाति का एक तृण । | ڏڀ، سر (گاھ) | डभु, सरु (गाहु) | a kind of reed or reed grass. |
| सरल | वि. | 1. जो टेढ़ा या वक्र न हो, सीधा; | سڌو، سنئون؛ | सिधो, संओं; | straight, not crooked; |
| | | 2. जिसके मन में छल-कपट न हो, सीधा और भोला; | سادو سودو؛ | सादो सुदो; | upright, honest, sincere, artless; |
| | | 3. आसान, सहज । | سولو، سوکو، آسان | सवलो, सौखो, आसानु | simple, easy. |
| सरलता | स्त्री. | 1. सीधापन, भोलापन; | سڌائي، سادگي؛ | सिधाई, सादगी; | artlessness, simplicity; |
| | | 2. आसानी, सुगमता । | آساني، سولائي | आसानी, सवलाई | easiness. |
| सरलीकरण | पु. | जटिल विषय आदि को आसान बना देना । | سولو ڪرڻ، آسان بڻائڻ | सवलो करणु, आसानु बणाइणु | simplification. |
| सरस | वि. | 1. रसयुक्त, रसीला; | رسوارو، رسدار؛ | रसुवारो, रसुदारु; | juicy, sapid; |
| | | 2. हरा और ताजा; | تازو، سائو؛ | ताज़ो, साओ; | fresh, new, blooming; |
| | | 3. (रचना) जो भावमयी और मोहक हो; | (رچنا) سندر، موهيندڙ؛ | (रचना) सुन्दरु, मोहींदड़; | beautiful, elegant; |
| | | 4. रसिक, सहृदय । | موجي، خوش طبع | मौजी, ख़ुशि तबअ | interesting, humorous. |
| सरसरी | वि. | जमकर या अच्छी तरह नहीं बल्कि यों ही और जल्दी में होनेवाला । | سرسري، مٿاڇري، اڇاترو | ससरी, मथाछिरी, उछातिरो | cursory, hurried; |
| सरसिज | पु. | कमल । | ڪمل | कमलु | a lotus. |
| सरसों | स्त्री. | एक तेलहन, सर्षप । | سرنھ | सरिंह | mustard seed or plant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सरस्वती | स्त्री. | 1. विद्या और वाणी की अधिष्ठात्री देवी: | سرسوتي ديوي؛ | सरस्वती देवी; | the goddess of speech and learning; |
| | | 2. विद्या, इल्म; | وديا، علم؛ | विद्या, इल्मु; | speech, eloquence, learning. |
| | | 3. एक प्राचीन नदी । | سرسوتي ندي | सरस्वती नदी | the river Saraswati. |
| सरहज (सलहज) | स्त्री. | साले की पत्नी । | سالي جي ڄال | साले जी जाल | wife's brother's wife. |
| सरहद | स्त्री. | किसी देश, भू-भाग या राज्य की सीमा । | سرحد، حد | सरहद, हद | boundary, frontiers, border. |
| सराफ (सर्राफ) | पुं. | 1. सोने-चांदी का व्यापारी; | صراف؛ | सराफु; | person who deals in gold jewellery; |
| | | 2. वह दुकानदार जो बड़े सिक्कों को कुछ दलाली लेकर छोटे सिक्कों में बदल देता हो । | ڏي وٺ جو ڌنڌو ڪندڙ | डे-वठु जो धंधो कंदड़ु | a money changer |
| सराफा (सर्राफा) | पुं. | 1. सराफा का पेशा; | صرافي؛ | सराफ़ी; | the profession of jewellery or money changing, business of gold; |
| | | 2. वह बाजार जिसमें सराफों की अनेक दुकानें हों । | صراف بازار | सराफ़ बाज़ारि | Gold and silver exchange. |
| सराबोर | वि. | अच्छी तरह भीगा हुआ, तरबतर । | ڀنل، تر ٿيل | भिनलु, तरि थियलु | completely drenched, soaked. |
| सराय | स्त्री. | मुसाफिर खाना । | سراء، مسافر خانو | सराइ, मुसाफ़िर खानो | inn, tavern. |
| सरासर | क्रि. वि. | पूर्णतया, बिल्कुल । | سراسر، بلڪل، نپٽ | सरासरि, बिल्कुलु, निपटु | wholly, entirely, out and out. |
| सराहना | स्त्री. | तारीफ, प्रंशसा; | ساراهه، نيڪي، تعريف | साराह, नेकी, तारीफ | praise, eulogy. |
| | स.क्रि. | तारीफ करना, प्रशंसा करना | ساراهڻ | साराहयणु | to praise, commend, applaud. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सराहनीय | वि. | प्रशंसा के योग्य, तारीफ के लायक । | ساراهه جوڳو، تعريف لائق | साराह जोगो, तारीफ़ लाइक | praise-worthy, laudable. |
| सरिता | स्त्री. | 1. नदी; | نديءَ | नदी: | river, stream; |
| | | 2. धारा या प्रवाह। | وهڪرو، وهه | वहकरो, वह | flow, current. |
| सरिया | पु. | 1. सरकंडे का छड़; | سرُ، ڪانهُ؛ | सरु, कानु: | a piece of reed; |
| | | 2. लोहे का पतला लंबा छड़ । | شيخ | शीख | a thin iron rod (used in making bars or fences) . |
| सरीखा | वि. | समान, सदृश । | برابر، جهڙو، ساڳيو | बराबरि, जहिड़ो, साग्यो | like, similar, resembling. |
| सरूप | वि. | 1. समान, सदृश; | سمان، ساڳيو؛ | समान, साग्यो: | like, similar, resembling; |
| | | 2. साकार, रूपवाला । | ساڪار، روپوان | साकारु, रूपवान् | possessing form or appearance (of), having shape. |
| सरूपता | स्त्री. | तुल्यरूपता, सादृश्य । | هڪجهڙائي، ساڳيائي | हिकजहिड़ाई, साग्याई | identity of form, likeness, resemblance. |
| सरेश (सरेस) | पु. | एक लसदार पदार्थ जो पशुओं के चमड़े से तैयार किया जाता है और मुख्यत: लकड़ी जोड़ने के काम आता है । | سرس | सिर्स | glue. |
| सरोकार | पु. | वास्ता, संबंध । | واسطو، لاڳاپو | वास्तो, लागापो | concern, business. |
| सरोज | पु. | कमल । | ڪمل | कमलु | lotus. |
| सरोद | पु. | वीणा की तरह का एक प्रकार का बाजा । | چوتارو، سارنگي | चौतारो, सारंगी | a kind of violin. |
| सरोवर | पु. | तालाब । | تلاءُ | तलाउ | large lake or pond. |
| सरौता | पु. | सुपारी काटने का एक औजार । | سوڙو | सअड़ो | nut cracker. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सर्ग | पुं. | 1. किसी ग्रंथ विशेषत: काव्य ग्रंथ का अध्याय या प्रकरण; | باب، اڌياءُ؛ | बाबु, अध्याउ; | section, chapter, canto (as of a poem); |
| | | 2. प्रकृति, स्वभाव; | سڀاءُ؛ | सुभाउ; | nature, disposition; |
| | | 3. त्याग । | تياڳ | त्यागु | relinquishment, abandonment. |
| सर्जक | पुं. | रचना करनेवाला, स्रष्टा | سرجڻهار، رچناڪار | सिर्जणहारु, रचनाकारु | creator. |
| सर्जन | पुं. | 1. उत्पन्न करना या जन्म देना; | سرجڻ، اتپتي، رچنا؛ | सिर्जणु, उत्पती, रचना; | creating, producing. |
| | | 2. त्याग, छोड़ना । | تياڳ | त्यागु | abandoning, quitting. |
| सर्द | वि. | 1. ठंडा; | ٿڌو، سرد؛ | थधो, सर्दु; | cold, cool; |
| | | 2. फीका, बेमजा; | ڦڪو، بي مزي؛ | फिको, बेमज़े; | insipid, tasteless; |
| | | 3. उत्साह रहित । | بي اتساھ، بي همٿ | बे उत्साहु, बे हिम्मथु | lifeless. |
| सर्दा | पुं. | खरबूजे का एक भेद जो बढ़िया और अधिक मीठा होता है । | سردو (شردو) | सर्दो (शर्दो) | a kind of melon. |
| सर्दी | स्त्री. | 1. जाड़ा; | سردي، سيءُ، ٿڌ؛ | सर्दी, सीउ, थधि; | cold; |
| | | 2. जाड़े का मौसम; | سيارو؛ | स्यारो; | winter; |
| | | 3. जुकाम या प्रतिश्याप नामक रोग । | زڪام، ليس | ज़ुकामु, लेसु | cold, chill. |
| सर्दी-जुकाम | पुं. | ठंड लगने से छींकें आदि आना, नाक से पानी बहना आदि । | ليس کنگھ | लेसु-खंघि | cold and cough. |
| सर्प | पुं. | सरीसृप वर्ग का एक जन्तु, साँप । | نانگ، سپ | नांगु, सपु | serpent, snake. |
| सर्व | वि. | आदि से अंत तक, सब, समस्त, सारा । | سڀ، سڄو، سمورو | सभु, सजो, समूरो | all, whole, entire, complete. |
| सर्वज्ञ | वि. | सब कुछ जाननेवाला । | سڀ ڪجھ ڄاڻندڙ | सभु कुछु ज़ाणंदड़ु | all knowing, omniscient. |
| | पुं. | ईश्वर । | پرماتما، ايشور | परमात्मा, ईश्वरु | the Supreme Being. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सर्वतः | अव्य. | चारों ओर, सब तरफ । | چوڌاري، هر طرف | चौधारी, हरतरफ | on all sides, everywhere, all round. |
| सर्वतोमुखी | वि. | 1. जिसका मुंह चारों ओर हो; | چومکو؛ | चौमखो: | facing in all directions, turned, everywhere; |
| | | 2. जो सभी ओर प्रवृत्त रहता हो; | جيڪو سڀني پاسي ڌيان ڏئي سگهي؛ | जेको सभिनी पासे ध्यान डइ सघे: | versatile; |
| | | 3. जो सभी तरह के कार्यों में दक्ष हो । | هرفن مولي | हर फन मौला | all round (worker). |
| सर्वत्र | क्रि. वि. | सब जगह । | هر جڳهه، هر هنڌ | हर जगह, हर हंध | in all places, everywhere. |
| सर्वथा | क्रि. वि. | हर तरह से, पूर्णतः । | هر طرح، پوري طرح | हर तरह, पूरी तरह | in every respect, by all means, completely. |
| सर्वदा | क्रि. वि. | हमेशा, सदा । | سدا، سدائين | सदा, सदाइं | at all times, always. |
| सर्वनाम | पुं. | संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होनेवाला शब्द । | ضمير | ज़मीर | pronoun. |
| सर्वनाश | पुं. | पूरा विनाश, तबाही । | بربادي، تباهي، سروناش | बर्बादी, तबाही, सर्वनाश | complete ruin, devastation. |
| सर्वव्यापक | पुं. | जो सब पदार्थों और सब स्थानों में व्याप्त हो । | هر جا حاضر، سرو وياپڪ | हर जा हाज़रु, सर्वव्यापक | omnipresent, universal. |
| सर्वव्यापी | वि. | दे. 'सर्वव्यापक' । | 'सर्वव्यापक' ڏسو | डिसो 'सर्वव्यापक' | see '**सर्वव्यापक**' । |
| सर्वश्रेष्ठ | वि. | सर्वोत्तम, सबसे बढ़कर । | بهترين | बहितरीन | best, finest, most excellent. |
| सर्वसम्मति | स्त्री. | सब की सम्मति या राय, मतैक्य । | يڪراءِ | यकराइ | unanimity. |
| सर्वसाधारण | पुं. | साधारण लोग, जनता । | عام ماڻهو، رعايا، پرجا | आम माण्हू, रिआया, प्रजा | common man, people at large. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सर्वस्व | पुं. | सब कुछ, सारी सम्पत्ति । | سڀ ڪجهه | सभु कुझु | the whole of a person's property or possessions, one's all. |
| सर्वहारा | पुं. | समाज का निम्नतम श्रमिक वर्ग । | پورهيت ماڻهو، محنت ڪش ماڻهو | पोरह्यतु माण्हू, महिनतकशु माण्हू | proletariat. |
| सर्वांग | पुं. | सारा शरीर,सब अंग । | سڀ انگ، سڄو بدن | सभु अंग, सजो बदनु | the whole body. |
| सर्वांगीण | वि. | 1. सब अंगों में व्याप्त होनेवाला;<br>2. जो सभी अंगों से युक्त हो । | سڄو، سمورو<br>سڀ ۾ وسندڙ؛<br>سروانگي | सजो, समूरो<br>सभ में वसंदड़;<br>सर्वअंगी | pervading or thrilling through the whole body;<br>permeating all round. |
| सर्वेक्षक | पुं. | सर्वेक्षण करनेवाला । | سروير | सर्वेरु | surveyor. |
| सर्वेक्षण | पुं. | 1. किसी विषय के सही तथ्यों की जानकारी के लिए इस विषय के सब अंगों का किया जानेवाला आधिकारिक निरीक्षण;<br>2. ऐसा विवेचन जिसमें किसी विषय के सब अंगों को परखा गया हो । | سروي؛<br>جاچ پڙتال | सर्वे;<br>जाच पड़ताल | survey;<br>survey. |
| सर्वेश्वर | पुं. | 1. सबका स्वामी या मालिक;<br>2. ईश्वर;<br>3. चक्रवर्ती राजा । | سڀ جو مالڪ، سڀ جو سوامي؛<br>پرماتما؛<br>چڪرورتي راجا | सभ जो मालिकु, सभ जो स्वामी;<br>परमात्मा;<br>चक्रवर्ती राजा | the lord of all, master of all;<br>the Supreme Being;<br>universal monarch. |
| सर्वोच्च न्यायालय | पुं. | किसी देश का वह सबसे बड़ा न्यायालय जिसके अधीन वहां की सारी न्यायपालिका हो और जिसमें वहां के उच्च न्यायालयों के निर्णय आदि के संबंध में अन्तिम रूप से पुनर्विचार किया जा सकता हो | سپريم ڪورٽ | सुप्रीम कोरट | Supreme Court. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सर्वोत्तम | वि. | सबसे अच्छा, सर्वश्रेष्ठ । | بھترين، سڀ کان شريشٽ | वहितरीनि, सभ खां श्रेष्ठ | best of all, excellent. |
| सर्वोदय | पु. | सब लोगों के आर्थिक, नैतिक तथा सामाजिक उत्थान के लिए चलाया गया स्वतंत्र भारत का एक आंदोलन । | سروديہ، سڀ جي ترقي | सर्वोदय, सभ जी तरक्की | uplift of all. |
| सर्वोपरि | वि. | जो सबसे ऊपर या बढ़कर हो । | سڀني کان مٿي، بالا | सभिनी खां मथे, वाला | supreme, above all, ahead of all. |
| | क्रि. वि. | सबसे ऊपर । | سڀ کان اعلي | सभ खां आला | above all, ahead of all. |
| सलमा | पु. | कपड़ों पर बेलबूटे बनाने के काम आनेवाला सोने चाँदी का तार, बादला । | سرمو ستارُ، بادلو (ڀرت) | सुर्मो सतार, बादलो (भर्त) | a band of embroidery. |
| सलवार | स्त्री. | एक खास तरह की काट का पाजामा । | سلوار | सल्वार | a kind of trousers. |
| सलाई | स्त्री. | काठ, धातु आदि की पतली छोटी छड़ । | سرائي | सराई | knitting needle, needle, thin wire. |
| सलाख | स्त्री. | धातु की छड़ । | شيخ | शीख़ | thin iron rod, bar. |
| सलामत | क्रि. वि. | सकुशल । | سلامت، چڱو ڀلو | सलामत, चङो भलो | safe, sound, well. |
| सलामी | स्त्री. | 1. सलाम करने की रस्म; | سلامي؛ | सलामी; | act of salutation; |
| | | 2. विशेषत: सैनिकों आदि का एकमात्र किसी बड़े अधिकारी, अभ्यागत आदि का अभिवादन करना; | سلامي، وڏي عملدار جي فوجي مرحبا؛ | सलामी, वडे़ अमलदार जी फ़ौजी मरहबा; | salute in honour of a respected guest or officer. |
| | | 3. तोपें आदि दागकर किसी का स्वागत करना । | وڏي عملدار جي توبن سان مرحبا | वडे़ अम्लिदार जी तोबुनि मां मरहबा | salute by booming of guns. |
| सलाह | स्त्री. | सम्मति, राय, मशवरा । | صلاح، راءِ | सलाह, राइ | advice, counsel, opinion. |
| सलाहकार | पु. | राय देनेवाला, परामर्शदाता । | صلاحڪار، راءِ ڏيندڙ | सलाहकारु, राइ डीं॒दड़ | adviser, counsellor. |
| सलिल | पुं. | जल, पानी । | پاڻي، آب | पाणी, आबु | water. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सलीका** | पुं. | शऊर, तमीज, योग्यता । | شعور، تميز، طريقو | शऊरु, तमीज़, तरीको | manners, etiquette. |
| **सलूक** | पुं. | किसी के प्रति किया जाने-वाला व्यवहार । | سلوڪ، وهنوار | सलूक, वर्हिवारु | behaviour or conduct, treatment. |
| सलोना | वि. | 1. नमक मिला हुआ, नमकीन; | چهرو، سلوڻو؛ | चांहिरो, सलूणो; | salted, tasteful; |
| | | 2. सुन्दर, लावण्यमय । | سهڻو، سندر، لڀائيندڙ | सोहिणो, सुन्दरु, लभाईंदड़ु | beautiful, charming. |
| **सल्तनत** | स्त्री. | राज्य, बादशाहत, हुकूमत । | سلطنت، بادشاهت، راڄ | सल्तनत, बादिशाहत, राजु | sultanate, empire, kingdom. |
| **सवर्ण** | वि. | 1. समान रंग का; | ساڳئي رنگ جو؛ | सागिए रंग जो; | of the same colour; |
| | | 2. समान जाति का । | ساڳيءَ ذات يا ورڻ جو | सागीअ ज़ाति या वर्ण जो | of the same caste or tribe. |
| **सवा** | वि. | पूरा और एक चौथाई । | سوا | सवा | one and a quarter. |
| **सवाई** | स्त्री. | ऋण का वह प्रकार जिसमें मूलधन का चतुर्थांश ब्याज के रूप में देना पड़ता है । | سوائي، چوٿين پتي (وياج) | सवाई, चोथीं पती (व्याज) | a kind of loan where one fourth of the principal is to be paid by way of interest. |
| **सवाया** | वि. | 1. पूरे से एक चौथाई से अधिक, सवा गुना; | سوايو، سوائوڻو؛ | सवायो, सवाऊणो; | one and a quarte times; |
| | | 2. किसी की तुलना में कुछ अधिक या बढ़ा हुआ । | اڳرو، وڌيڪ | अगिरो, वधीक | more than, ahead of. |
| **सवार** | पुं. | वह जो किसी सवारी या यान पर आरूढ़ हो । | سوار | सवारु | rider, horseman, person sitting in/on a carriage. |
| **सवारी** | स्त्री. | 1. सवार होने की क्रिया; | سواري؛ | सुवारी; | riding; |
| | | 2. ऐसा साधन जिस पर सवार होकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हों, यान; | واهڻ؛ | वाहणु; | vehicle, conveyance; |
| | | 3. जुलूस; | جلوس | जलूसु | procession; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. सवार होनेवाला व्यक्ति मुसाफिर । | سواري، سوار ٿيندڙ | सवारी, सवारु थींदडु | passenger. |
| सवारी गाड़ी | स्त्री. | यात्रियों को लाने ले जानेवाली रेलगाड़ी । | گاڏي | गाडी | passenger train. |
| सवाल | पुं. | 1. गणित का प्रश्न; | سوال، پرشن ؛ | सवाल्, प्रश्न; | problem (in Arith.); |
| | | 2. याचना, फरियाद; | سوال، فريا، پن ؛ | सवाल्, फ़र्याद, पिन; | begging, asking; |
| | | 3. पूछना । | سوال، پڇا، جاچ جوچ | सवाल्, पुछा, जाच जच | question, querry. |
| सविनय अवज्ञा | स्त्री. | नम्रतापूर्वक किसी राज्याधिकारी की ऐसी आज्ञा को न मानना जो अन्यायमूलक प्रतीत हो और परिणामतः दिए जानेवाले दंड को धीरता-पूर्वक सहन करना । | نماڻي سول نافرماني | निमाणी सिविल नाफ़रमानी | civil disobedience. |
| सवेरा | पुं. | प्रातःकाल, सुबह । | صبح | सुबह् | morning. |
| सवेरे | अव्य. | 1. साधारण समय से कुछ पहले; | سوير، سويل، جلدي؛ | सवेर, सवेल, जल्दी; | early, soon; |
| | | 2. प्रातःकाल के समय । | پربات ويلي، صبح جو | प्रभाति वेले, सुबहजो | in the early morning. |
| सवैया | पुं. | एक प्रकार का छंद । | سويو، هڪ قسم جو ڇند | सवैयो, हिक किस्म जो छंदु | a kind of verse. |
| सशंक | वि. | जिसके मन में कोई शंका हो | شڪي، ڇرڪيل | शकी, छिकर्यल् | suspicious, doubtful. |
| सशस्त्र | वि. | जिसके पास शस्त्र हों, शस्त्रों से लैस । | هٿيار بند | हथियारबन्दु | having arms, armed. |
| ससुर | पुं. | विवाहित व्यक्ति के संबंध के विचार से पति या पत्नी का पिता । | سهرو | सहुरो | father-in-law. |
| ससुराल | स्त्री. | पति या पत्नी के पिता का घर । | ساهرا | साहुरा | father-in-law's house. |
| सस्ता (स्त्री. सस्ती) | वि. | 1. अल्प मूल्य का; | سستو ؛ | सस्तो; | cheap, low-priced; |
| | | 2. घटिया । | سادو | सादो | inferior. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सहकारिता** | स्त्री. | सहकारी या सहायक होने का भाव, मदद, सहायता । | سهڪار | सहकारु | cooperation. |
| **सहकारी** | वि. | 1. सहकार सम्बन्धी, सहकार का; | سهڪاري، سهڪار جو؛ | सहकारी, सहकार जो; | cooperative; |
| | | 2. साथ-साथ करनेवाला । | ساٿي، سنگي | साथी, संगी | associate, colleague. |
| **सहगमन** | पुं. | 1. किसी के साथ जीने की क्रिया; | گڏ وڃڻ، ساٿ ڏيڻ؛ | गड वञणु, साथु डियणु; | the act of going with, accompanying; |
| | | 2. मृत पति के साथ पत्नी का चिता पर चढ़ना । | ستي ٿيڻ، ڏاگهه چڙهڻ | सती थियणु, डाघि चढ़णु | the voluntary burning of a widow on the funeral pyre with her deceased husband. |
| **सहगान** | पुं. | 1. कई व्यक्तियों का साथ मिलकर गाना; | گڏجي ڳائڻ؛ | गडिजी गाइणु; | collective singing; |
| | | 2. कई व्यक्तियों द्वारा साथ मिलकर गाया हुआ गाना | گڏگي ڳاتل گيت | गडिगी गातलु गीतु | chorus. |
| **सहचर (स्त्री. सहचरी)** | पुं. | साथी, मित्र । | ساٿي، دوست | साथी, दोस्तु | associate, companion, friend. |
| **सहज** | वि. | 1. जन्मजात, प्राकृतिक; | سهج، پاڻمرادو؛ | सहजु, पाणमुरादो; | innate, inherent; |
| | | 2. आसान । | آسان، سولو | आसानु, सवलो | easy, simple, facile. |
| **सहजन (सहिजन)** | पुं. | एक प्रकार का बड़ा वृक्ष जिसकी लंबी फलियां तरकारी आदि के काम आती हैं । | سهانجڙو | सुहांजिड़ो | a kind of tree. |
| **सहधर्मिणी** | स्त्री. | पत्नी । | ڄال، پتني | ज़ाल, पत्नी | wife. |
| **सहन** | पुं. | 1. सहने की क्रिया; | سهڻ، برداشت؛ | सहणु, बर्दाश्त; | bearing, enduring, patience; |
| | | 2. आंगन, चौक । | سهن، اڱڻ، پڌر | सहनु, अङणु, पधरु | court-yard. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सहनशील | वि. | जिसमें अत्याचार, विपत्ति, आदि सहन करने की स्वाभाविक क्षमता या प्रवृत्ति हो, सहिष्णु | سهن شيل، صابر، سانتيڪو | सहन शीलु, साबिरु, सांतीको | patient, tolerant, for-bearing. |
| सहना | स. क्रि. | 1. सहन करना, झेलना; | سهڻ؛ | सहणु; | to bear, to suffer, to endure; |
| | | 2. बर्दाश्त करना, कष्ट उठाना । | برداشت ڪرڻ، ڏک سهڻ | वर्दाश्त करणु, दुख सहणु | to tolerate. |
| सहनीय | वि. | जो सहा जा सके, सहे जाने योग्य । | سهڻ لائق، برداشت ڪرڻ جھڙو | सहण लाइकु, वर्दाश्त करण जहिड़ो | tolerable. |
| सहपाठी | पुं. | साथ पढ़नेवाला । | همڪلاس | हमक्लास | class-fellow, class-mate. |
| सहमत | वि. | जिसका मत दूसरे से मिलता हो या जो दूसरे के मत को ठीक मानकर उसकी पुष्टि करता हो । | يڪراءِ، ساڳئي مت جو | यक राइ, साॻिए मत जो | agreed, consented. |
| सहमति | स्त्री. | सहमत होने की अवस्था या भाव । | قبوليت، رضامندي | कबूल्यत, रज़ामंदी | agreement, consent. |
| सहमना | अ. क्रि. | भयभीत होना, डरना । | ڏجڻ، ڏڪڻ | डिजणु, डकणु | to shrink out of fear, to be alarmed. |
| सहयोग | पुं. | 1. साथ मिलकर काम करना; | گڏجي ڪم ڪرڻ؛ | गड्डिजी कमु करणु; | cooperation, collaboration; |
| | | 2. किसी के काम में सम्मिलित होकर उसका हाथ बटाना । | سهائتا، مدد، سهيوگ | सहाइता, मदद, सहयोगु | assistance. |
| सहयोगी | पुं. | साथ काम करनेवाला । | مددگار، سهائڪ، سهيوگي | मददगारु, सहाइकु, सहयोगी | colleague, coworker, cooperator. |
| सहयोजन | पुं. | 1. साथ मिलाने की क्रिया या भाव; | گڏڻ، ملائڻ؛ | गडणु, मिलाइणु; | uniting or joining together; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आजकल वह नीति जिसके अनुसार किसी समिति के सदस्य ऐसे व्यक्तियों को भी अपने साथ सम्मिलित कर लेते हैं जो मूलत: निर्वाचित नहीं होते फिर भी जिनसे सहायता मिलने की आशा होती है । | اڻ چونڊيل ماڻھوءَ کي چونڊيل ڪاميٽيءَ ۾ شامل ڪرڻ | अण चूंडयलु माण्हूअ खे चूंडयल कामेटीअ में शामिलु करणु | cooption. |
| सहल | वि. | आसान, सरल । | آسان، سولو | आसानु, सवलो | easy, simple. |
| सहलग्न | वि. | साथ लगा या लगाया हुआ । | جڙيل، لڳل | जुड़यलु, लगलु | enclosed, appended. |
| सहलाना | स. क्रि. | धीरे-धीरे मलना या हाथ फेरना । | ٿڌڙا ڪيڻ، آهستي آهستي مهٽڻ | थधिड़ा कढणु, आहिस्ते आहिस्ते महिटणु | to rub gently, to caress. |
| सहवास | पु. | मैथुन, संभोग । | ڀوڳ، ولاس، سنڀوڳ، جماع | भोगु, विलासु, संभोगु, जमाउ | sexual union or intercourse. |
| सहसा | क्रि. वि. | अचानक, एकाएक । | اچانڪ، اوچتو | अचानक, ओचितो | suddenly, at once. |
| सहस्र | वि. | जो गिनती में दस सौ हों, हजार । | هزار | हज़ारु | thousand. |
| सहस्राब्दी | स्त्री. | हजार वर्षों का समय । | هزار سالي، هزار سالن جو عرصو | हज़ार साली, हज़ारु सालनि जो अर्सो | period of a thousand years, millennium. |
| सहानुभूति | स्त्री. | किसी के दु:खादि से दुखित होना, हमदर्दी । | همدردي | हमदर्दी | sympathy. |
| सहायक | वि., पुं. | सहायता करनेवाला, जो किसी उच्चाधिकारी के अधीन रहकर उसके कामों में सहयोग देता हो । | مددگار، سهائڪ | मददगारु, सहाइकु | helpful, assistant. |
| सहायता | स्त्री. | सहायक होने की अवस्था या भाव, मदद । | مدد، سهائتا | मदद, सहाइता | help, assistance. |
| सहारना | स. क्रि. | 1. सहन करना, बरदाश्त करना; | سهڻ، برداشت ڪرڻ؛ | सहणु, वर्दाशत करणु; | to bear, endure; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. ज़िम्मेदारी लेना, सँभालना । | ذميواري کڻڻ، سنڀالڻ | ज़िम्मेवारी खणणु, संभालणु | to take or shoulder responsibility. |
| **सहारा** | पुं. | 1. मदद; | سهارو، مدد؛ | सहारो, मदद; | help, assistance; |
| | | 2. आश्रय; | آسرو؛ | आसिरो; | dependence, reliance; |
| | | 3. टेक । | آڌار، ٽيڪ | आधारु, टेक | support, prop. |
| **सहित** | वि. | साथ, समेत । | گڏ، سميت | गडु, समेति | with, along with. |
| **सहिष्णु** | वि. | सहनेवाला, बरदाश्त करनेवाला । | سهندڙ، برداشت ڪندڙ، سهنشيل | सहंदड़ु, बर्दाश्त कंदड़ु, सहनशीलु | tolerant, forbearing. |
| **सहिष्णुता** | स्त्री. | सहनशीलता । | سهن شيلتا، برداشت | सहन शीलता, बर्दाश्त | tolerance, forbearance. |
| **सही** | वि. | 1. यथार्थ, वास्तविक; | صحيح، ٺيڪ؛ | सही, ठीकु; | real, factual; |
| | | 2. सच, सत्य; | سچ؛ | सचु; | true; |
| | | 3. जिसमें कोई दोष या भूल न हो, बिल्कुल ठीक । | صحيح، بلڪل ٺيڪ | सही, बिल्कुलु ठीकु | faultless, correct. |
| | स्त्री. | 1. हस्ताक्षर, दस्तखत; | صحيح، دستخط؛ | सही, दस्तख़तु; | signature; |
| | | 2. किसी बात की प्रामाणिकता या मान्यता का सूचक कथन । | تصديق | तस्दीक | authentication. |
| **सही-सलामत** | क्रि. वि. | सकुशल, निरापद । | صحيح سلامت، چڱو ڀلو | सही सलामत, चङो भलो | safe and sound, safe and well. |
| **सहूलियत** | स्त्री. | 1. आसानी, सुगमता; | سهوليت، آساني؛ | सहूल्यत, आसानी; | ease; |
| | | 2. सुभीता । | سولائي، سوکائي | सवलाई, सौखाई | convenience. |
| **सहृदय** | वि. | 1. जो दूसरे के दुःख की अनुभूति करता हो; | ديالو، نرم دل؛ | दयालू, नर्मु दिलि; | kind, compassionate; |
| | | 2. कोमल गुणों से युक्त हृदयवाला; | دلوارو؛ | दिलिवारो; | fine-hearted; |
| | | 3. साहित्य आदि के गुणों की परख रखने और उसकी विशेषताओं से प्रभावित होनेवाला । | ساهت پارکو | साहित पारखू | who appreciates merits of literature etc. |
| **सहृदयता** | स्त्री. | 1. दयालुता, करुणा; | ديا، رحم؛ | दया, रहमु; | kindness, compassion; |
| | | 2. चित्त की कोमलता; | نرم دلي، درياه دلي؛ | नर्मु दिली, दर्याह दिली; | fine-heartedness; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. रसज्ञता । | گڻ پرک | गुण परख | appreciation of merits or qualities. |
| सहेजना | स. क्रि. | 1. संभालना; | سنڀالڻ ؛ | संभालणु; | to put in order, to manage, to handle; |
| | | 2. जाँचना; | جاچڻ، پرکڻ؛ | जाचणु, परखणु; | to examine; |
| | | 3. कोई वस्तु सावधान करके सौंपना । | خبرداريءَ سان سونپڻ | खबरदारीअ सां सौंपणु | to hand over with care. |
| सहेली | स्त्री. | सखी, साथिन । | سهيلي، ساهيڙي | सहेली, साहेड़ी | a woman's female companion or friend. |
| सहोदर | वि. | सगा, एक माता से उत्पन्न । | سڳو، سڳو ڀاءُ | सगो, सगो भाउ | co-uterine, born of one mother, real brother. |
| सह्य | वि. | जो सहा जा सके, जो सहन किया जा सके । | سهڻ جوڳو، برداشت جهڙو | सहण जोगो, बर्दाश्त जहिड़ो | endurable, tolerable. |
| साँई | पु. | 1. स्वामी, मालिक; | سوامي، مالڪ؛ | स्वामी, मालिक; | master, lord; |
| | | 2. पति । | پتي، گهوٽ | पती, घोट | husband. |
| साँकल | स्त्री. | शृंखला, जंजीर । | زنجير، ڪڙي | ज़ंजीर, कड़ी | chain. |
| सांकेतिक | वि. | 1. संकेत संबंधी; | اشاري؛ | इशारी; | symbolic; |
| | | 2. संकेत के रूप में होने-वाला । | نشانيءَ طور، صورت نما | निशानीअ तौर, सूरत नमा | symbolic; token. |
| सांगोपांग | वि. | सभी अंगों और उपांगों सहित । | هر طرح | हर तरह | complete or perfect in all respects. |
| साँचा | पु. | वह ढाँचा जिसमें कोई गीली चीज भरकर खास शक्ल की चीज ढालते हैं । | سانچو، ڪالبُ | सांचो, कालबु | mould. |
| साँझ | स्त्री. | सूर्य डूबने से कुछ पहले तथा कुछ बाद तक का समय शाम । | سانجهي، سنجها، شام | सांझी, संझा, शाम | dusk, twilight, evening. |
| साँठ-गाँठ | स्त्री. | आपस में होनेवाला ऐसा सम्बन्ध जिसका कोई गुप्त या गूढ़ उद्देश्य हो । | سازش، منصوبو | साज़िश, मन्सूबो | intrigue, collusion |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सांड | पुं. | वह वृषभ या घोड़ा जो बधिया न कर जोड़ खिलाने के लिए पाला गया हो । | ٻگ لاءِ پاليل ڍڳو يا گھوڙو | लगु लाइ पाल्यलु ढगो या घोड़ो | bull or stallion brought up for the purpose of mating. |
| सांत्वना | स्त्री. | शोकाकुल या संतप्त व्यक्ति को शांत करने तथा समझाने बुझाने की क्रिया । | دلداري، آٿت | दिलदारी, आथत् | consolation. |
| सांध्य | वि. | संध्या सम्बन्धी, संध्या का, संध्या के समय होनेवाला । | شام جو، سانجهيءَ جو ٿيندڙ | शाम जो, सांझीअ जो थींदड़ | relating to the twilight or evening, relating to or of evening. |
| सांप | पुं. | पेट के बल रेंगनेवाला एक प्रसिद्ध विषैला कीड़ा । | نانگ، سپ، بلا | नांग, सपु, बला | snake, serpent. |
| सांप्रदायिक | वि. | संप्रदाय संबंधी, संप्रदाय का, किसी विशेष संप्रदाय से ही संबद्ध रहकर शेष संप्रदायों का विरोध करनेवाला । | فرقيوار، جاتيوار | फ़िर्केवारु, जातीवारु | communal, communalist. |
| सांप्रदायिकता | स्त्री. | सांप्रदायिक होने का भाव, केवल अपने संप्रदाय का हित चाहना और दूसरों की उपेक्षा करना । | فرقي پرستي، جاتيواد | फ़िर्केपरस्ती, जातीवाद | communalism. |
| सांवला | वि. | जिसके शरीर का रंग हलका कालापन लिए हुए हो । | سانورو | सांविरो | of a dark or sallow complexion. |
| सांविधिक | वि. | संविधि सम्बन्धी । | جوڙجڪي، قانوني | जोड़जकी, कानूनी | constitutional. |
| सांस | स्त्री. | नाक या मुंह से अंदर खींची और बाहर निकाली जानेवाली हवा । | ساهه، دم، پساهه | साहु, दमु, पसाहु | breath, breathing, respiration. |
| सांसत | स्त्री. | 1. बहुत अधिक शारीरिक कष्ट मानना; | ڏک، ڪشٽ؛ | दुखु, कष्टु; | physical pain; |
| | | 2. परेशानी । | پريشاني، مصيبت | परेशानी, मुसीबत | trouble, distress. |
| सांसा | पुं. | 1. श्वास, सांस; | ساهه، دم؛ | साहु, दमु; | breath; |
| | | 2. डर, खटका । | ڊڄ، ڊپ | डिजु, डपु | fear, apprehension. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सांसारिक** | वि. | संसार संबंधी, लौकिक, ऐहिक । | سنساري، دنيوي | संसारी, दुन्यवी | belonging to the world, worldly material. |
| **सांस्कृतिक** | वि. | संस्कृति से संबंध रखनेवाला या उसके क्षेत्र में आनेवाला । | تهذيبي، سانسڪرتڪ | तहज़ीबी, सांस्कृतिक | cultural. |
| **सा (स्त्री. सी)** | अव्य. | सदृश, समान, जैसा । | سمان، جهڙو، وانگر | समानु, जहिड़ो, वांगुरु | like, as. |
| **साइत** | स्त्री. | 1. पल, क्षण, लमहा;<br>2. मुहूर्त । | ساعت، گهڙي، لمحو؛<br>ساعت، سوڻ، سڳڻ | साइत, घड़ी, लहज़ो;<br>साइत, सुणु, सुगुनु | moment;<br>omen. |
| **साई** | स्त्री. | दे. 'सांई' । | 'सांई' ڏسو | डिसो 'सांई' | same as **'सांई'**. |
| **साईस** | पुं. | घोड़े की देखभाल करनेवाला, नौकर । | سئيس | सइसु | groom, horse-keeper. |
| **साकार** | वि. | 1. आकारयुक्त, मूर्त;<br>2. बात या योजना जिसे क्रियात्मक रूप प्राप्त हुआ हो । | ساڪار؛<br>(رٿ) پوري ٿيل، سقل ٿيل | साकारु;<br>(रिथ) पूरी थियलु, सफल थियलु | possessed of form or shape;<br>implemented (scheme, etc.). |
| **साकी** | पुं. | शराब पिलानेवाला | ساڪي | साकी | cup-bearer. |
| **साक्षर** | वि. | पढ़ा-लिखा, शिक्षित । | پڙهيل، تعليم يافته | पढ़यलु, तैलीम याफ़्ता | literate. |
| **साक्षरता** | स्त्री. | पढ़े-लिखे होने का भाव । | تعليم، پڙهائي | तैलीम, पढ़ाई | literacy. |
| **साक्षात्** | क्रि. वि. | 1. आंखों के सामने, प्रत्यक्ष;<br>2. शरीरधारी व्यक्ति के रूप में । | اکين آڏو، سامهون، ظاهر؛<br>شريرڌاري، ساڪار | अख्युनि आडो, सामुहूं, ज़ाहिरु;<br>शरीर धारी, साकारु | before the eyes, in sight (of);<br>visible in person. |
| **साक्षात्कार** | पुं. | 1. सामने आना या होना, प्रत्यक्ष उपस्थित होना;<br>2. प्रत्यक्ष रूप में होनेवाली भेंट, मुलाकात । | ملاقات، گڏجاڻي؛<br>ملاقات | मुलाकात, गडिजाणी;<br>मुलाकात | being face to face;<br>interview. |
| **साक्षी** | स्त्री.<br>पुं. | गवाही, गवाह का बयान ।<br>प्रत्यक्षदर्शी, अपनी आंखों से देखनेवाला । | شاهد<br>شاهدي | शाहिदु<br>शाहिदी | evidence.<br>eye-witness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| साक्ष्य | पुं. | आंखों से देखी हुई घटना का कथन, गवाही । | شاهدي | शाहिदी | testimony, evidence. |
| साक्ष्यंकन | पुं. | किसी पत्र, हस्ताक्षर आदि के संबंध में साक्षी के रूप में यह लिखवाना कि यह ठीक है, प्रमाणीकरण । | تصديق | तस्दीक | attestation. |
| साख | स्त्री. | लेनदेन संबंधी प्रतिष्ठा । | ساک، ڪارپت | साख, कारिपति | credit. |
| साग | पुं. | कुछ विशिष्ट प्रकार के पौधों की वे पत्तियां जो तरकारी की तरह खाई जाती हैं, शाक, भाजी । | ساڳ، ڀاڄي | सागु, भाजी | vegetable greens. |
| सागर | पुं. | समुद्र । | ساگر، سمنڊ | सागरु, समुंडु | ocean, sea. |
| सागूदाना (साबूदाना) | पुं. | सागू के तने के अन्दर का भाग पीसकर बनाया हुआ दाना । | سابوداڻا، سينگو چانور | साबूदाणा, सेंगू चांवर | sago. |
| सागौन (सागवान) | पुं. | एक प्रसिद्ध वृक्ष जिसकी लकड़ी बहुत सुन्दर तथा मजबूत होती है । | ساڳ، ساڳ جي ڪاٺي | सागु, साग जी काठी | teak tree. |
| साग्रह | वि. | आग्रहपूर्वक । | منٿ ڀريو، هوڏ ڀريو | मिन्थ भर्यो, होड भर्यो | with pertinacity, persistent. |
| साज | पुं. | 1. गाने के साथ बजाये जानेवाले बाजे;<br>2. घोड़े की सवारी के लिये तैयार करने या सजाने का सामान । | ساز؛<br>سنج | साज़;<br>संज | musical instruments;<br>harness. |
| साजन | पुं. | 1. पति, स्वामी;<br>2. प्रेमी । | ساجن، پتي، گهوٽ؛<br>عاشق، پريمي | साजनु, पती, घोटु;<br>आशिकु, प्रेमी | husband;<br>lover, paramour. |
| साज-सामान | पुं. | सामग्री, उपकरण, असबाब । | سامان سڙو، مال اسباب | सामानु सड़ो, मालु-अस्बाबु | material, apparatus, luggage. |
| साजिंदा | पुं. | साज बजानेवाला । | سازينده | साज़ींदड़ु | player of musical instrument. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **साजिश** | पुं. | अपराधमय कार्य में गुप्त सहयोग, षड्यंत्र । | سازش، منصوبو | साज़िश, मंसूबो | conspiracy, intrigue. |
| **साझा** | पुं. | 1. हिस्सेदारी;<br>2. पत्ती । | ڀائيواري، حصيداري؛<br>پتي، ڀاڱو | भाईवारी, हिस्सेदारी;<br>पत्ती, भाङो | partnership;<br>share (in a company etc.). |
| **साझी** | पुं. | शरीक होनेवाला, हिस्सेदार | ڀائيوارُ، حصيدارُ | भाईवारु, हिस्सेदारु | partner. |
| **साझेदार** | पुं. | दे. 'साझी' । | ڏسو 'साझी' | डिसो 'साझी' | see **'साझी'**. |
| **साटना** | स. क्रि. | 1. मिलाना, जोड़ना;<br>2. चिपकाना । | ملائڻ، ڳنڍڻ؛<br>چنبڙائڻ، لڳائڻ | मिलाइणु, गंढणु;<br>चंबुड़ाइणु, लगाइणु | to combine, to join, to unite;<br>to stick, to paste. |
| **साठ** | वि. | जो गिनती में पचास से दस अधिक हो । | سٺ | सठि | sixty. |
| **साड़ी** | स्त्री. | स्त्रियों के पहनने की धोती | ساڙهي | साढ़ी | a kind of dress worn by women. |
| **साढू** | पुं. | सम्बन्ध के विचार से पत्नी की बहन का पति । | سنڍو | संढू | wife's sister's husband. |
| **साढ़े** | वि. | आधे के साथ । | ساڍا | साढा | together with (qa's) half. |
| **सात** | वि. | जो गिनती में पांच और दो हो । | ست | सत | seven. |
| **सातवां** | वि. | क्रम या गिनती में सात के स्थान पर पड़नेवाला । | ستون | सतों | seventh. |
| **सात्विक** | वि. | सत्वगुणयुक्त, सत्वगुणप्रधान, सत्वगुणसबंधी । | ساتوڪ، پوتر | सात्विकु, पवित्रु | endowed with the Sattva guna, pertaining to that quality. |
| **साथ** | पुं. | वह अवस्था जिसमें दो या अधिक वस्तुएं एक दूसरे के निकट स्थित हों । | ساٿ، سنگ، گڏ، ساڻ | साथु, संगु, गडु, साणु | company, accompaniment, with. |
| **साथी** | पुं. | वह जो साथ रहता हो, मित्र, दोस्त । | ساٿي، سنگي، دوست، همراهُ | साथी, संगी, दोस्तु, हमराहु | companion, comrade, friend. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सादगी | स्त्री. | 1. सरलता, भोलापन, व्यवहार की सिधाई; | سادگي، اٻوجهائي، سڌو وهنوارُ؛ | सादगी, अबोझाई, सिधो वहिंवारु; | openness; |
| | | 2. खान-पान, रहन-सहन आदि में आडंबर, कृत्रिमता आदि का अभाव। | سادگي، سادگيءَ واري حالت | सादगी, सादगीअ वारी हलति | simplicity of living, etc. |
| सादर | क्रि. वि. | आदरपूर्वक, इज्जत से। | عزت سان، مان سان | इज़्ज़त सां, मान सां | with respect, respectfully. |
| सादा | वि. | 1. खालिस, बेमेल; | نج، خالص؛ | निज, ख़ालिसु; | pure, unmixed; |
| | | 2. जिसमें किसी तरह की उलझन, पेंच की बात या बनावट न हो; | سادو؛ | सादो; | plain; |
| | | 3. जो छलकपट से रहित हो, सीधा, भोला; | سادو، اٻوجهه، ٻالو ڀولو؛ | सादो, अबोझु, ॿालो भोलो; | simple, guileless; |
| | | 4. जिस पर किसी तरह के बेलबूटे सजावट आदि का काम न हो। | سادو، لسو، بنا چٽ گل | सादो, लसो, बिना चिट गुल | without any painting or ornament etc. |
| सादृश्य | पुं. | समानता, तुल्यता, बराबरी | ساڳياڻي، هڪجهڙائي، اهڙائي | साग्याई, हिकजहिड़ाई, अहिड़ाई | similarity, likeness, equality. |
| साध | स्त्री. | ऐसी अभिलाषा जो बहुत समय से मन में हो और जिसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति उत्कंठित हो। | تمنا، چاهنا، اِڇا | तमन्ना, चाहिना, इच्छा | wish, desire. |
| साधक | वि., पुं. | 1. साधना करनेवाला, किसी प्रकार की साधना में लगा हुआ; | سادڪ، تپسوي؛ | साधकु, तपस्वी; | accomplisher, practiser; |
| | | 2. सहायता देनेवाला। | مددگار، سهائڪ | मददगारु, सहाइकु | helping. |
| साधन | पुं. | 1. किसी कार्य का आरंभ करके उसे सिद्ध या पूरा करना; | سرانجامي، سڌي، سماپتي؛ | सरअंजामी, सिद्धी, समाप्ती; | accomplishment, completion; |
| | | 2. कोई वस्तु तैयार करने का सामान, सामग्री; | سامگري، سامان؛ | सामग्री, सामानु; | materials; |
| | | 3. कोई कार्य पूरा करने में सहायता देनेवाली वस्तु या वस्तुएँ, उपकरण। | وسيلو، اپاءُ، اوزار | वसीलो, उपाउ, ओज़ारु | means, instrument. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| साधना | स्त्री. | ऐसी आराधना तथा उपासना जो विशेष कष्ट सहन करते हुए बहुत दिनों तक करनी पड़ती हो । | ساڌنا، تپسيا، ڀڳتي | साधना, तपस्या, भगिती | penance. |
| ाधर्म्य | पुं. | समान धर्म से युक्त होने की अवस्था या भाव, समान-धर्मता, तुल्यधर्मता । | گڻ ساڳيائي، گڻ يا خاصيت جي هڪجهڙائي | गुण साग्याई, गुण या खास्यत जी हिकजहिड़ाई | being of the same quality etc. |
| साधारण | वि. | 1. जिसमें कोई विशेषता न हो, मामूली; | ساڌارڻ، رواجي، معمولي؛ | साधारणु, रवाजी, मैमूली; | ordinary; |
| | | 2. जो सब जगह पाया जाता या होता हो, आम; | عام؛ | आम ; | general, common; |
| | | 3. सहज, सुगम, सरल । | سولو، سڌو | सवलो, सिधो | simple, plain. |
| साधारणतः | क्रि. वि. | आमतौर पर, प्रायः । | عام طرح، رواجي ريت، اڪثر | आम तरह, रवाजी रीति, अक्सरि | generally, often. |
| साधु | वि., पुं. | 1. बढ़िया, उत्तम; | عمدو، عاليشان؛ | उम्दो, आलीशान; | good, excellent; |
| | | 2. संत, महात्मा, मुनि; | ساڌو، مني، مهاتما؛ | साधु, मुनी, महात्मा; | saint, sage; |
| | | 3. सज्जन, भला आदमी । | چڱو مڙس، سکر | चङो मुड़िसु, सखरु | gentleman. |
| साधुवाद | पुं. | प्रशंसा करना, शाबाशी देना । | ساراهه، شاباس | साराह, शाबासि | approbation. |
| साध्य | वि. | 1. जो सिद्ध या पूरा किया जा सके; | مقصد، اديش؛ | मकसद, उदेशु; | to be accomplished or to be attained; |
| | | 2. प्रमाणित करने योग्य; | ثابتيءَ جوڳو؛ | साबितीअ जोगो; | to be proved; |
| | | 3. (रोग) जो चिकित्सा के द्वारा दूर किया जा सकता हो । | ڇٽڻ جوڳو، علاج جوڳو | छुटण जोगो, इलाज-जोगो | curable. |
| साध्वी | वि. | 1. भली तथा शुद्ध आचरण-वाली; | چرترَوان (استري) ستونتي؛ | चरित्रवान (इस्त्री) सत्वंती; | good and virtuous (woman). |
| | | 2. पतिपरायण, पतिव्रता । | پوترتا، ستي | पतिव्रता, सती | faithful (wife). |
| सान | स्त्री. | पत्थर की वह चक्की जिस पर कैंची आदि की धार तेज की जाती है । | سراڻ | सिराणि | whetstone. |
| सानना | स. क्रि. | 1. किसी चूर्ण आदि को तरल पदार्थ में मिलाकर गीला करना, गूंदना; | ڳوهڻ، ڳڏڻ؛ | गोहिणु, गडुणु; | to knead, to mash, to wet up (as flour, dough, larth etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | 2. किसी को दोषी या उत्तरदायी ठहराने के उद्देश्य से कोई काम ऐसा करना जिसमें वह औरों को अपराध या दोष में सम्मिलित जान पड़े, शरीक करना । | لوئڻ، اڙائڻ | लोइणु, अड़ाइणु | to implicate. |
| सानन्द | वि. | आनन्दयुक्त, प्रसन्न । | خوش، پرسن، آنند مئه | ख़ुशि, प्रसन्नु, आनन्द मइ | happy, delighted. |
| सानी | वि. | 1. जोड़े का, बराबरी का, तुल्य, समान; | ثاني، برابر؛ | सानी, बराबरि; | match, equal; |
| | | 2. दूसरा । | ٻيو | ॿियो | second. |
| सान्निध्य | पुं. | निकटता, समीपता । | ويجهائي، قريبي | वेझाई, करीबी | nearness, proximity. |
| सापेक्ष | वि. | जो किसी की अपेक्षा रखता हो, जो दूसरे पर अवलंबित हो । | نسبتي، واسطيدار | निस्बती, वास्तेदारु | relative. |
| साप्ताहिक | वि. | 1. सप्ताह संबंधी; | هفتيوار؛ | हफ़्तेवारु; | relating to a week; |
| | | 2. सात दिनों तक चलने-वाला; | هفتي هفتي جو؛ | हफ़्ते हफ़्ते जो; | continuing for a week; |
| | | 3. हर सातवें दिन होनेवाला । | هفتيوار | हफ़्तेवारु | weekly. |
| साफ | वि. | 1. जिसमें मैल न हो, स्वच्छ, निर्मल; | صاف، اوجل؛ | साफ़ु, ऊजलु; | clean, clear |
| | | 2. जिसमें किसी प्रकार का छल कपट न हो; | اٻوجهه، سادو، صاف دل؛ | अॿोझु, सादो, साफ़ु दिलि; | innocent, sincere; |
| | | 3. जिसमें किसी प्रकार का भ्रम या संदेह न रह गया हो; | صاف، چٽو؛ | साफ़ु, चिटो; | clear; |
| | | 4. जिसका तल ऊबड़-खाबड़ न हो । | سڌو، هموار | सिधो, हमवारु | level. |
| साफा | पुं. | सिरपर बांधने की पगड़ी । | پٽڪو، پڳڙي | पटिको, पॻिड़ी | turban. |
| साफी | स्त्री. | 1. हाथ में रखने का रुमाल दस्ती; | رومال؛ | रूमालु; | handkerchief; |
| | | 2. पोंछने के काम आने-वाले कपड़े का टुकड़ा; | صافو، ڇنڊڻي؛ | साफ़ो, छंडिणी; | duster, wiper; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. कपड़े का टुकड़ा जो छानने के काम आए; | صافو؛ | साफ़ो: | piece of cloth through which liquids etc. are filtered; |
| | | 4. वह कपड़ा जिसकी सहायता से बरतन चूल्हे पर से उतारा जाता है । | چلهه جو ڪپڙو | चुल्हि जो कपिड़ो | piece of cloth with which a kettle or a pot is lifted off the fire. |
| साबित | वि. | सबूत द्वारा सिद्ध किया हुआ, प्रमाणित । | ثابت | साबितु | proved. |
| साबुत | वि. | जो सम्पूर्ण इकाई के रूप में हो, समूचा । | سمورو، پورڻ | समूरो, पूरणु | complete. |
| साबुन | पुं. | सोडा, तेल आदि के योग से बना हुआ एक प्रसिद्ध पदार्थ जिससे शरीर के अंग और कपड़े आदि साफ किए जाते हैं । | صابڻ | साबुणु | soap. |
| साबूदाना (सागूदाना) | पुं. | दे. 'सागूदाना' । | ڏسو 'सागूदाना' | डिसो 'सागूदाना' | see 'सागूदाना'. |
| साभिप्राय | वि. | 1. अभिप्राय से युक्त; | بامقصد؛ | बामक़्सदु; | having a distinct aim or purpose; |
| | | 2. जिसका कोई विशिष्ट प्रयोजन या हेतु हो । | معنيٰ ڀريو | माना भर्यो | intentional. |
| सामंजस्य | पुं. | वह स्थिति जिसमें परस्पर किसी प्रकार की विपरीतता या विषमता न हो, संगति । | ميل، آهنگ، مناسبت | मेलु, आहंगु, मुनास्बत | adjustment, consistency. |
| सामंत | पुं. | राजा के अधीन रहनेवाला बड़ा सरदार । | جاگيردار، وڏو زميندار | जागीरदारु, वडो जमींदारु | feudatory prince, chieftain. |
| सामंतवाद | पुं. | यह सिद्धान्त कि राजनीतिक और सामाजिक आदि क्षेत्रों में सामंततंत्र ही अधिक उपयोगी सिद्ध होता है । | جاگيرداري، جاگيرداري سرشتو | जागीरदारी, जागीदारी सिरिश्तो | feudalism. |
| सामंती | वि. | सामंत से संबंधित, सामंत का । | جاگيري، جاگيردار سان واسطيدار | जागीरी, जागीदार सां वास्तेदारु | feudal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सामग्री | स्त्री. | 1. आवश्यक वस्तुओं का समूह, सामान, माल-असबाब; | سامانُ سڙُو، مال اسباب؛ | सामान सड़ो, माल-अस्बाब: | material, baggage, article; |
| | | 2. किसी उत्पादन आदि के सहायक अंग या तत्व, उपकरण । | سامگري، مال، وسيلو، ساڌن | सामग्री, माल, वसीलो, साधन | material, implements or apparatus. |
| सामना | पुं. | 1. किसी के समक्ष होने की अवस्था या भाव; | مهڙ، منڍو؛ | मुहांड़, मुंढो: | facing, front. |
| | | 2. भेंट, मुलाकात; | ملاقات، گڏجاڻي؛ | मुलाकाति, गडिजाणी: | meeting; |
| | | 3. भिड़ंत, मुठभेड़ । | مقابلو | मुकाबिलो | confrontation, encounter. |
| सामने | क्रि. वि. | 1. आगे, समक्ष; | سامهون، اڳيان؛ | सामहूं, अग्यां: | in front of; |
| | | 2. मुकाबले में; | مقابلي ۾؛ | मुकाबिले में: | opposite; |
| | | 3. जिस ओर मुंह हो सीधे उसी ओर । | سامهون، اڳيان، سڌائيءَ ۾ | सामहूं, अग्यां, सिधाईअ में | before. |
| सामयिक | वि. | 1. समयोचित, समय के विचार से उपयुक्त; | وقتائتو، منداڻتو؛ | वक्ताइतो, मंदाइतो: | seasonable, timely, opportune; |
| | | 2. ठीक समय पर होनेवाला; | مهلائتو؛ | मोहिलाइतो : | punctual; |
| | | 3. वर्तमान समय का । | جديد، نئون | जदीद, नओं | contemporary. |
| सामरिक | वि. | समर संबंधी, युद्ध का । | جنگي، جنگ جو | जंगी, जंग जो | belonging to war or battle, martial. |
| सामर्थ्य | स्त्री. | 1. कोई कार्य करने की योग्यता और शक्ति; | سمرٿي، سگهه، طاقت؛ | समर्थी, सघ, ताकत: | capability, capacity; |
| | | 2. शब्द की अर्थ शक्ति, शब्द की वह शक्ति जिसमें वह भाव प्रकट करता है । | لفظي طاقت، معنائي شڪتي | लफ़्ज़ी ताकत, मानाई शक्ती | force of words. |
| सामाजिक | वि. | समाज से संबंध रखनेवाला । | سماجڪ، پنگتي | समाजिक, पंगती | social. |
| सामान | पुं. | 1. किसी कार्य के लिए आवश्यक साधनरूप वस्तुएं, सामग्री; | سامان، سامگري؛ | सामान, सामग्री: | material, accessories; |
| | | 2. असबाब । | سامانُ سڙو | सामान सड़ो | luggage, baggage. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य | वि. | 1. जिसमें कोई विशेषता न हो, मामूली; | رواجي، معمولي؛ | रवाजी, मैमूली; | ordinary; |
| | | 2. अनेक से संबंध रखनेवाला या बहुतों में पाया जाने-वाला, सार्वजनिक, आम; | عام؛ | आमु; | common; |
| | | 3. जो अपनी साधारण अवस्था, स्थिति आदि में हो, विशेष घटा बढ़ा न हो । | سڀاويڪ | सुभावीकु | normal. |
| सामासिक | वि. | 1. समाससंबंधी, समास का; | مرڪبي، ساماسڪ؛ | मुर्कबी, सामासिकु; | relating to or belonging to a compound; |
| | | 2. लघु या संक्षिप्त किया हुआ । | مختصر | मुख़्तसिरु | concised, brief. |
| सामिष | वि. | मांस युक्त (भोजन) । | (کاڌو) ماسوارو، غير ويشنو | (खाधो) मासवारो, ग़ैर-वेष्णु | non-vegetarian (food). |
| सामुदायिक | वि. | समुदाय संबंधी, समुदाय का । | پنگتي، مجموعي، سماجي | पंगती, मज्मुई, समाजी | belonging to or of a community. |
| सामूहिक | वि. | समूह से संबंध रखनेवाला । | گڏيل، مجموعي | गडियलु, मज्मुई | collective. |
| साम्य | पु. | 1. समानता; | سمانتا، هڪجهڙائي؛ | समानताँ, हिकजहिड़ाई; | equality, likeness; |
| | | 2. सादृश्य । | سمان روپ | समान रूप | similarity. |
| साम्यवाद | पु. | मार्क्स द्वारा प्रतिपादित एक सिद्धान्त जिसका उद्देश्य ऐसे वर्गहीन समाज की स्थापना है जिसमें संपत्ति पर समाज का समान अधिकार हो और व्यक्ति से शक्तिभर काम लेकर उसकी समस्त आवश्यकताएं पूरी की जाएं । | سامياواد | साम्यवादु | communism. |
| साम्राज्य | पु. | वे अनेक राष्ट्र या देश जिन पर कोई एक शासनसत्ता राज्य करती हो, सार्वभौम राज्य । | سامراڄ، سلطنت، شهنشاهت | साम्राजु, सुल्तनत, शहनशाहत | empire. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **साम्राज्यवाद** | पुं. | वह सिद्धान्त जिसमें यह माना जाता है कि किसी देश को अपने अधिकृत क्षेत्रों में वृद्धि करते हुए अपने साम्राज्य का बराबर विस्तार करते रहना चाहिए । | سامراجواد، سلطنت شاهي | साम्राजवाद, सल्तनतशाही | imperialism. |
| **सायंकाल** | पुं. | दिन का अंतिम भाग, शाम, संध्या । | شام، سانجهي، سنجها | शाम, सांझी, संझा | evening. |
| **सायबान** | पुं. | कमरे आदि के आगे बनाई जानेवाली टीन आदि की छाजन । | سائبان، ڇڄڙي | साइबानु, छज़्हरी | sunshade. |
| **साया** | पुं. | 1. छाया, छांह, परछाई; | ڇانو، پاڇو؛ | छांव, पाछो: | shade, shadow; |
| | | 2. ऐसा संपर्क या संबंध जो किसी को अपने अधीन रखते हुए उसे अपने गुण, प्रभाव आदि से युक्त करता हो ; | اثر، تاثير؛ | असरु, तासीरु; | influence (of company); |
| | | 3. घाघरे की तरह का एक पहनावा जो प्राय: पाश्चात्य देशों की स्त्रियां पहनती हैं । | مغربي ڍنگ جو پيشگير | मग़रबी ढंग जो पेशगीरु | skirt. |
| **सारंग** | पुं. | 1. चितकबरा रंग; | چٽڪمرو رنگ؛ | चिटकमिरो रंगु; | variegated colour; |
| | | 2. भौंरा, भ्रमर; | ڀونر؛ | भौंरु; | large bee; |
| | | 3. कोयल; | ڪوئل؛ | कोइलि; | cuckoo; |
| | | 4. मृग, हिरन । | هرڻ، مرگ | हरणु, मृगु | deer. |
| **सारंगी** | स्त्री. | एक प्रकार का प्रसिद्ध तंत्र-वाद्य । | سارنگي | सारंगी | kind of stringed instrument like violin. |
| **सार** | पुं. | 1. मूल भाग, सत; | سار، تت؛ | सारु, ततु; | substance, essence; |
| | | 2. गूदा; | ڳڀ؛ | गभु; | soft or choicest part of a fruit; |
| | | 3. तात्पर्य या निष्कर्ष, सारांश । | مطلب | मतलबु | abstract, summary. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सारगर्भित | वि. | जिसमें सार या तत्व भरा हो, तत्वपूर्ण । | معني يا مطلب ڀريو، سار يا تت سمايل | माना या मतलब भर्यो, सारु या ततु समायलु | substantial, having essence or meaning. |
| सारणी | स्त्री. | कोई ऐसा कागज या फलक जिसमें बहुत से खाने होते हैं तथा जिनमें किसी विशेष प्रकार के अध्ययन गणना आदि के लिए कुछ अंक, शब्द आदि लिखे होते हैं । | نقشو، يادداشت، فهرست، جدول | नक्शो, यादाश्त, फ़हरिस्त, जद्वल | table of figures. |
| सारथी | पुं. | रथ चलानेवाला, सूत । | سارٿي، رٿوان | सारथी, रथवानु | charioteer. |
| सारस | पुं. | हंस की जाति का एक लंबी टांगोंवाला पक्षी । | بگهه | बघु | crane. पक्षि |
| सारांश | पुं. | 1. सार, निचोड़; | سار، نچوڙ؛ | सारु, निचोड़ु; | substance, essence; |
| | | 2. तात्पर्य, मतलब; | مطلب؛ | मतलबु; | meaning; |
| | | 3. परिणाम, नतीजा, उपसंहार । | نتيجو، تاتپرج | नतीजो, तात्पर्जु | conclusion. |
| सारा | वि. | 1. जितना हो वह सब, कुल; | سڀ، ڪل، سڄو؛ | सभु, कुलु, सजो; | all, the whole; |
| | | 2. आदि से अंत तक जितना हो वह सब, पूरा, समग्र । | سمورو، سڄو، پورو | समूरो, सजो, पूरो | beginning to an end, complete, entire. |
| सारिका | स्त्री. | मैना नामक पक्षी । | مينا | मैना | a kind of bird, Gracula religiosa. |
| सार्थक | वि. | 1. (शब्द या पद) जिसका कुछ अर्थ हो, अर्थवान्; | معني ڀريو؛ | माना भर्यो; | meaningful; |
| | | 2. उपयोगी तथा लाभप्रद । | اهميت ڀريو | अहिम्यत भर्यो | significant. |
| सार्थकता | स्त्री. | 1. उपयोगिता; | لاڀ، فائدو؛ | लाभु, फ़ाइदो; | utility; |
| | | 2. महत्व । | اهميت | अहिम्यत | importance. |
| सार्वजनिक | वि. | सबसे संबंध रखनेवाला, समानरूप से सब लोगों के काम आनेवाला । | عام، جنتا جو، عوامي | आमु, जनता जो, अवामी | public, universal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सार्वभौम | वि. | सम्पूर्ण भूमि से संबंध रखने-वाला, सब देशों से संबंध रखनेवाला । | سرويومڪ، سروديسي | सर्वभूमिक, सर्वदेसी | relating to or consisting of the whole earth or all the countries. |
| साल | पुं. | 1. वर्ष, बारह महीने का काल;<br>2. एक प्रकार का वृक्ष । | سال؛<br>سال جو وڻ | सालु;<br>साल जो वणु | year;<br>name of a tree. |
| सालगिरह | स्त्री. | वर्षगांठ, जन्मदिन । | سالگرهه، جنم ڏن | सालग्रहु, जन्म दिनु | anniversary, birthday. |
| सालना | स. क्रि. | कष्ट देना, चुभाना । | ستائڻ، چڀائڻ | सताइणु, चुभाइणु | to cause pain, to pierce or to prick. |
| साला (स्त्री. साली) | पुं. | पत्नी का भाई । | سالو، (مادي) سالي | सालो, (मादी) साली | wife's brother, brother-in-law. |
| सालाना | वि. | हर साल होनेवाला, वार्षिक । | ساليانو | साल्यानो | yearly, annual. |
| सावधान | वि. | सचेत, सतर्क, खबरदार । | ساوڌان، سجاڳ، خبردار، هوشيار | सावधानु, सुजागु, खबरदारु, होशियारु | cautious, alert, diligent. |
| सावधानी | स्त्री. | सतर्कता, होशियारी । | ساوڌاني، خبرداري، هوشياري | सावधानी, ख़बरदारी, होशियारी | alertness, diligence. |
| सावन | पुं. | आषाढ़ के बाद और भाद्रपद से पूर्व का महीना । | ساوڻ (مهينو) | सावणु (महीनो) | fourth Hindu month. |
| साष्टांग | वि. | आठों अंगों से युक्त । | سرير جي اٺن عضون سان، ساشٽانگ | सरीर जे अठनि उज़्वनि सां, साष्टांगु | with eight parts of the body. |
| सास | स्त्री. | पत्नी या पति की माता । | سس | ससु | mother-in-law. |
| साहचर्य | पुं. | साथ रहना, साथ, संगति । | سات، سنگت، ميلاپ | साथु, संगति, मेलापु | association, company. |
| साहब | पुं. | 1. मालिक, स्वामी;-<br>2. आदरणीय व्यक्तियों के नाम या पेशे के साथ प्रयुक्त किया जानेवाला संबोधन । | صاحب، مالڪ؛<br>صاحب، عزت جو لفظ | साहिबु, मालिकु;<br>साहिबु, इज़्ज़त जो लफ़ज़ु | master, lord;<br>title of courtesy, Mr., Sir. |
| साहस | पुं. | किसी असाधारण कार्य में दृढ़तापूर्वक प्रवृत्त होने की वृत्ति, हिम्मत । | ساهس، همت، دليري | साहसु, हिम्मथ, दिलेरी | boldness, daring, courage. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **साहसिक** | वि. | 1. साहससंबंधी, साहस का; | ساھس جو، ساھس ڀريو؛ | साहस जो, साहस भर्यो; | daring, courageous; |
| | | 2. हिम्मतवर, दिलेर, निर्भीक । | ساھسي، ھمتي، دلير | साहसी, हिम्मथी, दिलेरु | bold. |
| **साहसी** | वि. | जिसमें साहस हो, हिम्मतवर । | ساھسي، ھمتي، دلير | साहसी, हिम्मथी, दिलेरु | bold, courageous. |
| **साहाय्य** | पुं. | सहायता, मदद । | سھائتا، مدد | सहाइता, मदद | assistance, help. |
| **साहित्य** | पुं. | 1. गद्यात्मक या पद्यात्मक रचना, लिपिबद्ध विचार, ज्ञान आदि; | ساھتڪ (ساھتيڪ) رچنا، ادبي رچنا؛ | साहितिक (साहित्यिक) रचना, अदबी रचना; | literary composition; |
| | | 2. वाङ्मय; | ساھت، ادب؛ | साहितु, अदबु; | literature; |
| | | 3. काव्यशास्त्र । | ڪاويه شاستر | काव्य शास्त्रु | poetics. |
| **साहित्यकार** | पुं. | साहित्य की रचना करनेवाला । | ساھتڪار، (ساھتيڪار) اديب | साहितकारु, (साहित्यकारु) अदीबु | one who composes literature, writer. |
| **साहित्यिक** | वि. | साहित्य से संबंध रखनेवाला अथवा उसके अनुरूप होनेवाला, साहित्य का ज्ञाता अथवा साहित्य की रचना करना जिसका पेशा हो । | ساھتڪ (ساھتيڪ) ادبي | साहितिक (साहित्यिक) अदबी | literary (composition and person both). |
| **साहु** | पुं. | 1. महाजन; | شاھوڪار، واپاري؛ | शाहूकारु, वापारी; | a banker; |
| | | 2. बनियों का आदरपूर्ण संबोधन । | واپاريءَ لاءِ ڪم ايندڙ لقب يا عزت وارو لفظ | वापारीअ लाइ कमि ईंदड़ु लकबु या इज़्ज़त वारो लफ़्ज़ु | title of a trader. |
| **साहूकार** | पुं. | बड़ा व्यापारी, धनाढ्य, महाजन । | شاھوڪار، وڏو واپاري، شراف | शाहूकारु, वड़ो वापारी, शराफ़ु | wealthy trader or banker. |
| **साहूकारी** | स्त्री. | साहूकार का काम, महाजनी । | شاھوڪاري، شرافي | शाहूकारी, शराफ़ी | banking business. |
| **सिंगार (शृंगार)** | पुं. | सजधज, सजावट । | سينگار، سجاوٽ | सींगारु, सजावट | decoration of body by women. |
| **सिंगारदान** | पुं. | श्रृंगार की सामग्री रखने का छोटा संदूक । | سينگاردان | सींगारदानु | dressing-case. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सिंघाड़ा | पुं. | 1. पानी में पैदा होनेवाला एक तिकोना फल; | سنگھاڙو؛ | सिंघाड़ो; | the water-chestnut; |
| | | 2. सिंघाड़े के आकार का एक पकवान । | سنبوسو | संबोसो | a kind of pastery. |
| सिंचाई | स्त्री. | 1. पानी छिड़कने का काम या भाव, आबपाशी; | ريج؛ | रेजु; | irrigation; |
| | | 2. सींचने के काम का पारिश्रमिक । | ريجاڻي | रेजाणी | wages paid for the work of irrigation. |
| सिंदूर | पुं. | एक प्रकार का लाल चूर्ण जिससे स्त्रियां मांग भरती हैं । | سنڌر (سدر) | सिंधुरु (सिद‌ुरु) | red lead, vermilion. |
| सिंदूरी | वि. | सिंदूर के रंग का । | سندر جي رنگ جو، سندري، گھاٽو ڳاڙھو | सिंदुर जे रंग जो, सिंदुरी, घाटो ग़ाढ़ो | of vermilion colour. |
| सिंह | पुं. | 1. बिल्ली की जाति का एक प्रसिद्ध हिंसक जंतु, शेर; | شينھن؛ | शींहु; | lion; |
| | | 2. बारह राशियों में से एक । | ٻارھن راسين مان ھڪ راس، سنگھ راس | ब़ारहनि रास्यनि मां हिक़ रासि, सिंघ रासि | the sign of Leo of the zodiac. |
| सिंहद्वार | पुं. | प्रासाद आदि का प्रधान द्वार, सदर दरवाजा । | شاهي دروازو، محل وغيره جو مکيه دروازو | शाही दर्वाज़ो, महल वग़ैरह जो मुख्यु दर्वाज़ो | main entrance to a palace. |
| सिंहनाद | पुं. | 1. सिंह का गर्जन; | شينھن جي گجگوڙ؛ | शींहं जी गजगोड़; | lion's roar; |
| | | 2. युद्ध आदि के समय गरज कर की जानेवाली ललकार; | گرجنا، لڙائيءَ ۾ ڪيل للڪار؛ | गर्जना, लड़ाईअ में कयल लल्कार; | war cry, war whoop; |
| | | 3. जोर देकर कोई बात कहना । | اختياري ۽ اڌڪار سان چيل ڳالھ | अख़्त्यारी ऐं अधिकार सां चयल ग़ाल्हि | a confident assertion. |
| सिंहावलोकन | पुं. | संक्षेप में पिछली बातों का दिग्दर्शन या वर्णन, बीती हुई बातों का स्वरूप जानने पर बतलाने के लिए उन पर दृष्टिपात करना । | نظرثاني، بازخيالي | नज़रसानी, बाज़ख़्याली | retrospection. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सिंहासन | पुं. | राजाओं के बैठने या देवमूर्तियों की स्थापना के लिए बना हुआ एक विशेष प्रकार का आसन जो चौकी के आकार का होता है तथा जिसके दोनों ओर शेर के मुंह की आकृति बनी होती है । | سنگھاسن، تخت، راڄگدي | सिंघासनु, तख्तु, राजुगदी | a throne. |
| सिकुड़न | स्त्री. | 1. सिकुड़ने की क्रिया, संकोच, वह स्थिति जिसमें कोई वस्तु पहले की अपेक्षा कम जगह घेरती है; | سوس؛ | सोसि; | contraction, shrinking; |
| | | 2. किसी वस्तु के सिकुड़ने के कारण उसके तल या विस्तार में पड़नेवाला बल, शिकन । | گھنج | घुंजु | wrinkle, shrink. |
| सिकुड़ना | अ. क्रि. | 1. संकुचित होना, सिमटना; | سمڻ، سوڙهو ٿيڻ؛ | सुमणु, सोढ़ो थियणु; | to contract, to shrink; |
| | | 2. शिकन पड़ना । | گھنج پوڻ، گھنجڻ | घुंज पवणु, घुंजिजणु | to wrinkle. |
| सिकोड़ना | स. क्रि. | संकुचित करना, समेटना । | سسائڻ، سوڙهو ڪرڻ | सुसाइणु, सोढ़ो करणु | to contract, to compress, to brace up. |
| सिक्का | पुं. | 1. निर्दिष्ट मूल्य का वह धातुखंड जो किसी राजकीय टकसाल में ढला हो तथा पदार्थों के क्रय-विक्रय में विनिमय के साधन के रूप में काम आता हो; | سڪو؛ | सिको; | coin; |
| | | 2. किसी व्यक्ति का ऐसा प्रभाव या प्रभुत्व जिसके आगे सभी लोग दबते हों । | اثر، رعب، دهشت | असरु, रउबु, दहशत | influence, awe. |
| सिक्त | वि. | सिंचित, भीगा हुआ, तर । | آلو، گھميل، ڀنل | आलो, घिम्यलु, भिनलु | soaked, wet, moistured. |
| सिखाना | स. क्रि. | शिक्षा देना, पढ़ाना, बतलाना । | سيکارڻ | सेखारणु | to teach, instruct. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सिझाना** | स. क्रि. | 1. आंच पर पकाकर गलाना; | سجهائڻ؛ | सिझाइणु: | to boil; |
| | | 2. खाल को विशिष्ट प्रक्रियाओं से पक्का और मुलायम करना । | (چمڙو) نرم ڪرڻ ياڪمائڻ | (चमिड़ो) नर्मु करणु या कमाइणु | to tan. |
| **सिटपिटाना** | अ. क्रि. | प्राय: असमंजस में पड़ने के कारण और किसी के प्रश्न व तत्काल ठीक या स्पष्ट उत्तर दे सकने की दशा में कुछ लज्जित होकर इधर-उधर करने लगना । | ٻيون منجهڻ، وسو ٿيڻ، منجهي پوڻ، هٻڪڻ | ॿ्यूं मुंझणु, विसो थियणु, मुंझी पवणु, हॿिकणु | to be confounded, to be stupefied. |
| **सिटटी** | स्त्री. | बढ़चढ़ कर बातें करना, वाचालता । | ٻٽاڪ، لباڙ | ॿटाक, लबाड़ | talkativeness. |
| **सिड़** | पुं. | झक, सनक, खब्त, धुन, पागलपन का एक हल्का रूप जिसमें व्यक्ति हठपूर्वक कोई काम करता है और समझाने पर भी नहीं मानता । | خفت، ريچڪ، چرياڻي | ख़फ़्तु, रीचकु, चर्याई | craze, whim, eccentricity. |
| **सिड़ी** | वि. | झक्की, सनकी । | خفتي، سودائي، چرٻٽ | ख़फ़्ती, सौदाई, चरॿटु | crazy, whimsical, eccentric. |
| **सितार** | पुं. | एक प्रसिद्ध तंत्रवाद्य या वाद्ययंत्र । | ستار | सितार | a kind of guitar. |
| **सितारा** | पुं. | 1. तारा, नक्षत्र; | تارو، ستارو؛ | तारो, सितारो: | star; |
| | | 2. भाग्य; | نصيب، قسمت، ستارو؛ | नसीबु, किस्मत, सितारो: | fortune, fate, destiny; |
| | | 3. सोने-चांदी के पत्तरों के गोलाकार छोटे टुकड़े जो कपड़ों आदि में शोभा के लिए लगाए जाते हैं । | ستار | सतार | starlets of gold or silver sewn on cloth for decoration. |
| **सिद्ध** | वि. | 1. अच्छी तरह पूरा किया हुआ; | سڌ، پورو، راس، مڪمل؛ | सिद्धि, पूरो, रासि, मुकम्मलु; | accomplished. |
| | | 2. जिसने किसी काम में पूरी दक्षता प्राप्त की हो; | سڦل، ڪامياب؛ | सफलु, काम्याबु: | successful; |
| | | 3. जिसने योग की सिद्धियां प्राप्त कर ली हों; | سڌ پرش، مهاتما، ڪامل، سڌ؛ | सिद्धु पुरुषु, महात्मा, कामिलु, सिद्ध: | accomplished in Yoga; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. तर्क द्वारा प्रमाणित; | ثابت ڪيل | साबिय् कयल्; | validated, substantiated; |
| | | 5. आग पर रखकर उबाला या पकाया हुआ । | سڌل | सिधल् | cooked or dressed on fire. |
| सिद्धसंप्रदाय | पुं. | साधुओं का एक संप्रदाय विशेष । | سڌ سنپرداءِ، ساڌن جو هڪ خاص فرقو | सिद्ध संप्रदाइ, साधुनि जो हिक ख़ासि फ़िर्क़ो | a particular sect of mendicants. |
| सिद्धसाहित्य | पुं. | हिन्दी साहित्य के आरंभिक काल में सिद्ध संप्रदाय के अनुयायियों द्वारा रचित साहित्य । | هنديءَ جو اهو شروعاتي ساهتيه جنهن جي رچنا سڌ فرقي جي ساڌن ڪئي، سڌ ساهتيه | हिन्दीअ जो उहो शुरुआती साहित्यु जंहिं जी रचना सिद्ध फ़िर्क़े जे साधुनि कई, सिद्ध साहित्यु | early Hindi literature composed by mendicants. |
| सिद्धहस्त | वि. | जिसका हाथ किसी काम में मंजा हो, दक्ष, कार्यकुशल । | ماهر، ڪنهن ڪم، هنر جو ڄاڻو | माहिरु, कंहिं कम, हुनर जो ॼाणू | skilled. |
| सिद्धान्त | पुं. | 1. पूर्व पक्ष के खंडन के बाद सिद्ध मत; | مڃيل سچ، سڌانت؛ | मञ्यलु सचु, सिद्धांतु; | established truth; |
| | | 2. निश्चित मत जिसे सत्य के रूप में ग्रहण किया जाए, उसूल; | سڌانت، اصول، متو؛ | सिद्धांतु, उसूलु, मतो; | principle; |
| | | 3. कला, विज्ञान आदि के संबंध में ऐसी कोई मूल बात जो किसी विद्वान द्वारा प्रतिपादित हो और जिसे बहुत-से लोग ठीक मानते हों; | سڌانت، مت؛ | सिद्धांतु, मतु; | theory; |
| | | 4. कोई ऐसा ग्रंथ जिसमें उक्त प्रकार की बातें या मत निरूपित हों । | اها رچنا جيڪا ڪنهن وشيه جي سڌانتن جو بيان ڪري | उहा रचना जेका कंहिं विषइ जे सिद्धांतनि जो बयानु करे | treatise on a system of some science or art. |
| सिद्धि | स्त्री. | 1. किसी कार्य या उद्देश्य का पूरा होना; | سڌي، سفلتا؛ | सिद्धी, सफलता; | accomplishment, fulfilment; |
| | | 2. ऐसी विशिष्ट क्षमता या योग्यता जो प्रयत्न से प्राप्त हुई हो; | مهارت، مڪمل ڄاڻ؛ | महारत, मुकम्मलु ॼाण; | complete mastery or knowledge of some subject; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. तपस्या, तांत्रिक उपासना द्वारा साधक को प्राप्त हुई विशेष प्रकार की अलौकिक शक्ति । | سڌي، تپسيا، ساڌنا سان حاصل ڪيل الوڪڪ شڪتي | सिद्धी, तपस्या, साधना सां हासलु कयल अलौकिक शक्ती | the acquisition of supernatural powers by magical means or through the performance of certain mystical processes. |
| सिधारना | अ. क्रि. | 1. जाना, प्रस्थान करना; | هليو وڃڻ، جدا ٿيڻ؛ | हल्यो वञणु, जुदा थियणु; | to set out, to go, to depart; |
| | | 2. परलोकवासी होना, मर जाना । | گذاري وڃڻ، مري وڃڻ | गुज़ारे वञणु, मरी वञणु | to die. |
| सिनकना (छिनकना) | स. क्रि. | अन्दर से ज़ोर की वायु निकालते हुए नाक का मल बाहर करना । | سڻڪڻ | सुणिकणु | to blow the nose. |
| सिपाही | पुं. | 1. फौजी आदमी, सैनिक, योद्धा; | سپاهي، سولجر؛ | सिपाही, सोल्जरु; | soldier; |
| | | 2. पुलिस विभाग में साधारण कर्मचारी जो पहरे आदि का काम करता है । | پوليس وارو | पुलीस वारो | police-man. |
| सिफत | स्त्री. | गुण, विशेषता । | صفت، گڻ، خاصيت | सिफ़ति, गुणु, ख़ास्यत | a quality, attribute, property. |
| सिफारिश | स्त्री. | किसी का कोई काम कराने के लिए दूसरे से कहना, किसी के गुण, योग्यता आदि का परिचय देने वाली ऐसी बात जो किसी ऐसे दूसरे व्यक्ति से कही जाए जो उस पहले व्यक्ति का कोई उपकार कर सकता हो । | سفارش | सिफ़ारिश | recommendation. |
| सिफारिशी | वि. | 1. सिफारिश संबंधी; | سفارشي؛ | सिफ़ारिशी; | recommendatory; |
| | | 2. जो सिफारिश के द्वारा हुआ हो । | سفارش رستي ٿيل | सिफ़ारिश रस्ते थियलु | of recommendation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सिमटना | अ. क्रि. | 1. दूर तक फैली या बिखरी हुई वस्तु का सिमटकर थोड़े विस्तार या स्थान में आना, सिकुड़ना, संकुचित होना; | سمسڻ، سوڙهو ٿيڻ؛ | सुसणु, सोढ़ो थियणु; | to be collected; |
| | | 2. काम पूरा या समाप्त होना । | سميٽجڻ | समेटिजणु | to be wound up. |
| सियार | पुं. | गीदड़, श्रृगाल । | گدڙ | गिदड़ु | jackal. |
| सियासत | स्त्री. | राजनीति । | سياست، راڄنيتي | सियासत, राजनीति | politics. |
| सियासी | वि. | राजनीतिक । | سياسي، راڄنيتڪ | सियासी, राजनीतिक | political. |
| सिर | पुं. | 1. मनुष्य तथा अन्य पशुओं का गरदन के ऊपर का भाग, कपाल, खोपड़ी; | سر، کوپڙي؛ | सिरु, खोपड़ी; | head, skull; |
| | | 2. किसी वस्तु का ऊपर का हिस्सा । | چوٽي، ڪنهن شئي جو سڀ کان مٿيون حصو | चोटी, कंहिं शइ जो सभ खां मथ्यों हिस्सो | top, highest part or point. |
| सिरका | पुं. | धूप में सड़ाकर खमीर उठाया हुआ अंगूर, जामुन, ईख आदि का रस । | سرڪو | सुर्को | vinegar. |
| सिरकी | स्त्री. | 1. सरकंडा, सरधरी; | سر، تيلو؛ | सरु, तीलो; | reed-grass; |
| | | 2. सरकंडे की बनी हुई टट्टी या चटाई । | سرن جي تيلين مان ٺهيل ڇپري | सर जे तील्युनि मां ठह्यल छिपिरी | curtain or mat made of this reed. |
| सिरनामा | पुं. | 1. पत्र के आरंभ में पत्र पानेवाले का नाम, उपाधि, अभिवादन आदि; | خط جو سرو، ڪيڪار، بندگي؛ | ख़त जो सिरो, खीकार बंदगी; | salutation (in a letter); |
| | | 2. पानेवाले का नाम और पता जो पत्र या लिफाफे के ऊपर लिखा जाता है । | سرنامو، ايڊريس | सर्नामो, ऐड्रेसि | address (on a letter). |
| सिरहाना | पुं. | 1. खाट का वह हिस्सा जिधर सर रहता है; | سيراندي؛ | सेरांधी; | head (of a bedstead); |
| | | 2. तकिया जिसे सिर के नीचे रखते हैं । | وهاڻو | विहाणो | pillow. |
| | | 3. व्यवहार में लाने योग्य । | استعمال جوڳو | इस्तैमाल जोगो | consumable. |
| सेहत | स्त्री. | स्वास्थ्य, तन्दुरुस्ती, आरोग्य । | صحت، تندرستي | सिहत, तंदुरुस्ती | health, soundness of body. |
| सेहरा | पुं. | 1. विवाह के समय वर के पहनने का फूलों आदि का बना मुकुट, मोर; | مٽڪ، پٽڪو، سهرو (گهوٽ جو)؛ | मुटिकु, पटिको, सिहिरो (घोट जो); | head-dress worn at the time of marriage; |
| | | 2. वह गाना जो सेहरा बांधने के समय गाया जाता है । | لاڏو (جيڪو مٽڪ ٻڌڻ وقت ڳائجي) | लाडो (जेको मुटिकु बधणु वक्ति गाइजे) | eulogy composed for such occasion. |
| सेंतालीस | वि. | जो गिनती में चालीस से सात अधिक हो । | ستيتاليهه | सतेतालीह | forty-seven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 47 । | ستيتاليهن جو انگ (47) | सतेतालीहनि जो अंगु (47) | the number forty-seven. |
| सैंतीस | वि. | जो गिनती में तीस से सात अधिक हो; | سٽيهه | सतटीह | thirty-seven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 37 । | سٽيهن جو انگ (37) | सतटीहनि जो अंगु (37) | the number thirty-seven. |
| सैंया | पुं. | पति । | گهوٽ، ور | घोटु, वरु | husband. |
| सैंकड़ा | पुं. | सौ का समूह या समष्टि । | سو، سيڪڙو | सौ, सेकिड़ो | collection of one hundred. |
| सैंकड़े | क्रि. वि. | प्रति सौ के हिसाब से,प्रतिशत, फी सदी । | سيڪڙي، في صدي | सेकिड़े, फ़ी सदी | per cent, per hundred. |
| सैंकड़ों | वि. | 1. कई सौ; | سوين؛ | सवें; | hundreds; |
| | | 2. बहुत अधिक । | تمام گهڻا | तमामु घणा | numerous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सैद्धांतिक** | वि. | 1. सिद्धान्त संबंधी; | اصولي، سڌانتڪ؛ | उसूली, सिद्धान्तिक; | theoretical, pertaining to some theory or doctrine; |
| | | 2. सिद्धान्तों के अनुसार चलनेवाला । | اصول وارو، اصول يا سڌانت تي هلندڙ | उसूल वारो, उसूल या सिद्धांत ते हलंदड़ु | one who abides by established doctrine. |
| **सैनिक** | पुं. | फौज का सिपाही, फौजी । | سينڪ، فوجي سپاهي | सैनिक, फ़ौजी सिपाही | soldier. |
| | वि. | सेना-संबंधी, सेना का । | | | relating to an army, martial, military. |
| **सैन्य** | वि. | सेना संबंधी । | فوجي، فوج يا سينا سان واسطيدار | फ़ौजी, फ़ौज या सैना सां वास्तेदारु | military, pertaining to army. |
| | पुं. | 1. सेना; | فوج، سينا؛ | फ़ौज, सैना; | body of troops, army; |
| | | 2. सैनिक । | سينڪ، سولجر | सैनिक, सोल्जरु | soldier. |
| **सैर** | स्त्री. | मन बहलाने के लिए घूमना-फिरना, भ्रमण । | سير، شيل | सैरु, शैलु | excursion, outing. |
| **सैर-सपाटा** | पुं. | सैर करने के लिए घूमना-फिरना । | گهمڻ ڦرڻ، سير | घमणु-फिरणु, सैरु | same as 'सैर'. |
| **सैलानी** | पुं. | सैर करने का शौकीन, घुमक्कड़ । | سيلاني | सैलानी | tourist, wanderer. |
| **सोंटा** | पुं. | लाठी, डंडा । | سونٽو، ڏنڊو | सौंटो, ड॒ंडो | staff, club, cudgel. |
| **सोंठ** | स्त्री. | सुखाया हुआ अदरक । | سونڍ | सूंढि | dry ginger. |
| **सोंधा** | वि. | 1. सुगंधित, सुवासित, ख़ुशबूदार; | خوشبوئدار، سڳنڌي؛ | ख़शबूइदारु, सुग॒ंधी; | aromatic, sweet smelling; |
| | | 2. मिट्टी के नए बरतन या सूखी जमीन पर पानी पड़ने या बेसन आदि भूनने से निकलनेवाली सुगन्ध से युक्त । | سڳنڌ وارو | सुग॒ंधि वारो | having the smell of a new earthen vessel when first wetted, smelling like that of parched pulse or fried grain, flour |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सोआ | पुं. | एक प्रकार का पौधा जिसकी पत्तियों का साग बनाया जाता है । | سوئا | सूआ | grave olens. |
| सोखना | स. क्रि. | किसी वस्तु के जल या तरल पदार्थ को अपने में खींच लेना । | چهڻ، جذب ڪرڻ | चुहणु, जज़्बु करणु | to soak up, to absorb. |
| सोख्ता | पुं. | स्याही सोखनेवाला एक प्रकार का मोटा खुरदुरा कागज । | مسچٽو | मसुचटो (मसुचिटो) | blotting paper. |
| सोच | पुं. | 1. सोचने की क्रिया या भाव; | سوچ؛ | सोचु; | musing, brooding; |
| | | 2. चिंता, फिक्र; | فڪر، چنتا، ڳڻتي؛ | फ़िक्र, चिन्ता, गणिती; | anxiety, concern; |
| | | 3. पछतावा, पश्चाताप । | پڇتاءُ | पछिताउ | regret, repentence. |
| सोचना | स. क्रि. | 1. किसी विषय पर मन में विचार करना; | سوچڻ، ويچارڻ؛ | सोचणु, वीचारणु; | to think over, to ponder on, to consider; |
| | | 2. कल्पना करना, अनुमान करना । | انومان ڪرڻ | अनुमानु करणु | to imagine, to conceive. |
| | अ. क्रि. | चिंता या फिक्र में पड़ना । | فڪر يا چنتا ۾ پوڻ، ڳڻتي ڪرڻ | फ़िक्र या चिन्ता में पवणु, गणिती करणु | to worry. |
| सोच-विचार | पुं. | 1. किसी विषय का विवेचन, गौर; | سوچ ويچار؛ | सोचु-वीचारु; | pondering, consideration; |
| | | 2. हिचकिचाहट । | هٽڪ، هبڪ | हटक, हबक | hesitation. |
| सोडा | पुं. | एक प्रकार का क्षार जो सज्जी को रासायनिक क्रिया से साफ करके बनाते हैं । | سوڍو | सोडो | soda. |
| सोता | पुं. | जल की बराबर बहनेवाली या निकलनेवाली छोटी धारा, चश्मा । | چشمو | चिश्मो | spring, brook, rivulet. |
| सोदर | पुं. | सगा भाई । | سڳو ڀاءُ | सगो भाउ | uterine brother, own brother. |
| सोना | पुं. | एक प्रसिद्ध बहुमूल्य पीली धातु, स्वर्ण । | سون | सोनु | gold. |
| | अ. क्रि. | 1. निद्राग्रस्त होना, नींद लेना; | سمهڻ؛ | सुम्हणु; | to sleep, to lie down; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. एक ही स्थिति में रहने के कारण किसी अंग का कुछ समय के लिए सुन्न हो जाना । | ڪنهن عضوي کي ننڊ اچڻ يا عضوي جو هڪ ئي حالت ۾ رهڻ سبب سُنسو ٿيڻ | कंहिं उज़्वे खे निंड अचण या उज़्वे जो हिक इं हालति में रहण सबबि निसतो थियणु | to be numbed. |
| सोपान | पुं. | सीढ़ी, जीना । | ڏاڪڻ | डा॒कणि | staircase, ladder. |
| सोमवार | पुं. | सात वारों में से एक वार जो चन्द्रमा का दिन माना जाता है । | سومر | समरु | monday. |
| सोलह | वि. | जो गिनती में दस से छह अधिक हो । | سورهن | सोरहं | sixteen. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 16 । | سورهن جو انگ (16) | सोरहंनि जो अंगु ( 16) | number sixteen. |
| सौंदर्य | पुं. | सुन्दरता, खूबसूरती । | سندرتا، خوبصورتي، سونهن | सुन्दरता, खूबसूरती, संहं | beauty, loveliness, gracefulness, elegance. |
| सौंपना | स. क्रि. | (कोई वस्तु आदि) किसी के जिम्मे या सुपुर्द करना, किसी के अधिकार में देना । | سونپڻ | सौंपणु | to delegate, to hand over, to entrust. |
| सौंफ | स्त्री. | सोए जैसा एक पौधा जिसका फल दवा और मसाले के काम आता है । | سونف | सौंफ़ | aniseed, fennel. |
| सौ | वि. | जो गिनती में पचास का दूना हो, नब्बे और दस । | سؤ | सौ | one hundred. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 100 । | سؤ جو انگ (100) | सव जो अंगु (100) | number hundred. |
| सौख्य | पुं. | सुख, आराम । | سک، آرام | सुखु, आरामु | happiness, comfort. |
| सौगंध | स्त्री. | शपथ, कसम । | قسم | कसमु | oath, swearing. |
| सौगात | स्त्री. | भेंट, उपहार, तोहफा | سوغات | सौग़ात | present, gift. |
| सौजन्य | पुं. | भलमनसी, सज्जनता | ڀلمانسائي، حليمائي | भलमानिसाई, हलीमाई | goodness, courtesy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सौत** | स्त्री. | पति की दूसरी पत्नी, सपत्नी। | پهاڄ | पहाजु | co–wife. |
| **सौतिया डाह** | स्त्री. | दो सौतों में होनेवाली ईर्ष्या, द्वेष आदि। | پهاڄي سڙ-پچ | पहाजी सड़ु-पचु | rivalry or jealousy between two or more wives. |
| **सौतेला (स्त्री. सौतेली)** | वि. | 1. सौत संबंधी, जिसका संबंध सौत से हो। | ماٽيلو، لڳو، ماٽيلي (ڌيءُ)؛ | माटेलो, लगो, माटेली (धीउ); | of or belonging to a co–wife; |
| | | 2. सौत से उत्पन्न। | پهاڄ مان ڄاول | पहाजु मां जावलु | born of a co–wife. |
| **सौदा** | पुं. | 1. क्रय-विक्रय की वस्तु या माल; | سودو؛ | सौदो; | goods; |
| | | 2. खरीदने-बेचने की बातचीत या व्यवहार। | سودو، واپار | सौदो, वापारु | transaction, bargain. |
| **सौदागर** | पुं. | व्यापारी, तिजारत करनेवाला। | سوداگر | सौदागरु | trader, merchant. |
| **सौदामिनी** | स्त्री. | बिजली, विद्युत। | وڄ، کنوڻ، بجلي | विजु, खिंवणि, बिजिली | lightning. |
| **सौध** | पुं. | प्रासाद, महल। | محل، محلات | महिलु, महिलातु | palace. |
| **सौभाग्य** | पुं. | 1. अच्छा भाग्य, अच्छी किस्मत; | خوش نصيبي، خوش قسمتي، ڀلو ڀاڳ؛ | ख़ुशनसीबी, ख़ुशकिस्मती, भलो भागु; | good fortune or luck; |
| | | 2. समृद्धि; | واڌارو، ترقي؛ | वाधारो, तरक्की; | prosperity; |
| | | 3. सुहाग। | سهاڳ | सुहागु | the auspicious state of wifehood. |
| **सौभाग्यचिह्न** | पुं. | सुहाग का चिहन (जैसे सिंदूर आदि)। | سهاڳ جي نشاني | सुहागु जी निशानी | any sign of the blessed state of wifehood. |
| **सौभाग्यवती** | स्त्री. | सुहागिन, सधवा, जिसका पति जीवित हो। | سهاڳڻ | सुहागिणि | married woman whose husband is alive. |
| **सौभाग्यवान** | वि. | ख़ुशकिस्मत, ख़ुशनसीब। | خوش قسمت، خوش نصيب، ڀاڳوارو | ख़ुशकिस्मतु, ख़ुशनसीबु, भागुवारो | possessing good fortune, fortunate. |
| **सौम्य** | वि. | 1. कोमल, नम्र और शांत प्रकृतिवाला; | شانت، ڪومل، نهٺو، حليم؛ | शान्ति, कोमलु, निहठो, हलीमु; | mild, placid; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. सुन्दर, मनोहर । | سندر، سهڻو، منوهر | सुन्दरु, सुहिणो, मनोहरु | gentle, lovely, charming, pleasing. |
| सौम्यता | स्त्री. | 1. सुशीलता; | ڪوملتا، نهٺائي، حليمائي؛ | कोमलता, निहठाई, हलीमाई; | gentleness, placidity; |
| | | 2. सुन्दरता । | سونهن، سندرتا | सूंहं, सुन्दरता | beauty. |
| सौर | वि. | सूर्य संबंधी, सूर्य का । | شمسي، سج سان واسطيدار، سور | शम्सी, सिज सां वास्तेदारु, सौरु | belonging or relating to the sun, solar. |
| सौरभ | पु. | सुगंध, खुशबू, महक । | خوشبوءِ، سڳنڌ | ख़ुशबूइ, सुगंधि | fragrance, odour, aroma. |
| सौरी | स्त्री. | वह कोठरी जहां स्त्री बच्चा प्रसव करती है, सूतिकागार, जच्चाखाना । | ويم جي ڪوٺي، ويمگهر | वियम जी कोठी, वियमघरु | lying-in-chamber, confinement room, labour room. |
| सौष्ठव | पु. | सौन्दर्य । | سندرتا، سونهن، خوبصورتي | सुन्दरता, सूंहं, ख़ूबसूरती | beauty, elegance, charm. |
| सौहार्द | पु. | प्रेम-भाव, मैत्री, मित्रता, दोस्ती । | فراخدلي، دوستي، پنهنجائي | फ़राख़दिली, दोस्ती, पंहिंजाइ | good-heartedness, affection, friendliness, friendship. |
| स्कंध | पु. | 1. कंधा; | ڪلهو، ڪنڌ؛ | कुल्हो, कंधु; | shoulder; |
| | | 2. पेड़ का तना; | ٿڙ؛ | थुड़ु; | trunk or stem of a tree; |
| | | 3. ग्रंथ का वह विभाग जिसमें कोई विषय पूरा हो, अध्याय; | اڌياءُ، باب؛ | अध्याउ, बाबु; | chapter, section, division; |
| | | 4. सेना का कोई अंग या भाग । | فوج جو هڪ حصو يا ڀاڱو | फौज जो हिकु हिस्सो या भाङो | division or detachment of an army. |
| स्कूल | पु. | 1. मदरसा, पाठशाला, विद्यालय; | سڪول؛ | स्कूलु; | institution for educating children or giving instruction, school; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी ज्ञान या विज्ञान की कोई विशिष्ट शाखा और उसके अनुयायियों का वर्ग । | گيان وگيان جي ڪنهن خاص شاخا ۾ ۽ ان جي پوئلڳن جو مجموعو، وچار ڌارا | ज्ञान विज्ञान जी कंहि खासि शाखा में ऐं उन जे पोइलगनि जो मज्मूओ, विचार धारा | branch or system, followers of a thought or school. |
| स्कूली | वि. | 1. स्कूल संबंधी, स्कूल का; | سڪولي، سڪول سان واسطيدار؛ | स्कूली, स्कूल सां वास्तेदारु; | of or pertaining to a school; |
| | | 2. स्कूल जानेवाला । | سڪولي، سڪول ويندڙ | स्कूली, स्कूलि वेंदड़ु | school-going. |
| स्खलन | पुं. | 1. नीचे गिरना, फिसल जाना, पतन; | ٿيڙ، ٿابو، ترڪڻ، گسڪڻ؛ | थेड़ु, थाबो, तिर्कणि, गिस्कणि; | falling down, slipping; |
| | | 2. मार्ग से विचलित होना, नैतिक पतन; | اخلاقي گراوٽ؛ | इख़्लाकी गिरावट; | deviating from the right course, moral lapse; |
| | | 3. काम में गलती या भूल करना; | غلطي، چُڪ؛ | ग़ल्ती, चुक; | blundering, error, mistake; |
| | | 4. (वीर्य का) क्षरण, स्राव; | تڙ، احتلام، ويريه پات؛ | तड़ु, अहतिलामु, वीर्यपातु; | discharge, emission; |
| | | 5. बोलने में हकलाना | ٻاتاڻ | ॿाताणि | stammering, blundering in speech or pronunciation, faltering. |
| स्खलित | वि. | 1. अपने स्थान से गिरा हुआ पतित, फिसला हुआ; | ٿابڙيل، ترڪيل، ڪريل؛ | थाबिड़ियलु, तिर्क्यलु किर्यलु; | fallen, dropped down, slipped; |
| | | 2. सही मार्ग से विचलित च्युत; | ڀٽڪيل؛ | भिटिक्यलु; | deviated from the right course, morally lapsed; |
| | | 3. जिससे भूल हुई हो गलती करनेवाला; | ڀليل؛ | भुल्यलु; | erring, blundering; |
| | | 4. टपका हुआ, क्षरित; | ٽپڪيل، تڙ پيل؛ | टपिक्यलु, तड़ु प्यलु; | discharged, dropped; |
| | | 5. हकलाना हुआ । | ٻاتائيندڙ | ॿाताईंदड़ु | stammering, faltering. |
| स्टूल | पुं. | एक प्रकार की ऊंची छोटी चौकी । | سٽول | स्टूलु | stool. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टेशन | पुं. | 1. वह स्थान जहां रेलगाड़ियां मोटरें आदि यात्रियों को चढ़ाने या उतारने के लिए ठहरती हों; | اسٽيشن؛ | स्टेशन; | station (of railways etc.); |
| | | 2. किसी विशेष कार्य के लिए नियत स्थान या केन्द्र । | ڪنهن ڪم لاءِ مقرر ٿيل هنڌ | कंहिं कम लाइ मुकर्रु थियलु हंधु | appointed place, centre, station (for conducting any special work). |
| स्तंभ | पुं. | 1. खंभा; | ٿنڀو؛ | थंभो; | pillar, post; |
| | | 2. पेड़ का तना; | ٿڙ؛ | थुड़ु; | stem, trunk (of a tree); |
| | | 3. समाचारपत्र के पृष्ठों, सारणियों आदि में खड़े बल का विभाग; | ڪالم (اخبار جو)؛ | कालमु (अख़बार जो); | vertical division of page for figures etc. or to reduce length of lines especially in newspapers, tables etc.; |
| | | 4. समाचार पत्रों में उक्त प्रकार के विभागों का वह वर्ग जिसमें किसी विशेष विषय का प्रतिपादन या निरूपण होता है; | ڪالم، ڪنهن خاص وشئه لاءِ مقرر ٿيل اخبار جو ڪو حصو؛ | कालमु, कंहिं ख़ास विषय लाइ मुकर्रु थियलु अख़बार जो को हिस्सो; | part of a newspaper devoted to special subject, column (of writing in newspaper); |
| | | 5. जड़ता । | جڙتا، موڳائي، مورڇا | जड़ता, मोगाई, मूर्छा | stupefaction. |
| स्तंभक | वि. | स्तंभन करने या रोकनेवाला, रोधक । | روڪيندڙ، بيهاريندڙ | रोकींदड़ु, बीहारींदड़ु | stopping, arresting, restraining. |
| स्तंभन | पुं. | 1. रोकने की क्रिया या भाव रुकावट, अवरोध; | روڪ، رنڊڪ؛ | रोक, रंडक; | stopping, obstructing, hindering, arresting, restraining; |
| | | 2. वीर्य आदि को स्खलित होने से रोकना; | ويريپات وغيره کي روڪڻ، ٻنڌيج؛ | वीर्यपात वग़ैरह खे रोकणु, बंधेजु; | stopping the flow of semen, retention; |
| | | 3. जड़ या निश्चेष्ट करना जड़ीकरण । | نستو، موڳو يا جڙ بڻائڻ جي حالت، موڳائپ | निसतो, मोगो या जड़ु बणाइण जी हालति, मोगाइप | paralysing, benumbing, stupefying. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तंभित | वि. | 1. जो जड़ या अचल कर दिया गया हो या हो गया हो जड़ीभूत, निश्चल; | جڙ، اچل؛ | जड़ु, अचलु; | benumbed, paralysed, motionless; |
| | | 2. हक्का-बक्का, विस्मित । | هڪو بڪو، حيران، وائڙو | हको बुको, हैरानु, वाइड़ो | flabbergasted, amazed. |
| स्तन | पु. | 1. स्त्रियों की छाती जिसमें से दूध निकलता है, कुच; | ٻبو، ٿڻ؛ | ॿुबो, थणु; | breast of a woman, mammary glands; |
| | | 2. मादा पशुओं का थन । | ٿڻ | थणु | udder. |
| स्तब्ध | वि. | 1. जड़ीभूत, निश्चेष्ट; | نستو، موڳو، جڙ؛ | निसतो, मोगो, जड़ु; | motionless, numb, paralysed; |
| | | 2. हक्का-बक्का । | هڪو بڪو | हको बको | wonderstruck. |
| स्तर | पु. | 1. एक दूसरी के ऊपर पड़ी या लगी हुई तह, परत; | تهه؛ | तहु; | fold; |
| | | 2. ऊपर का वह सपाट भाग जो कुछ दूर तक समान रूप से चला गया हो और वैसे दूसरे भागों से अलग या स्वतंत्र हो, तल; | سطح؛ | सतह; | level; |
| | | 3. भूमि आदि का एक प्रकार का विभाग जो भिन्न-भिन्न कालों में बनी हुई उसकी तहों के आधार पर किया गया हो; | تهه؛ | तहु; | strata, stratum; |
| | | 4. श्रेणी, कोटि, दरजा । | درجو، گريڊ | दर्जो, ग्रेडु | standard, grade. |
| स्तवन | पु. | 1. स्तुति करने की क्रिया या भाव; | ساراهه، واکاڻ؛ | साराह, वाखाण; | praising, praise, eulogy; |
| | | 2. स्तुति । | استتي | स्तुती | a hymn, song of praise, panegyric. |
| स्तुति | स्त्री. | 1. आदर-भाव से किसी के गुणों का कथन करना; | استتي، واکاڻ، ساراهه؛ | स्तुती, वाखण, साराह; | praise, eulogy, commendation, laudation; |
| | | 2. वह पद या रचना जिसमे किसी देवता आदि के गुण का बखान हो; | استتي، ڪنهن جي ساراهه ۾ چيل رچنا؛ | स्तुती, कंहिं जी साराह में चयल रचना; | a hymn of praise panegyric; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. चापलूसी, चाटुकारी, बड़ाई, खुशामद । | چاپلوسي، خوشامد | चापलूसी, खुशामद | adulation, flattery empty or false praise. |
| स्तुत्य | वि. | स्तुति या प्रशंसा का अधिकारी या पात्र, प्रशंसनीय । | ساراه جوڳو | साराह जोगो | laudable, commendable, praiseworthy, admirable. |
| स्तूप | पुं. | 1. मिट्टी, पत्थर आदि का ऊंचा ढूह; | ٽيلو، ڀٽ؛ | टीलो, भिट; | a heap, pile, mound (of earth etc); |
| | | 2. वह ढूह या टीला जो भगवान बुद्ध या किसी बौद्ध महात्मा की अस्थि, दांत, केश आदि स्मृति-चिह्नों को सुरक्षित रखने के लिए उनके ऊपर बनाया गया हो; | ٻڌ ڌرم جي پوئلڳن جي سماڌ، سماڌي جنهن ۾ ٻڌ ڀڳوان جا پوتر سنگ رکيل هجن؛ | बुद्ध धर्म जे पोइलगनि जी समाधि, समाधी जहिं में बुद्ध भगवान जा पवित्र संग रख्यल हुजनि; | a Buddhistic monument, or kind of Top erected for keeping sacred relics, as those of Buddha); |
| | | 3. ऊंचा ढेर । | وڏو ڍير يا ڍڳ | वडो ढेरु या ढिगु | a large or tall heap or pile. |
| स्तोत्र | पुं. | 1. स्तव, स्तुति; | استتي، استوتر؛ | स्तुती, स्तोत्र; | a hymn of praise, panegyric; |
| | | 2. वह रचना, विशेषत: पद्यबद्ध रचना जिसमें किसी देवता आदि की स्तुति हो । | ڪنهن ديوي ديوتا جي ساراه ۾ چيل گيت، مهما گيت | कंहिं देवी-देवता जी साराह में चयलु गीतु, महिमा गीतु | a panegyrical composition or work especially in verses. |
| स्त्री | स्त्री. | 1. मनुष्य जाति की वयस्क मादा, पुरुष का विपर्याय; | استري، عورت؛ | स्त्री, औरत; | a woman; |
| | | 2. पत्नी, जोरू; | زال؛ | जाल; | a wife; |
| | | 3. मादा जन्तु, नर या पुरुष का विपर्याय । | مادي | मादी | a female of any animal. |
| स्त्रीलिंग | पुं. | हिन्दी व्याकरण में, दो लिंगों में से एक जो स्त्री जाति का अथवा किसी शब्द के अल्पार्थक रूप का वाचक होता है । | (گرامر) جنس مؤنث | (ग्रा.) जिन्स मौनिसु | feminine gender. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्त्रैण | वि. | 1. स्त्री या पत्नी के वश में रहनेवाला; | جوءِ جو مڄو، زن مريد؛ | जोइ जो मजु, ज़न मुरीदु; | henpecked, devoted to women; |
| | | 2. सदा स्त्रियों की मंडली में रहने की प्रवृत्ति रखनेवाला; | ماديءَ منھون؛ | मादीअ मुंहों; | effeminate, being among women; |
| | | 3. स्त्रियों का सा, स्त्रियों की तरह का । | زنانو، زالن جي سڀاءُ جھڙو | ज़नानो, ज़ालुनि जे सुभाव जहिड़ो | suited or belonging to woman, feminine, womanish, womanly. |
| स्थगन | पु. | 1. सभा की बैठक, बात की सुनवाई अथवा कोई चलता हुआ काम कुछ समय के लिए रोक रखना; | مهملي | महमुली | adjournment; |
| | | 2. विचार आदि के लिए कुछ समय तक रोकना । | | | postponement, suspension. |
| स्थगन प्रस्ताव | पुं. | वह प्रस्ताव जो विधानसभा, संसद आदि में यह कहकर उपस्थित किया जाता है कि और काम छोड़कर पहले इसी पर विचार होना चाहिए । | مهمليءَ جو ٺهراءُ يا رٿ | महमुलीअ जो ठहराउ या रिथ | adjournment motion. |
| स्थगित | वि. | 1. ठहराया या रोका गया; | روڪيل، ٽڪايل؛ | रोकयलु, टिकायलु; | stopped, interrupted, postponed; |
| | | 2. जो कुछ समय के लिए रोक दिया गया हो, मुलतवी । | مهمل | महमुलि | adjourned. |
| स्थपति | पु. | वास्तुशास्त्र का ज्ञाता या पंडित, वास्तुविद्, वास्तुशिल्पी । | معمار، مير عمارت، عمارتي رچنا جو ڄاڻو | मैमारु, मीरु इमारत, इमारती रचना जो ड़ाणू | architect. |
| स्थल | पुं. | 1. भूमि, जमीन; | زمين؛ | ज़मीन; | ground, land, soil (in general); |
| | | 2. जल से रहित भूमि, खुश्की; | ميدان، خشڪ زمين؛ | मैदानु, ख़ुश्कु ज़मीन; | firm or dry ground, dry land; |
| | | 3. स्थान, जगह; | استان، جڳھ، جاءِ؛ | स्थानु, जगह, जाइ; | place, spot; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. कोई ऐसी जगह जहां कोई विशेष बात, रचना आदि हो या होने को हो; | هنڌ؛ | हंधु; | site, location; |
| | | 5. भूमि का खंड या विभाग, भूभाग; | زمين جو ڀاڱو يا حصو؛ | ज़मीन जो भाङो या हिस्सो; | field, tract, venue; |
| | | 6. विषय, प्रकरण, प्रसंग, मज़मून । | وشئه، مضمون | विषय, मज़्मूनु | a topic, case, subject, the point under discussion, a part (as of a book). |
| स्थलचर | वि., पु. | स्थल पर रहने या विचरण करनेवाला, नभचर और जलचर से भिन्न । | ٿلواسي، زمين تي رهندڙ | थलवासी, ज़मीन ते रहंदड़ु | living on land, non-aquatic, terrestrial. |
| स्थलसेना | स्त्री. | स्थल या जमीन पर लड़नेवाली फ़ौज, पैदल सिपाही और घुड़सवार आदि, वायु सेना और जलसेना से भिन्न । | بري فوج | बरी फ़ौज | land forces, army. |
| स्थली | स्त्री. | 1. ऐसा मैदान जिसमें सुन्दर प्राकृतिक दृश्य हो; | قدرتي سونهن ڀريو هنڌ؛ | कुदिरती सूंहं भर्यो हंधु; | a natural spot of ground, site, scene; |
| | | 2. जल शून्य भू-भाग, खुश्क जमीन, भूमि; | خشڪي، خشڪ زمين | ख़ुश्की, ख़ुश्क ज़मीन; | dry ground, firm land; |
| | | 3. जगह, स्थान । | جڳهه، هنڌ | जगह, हंधु | place, spot, space. |
| स्थान | पु. | 1. खुला हुआ भूमिभाग, जमीन, मैदान; | زمين، ميدان؛ | जमीन, मैदानु; | open land, ground, field; |
| | | 2. निश्चित और परिमित स्थितिवाला वह भू-भाग जिसमें कोई बस्ती, प्राकृतिक रचना या कोई विशेष बात हो, जगह, स्थल; | جڳهه، هنڌ؛ | जगह, हंधु; | place, site, spot, location, locality; |
| | | 3. रहने की जगह; | جاءِ، گھر، رهڻ جو هنڌ؛ | जाइ, घरु, रहण जो हंधु; | abode, house, dwelling place, residence; |
| | | 4. पद, ओहदा; | عهدو، پد؛ | उहदो, पदु; | post, office, rank; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. बैठने का वह विशिष्ट स्थान जो निर्वाचित अथवा प्रतिनिधित्व करनेवाले लोगों के लिए होता है, | جڳهه ؛ | जगह: | place of sitting, seat; |
| | | 6. मुंह के अन्दर का वह अंग या स्थल जहां से किसी वर्ण का उच्चारण हो; | وات جي اندر اهو هنڌ جتان ڪنهن اکر جو اچار ٿيندو آهي ؛ | वात जे अंदरि उहो हंधु जितां कंहिं अखर जो उच्चारु थींदो आहे; | a place or organ of utterance of any letter; |
| | | 7. अभिनय में अभिनेता का कार्य या चरित्र; | ناٽڪ ۾ اداڪار جو اخلاق يا ڪم ؛ | नाटक में अदाकार जो इख़्लाक़ु या कमु; | character or part of an actor; |
| | | 8. अवकाश, (जगह की) गुंजाइश । | جڳهه، جاءِ، گنجائش | जगह, जाइ, गुंजाइश | space, room, accommodation. |
| स्थानांतर | पु. | 1. एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की क्रिया या भाव, बदली; | بدلي ؛ | बदिली: | transfer; |
| | | 2. प्रकृत या प्रस्तुत से भिन्न कोई और स्थान, दूसरा स्थान । | بدليل يا ٻيو هنڌ | बदिल्यलु या ब़ियो हंधु | another place, different place. |
| स्थानांतरण | पु. | किसी वस्तु या व्यक्ति को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर पहुंचाना या भेजना, बदली । | بدلي، هنڌ يا جڳهه جي تبديل | बदिली, हंध या जगह जी तब्दील | transfer, transferrence. |
| स्थानांतरित | वि. | जो अपने पहले स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर भेज दिया गया हो । | بدلي ڪيل يا بدلي ٿيل | बदिली कयलु या बदिली थियलु | transferred, removed from one place to another. |
| स्थानापन्न | वि. | 1. जिसने किसी दूसरे का स्थान ग्रहण किया हो, एवजी; | ٻئي جي جڳهه تي ڪم ڪندڙ، عيوضي ؛ | ब़िए जी जगह ते कमु कंदडु, एविज़ी: | substituted in place of another, a substitute; |
| | | 2. शासनिक क्षेत्र में किसी अधिकारी की अस्वस्थता अनुपस्थिति या अविद्यमानता में उसके स्थान पर अस्थायी रूप से काम करने वाला । | عيوضي، ڪاروبار ۾ ڪنهن ٻئي ڪرمچاريءَ جي جڳهه تي ڪم ڪرڻ وارو ڪرمچاري | एविज़ी, कारोबारि में कंहिं ब़िए कर्मचारीअ जी जगह ते कमु करण वारो कर्मचारी | acting, officiating. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्थानिक | वि. | किसी स्थान विशेष में ही होने-वाला, जिसका क्षेत्र किसी स्थान विशेष तक ही सीमित हो, स्थानीय । | مڪاني، استاني | मकानी, स्थानी | belonging to a place, local, endemic. |
| स्थानीकरण | पुं. | इधर-उधर या दूर तक फैले हुए कामों, व्यापारों आदि को नियंत्रित करके एक केंद्र या स्थान में आबद्ध या सीमित करना । | مڪاني ڪرڻ، استاني ڪرڻ | मकानीकरण, स्थानीकरण | localisation. |
| स्थानीय | वि. | उस स्थान या नगर का जिसके संबंध में कोई उल्लेख हो, स्थान विशेष का, मुकामी, स्थानिक । | مڪاني، استاني | मकानी, स्थानी | belonging to a place, local, endemic. |
| स्थापक | पुं. | 1. स्थापन या स्थापना करने-वाला, बनानेवाला, प्रवर्तक, संस्थापक; | بنياد وجهندڙ، استاپڪ؛ | बुनियाद विझंदड़, स्थापक; | founder, establisher; |
| | | 2. खड़ा करनेवाला, स्थिर करनेवाला; | قائم ڪندڙ، برپا ڪندڙ؛ | काइमु कंदड़, बर्पा कंदड़; | fixer, erector; |
| | | 3. भारतीय नाट्यशास्त्र में वह नट जो पूर्वरंग में सूत्रधार के मंगलाचरण करके चले जाने पर रंगमंच पर आकर नाटक की कथावस्तु और उसके काव्यार्थ की स्थापना करता अर्थात् सूचना देता है | ڀارتي ناٽڪ شاستر موجب اهو اداڪار جيڪو اسٽيج تي اچي ناٽڪ جي ڪٿا ۽ ساهتڪتا جي سمجهاڻي ڏئي | भारती नाटक शास्त्र मूजिब उहो अदाकारु जेको स्टेजि ते अची नाटक जी कथा ऐं साहितिकता जी समझाणी डिए. | (in drama) a kind of stage director. |
| स्थापत्य | पुं. | 1. स्थपति का अर्थात् मकान आदि बनाने का कार्य, वास्तुकला, राजगीरी, मेमारी; | { عمارتي ڪم، معماري؛ | इमारती कमु, मैमारी; | architecture; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. भवन बनाने की विद्या, वास्तुविज्ञान । | علم عمارت؛ ڀون نرماڻ ڪلا | इल्म इमारत, भवन-निर्माण कला | science of architecture. |
| स्थापत्य-कला | स्त्री. | वास्तुकला । | علم عمارت | इल्म इमारत | architecture. |
| स्थापन | पु. | 1. उठाना या खड़ा करना; | اڀو ڪرڻ، کڙو ڪرڻ؛ | उभो करण, खड़ो करण; | erection; |
| | | 2. दृढ़तापूर्वक जमाना, रखना या बैठाना; | قائم ڪرڻ، پختو ٻيهارڻ؛ | काइम करण, पख्तो बीहारण; | placing, fixing, installing up; |
| | | 3. कोई नई संस्था या व्यापारिक कारोबार खड़ा करना; | برپا ڪرڻ، بنياد وجهڻ؛ | बर्पा करण, बुनियाद विझण; | establishing, establishment, setting up; |
| | | 4. कोई मत या विचार युक्तिपूर्वक लोगों के सामने रखना, प्रतिपादन । | مت قائم ڪرڻ | मत काइम करण | propounding, founding, enunciating. |
| स्थापना | स्त्री. | 1. स्थापित करने की क्रिया या भाव, स्थापन, दृढ़ता-पूर्वक जमाना, खड़ा करना या व्यवस्थित रूप देना; | استاپنا، قائم ٿيڻ جي حالت؛ | स्थापना, काइम थियण जी हालति; | placing, fixing, erecting, establishing, setting up, installing; |
| | | 2. तर्क, प्रमाण, युक्ति आदि के द्वारा अपना पक्ष या मत ठीक सिद्ध करते हुए दूसरों के सामने रखना, प्रतिपादन, निरूपण; | مت جو قائم ڪرڻ يا پيش ڪرڻ، پرتپادن؛ | मत जो काइम करण या पेशि करण, प्रतिपादन; | propounding, enunciation, exposition; |
| | | 3. स्थापित किया गया एकक, संस्था या संगठन; | جمايل ڌنڌو، ڪم سنستان وغيره؛ | ज़मायलु धंधो, कमु संस्था वग़ैरह; | establishment; |
| | | 4. भारतीय नाट्यशास्त्र में नाटक के पूर्वरंग में सूत्रधार के द्वारा मंगलाचरण हो चुकने के बाद स्थापक नामक नट के द्वारा इस बात का सूचित किया जाना कि नाटक की कथावस्तु और उसका काव्यार्थ क्या है । | ڀارتي ناٽڪ شاستر موجب منگلاچرڻ کان پوءِ اسٽيج تي ناٽڪ ڪٿا وغيره جو بيان | भारती नाटक शास्त्र मूजिबि मंगलाचरण खां पोइ स्टेजि ते नाटक जी कथा वग़ैरह जो बयानु | prologue of the drama. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्थापित** | वि. | 1. जिसकी स्थापना की गई हो, कायम किया हुआ; | قائم، قائم ڪيل، برپا، برپا ڪيل؛ | काइमु, काइमु कयलु, बर्पा, बर्पा कयलु; | founded, instituted, established; |
| | | 2. प्रतिपादित, प्रस्तुत किया हुआ, प्रवर्तित; | ظاهر ڪيل، پيش ڪيل؛ | ज़ाहिरु कयलु, पेशि कयलु; | propounded, enunciated; |
| | | 3. खड़ा किया हुआ; | کڙو ڪيل، بيهاريل، برپا ڪيل؛ | खड़ो कयलु, बीहार्यलु, बर्पा कयलु; | set up, raised, erected; |
| | | 4. स्थिर किया हुआ, किसी स्थान पर जमाया हुआ । | اڀو يا کڙو ڪيل | उभो या खड़ो कयलु | placed, fixed, located, deposited, installed. |
| **स्थायित्व** | पुं. | 1. स्थायी होने की अवस्था, गुण, धर्म या भाव, सदा स्थित या बने रहने का भाव; | بقاء، جٽاء؛ | बकाउ, जटाउ; | permanency; |
| | | 2. टिकाऊपन । | جٽاء، ٽڪاء | जटाउ, टिकाउ | stability, durability. |
| **स्थायिवत्** | वि. | स्थायी के समान । | پڪي جهڙو، استائي جهڙو | पक्के जहिड़ो, स्थाईअ जहिड़ो | quasi-permanent, as good as permanent. |
| **स्थायी** | वि. | 1. सदा स्थित रहनेवाला, हमेशा बना रहने वाला; | پڪو، دائم؛ سٿائي؛ | पक्को, दाइमु; स्थाई; | permanent; |
| | | 2. बहुत दिनों तक चलने-वाला, टिकाऊ; | پڪو، جٽادار، جهلائو يا جهالو؛ | पक्को, जटादारु, झालाऊ या झालू; | stable, durable, lasting; |
| | | 3. स्थिर, अटल, नियत । | سٿر، اٽل، مقرر | स्थिरु, अटलु, मकररु | steady, firm, regular, invariable. |
| **स्थायीकरण** | पुं. | 1. किसी वस्तु, कार्य या बात को स्थायी रूप देना; | دائميت، هميشگي؛ | दाइम्यत, हमेशगी; | prepetuation; |
| | | 2. किसी पद पर अस्थायी रूप से या परीक्षण के रूप में काम करनेवाले व्यक्ति को उस पद पर स्थायी रूप से नियत करना, पुष्टीकरण । | بحالي، تصديق | बहाली, तस्दीक | confirmation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्थावर** | वि. | 1. एक ही जगह स्थिर रहने वाला, अपनी जगह से न हटनेवाला; | ويٺل، نه چرندڙ، استاور؛ | वीठलु, न चुरंदड़, स्थावरु: | fixed to one spot, stable, stationary, not moving; |
| | | 2. अचल (उदा. अचल संपत्ति) । | غيرمتحرڪ، اچل | ग़ैर मुतहिरकु, अचलु | not mobile, immovable (as property). |
| **स्थित** | वि. | 1. किसी स्थान पर खड़ा, ठहरा या बना हुआ; | ويٺل؛ | वीठलु: | stood, remained, stayed, situated; |
| | | 2. बसा हुआ; | وسيل، رهندڙ، قائم؛ | वस्यलु, रहंदड़, काइमु: | staying, resting, living, being, existing, situated, happened, occurred; |
| | | 3. दृढ़, पक्का; | پڪو، پختو؛ | पक्को, पुख़्तो: | steady, firm, determined, resolved; |
| | | 4. प्रतिष्ठित या प्रस्थापित किया हुआ; | ڄميل؛ | ज॒म्यलु: | established; |
| | | 5. बैठा हुआ; | ويٺل؛ | वेठलु: | sitting, set; |
| | | 6. अचल; | اچل؛ | अचलु: | stable, immovable, stationary; |
| | | 7. उपस्थित, मौजूद । | موجود، حاضر | मौजूदु, हाज़िरु | present. |
| **स्थिति** | स्त्री. | 1. स्थित होने की क्रिया, दशा या भाव, रहना या होना, अवस्थान; | جڳهه، هنڌ؛ | ज॒गहि, हंधु: | situation, location, site; |
| | | 2. एक ही स्थान पर या एक ही रूप में बना रहना, टिकाव, ठहराव; | ٽڪاءُ، بيهڪ؛ | टिकाउ, बीहक: | stopping, standing still, continuance in one state; |
| | | 3. दशा, हालत, अवस्था; | حالت، اوستا؛ | हालति, अवस्था: | state, condition, natural state, nature, habit; |
| | | 4. पद, मर्यादा आदि के विचार से समाज में किसी को प्राप्त होनेवाला स्थान; | عهدو، درجو؛ | उहदो, दर्जो: | rank, dignity, position; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. किसी व्यक्ति, संस्था आदि की वह विधि, दशा या मर्यादा जो उसे अपने क्षेत्र में कुछ निश्चित सीमा में प्राप्त होती है और जो इसके पद, सम्मान आदि की सूचक होती है; | حيثيت، درجو؛ | हैसियत, दर्जो; | status; |
| | | 6. वे बातें जो कोई पक्ष अपने वक्तव्य, अभियोग, आरोप आदि के संबंध में कहता या उपस्थित करता है; | حالتون، اهي حقيقتون جيڪي پنهنجي ڳالهه کي ثابت ڪرڻ لاءِ پيش ڪجن؛ | हालति, उहे हकीकतूं जेके पंहिंजी ग़ाल्हि खे साबितु करण लाइ पेशि कजनि; | case; |
| | | 7. अस्तित्व; | هستي، وجود؛ | हस्ती, वुजूदु; | existence; |
| | | 8. किसी कार्य आदि की प्रगति की अवस्था, चरण, मंजिल। | حالت، واڌاري جو هنڌ | हालति, वाधारे जो हंधु | stage, phase. |
| स्थिर | वि. | 1. सदा एक ही दशा, रूप या स्थिति में रहनेवाला, अचल, निश्चल; | اچل، دائم؛ | अचलु, दाइमु; | constant, steady, firm, permanent; |
| | | 2. बहुत दिनों तक या सदा ज्यों का त्यों रहनेवाला, स्थायी; | پڪو، پختو، جٽادار، جهالو؛ | पक्को, पुख्तो, जटादारु, झालू; | stable, enduring, lasting, permanent; |
| | | 3. इस प्रकार निश्चित किया हुआ जिसमें जल्दी या सहज में कोई परिवर्तन या हेरफेर न हो सके; | ڄميل، کتل؛ | ज॒म्यलु, खतलु; | established, fixed; |
| | | 4. जो किसी स्थान पर पहुंच कर स्थायी रूप से रुक या ठहर गया हो, एक ही जगह पर बहुत दिनों तक टिका रहनेवाला; | غير متحرڪ، اچل؛ | ग़ैर-मुतहरिकु, अचलु; | stationary, not moving, immovable, still; |
| | | 5. धीर, शांत; | شانت؛ | शान्ति; | quiescent, calm, pacific; |
| | | 6. एक ही स्थान पर पड़ा, बैठा या लगाया हुआ। | اڀو، کڙو، ويٺل، کتل | उभो, खड़ो, वीठलु, खतलु | placed, fixed, located. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्थिरता** | स्त्री. | 1. स्थिर रहने या होने की अवस्था, गुण या भाव, एक ही दशा, रूप या स्थिति में रहना, निश्चलता, स्थैर्य; | اچلتا؛ | अचलता: | constancy, steadiness, firmness; |
| | | 2. स्थायित्व; | دائميت، هميشگي؛ | दाइम्यत, हमेशगी: | stability, permanence; |
| | | 3. धीरता; | ڌيرتا، شانتي؛ | धीरता, शांती: | quiescence, poise, calmness; |
| | | 4. दृढ़ता, मजबूती । | مضبوطي، پختگي | मज़्बूती, पख़्तगी | fixity, firmness. |
| **स्थूल** | वि. | 1. भारी और मोटे अंगोंवाला, मोटा; | ٿلهو، متارو، ڀريل (بدن وغيره)؛ | थुल्हो, मतारो, भर्यलु (बदन वग़ैरह): | fat, corpulent, stout, bulky, massive; |
| | | 2. तुरन्त या बिना परिश्रम के समझ में आनेवाला; | سولو، سمجهه ۾ ايندڙ؛ | सवलो, समझ में ईंदड़: | plain, which has no subtlety; |
| | | 3. जिसमें छोटे और बारीक अंगों का विचार न हो, मोटे तौर पर अनुमान किया हुआ; | ڏهرو (جنهن ۾ باريڪي نه هجي)؛ | दांहरो (जंहिं में बारीकी न हजे): | rough; |
| | | 4. अभी जिसमें से लागत, व्यय आदि न निकाला गया हो, कुल, सकल, समग्र; | ڪل، سڀ ڳڏي؛ | कुलु, सभु गडु: | gross; |
| | | 5. अपरिष्कृत, मोटा । | کهرو، ٿلهو | खहरो, थुल्हो | coarse, thick. |
| **स्थूलकाय** | वि. | भारी भरकम शरीरवाला । | ٿلهو متارو، ڀريل بدن جو، ڀاري | थुल्हो मतारो, भर्यलु बदन जो, भारी | fat, corpulent, bulky. |
| **स्थूलता** | स्त्री. | 1. स्थूल होने की अवस्था, गुण या भाव, स्थूलत्व, सूक्ष्मता से रहित होना; | ڏهرو (باريڪ نه) هئڻ جي حالت؛ | दांहिरे (बारीक न) हुअण जी हालति: | the state of being easily understood, ordinary, unsubtleness; |
| | | 2. मोटाई, मोटापा; | ٿلهاڻ؛ | थुल्हाणि: | fatness, corpulence, stoutness; |
| | | 3. भारीपन; | ڳوراڻ (سريرجي)؛ | गौराणि (सरीर जी): | bulkiness, largeness; |
| | | 4. (कपड़े आदि का) मोटापन, गाढ़ापन । | کهراڻ، ٿلهاڻ (ڪپڙي وغيره جي) | खहराणि, थुल्हाणि (कपिड़े वग़ैरह जी) | coarseness, thickness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्नात | वि. | जिसने स्नान किया हो, नहाया हुआ । | سنان ڪيل، وهتل | सनान् कयल्, विहितल् | bathed, washed, purified by ablution. |
| स्नातक | पुं. | 1. वह जिसने किसी विश्व-विद्यालय की कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो; | گريجوئيٽ، سناتڪ ; | ग्रैजुएट्, स्नातक्; | graduate, bachelor; |
| | | 2. वह जिसने विद्या का अध्ययन और ब्रह्मचर्य व्रत समाप्त कर लिया हो । | سناتڪ، جنهن برهمچريه ورت ۽ وديا اڀياس پورو ڪيو هجي | स्नातक, जंहिं ब्रह्मचर्य व्रत ऐं विद्या-अभ्यास पूरो कयो हुजे | one who has completed his studies and Brahmacharya period. |
| स्नातकोत्तर | वि. | स्नातक हो जाने के बाद का अध्ययन या परीक्षा । | پوسٽ گريجوئيٽ | पोस्ट ग्रैजुएट | post-graduate. |
| स्नान | पुं. | 1. स्वच्छ या शीतल करने के लिए सारा शरीर जल से धोना या जलराशि में प्रवेश कर नहाना; | سنان ؛ | सनान्; | bathing, washing, ablution, to take a dip in water; |
| | | 2. किसी वस्तु या व्यक्ति का धूप, वायु आदि के सामने इस प्रकार रखना या बैठना, लेटना अथवा होना कि सारे शरीर या पूरे पदार्थ पर उसका प्रभाव पड़े । | اس يا هوا سنان | उस या हवा सनान् | to place or bask in sun. |
| स्नानागार | पुं. | स्नान-गृह, गुसलखाना । | سنان جاءِ، غسل خانو | सनान जाइ, ग़ुसलख़ानो | bath–room. |
| स्नायविक | वि. | स्नायु-संबंधी, स्नायु का, स्नायवीय । | تنتي، تنتن سان واسطو رکندڙ | तन्ती, तंतुनि सां वास्तो रखंदड़ | pertaining to nerves, nervous, ligamentary. |
| स्नायु | पुं. | रग, नाड़ी, नस, तंत्रिका । | تنت، نس، رڳ | तन्तु, नस, रगु | nerve, sinew, tendon, muscle, ligament. |
| स्नायुमंडल | पुं. | तंत्रिका-तंत्र । | تنتو رچنا | तन्तु रचना | nervous system. |
| स्निग्ध | वि. | 1. जिसमें स्नेह या तेल रहता हो या लगा हो, चिकनाहट युक्त; | سنيهو ؛ | सणिभो: | oily, unctuous, greasy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो खुरदरा न हो, चिकना मसृण; | لسو، ترڪڻو؛ | लसो, तिकिंणो: | smooth, not rough, glossy; |
| | | 3. जिसमें स्नेह या प्रेम हो | حب يا پريم ڀريل پيارو | हुब या प्रेम भर्यलु, प्यारो | loving, affectionate, friendly, attached, tender. |
| स्नेह | पु. | 1. प्रेमियों, हमजोलियों, बच्चों आदि के प्रति होनेवाला प्रेमभाव; | سنيھہ، پريم، ڪُرب، محبت؛ | सनेहु, प्रेमु, कुर्बु, मुहबत; | affection, love, kindness, tenderness; |
| | | 2. चिकना पदार्थ, चिकनाहट-वाली चीज़; | لسي يا سڻڀي شئِ؛ | लसी या सणिभी शइ; | grease, fat, any unctuous substance, lubricant; |
| | | 3. तेल; | تيل؛ | तेलु; | oil; |
| | | 4. चिकनाहट, चिकनापन, लसीलापन । | سڻڀ | सणिभु | oiliness, viscidity, unctuousness, lubricity. |
| स्नेहक | पु. | तेल या वह चिकना पदार्थ जो यंत्रों के कल-पुर्जों आदि में उन्हें सरलता से चलाने के लिए डाला जाता है । | مشينن جو تيل | मशीनि जो तेलु | a lubricant, lubrication oil. |
| | वि. | 1. चिकना करनेवाला; | سڻڀو ڪندڙ؛ | सणिभो कंदडु; | lubricating; |
| | | 2. स्नेही, प्रेमी । | سنيھي، پريمي | सनेही, प्रेमी | kind, affectionate. |
| स्नेहपात्र | वि. | जिसके प्रति स्नेह हो, स्नेह-भाजन, प्यारा व्यक्ति, प्रेम पात्र । | پيارو، پريتم، دلبر | प्यारो, प्रीतमु, दिलिबरु | object of love, beloved. |
| स्नेही | वि. | स्नेह करनेवाला, प्रेमयुक्त । | سنيھي | सनेही | affectionate, tender, loving. |
| | पु. | 1. प्रेमी; | پريمي، پريتم، عاشق؛ | प्रेमी, प्रीतमु, आशिकु; | lover; |
| | | 2. मित्र । | دوست، سڄڻ | दोस्तु, सजणु | friend. |
| स्पंद | पु. | 1. धीरे-धीरे हिलना या कांपना, कंपन; | ڏڪڻي؛ | डकिणी; | vibration, tremor, quiver; |
| | | 2. स्पंदन की क्रिया में होनेवाला हल्का आघात या फड़क, प्रस्फुरण; | ڌڙڪو، دڪ دڪ يا ڌڪ ڌڪ، ڌڙڪڻ؛ | धड़िको, दक दकि या धकधकि, धड़कणि; | pulse, throb; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. गति । | چرپر، حرڪت | चुरुपुरु, हरकत | motion, movement. |
| **स्पंदन** | पुं. | 1. धीरे-धीरे हिलना या कांपना; | ڏڪڻي؛ | डुकिणी; | vibration, tremor, quivering, trembling; |
| | | 2. जीवों के शरीर में रक्त के प्रवाह या संचार के कारण कुछ रुक-रुक कर होनेवाली वह गति जो हृदय के बार-बार फूलने और संकुचित होने से आघात या खटक के रूप में उत्पन्न होती है, धड़कन, फड़क, प्रस्फुरण; | ڌڪ ڌڪ، ڌڙڪڻ، نبض يا ناڙ جي هلڻ جي رفتار؛ | धकधकि, धड़कणि, नब्ज या नारि जे हलण जी रफ़्तार; | beat, pulsation; |
| | | 3. गति । | چرپر، حرڪت | चुरपुरि, हरकत | movement, motion. |
| **स्पंदित** | वि. | 1. जिसमें स्पंदन उत्पन्न हुआ हो या किया गया हो, हिलता या कांपता हुआ; | ڏڪڻو، ڌُڏندڙ، لُڏندڙ؛ | डुकिणो, धुडुंदड़ु, लुडुंदड़ु; | vibrated, quivered, trembled; |
| | | 2. धड़कता हुआ (हृदय), फड़कता हुआ, प्रस्फुरित । | دڪ دڪ ڪندڙ، ڌڙ ڪندڙ | दकदकि कंदड़ु, धड़ कंदड़ु | throbbed, pulsated. |
| **स्पर्द्धा (स्पर्धा)** | स्त्री. | 1. प्रतियोगिता आदि में किसी से होनेवाली होड़; | چٽاڀيٽي، چڙهت؛ | चटाभेटी, चढ़ति; | rivalry, competition; |
| | | 2. किसी में कोई अच्छी बात देखकर सद्भावपूर्वक उसके समान होने की कामना; | ريس؛ | रीस; | emulation; |
| | | 3. ईर्षा, डाह । | ايرکا، حسد | ईर्खा, हसदु | jealousy, envy. |
| **स्पर्श** | पुं. | 1. त्वचा का वह गुण जिससे छूने, दबने आदि का अनुभव होता है; | ڇهاءُ، اسپرش؛ | छुहाउ, स्पर्शु; | the quality of tangibility, touch, feel; |
| | | 2. एक वस्तु के तल का दूसरी वस्तु के तल से सटना या छूना, संपर्क, संस्पर्श । | لاڳاپو، ميلاپ | लागापो, मेलापु | contact. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्पष्ट | वि. | 1. जिसे देखने, समझने, सुनने आदि में नाम की भी कोई कठिनता या बाधा न हो, बिलकुल साफ; | ظاهر، صاف؛ | ज़ाहिरु, साफ़; | distinct, clear, apparent, evident, obvious, manifest, intelligible, easy, plain; |
| | | 2. (बात या व्यवहार) जिसमें किसी तरह का छल-कपट या धोखा न हो, निष्कपट, सत्यतापूर्ण । | ايماندار، سچار، سچو | ईमानदारु, सचारु, सचो | straightforward, honest, real. |
| स्पष्टता | स्त्री. | 1. स्पष्ट होने की अवस्था, गुण या भाव; | چٽائي، صفائي؛ | चिटाई, सफ़ाई; | distinctness, clearness, plainness, obviousness, clarity; |
| | | 2. निष्कपटता । | ايمانداري، سچائي | ईमानदारी, सचाई | straight-forwardness. |
| स्पष्टवादिता | स्त्री. | स्पष्टवादी होने की अवस्था, गुण या भाव । | صاف گوئي | साफ़ गुई | quality of being outspoken, out-spokenness, plain, speaking, straight-forwardness. |
| स्पष्टवादी | वि. | साफ-साफ कहनेवाला, स्पष्टवक्ता, स्पष्टभाषी । | صافگو، کليو چوندڙ | साफ़गु, खुल्यो चवंदड़ | outspoken, straightforward, plain-spoken. |
| स्पष्टीकरण | पु. | 1. किसी अपने किए हुए कार्य के विषय में आपत्ति होने पर यह बतलाना कि किन कारणों से यह काम इस रूप में किया गया है; | صفائي، سمجهاڻي؛ | सफ़ाई, समझाणी; | explanation; |
| | | 2. कोई बात इस प्रकार स्पष्ट या साफ करना कि उसके संबंध में कोई भ्रम न हो; | تشريح، پرڪاش؛ | तशरीह, प्रकाशु; | making clear or intelligible, elucidation; |
| | | 3. जो बात स्पष्ट होने से रह गई हो उसे इस प्रकार स्पष्ट करना कि औरों का भ्रम दूर हो जाए । | چٽائي، صفائي | चिटाई, सफ़ाई | clarification. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्पृहणीय | वि. | जिसके लिए स्पृहा अर्थात् अभिलाषा या कामना की जा सके, वांछनीय । | چاهيل، دل پسند | चाह्यलु, दिलि पसंदि | to be desired or longed for, desirable. |
| स्पृहा | स्त्री. | किसी अच्छे काम, चीज या बात की प्राप्ति अथवा सिद्धि के लिए मन में होनेवाली अभिलाषा, इच्छा या कामना । | اڇا، چاهنا، خواهش | इच्छा, चाहना, ख्वाहिश | desire, eagerness, ardent wish, longing. |
| स्फटिक | पु. | एक प्रकार का सफेद बहुमूल्य पारदर्शी पत्थर या रत्न जिसका व्यवहार मालाएँ, मूर्तियाँ आदि बनाने में होता है, बिल्लोर । | بلور، بلوري پٿر | बिलोरु, बिलोरी पथरु | a crystal, quartz, pebble. |
| स्फीत | वि. | 1. फूला या उभरा हुआ; | ڦليل، ڦوليل؛ | फुल्यलु, फुल्यलु; | inflated, puffed up, swelled up; |
| | | 2. बढ़ा हुआ, वर्धित । | وڌيل، اڀريل | वध्यलु, उभिर्यलु | grown, increased, enlarged. |
| स्फीति | स्त्री. | 1. स्फीत होने की अवस्था, गुण या भाव, स्फीतता, फुलाव; | اوڀر، ڦوڪ، سوڄ؛ | ओभरि, फूक, सोजि; | puff, swelling, inflation; |
| | | 2. (मुद्रा का) बढ़ जाना, (मुद्रा का) प्राचुर्य या वृद्धि । | (ڌن) واڌ، گھڻائي، واڌي | (धनु) वाधि, घणाई, वाधी | inflation (of money). |
| स्फुट | वि. | 1. खुला या खिला हुआ, विकसित; | ٽڙيل؛ | टिड़ियलु; | opened, blown, expanded; |
| | | 2. स्पष्ट, व्यक्त; | ظاهر، چٽو؛ | ज़ाहिरु, चिटो; | clear, plain, distinct, manifest, apparent; |
| | | 3. अनिश्चित प्रकारों या वर्गों का, फुटकर । | ريزڪي، متفرقو | रेज़िकी, मुतफ़िर्को | miscellaneous. |
| स्फुटित | वि. | 1. विकसित, खुला हुआ; | ٽڙيل؛ | टिड़ियलु; | budded, blown, expanded; |
| | | 2. मुंह से कहकर या और किसी प्रकार स्पष्ट रूप से प्रकट या व्यक्त हुआ । | صاف، چٽو | साफु, चिटो | made clear, manifest, shown. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्फुरण | पुं. | 1. किसी पदार्थ का जरा-जरा कांपना, लहराना या हिलना; | ڏڪڻي، ڌوڏو، لهرو؛ | डकिणी, धोडो, लहिरो; | throbbing, quivering, trembling (in general); |
| | | 2. अंग का फड़कना जो शुभाशुभ का सूचक होता है; | ڦڙڪو (عضوو)؛ | फड़को (उज़्वो); | throbbing or quivering of certain parts of the body (indicating good or bad luck); |
| | | 3. स्फूर्ति; | ڦڙتي، جلدائي؛ | फुड़िती, जल्दाई; | agility, quickness; |
| | | 4. मन या मस्तिष्क में किसी भाव का सहसा उत्पन्न होना । | تري اچڻ، هرڻ | तरी अचणु, हुरणु | flashing on the mind. |
| स्फुरित | वि. | 1. स्फुरणयुक्त, कांपता, लहराता या हिलता हुआ; | لڏندڙ، ڏڪندڙ، لهرائيندڙ؛ | लुडंदड़ु, डकंदड़ु, लहिराईंदड़ु; | trembling, throbbing, quivering, shaking (in general); |
| | | 2. (अंग) जिसमें फड़कन होता हो; | ڦڙڪندڙ (عضوو)؛ | फड़कंदड़ु (उज़्वो); | thrilled, throbbed, throbbing (of eyes etc.); |
| | | 3. (बात) जो मन में सहसा उत्पन्न हुई हो । | تري آيل، هري آيل | तरी आयलु, हुरी आयलु | flashed on the mind (as an imagination). |
| स्फुलिंग | पुं. | वह जलता हुआ चमकीला कण जो जलती हुई या जोर से रगड़ी जानेवाली चीजों में से निकलकर उड़ता हुआ दिखाई देता है, चिनगारी । | چڻنگ، الو | चिणिग, उलो | a spark (of fire). |
| स्फूर्ति | स्त्री. | 1. तेजी, फुरती; | تيزي، ڦڙتي؛ | तेज़ी, फुड़िती; | agility, smartness, quickness; |
| | | 2. धीरे-धीरे हिलना, फड़कना, स्फुरण; | هلور، ڏڪڻي، ڦڙڪڻ؛ | हिलोर, डकिणी, फड़कणि; | throbbing, shaking, vibration; |
| | | 3. किसी काम या बात के लिए मन में होनेवाला किसी विचार का आकस्मिक आविर्भाव । | تري اچڻ، هرڻ | तरी अचणु, हुरणु | flashing on the mind. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्फोट | पुं. | 1. अन्दर से भर जाने के कारण किसी वस्तु के ऊपरी आवरण का फटना और उसके भीतर की वस्तुओं का वेगपूर्वक बाहर निकलना, फूटना, फूटकर निकलना; | ڦوٽ، ٽڙڪو، ڀڙڪو؛ | फोटि, टिड़को, भड़को; | breaking forth, splitting open, busting, eruption; |
| | | 2. फटना, विस्फोट; | ڦاٽ، ڌڪاءُ؛ | फाटु, धकाउ; | explosion; |
| | | 3. शरीर पर होनेवाला फोड़ा; | ڳڙ، ڦڙي؛ | गड़ु, फुड़ी; | boil; |
| | | 4. नित्य शब्द । | اڻهد ناد، ابدي آواز | अनहद नादु, अबदी-आवाज़ु | eternal sound. |
| स्फोटक | वि. | स्फोट उत्पन्न करनेवाला, फट पड़नेवाला, विस्फोटक । | ڦاڙيندڙ، ڌڪاءُ ڪندڙ، ڦاٽندڙ، بارود | फाड़ींदड़ु, धकाउ कंदड़ु, फाटंदड़ु, बारूतु | explosive. |
| | पुं. | फोड़ा । | ڳڙ، ڦڙي | गड़ु, फुड़ी | a boil. |
| स्मरण | पुं. | किसी ऐसी देखी-सुनी या बीती हुई बात का फिर से याद आना या ध्यान होना जो बीच में भूल गई हो या ध्यान में न रह गई हो, कोई बात फिर से याद आने की क्रिया या भाव, स्मृति, याद । | چتاءُ، چتاڻي، يادگيري | चिताउ, चिताणी, यादगीरी | remembering, remembrance, recollection, memory. |
| स्मरणपत्र | पुं. | कोई बात स्मरण कराने के लिए लिखा जानेवाला पत्र । | يادگيري، ياد، سار، سارُوڻي | यादिगीरी, यादि, सार, सारूणी | reminder. |
| स्मरण शक्ति | स्त्री. | याद रखने की शक्ति, याददाश्त । | حافظو، سمرڻ شڪتي، يادداشت | हाफ़िज़ो, स्मरण शक्ती, यादाश्त | memory. |
| स्मरणीय | वि. | (घटना या बात) जो स्मरण रखी जाने के योग्य हो, याद रखने लायक । | ياد لائق، سار جوڳو | यादि लाइकु, सार जोगो | to be borne in mind, fit to be remembered, memorable. |
| स्मारक | वि. | स्मरण करानेवाला । | ياد ڏياريندڙ | यादि डियारींदड़ु | reminding. |
| | पुं. | वह पदार्थ, रचना या कार्य जो किसी की स्मृति बनाए रखने के लिए हो, यादगार, स्मरणचिह्न । | يادگار، مقبرو | यादिगारु, मकबरो | memorial, monument. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्मारिका | स्त्री. | किसी महत्वपूर्ण घटना, समारोह या स्थान से संबंधित कोई विचारात्मक विशेषत: सचित्र पुस्तिका । | ساروڻي، يادداشت، يادگار پستڪا | सारूणी, यादाश्त, यादिगारु पुस्तिका | souvenir. |
| स्मित | पुं. | मन्द हास्य, धीमी हंसी । | مرڪ، مٺي کل | मुर्क, मिठी खिल | a smile, gentle laugh. |
| | वि. | 1. हंसता हुआ;<br>2. विकसित, खिला हुआ । | مرڪندڙ، کلندڙ؛<br>ٽڙيل | मुर्कंदड़ु, खिलंदड़ु;<br>टिड़ियलु | smiling;<br>expanded, blown, blossomed. |
| स्मिति | स्त्री. | मन्द हास्य, मुस्कराहट । | مرڪ، مٺي کل | मुर्क, मिठी खिल | a smile, smiling, gentle laugh. |
| स्मृत | वि. | स्मरण किया हुआ, स्मृति में आया हुआ । | ياد، هري آيل | यादि, हुरी आयलु | remembered, recollected. |
| स्मृति | स्त्री. | 1. स्मरण शक्ति;<br>2. बीती हुई बातों का वह ज्ञान जो स्मरणशक्ति के द्वारा फिर से एकत्र या प्राप्त होता है, याद, अनुस्मरण;<br>3. धर्म, आचार, व्यवहार आदि से संबंधित हिन्दू-धर्म शास्त्र जिनकी रचना ऋषियों और मुनियों ने वेदों का स्मरण या चिन्तन करके की थी । | يادگيري؛<br>سار، ياد؛<br>سمرتي، ڌرمي گرنٿ | यादिगीरी;<br>सार, यादि;<br>स्मृती, धर्मी ग्रंथु | memory;<br>remembrance, recollection;<br>books of traditional code of Hindu Law. |
| स्यापा | पुं. | किसी की मृत्यु पर शोक के कारण होनेवाला रोना-पीटना, मातम । | ماتم، سياپو | मातमु, स्यापो | mourning, bewailing on a (relative's) death. |
| स्याह | वि. | काला । | ڪارو، اونداهو | कारो, ऊंदाहों | black, dark. |
| स्याही | स्त्री. | 1. एक प्रसिद्ध रंगीन तरल अथवा कुछ गाढ़ा पदार्थ जो लिखने या कपड़े, कागज आदि छापने के काम में आता है, रोशनाई; | مس؛ | मसु; | ink; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. स्याह अर्थात् काले होने की अवस्था, गुण या भाव, कालापन । | ڪاراڻ، اوندهه | कारांणि, ऊंदहि | blackness, darkness. |
| स्याही-सोख | पुं. | स्याही सोखनेवाला कागज, सोख्ता । | مسچٽو | मसुचटो (मसुंचिटो) | blotting-paper. |
| स्रवण | पुं. | 1. बहने की क्रिया या भाव; | وهڻ، ٽمڻ (پگهر، پيشاب، وغيره)؛ | वहणु, टिमणु (पघरु, पेशाबु, वग़ैरह); | flowing, trickling, oozing; |
| | | 2. गर्भ का समय से पहले गिरना, स्राव, गर्भपात । | پاڻي وهڻ، ڪچو ٻار ڪرڻ، گرڀپات | पाणी वहणु, कचो ॿारु किरणु, गभं पातु | premature abortion, miscarriage. |
| स्रष्टा | वि. | सृष्टि या रचना करनेवाला, रचयिता, निर्माता । | رچيندڙ، | रचींदड़ु, | maker, creator. |
| | पुं. | ब्रह्मा, सृष्टि का रचयिता । | برهما | ब्रहमा | the creator of the universe, an epithet of Brahma. |
| | | 2. विरोध, विवाद आदि के समय अपनी प्रतिज्ञा या स्थान पर दृढ़तापूर्वक जमा रहनेवाला, दृढ़-संकल्प, दृढ़प्रतिज्ञ । | هوڏي، پڪي ارادي وارو | होडी, पक्के इरादे वारो | of firm pledge, determined, resolved. |
| **हड़ (हर्र)** | स्त्री. | 1. एक बड़ा पेड़ जिसके पत्ते महुए के पत्तों की तरह चौड़े होते हैं, हरीतकी; | هريڙ (وڻ)؛ | हरीड़ (वणु); | myrobalan (tree); |
| | | 2. उक्त पेड़ का फल । | هريڙ (ڦل) | हरीड़ (फलु) | myrobalan (fruit). |
| **हड़कंप** | पु. | भारी हलचल, तहलका, आतंक । | ٿرٿلو، ڦڙڦوٽ، ڏهڪاءُ | थर्थिलो, फड़फोट, डहिकाउ | turmoil, panic, terror. |
| **हड़कना** | अ. क्रि. | किसी प्रकार के अभाव से दुःखी होना, तरसना । | سڪڻ، واجهائڻ، تڙڦڻ | सिकणु, वाझाइणु, तड़िफणु | to feel a great desire, to have longing (for), to long, to crave, to yearn. |
| **हड़काया** | वि. | 1. जिसे हड़का या उत्तेजित कर किसी के पीछे उस पर आक्रमण करने के लिए लगाया गया हो; | ڇڇتو (ڪتو وغيره)؛ | छितो (कुतो वग़ैरह); | turned violent or rabid; |
| | | 2. उतावला या विकल किया हुआ, तरसाया हुआ; | تڙڦايل، وياڪل ڪيل؛ | तड़िफायलु, व्याकुलु कयलु; | rendered impatient, tantalized; |
| | | 3. पागल, बावला । | پاڳل، چريو | पागुलु, चर्यो | mad, rabid. |
| **हड़ताल** | स्त्री. | दुःख, विरोध या असंतोष व्यक्त करने के लिए कल-कारखानों, कार्यालयों आदि के कर्मचारियों या जनसाधारण का सब कारोबार, दुकानें आदि बन्द कर देना । | هڙتال | हड़िताल | strike. |
| **हड़ताली** | वि. | हड़ताल संबंधी, हड़ताल का । | هڙتالي، هڙتال جو؛ | हड़िताली, हड़िताल जो; | pertaining to strike. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | वह व्यक्ति या वे लोग जो हड़ताल कर रहे हों । | هڙتالي، هڙتال ڪندڙ | हड़िताली, हड़िताल कंदड़ु | a striker. |
| हड़पना | स. क्रि. | 1. किसी की कोई वस्तु अनुचित रूप से लेकर दबा बैठना या कभी न देना; | هڙپ ڪرڻ، ڦٻائڻ، ٺڳائڻ؛ | हड़पु करणु, फबाइणु, तिगाइणु; | to usurp, to purloin; |
| | | 2. निगलना; | ڳيهڻ؛ | गीहणु; | to swallow, to gulp; |
| | | 3. जल्दी (और प्राय: अधिक) खाना । | جلدي جلدي کائڻ | जल्दी जल्दी खाइणु | to eat hastily. |
| हड़बड़ाना | अ. क्रि. | 1. जल्दी मचाते हुए आतुर होना; | وياڪل ٿيڻ، اُبهرو ٿيڻ؛ | व्याकुलु थियणु, उबहिरो थियणु; | to be in a hurry, to act hastily, to be impetuous; |
| | | 2. घबरा जाना, घबड़ाहट में कोई काम करना । | گهٻرائڻ، تڪڙ ڪرڻ؛ | घबिराइणु, तकड़ि करणु; | to be perplexed, to be confused, to be agitated, to be non-plussed, to be in a hurry. |
| | स. क्रि. | जल्दी मचाते हुए कोई काम करने के लिए किसी से कहना या किसी को विवश करना । | منجهائڻ، گڙٻڙ مچائڻ | मुंझाइणु, गड़बड़ि मचाइणु | to flurry, to confuse, to perplex. |
| हड़बड़िया | वि. | हड़बड़ी करनेवाला, जल्दी मचानेवाला, उतावला । | اُبهرو، تڪڙو، اتاولو | उबहिरो, तकड़ो, उतावलो | hasty, precipitate, impetuous, agitated. |
| हड़बड़ी | स्त्री. | 1. जल्दबाजी, उतावली; | اُبهرائي، جلدبازي؛ | उबहिराई, जल्दबाज़ी; | haste, hastiness, rashness, impetuosity; |
| | | 2. घबराहट । | گهٻراهٽ، مونجهارو | घबिराहट, मोंझारो | confusion. |
| हड्डी | स्त्री. | रीढ़ वाले जीव-जंतुओं के शरीर के ढाँचे का वह प्रमुख अंग या तत्व जो बहुत कड़ा और सफेद होता है, प्राय: नली के रूप का होता है और जोड़ों के बीच में रहता है, अस्थि । | هڏي، ڪنڊو | हडी, कंडो | bone. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हत | वि. | 1. जो मार डाला गया हो, वध किया हुआ; | ماريل، قتل ڪيل؛ | मार्यलु, कतलु कयलु; | killed, slain; |
| | | 2. आहत, घायल; | گهايل، زخمي؛ | घायलु, ज़ख़्मी; | hurt, struck, injured; |
| | | 3. रहित, विहीन (समास में); | (مرڪب) بنا، کان سواءِ؛ | (मुर्कब) विना, खां सवाइ; | deprived or bereft of (in Com.); |
| | | 4. नष्ट । | برباد، ناس | बर्बादु, नासु | ruined, extinguished, destroyed. |
| हतप्रभ | वि. | 1. जिसकी प्रभा अर्थात् कांति नष्ट हो गई हो; | بي تيج، بي آب؛ | बे तेजु, बे आबु; | dimmed in lustre; |
| | | 2. किंकर्तव्य-विमूढ़, निरुत्तर । | منجهيل، لاجواب | मुंझ्यलु, लाजवाबु | out of wits, non-plussed. |
| हतभागा | वि. | अभागा, भाग्यहीन, हतभागी । | اڀاڳو، بدنصيب | अभाग़ो, बदनसीबु | unfortunate, luckless, unlucky, ill-fated. |
| हतभाग्य | वि. | दे. 'हतभागा' । | 'हतभागा' ڏسو | डिसो 'हतभागा' | same as 'हतभागा'. |
| हताहत | वि. | हत और आहत, मारे हुए और घायल । | زخمي ۽ مئل، مئل ڦٽيل | ज़ख़्मी ऐं मुअलु, मुअल फटचल | casualties, killed and wounded. |
| हतोत्साह | वि. | जिसका उत्साह भंग हो गया हो । | بي همت، نااميد، نراس | बे हिम्मथु, नाउमेदु, निरासु | demoralised, disheartened. |
| हत्था | पु. | 1. हस्तचालित मशीनों या उपकरणों का वह भाग जिसे हाथ से पकड़कर घुमाने या चलाने से वे चलते हैं, अथवा काम में लाये जाते हैं, दस्ता; | هٿيو، دستو؛ | हथ्यो, दस्तो; | a handle; |
| | | 2. कुन्दा, मूठ । | ڪندو، مٺيو؛ | कुंदो, मुठ्यो; | butt; |
| | | 3. हाथ का वह छापा जो पूजन आदि के अवसरों पर हल्दी अथवा लेपन से कपड़े या दीवारों पर लगाया जाता है; | هٿ جو نشان؛ | हथ जो निशानु; | imprint or impression by hand; |
| | | 4. कुर्सी की बाहां; | هٿيو، ڪرسيءَ جي ٻانهن؛ | हथ्यो, कुर्सीअ जी बांहं; | arm (of a chair); |
| | | 5. केले के फलों का बड़ा गुच्छा, घोद । | ڪيلن جو ڳڇو | केलनि जो गुछो | a large bunch of fruits (of plantain). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हत्थे | क्रि. वि. | 1. हाथ में; | هٿ ۾؛ | हथ में; | in hand; |
| | | 2. हाथ से, द्वारा । | هٿان، وسيلي | हथां, वसीले | by hand. |
| हत्या | स्त्री. | 1. किसी को जान से मार डालने की क्रिया या काम, वध, खून; | خون، قتل، هتيا؛ | ख़ूनु, कतलु, हत्या; | killing, slaving slaughter, murder, assassination; |
| | | 2. हत्या करने का पाप । | هچا، پاپ | हचा, पापु | a sin consequent upon a murder, killing etc. |
| हत्यारा | पुं. | हत्या करनेवाला व्यक्ति, खूनी । | خوني، قاتل، هتيارو | ख़ूनी, कातिलु, हत्यारो | murderer, assassin. |
| हत्यारिन | स्त्री. | हत्या करनेवाली स्त्री । | هتيارڻ، خونڻ | हत्यारिणि, ख़ूनिणि | murderess. |
| हथकंडा | पुं. | 1. कोई उद्देश्य सिद्ध करने के लिए अपनाई गई ऐसी युक्ति या कौशल जो चालाकी तथा धूर्तता से युक्त हो, चालबाजी, हाथ की सफाई; | چالبازي، حرفت بازي، هٿ جي صفائي؛ | चालबाज़ी, हर्फ़त बाज़ी, हथ जी सफ़ाई; | manual skill, hand–skill, handi craft, sleight of hand; |
| | | 2. हाथ से किए जानेवाले कामों में दिखाई पड़नेवाला कौशल और सफाई, हाथ की सफाई, हस्तलाघव । | اٽڪل بازي، حرفت | अटिकल बाज़ी, हर्फ़त | trick, tactics; ruse. |
| हथकड़ी | स्त्री. | लोहे का विशेष ढंग का बना कड़ा जो कैदी या अपराधी को विवश करने के लिए उसके हाथ में पहनाते हैं । | هٿڪڙي | हथकड़ी | handcuffs, manacle. |
| हथकल | स्त्री. | 1. हाथ से चलाई जानेवाली छोटी कल या यंत्र; | هٿ جي مشين؛ | हथ जी मशीनि; | hand–operated machine; |
| | | 2. लोहारों आदि का एक प्रकार का पेचकस, रिंच, पाना । | پانو، رنچ | पानो, रिंचु | spanner, wrench. |
| हथगोला | पुं. | शत्रुओं पर हाथ से फेंका जानेवाला कोई विस्फोटक गोला । | هٿ گولو، بم گولو | हथ गोलो, बम गोलो | hand–grenade. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हथिनी** | स्त्री. | मादा हाथी । | هاٿڻ | हाथिणि | female elephant. |
| **हथियाना** | स. क्रि. | 1. अपने प्रभुत्व या अधिकार में कर लेना; | قبضو ڪرڻ، هٿ ڪرڻ؛ | कब्ज़ो करणु, हथि करणु; | to occupy, to have in one's possession, to grab; |
| | | 2. दूसरे की वस्तु पर कौशल से या जबरदस्ती कब्जा कर लेना; | زبردستي ڦٻائڻ، کسڻ، ڦرڻ؛ | ज़बरदस्ती फबाइणु, खसणु, फुरणु; | to usurp, to seize, to acquire by force; |
| | | 3. हाथ में लेना, हाथ से पकड़ना । | هٿ ۾ ڪرڻ، پڪڙڻ | हथ में करणु, पकिड़णु | to take in hand. |
| **हथियार** | पुं. | 1. अस्त्र-शस्त्र; | هٿيار-پنوهار؛ | हथियार-पंवहार; | weapon, arms; |
| | | 2. कोई ऐसा उपकरण जिसकी सहायता से हाथ से कोई चीज बनाई जाए, औजार । | اوزار | ओज़ारु | tool, implement, instrument. |
| **हथियारबंद** | वि. | अस्त्र-शस्त्र से सज्जित, सशस्त्र । | هٿياربند | हथियार बंदु | armed, equipped with arms. |
| **हथेली** | स्त्री. | हाथ की कलाई के आगे का ऊपरी चिकना और चौड़ा भाग, करतल । | هٿ جي تري | हथ जी तिरी | palm of the hand. |
| **हथौड़ा** | पुं. | धातु, पत्थर, ईंट आदि ठोंकने-पीटने का लोहे का एक औजार । | هٿوڙو، مترڪو | हथोड़ो, मुतिर्को | large) hammer. |
| **हथौड़ी** | स्त्री. | छोटा हथौड़ा । | هٿوڙي، مترڪي | हथोड़ी, मुतिर्की | (small) hammer. |
| **हद** | स्त्री. | 1. किनारा, अंतिम पार्श्व; | حد؛ | हद; | limit, extent; |
| | | 2. सीमा; | حد، سرحد؛ | हद, सरहद; | boundary; |
| | | 3. अंत, चरम सीमा; | انت، آخري حد؛ | अंतु, आख़िरी हद; | extreme, extremity; |
| | | 4. औचित्य की सीमा, मर्यादा । | مرجاتا، وڙ | मर्जाता, वड़ु | limit of propriety. |
| **हनन** | पुं. | 1. मार डालना, वध करना; | خون، قتل؛ | ख़ूनु, कतलु; | killing, slaying, murder, slaughter, assassination; |
| | | 2. आघात या प्रहार करना, पीटना, ठोंकना; | چوٽ، ڌڪ؛ | चोट, धकु; | striking, beating; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. (भावनाओं आदि का) दमन करना । | (ويچارن تي) روڪ، دٻاءُ، بندش | (वीचारनि ते) रोक, दबाउ, बंदिश | suppression (of emotions). |
| हफ़्ता | पुं. | सप्ताह । | هفتو | हफ़्तो | week. |
| हम | सर्व. | मैं का बहुवचन रूप, उत्तम पुरुष का सूचक सर्वनाम । | اسين | असीं | plural form of the first person pronoun मैं (I), we. |
| हमजोली | पुं. | साथी, सखा । | ساٿي، دوست؛ | साथी, दोस्तु; | associate, companion, friend. |
| | वि. | समान उम्र का । | هڪ جيڏو | हिक जेडो | of the same age–group. |
| हमदर्द | पुं. | किसी के दु:ख में शरीक होने या सहानुभूति रखनेवाला व्यक्ति । | همدرد | हमदर्दु | sympathizer. |
| | वि. | दूसरे के दु:ख से द्रवित होनेवाला, कोमलहृदय । | غمخوار | ग़म ख़्वारु | sympathetic, tender–hearted. |
| हमराही | पुं. | रास्ते का साथी, साथ चलनेवाला पथिक या यात्री, सहयात्री । | همراهي، همسفر | हमराही, हम सफरु | fellow–traveller, co–traveller. |
| हमला | पुं. | 1. आक्रमण, धावा, चढ़ाई; | حملو، ڪاهه؛ | हमलो, काह; | attack, invasion; |
| | | 2. प्रहार, वार, चोट; | چوٽ، وار؛ | चोट, वारु; | assault, blow, stroke; |
| | | 3. किसी को नीचा दिखाने या हानि पहुँचाने के लिए किया जानेवाला कार्य या कही जानेवाली बात । | الزام، تهمت | इल्ज़ामु, तुहिमत | accusation, charge. |
| हमलावर | पुं. | हमला करनेवाला, आक्रमणकारी । | حملاور، ڪاهيندڙ؛ ڪاهه ڪندڙ | हम्लावरु, काहींदडु, काह कंदडु | assailant, invader, aggressor. |
| हम्माम | पुं. | स्नान करने का कमरा, स्नानागार । | سنان جي جاءِ | सनान जी जाइ | bath room. |
| हमारा | सर्व. | "हम" का संबंध कारक रूप । | اسانجو | असांजो | possessive form of हम of us, our, ours. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हमें | सर्व. | "हम" का कर्म और संप्रदान कारक का रूप, हमको । | اسانکي | असांखे | the objective and dative form of the first person plural pronoun हम, to us. |
| हमेशा | क्रि. वि. | सदा, सर्वदा, सदैव । | هميشه، سدا | हमेशह, सदा | always, ever, continually, perpetually, incessantly. |
| हया | स्त्री. | स्वाभाविक शील के कारण उत्पन्न होनेवाली लज्जा या शर्म, संकोच । | حياءُ، شرم | हयाउ, शर्मु | shame, sense of shame, modesty. |
| हर | वि. | 1. प्रत्येक; | هر، هر هڪ؛ | हर, हर हिकु; | every, each; |
| | | 2. हरण करनेवाला, छीननेवाला (समास में); | کڻي ڀڄندڙ، ڇني ويندڙ (مرڪب)؛ | खणी भजुंदडु, छिनी वेंदडु (मुर्कब); | taking away, depriving one of, seizing, grasping, (in comp.); |
| | | 3. दूर करने या हटानेवाला (समास में); | دور ڪندڙ، هٽائيندڙ؛ | दूरि कंदडु, हटाईंदडु; | removing (comp.); |
| | | 4. लानेवाला या ले जानेवाला (समास में); | کڻي ويندڙ (مرڪب)؛ | खणी वेंदडु (मुर्कब); | bringing, conveying, carrying, taking (in comp.); |
| | | 5. नष्ट करनेवाला, वध करनेवाला (समास में) । | ناس ڪندڙ، ماريندڙ (مرڪب) | नासु कंदडु, मारींदडु (मुर्कब) | destroying, killing (in comp.). |
| | पु. | 1. महादेव, शिव; | مهاديو، شو؛ | महादेवु, शिवु; | the Lord Siva; |
| | | 2. भाजक (गणित); | ونڊيندڙ (حساب)؛ | वंडींदडु (हिसाबु); | divisor (in Maths.) |
| | | 3. भिन्न में नीचे का अंक या संख्या (गणित) । | ڇيد (اڻپور) | छेदु (अणपूरु) | denominator of a fraction (in Maths. |
| हरएक | | प्रत्येक । | هر هڪ | हर हिकु | every (or each) one, each and every. |
| हरकत | स्त्री. | 1. हिलना-डोलना, गति, चाल; | حرڪت، چرپر؛ | हर्कत, चुरपुरि; | motion, movement, actioı activity; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. स्पंदन या कंपन जो सजीवता और क्रिया-शीलता का सूचक हो; | لوڏو، ڏڪڻي؛ | लोडो, डकिणी; | vibration, pulsation, throbbing; |
| | | 3. अनुचित चेष्टा या व्यवहार, शरारत । | شرارت، خراب وهنوار | शरारत, खराब वहिंवारु | improper or bad action, mis-demeanour, mischief. |
| हरकारा | पुं. | 1. चिट्ठी-पत्री या संदेश लाने-ले जानेवाला कर्मचारी, सन्देशहर, वार्ताहर; | قاصد، ٽپالي؛ | कासिदु, टपाली; | courier; |
| | | 2. (डाकिये से भिन्न) वह व्यक्ति जो गांवों आदि में डाक की चिट्ठियां, पार्सल आदि एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाता है, डाक ढोनेवाला । | ٽپال وارو | टपाल वारो | dak runner. |
| हरगिज | अव्य. | कभी, कदापि, किसी हालत में (केवल 'न' या 'नहीं' के साथ प्रयुक्त) । | هرگز، ڪڏهن، (نه سان ڪم ايندڙ) | हर्गिज़, कडहिं, (न सां कमि ईंदड़ु) | ever, under any circumstances (used with negation words). |
| हरचन्द | अव्य. | 1. कितना ही, कितनी ही तरह से; | ڪيتري ئي، ڪيتري ب، جيتوڻيڪ؛ | केतिरी ई, केतिरी बि, जेतोणीक; | however much, how much soever; |
| | | 2. बहुत बार । | گهڻا ڀيرا، ڪيترا دفعا | घणा भेरा, केतिरा दफ़ा | many times. |
| हरजाना (हर्जाना) | पुं. | नुकसान के बदले में दी जानेवाली रकम, क्षतिपूर्ति । | ٽوٽو، نقصان جو عيوضو | टोटो, नुकसान जो एविज़ो | damages, com-pensation, indemnity. |
| हरण | पुं. | 1. छीनना, लूटना; | ڦرڻ، کسڻ؛ | फ़रणु, खसणु; | taking away, seizing; |
| | | 2. अपहरण, उठा लेजाना, भगा ले जाना; | زبردستيءَ ڀڄائڻ، زوريءَ کڻي وڃڻ؛ | ज़बरदस्तीअ भजाइणु, ज़ोरीअ खणी वञणु; | kidnapping, abduction; |
| | | 3. दूर करना, हटाना; | دور ڪرڻ، هٽائڻ؛ | दूरि करणु, हटाइणु; | removing; |
| | | 4. नष्ट करना; | ناس ڪرڻ؛ | नासु करणु; | destroying; |
| | | 5. वंचित करना । | وانجهڻ | वांझणु | depriving of. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हरदम** | क्रि. वि. | हमेशा, सदैव । | هردم، سدائين | हरदम्, सदाईं | ever, always. |
| **हरना** | स. क्रि. | 1. हरण करना, छीनना, लूटना; | کڻي ڀڄڻ، کسڻ، ڦرڻ؛ | खणी भजुण्, खसण्, फुरण्; | to take away, to seize,to grasp; |
| | | 2. दूर करना, हटाना; | دور ڪرڻ، هٽائڻ؛ | दूरि करण्, हटाइण्; | to remove; |
| | | 3. नष्ट करना; | ناس ڪرڻ؛ | नासु करण्; | to destroy; |
| | | 4. आकृष्ट करना; | ڪشش ڪرڻ، موهڻ؛ | कशिश करण्, मोहिण्; | to captivate, to charm, to attract; |
| | | 5. अपहरण करना, उठा ले जाना, भगा ले जाना । | زوريءَ ڀڄائڻ، کڻي ڀڄڻ | ज़ोरीअ भजाइण्, खणी भजुण् | to kidnap, to abduct. |
| **हरम** | पुं. | 1. रनिवास, अंतःपुर, जनानखाना; | حرم؛ | हरम्; | a harem, women's apartment in a royal household, female apartment; |
| | | 2. जनानखाने में रहनेवाली स्त्रियां । | حرم ۾ رهندڙ زالون | हरम में रहंदड़ ज़ालूं | women of the thalamus. |
| **हरसिंगार** | पुं. | मंझोले कद का एक पेड़ तथा उसके फूल जो बहुत सुगंधित होते हैं, परजाता । | خوشبودار گلن وارو هڪ وڻ، پارجات | ख़ुशबूदारु गुलनि वारो हिकु वणु, पारिजात | a particular plant and its flowers which are very sweet smelling. |
| **हरा** | वि. | 1. ताजी उगी हुई घास या पत्ती के रंग का, सब्ज, हरित; | سائو؛ | साओ; | green, verdant; |
| | | 2. हरियाली से भरा हुआ; | سائو، ساوڪ ڀريو؛ | साओ, सावक भर्यो; | verdurous, covered with green verdant, green; |
| | | 3. अधपका, कच्चा; | اڌپڪو، ڪچو؛ | अधपको, कच्चो; | half raw, unripe; |
| | | 4. तरोताजा; | تازو؛ | ताजो; | fresh; |
| | | 5. प्रफुल्ल, प्रसन्न । | خوش، پرسن | ख़ुशि, प्रसन्नु | gay, delighted. |
| | पुं. | हरा रंग । | سائو رنگ | साओ रंगु | green colour. |
| **हराना** | स. क्रि. | 1. परास्त करना, पछाड़ना; | شڪست ڏيڻ، سوڀ پائڻ؛ | शिकस्त डियणु, सोभ पाइणु; | to defeat, overcome, overthrow, conquer; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. दौड़ा-दौड़ा कर शिथिल और पस्त करना, थकाना । | ڊوڙائي ٿڪائڻ | डोड़ाए थकाइणु | to weary, live out. |
| हराभरा | वि. | 1. हरे पेड़-पौधों, घास आदि से भरा हुआ, हरियाली से पूर्ण; | سرسبز؛ | सरसब्ज़ु; | verdurous, covered with green, green, verdant; |
| | | 2. प्रसन्न, प्रफुल्ल; | خوش، پرسن؛ | ख़ुशि, प्रसन्न; | delighted, gay, happy; |
| | | 3. सम्पन्न; | آسودو، ڌنوان؛ | आसूदो, धनवानु; | prosperous, flourishing; |
| | | 4. ताजा । | تازو | ताज़ो | fresh. |
| हराम | वि. | 1. निषिद्ध, वर्जित, अविहित; | حرام، منع ڪيل؛ | हरामु, मनअ कयलु; | forbidden, prohibited, unlawful; |
| | | 2. त्याज्य, अग्राह्य; | تياڳڻ جوڳو، نه وٺڻ لائق؛ | त्यागण जोगो, न वठंण लाइकु; | abandonable, renounceable, unacceptable; |
| | | 3. बहुत ही कटु, कष्टदायक या अप्रिय; | ڏکدائي، اڻ وڻندڙ؛ | दुखदाई, अण वणंदड़ु; | troublesome, painful, distressing, unpleasant; |
| | | 4. अनुचित, बुरा । | خراب، برو | ख़राबु, बुरो | improper. |
| | पु. | 1. पाप, अधर्म; | پاپ، اڌرم؛ | पापु, अधर्मु; | sin, unrighteousness; |
| | | 2. धर्मशास्त्र द्वारा निषिद्ध बात या कर्म आदि; | منع ٿيل، بي قاعدي؛ | मनअ थियलु, बे काइदे; | forbidden, prohibited or unlawful act etc.; |
| | | 3. व्यभिचार । | وڀچار | विभिचारु | adultery. |
| हरारत | स्त्री. | 1. गर्मी, ताप; | گرمي، حرارت؛ | गर्मी, हरारत; | heat, warmth; |
| | | 2. हलका ज्वर; | هلڪو تپ؛ | हल्को तपु; | feverishness, temperature; |
| | | 3. जोश (ला.) । | جوش، شوق | जोशु, शौकु | fervour, zeal. |
| हरिजन | पु. | 1. अस्पृश्य या अछूत जाति का व्यक्ति; | هريجن، گهٽ ذات؛ | हरीजनु, घटि ज़ाति; | an untouchable; |
| | | 2. भगवान् का भक्त या सेवक । | ايشور ڀڳت | ईश्वरु भगतु | a devotee of God. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हरिण | पुं. | मृग, हिरन । | هرڻ، مرگھ | हरणु, मृघु | a deer, antelope. |
| हरित | वि. | 1. हरे रंग का, हरा; | سائو، سبز؛ | साओ, सब्जु; | of a green colour, green; |
| | | 2. ताजा; | تازو؛ | ताज़ो; | fresh; |
| | | 3. हरियाली से युक्त, हरा-भरा । | ساوڪ ڀريو، سرسبز | सावक भर्यो, सरसब्जु | verdurous, covered with green, verdant, grassy. |
| हरियाली | स्त्री. | 1. हरे-भरे पेड़-पौधों का विस्तृत फैलाव या समूह; | ساوڪ؛ | सावक; | green vegetation, verdure, greenery; |
| | | 2. हरा रंग; | سائو رنگ، ساواڻ؛ | साओ रंगु, सावाणि; | greenness; |
| | | 3. आनन्द, प्रसन्नता । | خوشي، آنند | ख़ुशी, आनन्दु | delight, happiness. |
| हर्ज | पुं. | 1. हानि, क्षति; | حرج، نقصان، جوکو؛ | हर्जु, नुक्सानु, जोखो; | loss, harm, damage; |
| | | 2. काम में होनेवाली रुकावट, देरी । | رڪاوٽ، دير | रुकावट, देरि | interruption, obstacle, delay. |
| हर्ष | पुं. | 1. प्रसन्नता, आनन्द, खुशी; | خوشي، آنند؛ | ख़ुशी, आनन्दु; | joy, delight, pleasure, jubilation, gladness, rapture glee; |
| | | 2. साहित्य में संयोग श्रृंगार के अन्तर्गत एक संचारी भाव जिसमें प्रसन्नता के कारण रोएं खड़े हो जाते हैं या चेहरे पर पसीना आ जाता है । | ساهت ۾ شرنگار رس جو هڪ سنچاري ڀاو | साहित में श्रृंगार रस जो हिकु संचारी भावु | joy, considered as a subordinate feeling (in lit.). |
| हर्षित | वि. | 1. प्रसन्न, आनंदित; | خوش، پرسن؛ | ख़ुशि, प्रसन्नु; | delighted, happy, cheerful; |
| | | 2. प्रसन्न किया हुआ । | خوش ڪيل | ख़ुशि कयलु | made happy, gladdened. |
| हल | पुं. | 1. खेत जोतने का एक प्रसिद्ध उपकरण, लांगल; | هر؛ | हरु; | a plough; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | कश्मीरी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. हिसाब लगाने की क्रिया, गणित के प्रश्न का उत्तर निकालने की पूरी प्रक्रिया या विवरण; | حل، سمجھاڻي؛ | हलु, समझाणी; | solving, solution, process of solving a mathematical problem; |
| | | 3. किसी कठिन विषय या समस्या का निराकरण, समाधान; | حل، ذکیاٹی ءِجو اپاءِ؛ | हलु, डुख्याईअ जो उपाउ; | solution (of a difficulty); |
| | | 4. सवाल का जवाब । | جواب | जवाबु | answer, solution (of a question). |
| हलक | पुं. | गले की नली, कंठ, गला । | گلو، هوانلي | गलो, हवानली | throat, gullet, wind pipe. |
| हलका | वि. | 1. कम भारी, मात्रा में अपेक्षाकृत थोड़ा, कम; | هلکو، ڳورو نہ؛ | हल्को, गौरो न; | of less weight, light; |
| | | 2. मन्द, मामूली; | جھکو، نرم؛ | झको, नर्मु; | mild, soft, gentle, faint, dim; |
| | | 3. ओछा, तुच्छ; | نيچ، تچ؛ | नीचु, तुच्छु; | trivial, petty, mean, shallow; |
| | | 4. सहज, सुगम; | سولو؛ | सवलो; | easy; |
| | | 5. भारमुक्त, दायित्व से मुक्त; | بنا بار، بنا جوابداري؛ | बिना बार, बिना जवाबदारी; | free from burden or responsibility; |
| | | 6. जो गरिष्ठ न हो, सुपाच्य; | هلکو کائڻ ۾ هلکو؛ | हल्को खाइण में हल्को; | easy of digestion, digestible; |
| | | 7. कम मूल्य का, सस्ता; | سستو، گھٽ قيمتي؛ | सस्तो, घटि कीमती; | cheap, of low price; |
| | | 8. ताजा, थकानरहित, प्रफुल्ल; | تازو، خوش؛ | ताज़ो, ख़ुशि; | fresh, free from tiredness, light; |
| | | 9. कम अच्छा, घटिया; | گھٽ سٺو، سادو؛ | घटि सुठो, सादो; | inferior, lower (in quality); |
| | | 10. झीना, महीन । | سنهو | सन्हो | thin. |
| हलका | पुं. | शासनिक आदि कार्यों के लिए निर्धारित विशिष्ट क्षेत्र या भूखंड । | ايراضي | एराज़ी | circle, area. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हलकापन** | पुं. | हल्के होने की अवस्था, गुण या भाव । | هلڪائي، هلڪڙائي | हल्काई, हल्किड़ाई | lightness, mildness, shallowness, easiness, cheapness, freshness, inferiority, thinness etc, |
| **हलचल** | स्त्री. | 1. वह अवस्था या स्थिति जिसमें किसी स्थान पर लोगों का चलना-फिरना लगा रहता है, चहल-पहल, शोरगुल; | هلچل، رونق؛ | हलचल, रौनक; | commotion, hustle, tumult; |
| | | 2. उपद्रव, हड़कंप, अशांति; | هلچل، فساد، بغاغو؛ | हलचल, फ़साद, बग़ाग़ो; | agitation, movement; |
| | | 3. व्याकुलता, बेचैनी, उद्विग्नता । | وياڪلتا، بيچيني | व्याकुलता, बेचैनी | perturbation. |
| **हलफ** | पुं. | शपथ, सौगंध । | قسم | कसमु | oath. |
| **हलफनामा** | पुं. | लिखा हुआ हलफी बयान, शपथ-पत्र । | قسمنامو | कसमनामो | declaration on oath, an affidavit. |
| **हलवा (हलुवा)** | पुं. | आटे, बेसन, मैदे, सूजी, गाजर आदि को घी में भूनकर और उसमें चीनी, दूध आदि मिलाकर तैयार किया जानेवाला एक प्रसिद्ध व्यंजन । | حلوو، سيرو | हल्वो, सीरो | a typical Indian pudding made of flour, suji, milk, sugar and ghee, etc. |
| **हलवाई** | पुं. | मिठाई बनाने-बेचनेवाला दुकानदार । | حلوائي | हल्वाई | confectioner, sweet-seller. |
| **हलवाहा** | पुं. | वह जो दूसरे के यहां हल जोतने का काम करता हो, हलवाह । | ڪڙمي، هاري | कुड़िमी, हारी | ploughman, tiller. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हलाल | पुं. | 1. ऐसा पशु जिसका मांस खाने की मुसलमानी धर्मपुस्तक में आज्ञा हो; | حلال؛ | हलालु; | an animal whose flesh or meat is considered suitable for eating according to Mohammeden scriptures; |
| | | 2. मुसलमानी धर्म के अनुसार कलमा पढ़कर और धारदार शस्त्र से मारा गया पशु । | ڪلمو پڙهي ماريل جانور | कल्मो पढ़ी मार्यलु जानिवरु | an animal slaughtered in accordance with conventional prescription of Mohammedan religion. |
| | वि. | 1. जायज, विहित; | حلال، جائز، واجب؛ | हलालु, जाइजु, वाजिबु; | legitimate, lawful, having religious sanction; |
| | | 2. कठोर परिश्रम से कमाया हुआ । | محنت سان ميڙيل | महिनत सां मेड़ियलु | hard earned. |
| हलाहल | पुं. | 1. एक प्रचंड विष जो समुद्र मंथन के समय निकला था; | تيز زهر؛ | तेजु ज़हिरु; | a sort of deadly poison produced at the churning of the ocean; |
| | | 2. उग्र विष, कालकूट; | تکو زهر؛ | तिखो ज़हिरु; | a deadly poison; |
| | | 3. एक विषैला पौधा । | هڪ زهري ٻوٽو | हिकु ज़हिरी बूटो | a kind of poisonous plant. |
| हल्दी (हलदी) | स्त्री. | 1. एक प्रसिद्ध पौधे की जड़ जो कड़ी गांठ के रूप में होती है तथा मसाले और रंगाई के काम आती है; | هيڊ؛ | हैड; | turmeric, curcuma; |
| | | 2. उक्त जड़ का पौधा । | هيڊ جو ٻوٽو | हैड जो बूटो | turmeric plant. |
| हल्ला | पुं. | 1. एक या अनेक व्यक्तियों का जोर-जोर से चिल्लाना, कोलाहल, शोरगुल; | گوڙ شور؛ | गोड़ु शोरु; | uproar, tumult; |
| | | 2. धावा, हमला । | حملو، ڪاه | हमलो, काह | attack, assault. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हवन | पुं. | मंत्र पढ़कर किसी देवता के लिए अग्नि में आहुति देने की क्रिया, होम । | هون، هوم | हवनु, होमु | offering an oblation with fire, a fire sacrifice. |
| हवलदार | पुं. | पुलिस या सेना का एक पदाधिकारी जिसके मातहत कुछ सिपाही होते हैं । | حولدار | हवलदारु | Havildar. |
| हवस (हविस) | स्त्री. | वह इच्छा जिसकी संतुष्टि बार-बार की जाती हो पर फिर भी जो और अधिक संतुष्टि के लिए उत्कट रूप धारण किए रहती हो, चाह, लालसा, वासना, लोभ, लालच । | حوس، چاھ، لالچ، لوڀ | हवस, चाह, लालच, लोभु | longing, lust, concupiscence, inordinate appetite, passion. |
| हवा | स्त्री. | 1. प्राय: सर्वत्र चलता रहनेवाला वह तत्व जो सारी पृथ्वी में व्याप्त है और जिसमें प्राणी सांस लेते हैं, वायु, पवन; | هوا، واءُ؛ | हवा, वाउ; | air, wind, breeze; |
| | | 2. सांस; | ساهُ؛ | साहु; | breath, breathing; |
| | | 3. संबंधजन्य कुप्रभाव । | برو اثر | बुरो असरु | undesirable effect or impact, consequence of association. |
| हवाई | वि. | 1. हवा से संबंधित; | هوائي، هوا جو؛ | हवाई, हवा जो; | of or pertaining to air, airy; |
| | | 2. हवा में उड़ने, चलने, रहने या होनेवाला, वायव; | هوائي، اڏامندڙ؛ | हवाइ, उडा॒मंदड़ु; | aerial; |
| | | 3. काल्पनिक, निर्मूल, निराधार । | ڪوڙو، خيالي | कूड़ो, ख़्याली | false, imaginary. |
| हवाई अड्डा | पुं. | वायुयानों के उतरने, रुकने या प्रस्थान करने का स्थान । | هوائي اڏو | हवाई अडो॒ | aerodrome, airport. |
| हवाई जहाज | पु. | हवा में उड़नेवाली सवारी, वायुयान । | هوائي جهاز | हवाई जहाज़ु | aeroplane, aircraft. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हवाई डाक | स्त्री. | वायुयान द्वारा एक स्थान दूसरे स्थान में भेजी जाने वाली डाक । | هوائي ٽپال | हवाई टपाल | air mail. |
| हवादार | वि. | (कमरा, मकान, स्थान) जहां खूब या ताजी हवा बराबर चलती या आती-जाती रहती हो । | هوادار، کليل | हवादारु, खुल्यलु | airy, open, well ventilated. |
| हवापानी | पु. | जलवायु, आबहवा, वातावरणिक स्थिति | هوا پاڻي، آب هوا | हवा-पाणी, आबुहवा | climate. |
| हवाबाज | पु. | हवाई जहाज चलानेवाला, वायुयान चालक । | هواباز | हवाबाजु | pilot, airman. |
| हवाला | पु. | 1. किसी बात की पुष्टि के लिए किसी के वचन या किसी घटना का किया जानेवाला उल्लेख या संकेत, निर्देश; | حوالو، لڳاپو؛ | हवालो, लगापो; | reference, allusion; |
| | | 2. किसी के कथन या लेख का वह अंश जो प्रमाण स्वरूप उद्द्रत किया जाए, उद्धरण । | سند، داخلو، مثال | सनद, दाख़िलो, मिसालु | citation, quotation. |
| हवालात | स्त्री. | जेल या थाने आदि की वह कोठरी या भवन जिसमें विचाराधीन कैदी रखे जाते हैं । | حوالات | हवालाति | custody-room, custody, lock-up. |
| हवि | पु. | 1. हवन की वस्तु या सामग्री, चढ़ावा; | هون سامگري؛ | हवन सामग्री; | an oblation to gods, offering in general, things offered as oblation into fire; |
| | | 2. बलि, कुर्बानी । | ٻلي، قرباني | ॿली, कुर्बानी | sacrifice. |
| हवेली | स्त्री. | रहने का ऊंचा, बड़ा और पक्का मकान, महल । | حويلي | हवेली | mansion, a palatial house of brick or stone. |
| हस्त | पु. | 1. हाथ; | هٿ؛ | हथु; | the hand; |
| | | 2. एक हाथ (करीब 20 इंच) की नाप; | هٿ، هڪ هٿ ماپ؛ | हथु, हिकु हथु माप; | cubit; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. एक नक्षत्र जिसमें पाँच तारे होते हैं; | هست نکشتر؛ | हस्त नक्षत्र; | name of the thirteenth asterism consisting of five stars; |
| | | 4. हाथी की सूंड; | سونڍ؛ | सूंढि; | the trunk of an elephant; |
| | | 5. हाथ की लिखावट । | لکاوٽ، هٿ جي لکائي | लिखावट, हथ जी लिखाई | handwriting. |
| हस्तकौशल | पुं. | हाथ से किए जानेवाले कामों से संबंधित कौशल, दक्षता, सफाई । | هٿ جي ڪاريگري، هٿ جو هنر | हथ जी कारीगिरी, हथ जो हुनरु | skilfulness of hand, manual dexterity. |
| हस्तक्षेप | पुं. | 1. किसी चलते या होते हुए काम या बात में कुछ संशोधन करने के उद्देश्य से हाथ डालना या उसके कर्त्ताओं से कुछ कहना; | دست اندازي؛ | दस्त अंदाज़ी; | interference; |
| | | 2. किसी के काम या बात में अनावश्यक रूप से अनाधिकार दखल देना दस्तंदाजी । | دست اندازي، بنا ڪارڻ دخل | दस्त अंदाज़ी, बिना कारण दख़लु | meddling. |
| हस्तगत | वि. | हाथ में आया हुआ, प्राप्त, मिला हुआ । | هٿ آيل، حاصل، مليل | हथि आयलु, हासिलु, मिल्यलु | come to hand, fallen into one's possession, obtained, secured, received. |
| हस्तरेखा | स्त्री. | हथेली पर बनी हुई रेखाएं (जिनके आधार पर मनुष्य के भाग्य का विचार किया जाता है) । | هٿ ريکا، هٿ جون ليڪون | हथ रेखा, हथ जूं लीकूं | the lines of one's palm (studied in palmistry). |
| हस्तलाघव | पुं. | हाथ से काम करने की उत्कृष्ट कुशलता, हाथ की फुर्ती, हाथ की सफाई या चालाकी । | هٿ جي صفائي، هٿ جي چالاڪي | हथ जी सफ़ाई, हथ जी चालाकी | dexterity of hand, manual skill. |
| हस्तलिखित | वि. | हाथ से लिखा हुआ । | هٿ لکيو، دستي، قلمي | हथ लिख्यो, दस्ती, कलमी | handwritten, in manuscript form |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हस्तलिपि** | स्त्री. | 1. हाथ की लिखावट;<br>2. हस्तलेख, हस्तलिखित लेख या ग्रंथ, पांडुलिपि । | لکاوٽ؛<br>دستي ڪتاب، قلمي نسخو | लिखावट;<br>दस्ती किताबु, कलमी नुस्खो | handwriting;<br>manuscript. |
| **हस्तशिल्प** | पुं. | मुख्यतः हाथों से तैयार किया जानेवाला शिल्प, दस्तकारी । | هٿ جو هنر، دستڪاري | हथ जो हुनरु, दस्तिकारी | handicraft. |
| **हस्तांतरण** | पुं. | (सम्पत्ति, स्वत्व आदि का) एक हाथ से दूसरे हाथ में जाना या दिया जाना, अंतरण । | تبديل، بدل | तब्दील, बदलि | transfer, transference. |
| **हस्तांतरणीय** | वि. | जिसका हस्तांतरण हो सकता हो । | بدلائڻ جوڳو | बदिलाइण जोगो | transferable. |
| **हस्तांतरित** | वि. | जिसका हस्तांतरण हुआ हो । | ڦيرايل، قبضو، بدليل | फेरायलु, कब्जो, बदिल्यलु | transferred (to another hand). |
| **हस्ताक्षर** | पुं. | 1. किसी व्यक्ति द्वारा लिखा जानेवाला अपना नाम जो इस बात का सूचक होता है कि ऊपर लिखी हुई बातें मैंने लिखी हैं और उनका उत्तरदायित्व मुझ पर है, दस्तखत, सही;<br>2. हाथ से बनाए हुए अक्षर । | صحيح، دستخط؛<br>لکاوٽ | सही, दस्तिख़तु;<br>लिखावट | signature;<br>handwriting. |
| **हस्ताक्षरित** | वि. | जिस पर किसी के हस्ताक्षर हुए हों । | صحيح ٿيل | सही थियलु | signed. |
| **हस्तामलक** | पुं. | 1. हाथ में लिया हुआ आंवला, जो बिलकुल स्पष्ट दिखाई देता हो; | ترئيءَ تي رکيل آنئرو جيڪو صاف نظر ايندو هجي؛ | तिरीअ ते रख्यलु आंविरो जेको साफ़ु नज़रि ईंदो हुजे; | (lit.) the fruit or seed of the emblic myrobalan in the hand, a thing which is perfectly clear from every point of view; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह वस्तु या बात जिसका हर पहलू हथेली पर रखे हुए आँवले की तरह स्पष्ट होता है, भली-भाँति जाना और समझा हुआ विषय या वस्तु । | ظاهر شئ، پڌري پٽ | ज़ाहिरु शइ, पधिरे पटि | absolutely clear and readily comprehensible subject (like the fruit of the emblic myrobalan in hand). |
| | वि. | पूर्णतया स्पष्ट और ज्ञात । | بلڪل ظاهر ۽ ڄاتل | बिल्कुलु ज़ाहिरु एं ज्ञातलु | absolutely clear and known. |
| हस्ती | पुं. | हाथी । | هاٿي | हाथी | elephant. |
| | स्त्री. | 1. वर्तमान होने की अवस्था, अस्तित्व, जीवन; | هستي، حياتي؛ | हस्ती, हयाती; | existence, being, life; |
| | | 2. महत्व, मूल्य; | هستي، وڏائي؛ | हस्ती, वडाई; | worth, value, significance; |
| | | 3. मान्य या श्रेष्ठ व्यक्ति । | هستي، ناليرو ماڻهو । | हस्ती, नालेरो माण्हू | personage. |
| हस्ते | अव्य. | किसी के हाथ से, मारफत, द्वारा । | معرفت، دوارا، هٿان | मार्फ़त, द्वारा, हथां | through, through the agency of. |
| हहरना | अ. क्रि. | 1. काँपना, थरथराना; | ڪنبڻ، ڏڪڻ؛ | कंबणु, डकणु; | to tremble, to shiver, to quiver; |
| | | 2. चकित होना, दंग होना; | حيران ٿيڻ، عجب ۾ پوڻ؛ | हैरानु थियणु, अजब में पवणु; | to be wonder-struck, to be astonished; |
| | | 3. ईर्ष्या से क्षुब्ध होना । | حسد ۾ جلڻ | हसद में जलणु | to be agitated with jealousy. |
| हाँ | अव्य. | स्वीकृति, सहमति, समर्थन, निश्चय, आत्मतोष, स्मृति आदि का सूचक शब्द । | ها، هاڪار، قبوليت | हा, हाकार, कबूल्यत | a word denoting agreement, fulfilment, affirmation, satisfaction. |
| | स्त्री. | स्वीकृति, स्वीकृति देने, 'हाँ' कहने का कार्य । | ها، سچ | हा, सचु | yes, yea, truly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हांक | स्त्री. | 1. किसी को पुकारने या बुलाने अथवा कोई बात सूचित करने के लिए जोर से कहा जानेवाला शब्द पुकार; | سڏ؛ | सड्; | calling aloud; |
| | | 2. सहायता प्राप्त करने के लिए मचाई जानेवाली पुकार, दुहाई; | ڏانهن، رڙ؛ | दांहं, रड़; | outcry or entreaty for help; |
| | | 3. किसी को डांटने-डपटने, बढ़ावा देने या ललकारने आदि के लिए जोर से कहा जानेवाला शब्द । | للڪار، هونگار | लल्कार, हुंगार | halloo, cry of challenge. |
| हांकना | स. क्रि. | 1. जोर से चिल्लाकर बुलाना; | سڏڻ، پڪارڻ؛ | सड्णु, पुकारणु; | to call aloud; |
| | | 2. शत्रु को ललकारना; | للڪارڻ؛ | लल्कारणु; | to halloo, to challenge loudly; |
| | | 3. जानवरों को आगे बढ़ाने के लिए मुंह से कुछ कहते हुए चाबुक आदि लगाना; | هڪلڻ، هلائڻ؛ | हकिलणु, हलाइणु; | to drive (an animal), to urge on, to goad; |
| | | 4. पशुवाली सवारी चलाना; | هڪلڻ، (ٽانگو وغيره)؛ | हकिलणु, (टांगो वग़ैरह); | to drive animal-driven vehicle; |
| | | 5. बहुत बढ़-चढ़कर बातें करना; | ٻٽاڪ هڻڻ، لباڙ هڻڻ؛ | बुटाक हणणु, लबाड़ हणणु; | to indulge in boastful gossip, to brag and boast; |
| | | 6. (पंखा) झलना; | پکو هڻڻ، جهلي ڇڪڻ؛ | पखो हणणु, झली छिकणु; | to oscillate (a fan); |
| | | 7. हवा आदि करके (मक्खी आदि) हटाना, उड़ाना; | (مکيون) ڀڄائڻ، اڏائڻ؛ | (मख्यूं) भजाइणु, उडाइणु; | to drive away (fly etc.) by fan air; |
| | | 8. (जानवर आदि) भगाना, खदेड़ना । | (جانور) ڀڄائڻ، تڙي ڪڍڻ | (जानिवरु) भजाइणु, तड़े कढणु | to drive out or away. |
| हांका | पुं. | 1. जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए उन्हें हांक कर ऐसी जगह ले जाना जहाँ सहज में उनका शिकार हो सके; | (شڪار لاءِ) هل، غوغاءُ؛ | (शिकार लाइ) हुलु, ग़ोग़ाउ; | driving the prey towards the spot where the hunter is seated; |
| | | 2. पुकार, टेर; | پڪار، سڏ؛ | पुकार, सड्; | call, outcry for help, bawling, calling aloud; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यन्तरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. ललकार । | للڪار، هونڪار | लल्कार, हूंकार | a halloo, cry of challenge. |
| हाँपना (हाँफना) | अ. क्रि. | थकावट, भय आदि के कारण फेफड़ों का जल्दी-जल्दी और लम्बे-लम्बे सांस लेना ; | سهڪڻ، ڏکاساهه کڻڻ | सहिकणु, डिघा साह खणणु | to pant, to be out of breath, to breathe heavily. |
| हाकिम | पुं. | 1. हुकूमत करनेवाला व्यक्ति शासक; | حاڪم؛ | हाकिमु; | ruler; |
| | | 2. प्रधान या बड़ा अधिकारी | وڏو عملدار | वडो अमलदारु | boss, officer, superior officer. |
| हाजत | स्त्री. | 1. ऐसी अपेक्षा या आवश्यकता जिसकी पूर्ति यथासाध्य शीघ्र की जाने को हो; | حاجت، سرڪاري سڏ؛ | हाजत, सरकारी सडु; | call of nature, pressure in the bowels; |
| | | 2. वह स्थान जहां हिरासत में लिया हुआ आदमी बन्द रखा जाता है । | حوالات | हवालात | a place of detention (for prisoners pending trial), custody. |
| हाजमा | पुं. | 1. पाचन क्रिया; | هاضمو، پچڻ ڪريا؛ | हाज़्मो, पचण क्रिया; | digestion, digestive function; |
| | | 2. पाचनशक्ति । | هاضمو، پچڻ جي شڪتي | हाज़्मो, पचण जी शक्ती | digestive power, digestion. |
| हाजिर | वि. | 1. उपस्थित, मौजूद; | حاضر، موجود؛ | हाज़िरु, मौजूदु; | present, in attendance; |
| | | 2. प्रस्तुत । | تيار، هڪيو | तयारु, हक्यो | ready, prepared. |
| हाजिरजवाब | वि. | प्रश्न या बात का यथोचित उत्तर तुरन्त देनेवाला, उत्तर देने में निपुण, प्रत्युत्पन्नमति । | حاضرجواب | हाज़िरु जवाबु | quick witted, ready witted, witty. |
| हाजिर-जवाबी | स्त्री. | हाजिर जवाब होने की अवस्था या भाव, प्रत्युत्पन्नमतित्व । | حاضرجوابي | हाज़िरु जवाबी | qucik wittedness, ready wit. |
| हाजिरी | स्त्री. | 1. हाजिर रहने या होने की अवस्था या भाव, विद्यमानता, मौजूदगी, उपस्थिति; | حاضري، موجودگي؛ | हाज़िरी, मौजूदिगी; | presence; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. छात्रों, नौकरों आदि की अपने कार्य, पद, समय पर होनेवाली उपस्थिति । | حاضري (ڀرڻ) | हाज़ुरी (भरणु) | attendance, roll–call. |
| **हाजी** | पुं. | वह मुसलमान जो हज अर्थात् मक्का की यात्रा करने जा रहा हो या कर आया हो । | حاجي، حج ڪري آيل | हाजी, हजु करे आयलु | a Mohammedan pilgrim to Mecca or a Mohammedan who has performed the pilgrimage of Mecca. |
| **हाट** | स्त्री. | 1. कुछ नियत या विशिष्ट स्थानों तथा विशिष्ट अवसरों पर या विशिष्ट दिनों में लगनेवाला बाजार, पैंठ; | بازار، منڊي؛ | बाज़ारि, मंडी; | a temporary and periodic market; |
| | | 2. स्थायी रूप से बना और बसा हुआ बाजार । | مارڪيٽ، بازار | मार्केटु, बाज़ारि | a permanent market, a mart, bazar. |
| **हाड़** | पुं. | अस्थि, हड्डी । | هڏو، ڪنڊو | हडो, कंडो | bone. |
| **हाता** | पुं. | दे. 'अहाता' । | 'अहाता' ڏسو | डिसो 'अहाता' | same as 'अहाता'. |
| **हाथ** | पुं. | 1. मनुष्य के शरीर में कंधे से अंगुलियों तक का वह अंग जिससे अधिकतर काम किए जाते हैं और चीजें खाई, पकड़ी, ली या दी जाती हैं, कर, हस्त; | هٿ؛ | हथु; | arm; |
| | | 2. लम्बाई की एक नाप जो मनुष्य की कोहनी से लेकर पंजे के छोर तक मानी जाती है, चौबीस अंगुल का मान; | هٿ (ماپ)؛ | हथु (माप); | the fore–arm, a cubit (measured from the elbow to the tip of the middle finger); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. किसी कार्य के संचालन में होनेवाला किसी का अंश या प्रेरणा, योगदान; | مدد، سهڪارُ؛ | मदद, सहिकारु; | inspiration, cooperation, contribution, share etc. of some one in the performance of a work; |
| | | 4. हाथ से काम करने का विशिष्ट कौशल, हस्तकौशल; | هٿ جي ڪاريگري؛ | हथ जी कारीगरी; | manual skill; |
| | | 5. ताश से खेले जानेवाले खेलों में हर खिलाड़ी के खेलने की बारी, दांव; | هٿ، پتي راند ۾ داءُ؛ | हथु, पते रांदि में दाउ; | turn in a game of cards etc; |
| | | 6. औजार या हथियार का दस्ता, मुट्ठा, हत्था; | هٿيو، مٺيو؛ | हथ्यो, मुठयो; | handle; |
| | | 7. कुरसी का वह भाग जिस पर हाथ रखा जाता है । | ڪرسيءَ جي ٻانهن | कुर्सीअ जी ॿांहं | arm (of a chair). |
| **हाथकरघा** | पुं. | हाथ से चलाया जानेवाला कपड़ा बुनने का करघा । | آڏاڻو | आडाणो | handloom. |
| **हाथापाई** | स्त्री. | वह लड़ाई जिसमें एक-दूसरे के हाथ को पकड़कर खींचते और ढकेलते हैं । | ڌڪ ٻجو، مار ڪٽ | धक ॿुजो, मार कुट | scuffle, struggle, tussle, skirmish. |
| **हाथी** | पुं. | 1. एक बहुत बड़ा प्रसिद्ध स्तनपायी चौपाया जो अपने स्थूल और विशाल आकार तथा सूंड के कारण सब जानवरों से विलक्षण होता है, गज; | هاٿي؛ | हाथी; | elephant; |
| | | 2. शतरंज का एक मोहरा जिसे रुख या फील कहते हैं । | شطرنج جي ساري | शतिरंज जी सारी | (at chess) the castle or rook. |
| **हाथी दाँत** | पु. | नर हाथी के मुंह के दोनों छोरों पर निकले हुए सफेद दांत जो केवल दिखावटी होते हैं पर जिनसे अनेक प्रकार की सुन्दर और बहुमूल्य चीजें बनती हैं । | عاج | आजु | elephant's tusk, ivory. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हाथोंहाथ** | क्रि. वि. | 1. तत्काल, तुरन्त; | هٿون هٿ، جلدي؛ | हथुं हथि, जल्दी; | in no time, immediately, quickly, |
| | | 2. एक के हाथों से दूसरे के हाथों में होते हुए । | هٿئون هٿ، هڪ هٿ مان ٻئي هٿ ۾ | हथऊं हथि, हिक हथ मां बिए हथ में | expeditiously; from hand to hand. |
| **हानि** | स्त्री. | 1. ऐसी स्थिति जिसमें कोई विशेष अपकार, घाटा, त्रुटि या कोई बुरी बात हुई हो, क्षति, नुकसान; | نقصان، ڇيهو؛ | नुक्सानु, छीहो; | loss, damage, detriment, harm; |
| | | 2. पूरी तरह से नष्ट हो जाना, न रह जाना, नाश । | ناس، برباديءَ | नासु, बर्बादी | destruction. |
| **हानिकर (हानिकारक)** | वि. | हानि करनेवाला, नुकसान पहुंचानेवाला । | نقصانڪار | नुक्सानकारु | causing loss or injury, etc, injurious, harmful, damaging, detrimental. |
| **हामी** | स्त्री. | हां करने या कहने की क्रिया या भाव, स्वीकृति । | هاڪار، قبوليت | हाकार, कबूल्यत | acceptance. |
| | वि. | 1. हिमायत करनेवाला, पृष्ठपोषक; | حمايتي، ٽيڪو ڏيندڙ، پٺڀرائي ڪندڙ؛ | हिमायती, टेको डींदड़, पुठिभराई कंदड़; | supporter, champion of; |
| | | 2. सहायक, मददगार । | سهائڪ، مددگار | सहाइकु, मददगारु | helper. |
| **हाय** | अव्य. | घोर मानसिक या शारीरिक कष्ट होने पर अथवा उसका भय उत्पन्न होने पर मुंह से निकलनेवाला व्यथासूचक शब्द । | هاءِ، افسوس؛ | हाइ, अफ़्सोसु; | particle expressive of mental or physical agony, ah! alas! oh!. |
| | स्त्री. | शाप । | سراپ، پٽ، پاراتو | सिरापु, पिट, पारातो | curse. |
| **हायतोबा** | स्त्री. | 1. विलाप, रोना-धोना; | ولاپ؛ | विलाप; | lamentation, bewailing; |
| | | 2. कुहराम, वावेला । | واءِ ويلا | वाइवेला | outcry, tumult, uproar. |
| **हार** | स्त्री. | 1. पराजय; | هار، شهه، شڪست؛ | हार, शह, शिकस्त; | defeat; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पराजय के कारण होने-वाली हानि, क्षति, नुकसान । | نقصان، گھاٽو؛ | नुक़्सानु, घाटो; | loss. |
| | पुं. | फूलों, मोतियों आदि की माला । | هار، مالها | हारु, माल्हा | garland or necklace. |
| | प्रत्य. | ले जानेवाला, छीननेवाला, मुग्ध करनेवाला आदि अर्थों का बोधक प्रत्यय । | وارو، هارو، وغيره (مرڪب) | वारो, हारो, वग़ैरह (मुर्कब) | suffix meaning one who or that carries away per force or usurps, charms etc. or denotes a doer. |
| हार-जीत | स्त्री. | 1. जय-पराजय; | هار جيت، هار کٽ، شڪست سوڀ؛ | हार-जीत, हार-खट, शिकस्त-सोभ; | defeat and victory, losing and winning; |
| | | 2. हानि-लाभ । | نفعو نقصان | नफ़ो-नुक़्सानु | loss and gain. |
| हारना | अ. क्रि. | 1. युद्ध, खेल आदि में पराजित होना; | هارائڻ، شڪست کائڻ؛ | हाराइणु, शिकस्त खाइणु; | to be defeated, to lose (in battle, play etc.); |
| | | 2. विफल रहना; | ناڪامياب ٿيڻ؛ | नाकाम्याब थियणु; | to be unsuccessful, to fail; |
| | | 3. थक जाना, शिथिल हो जाना । | ٿڪجڻ، ٿڪ ٿيڻ | थकिजणु, थकि थियणु | to be fatigued, or to be tired out, to be wearied. |
| | स. क्रि. | 1. प्रतियोगिता, युद्ध आदि में पराजित होने के कारण हाथ से उसे या उससे संबंधित चीज जाने देना, गंवाना, खोना; | وڃائڻ؛ | विञाइणु; | to lose; |
| | | 2. न रख सकने या निर्वाह न कर सकने के कारण छोड़ देना । | ڇڏي ڏيڻ | छडे डियणु | to let go. |
| हार्दिक | वि. | हृदय में रहने या होनेवाला हृदय का । | دلي، من جو | दिली, मन जो | hearty, cordial. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वर्तमान से कुछ ही पहले का समय; | ماضي قريب؛ | माज़ी करीबु; | recent time; |
| | | 3. अवस्था, दशा, हालत; | حال، حالت؛ | हालु, हालत; | condition, state; |
| | | 4. विवरण, वृत्तांत, समाचार; | بيان، حال چال؛ | बयानु, हालु-चालु; | account, news, statement; |
| | | 5. भक्ति के आवेश के कारण होनेवाली तन्मयता, आत्म-विस्मृति या विभोरता । | بي‌خودي، وجد، موج | बेख़ुदी, वज्दु, मौज | trance, ecstasy |
| | स्त्री. | काठ के पहिए पर चारों ओर चढ़ाया जानेवाला लोहे का घेरा या गोलाकार बंद । | پاٽو | पाटो | hoop or metallic tyre over wooden wheel. |
| हालचाल | पुं. | 1. अवस्था, दशा, परिस्थिति, स्थिति; | حال‌چال، حالت؛ | हालु चालु, हालत; | general condition, state of affairs; |
| | | 2. विवरण, वृत्तांत, समाचार । | خبرچار، بيان | ख़बरचार, बयानु | news. |
| हालत | स्त्री. | 1. अवस्था, दशा; | حالت، اوستا؛ | हालत, अवस्था; | state, condition; |
| | | 2. परिस्थिति, हालात । | حال | हालु | circumstances, conditions. |
| हालांकि | अव्य. | यद्यपि । | جيتوڻيڪ، توڙي | जेतोणीकि, तोड़े | whereas, since, though, although. |
| हाला | स्त्री. | मद्य, शराब । | شراب، دارون | शराबु, दारूं | wine, spirituous liquor. |
| हावभाव | पुं. | 1. वे आकर्षक तथा कोमल चेष्टाएं जो स्त्रियां प्रायः पुरुषों को अनुरक्त तथा मुग्ध करने के लिए करती हैं; | هاءِ ڀاءِ، ناز نخرو؛ | हाउ-भाउ, नाज़ु-नख़िरो; | amorous dalliance (of a woman), airs, actions and postures expressive of amorous passion; |
| | | 2. (नृत्य आदि में) भावपूर्ण चेष्टाएं, मुद्राएं, संकेत आदि । | اشارا، تال پکال | इशारा, ताल-पखाल | gestures, blandishments. |
| हावी | वि. | जो अपने गुण, बल, विशेषता आदि के कारण दूसरों पर छा जाए । | حاوي، زورو | हावी, ज़ोरु | dominant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हास | पुं. | 1. हंसने की क्रिया या भाव, हंसी; | کل، مرڪ؛ | खिल, मर्कः | laughter, laughing, smiling; |
| | | 2. हास्य रस का स्थायी भाव; | 'هاس' هاسيه رس جو ستائي ڀاو؛ | 'हास' हास्य रस जो स्थाई भावः | laughter, as the prevailing or abiding feeling of the rasa called |
| | | 3. दिल्लगी, परिहास, मजाक; | مزاق، چرچو؛ | मज़ाक, चर्चोः | fun, joke; |
| | | 4. उपहास । | ٽوڪ، چٿر | टोक, चथर | derisive laughter, derision, ridicule, mockery. |
| हासिल | वि. | पाया या मिला हुआ, प्राप्त, लब्ध । | حاصل، مليل | हासुलु, मिल्यलु | acquired, obtained. |
| | पुं. | जोड़ में किसी संख्या का वह अंश जो अंतिम अंक या ईकाई के नीचे लिखे जाने पर बच रहे । | ٽپايل (رقم) | टिपायल (रकम) | what is carried forward. |
| हास्य | पुं. | 1. हंसने की क्रिया या भाव हंसी, हास; | کل، مشڪ؛ | खिल, मुश्कः | laughter, smile; |
| | | 2. दिल्लगी, मजाक; | مزاق، مسخري؛ | मज़ाक, मस्खिरी; | joke, fun; |
| | | 3. उपेक्षा और निन्दा से युक्त हंसी, उपहास; | ٽوڪبازي، چٿر؛ | टोकबाज़ी, चथरः | derisive laughter, derision, ridicule, mockery; |
| | | 4. साहित्य में नौ स्थायी भावों या रसों में से एक । | ساهتيه ۾ هاسيه رس | साहित्य में हास्य रसु | the sentiment of mirth or humour, one of the nine sentiments in poetry, the final culmination of the sense of humour into a rasa. |
| | वि. | हंसी उत्पन्न करनेवाला । | کلائيندڙ | खिलाईंदड़ु | provoking laughter, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | सिंधी पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हास्यास्पद** | वि. | (ऐसा बेढंगा, फूहड़ या भद्दा) जिसे देखकर लोग उपेक्षा से व्यंगपूर्वक हंसते हों, उपहास का पात्र । | کِل جهڙو، کِلڻ هاب | खिल जहिड़ो, खिलण हाबु | butt of ridicule, laughing–stock, ludicrous, ridiculous. |
| **हास्योत्पादक** | वि. | जिससे लोगों को हंसी आए, हंसी उत्पन्न करनेवाला । | کِل پيدا ڪندڙ، کِلائيندڙ | खिल पैदा कंदड़ु, खिलाईंदड़ु | provoking laughter, funny, humorous. |
| **हाहाकार** | पुं. | भय, दुःख, घबराहट आदि के कारण बहुत आदमियों के मुंह से निकला हुआ – हा हा शब्द, घबराहट की चिल्लाहट, कुहराम । | هاهاڪار، ٿرٿلو | हाहाकारु, थर्थिलो | lamentation, loud wailing, distressful commotion or tumult. |
| **हिंडोला** | पुं. | 1. झूला; | پينگهه؛ | पींघ; | swing; |
| | | 2. बच्चों को सुलाने का पालना । | هندورو، پينگهو | हिंदोरो, पींघो | cradle. |
| **हिंदी** | स्त्री. | सारे उत्तर और मध्य भारत की एक प्रधान भाषा जो मुख्य रूप से प्रायः समस्त भारत की राष्ट्र-भाषा रही है और स्वतंत्र भारत की राजभाषा मानी गई है । | هندي ٻاشا | हिंदी भाषा | Hindi language. |
| | वि. | हिन्द या हिन्दोस्तान का, भारतीय । | هندي، هندستاني، هندستان جو | हिंदी, हिंदुस्तानी, हिंदुस्तान जो | Indian. |
| **हिंसक** | वि. | 1. हिंसा करनेवाला, मार डालनेवाला, हत्या करनेवाला; | هنسڪ؛ | हिंसकु; | murderous, fierce, ferocious; |
| | | 2. दूसरों को कष्ट पहुचाने-वाला; | ايذائيندڙ، ڏکوئيندڙ؛ | ईज़ाईंदड़ु, डुखोईंदड़ु; | hurting, hurtful, injurious; |
